राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# समृद्धि न्यूज़

समृद्ध समाज का आधार

वर्ष- 12 अंक - 184
लखनऊ, शनिवार 22 फरवरी 2025
पृष्ठ- 12 मूल्य - रु 3.00
लखनऊ से प्रकाशित

samradhinewslko@gmail.com, www.samriddhisamachar.com, info@samriddhinews.com





यूपी सरकार ने 5600 श्रमिकों को रोजगार के लिए इजरायल भेजा : अनिल राजभर 03

महाशिवरात्रि के स्नान की तैयारी में जुटी सरकार : डीजीपी 12


## सीमा पर शांति के लिए संघर्ष विराम समझौते को भारत-पाक सहमत

एजेंसी

▸ दोनों देशों के बीच सौहार्दपूर्ण माहौल में हुई 75 मिनट तक बैठक

**जम्मू।** भारत और पाकिस्तान की सेनाओं ने जम्मू-कश्मीर के पुंछ सेक्टर में गोलीबारी की हालिया घटनाओं पर चर्चा करने के लिए शुक्रवार को चक्कन-दा-बाग क्रॉसिंग पॉइंट क्षेत्र में फ्लैग मीटिंग की है। लगभग 75 मिनट तक चली बैठक सौहार्दपूर्ण माहौल में हुई। दोनों पक्ष सीमा पर शांति के व्यापक हित में संघर्ष विराम समझौते का सम्मान करने पर सहमत हुए।

भारत और पाकिस्तान ने आज जम्मू-कश्मीर के पुंछ जिले में नियंत्रण रेखा पर सीमा पार से गोलीबारी और आईईडी हमले की कई हालिया घटनाओं के बाद तनाव कम करने के प्रयास में फ्लैग मीटिंग की। चक्कन-दा-बाग क्रॉसिंग पॉइंट क्षेत्र में हुई ब्रिगेड कमांडर स्तर की फ्लैग मीटिंग में दोनों पक्षों ने सीमा पर शांति बनाए रखने पर जोर दिया। सुबह करीब 11 बजे शुरू हुई बैठक लगभग 75 मिनट चली। बैठक सौहार्दपूर्ण माहौल में हुई और दोनों पक्ष सीमा पर शांति के व्यापक हित में संघर्ष विराम समझौते का सम्मान करने पर सहमत हुए।

## छह से 14 साल के बच्चों को अनिवार्य शिक्षा प्रदान करना सरकार का दायित्व

समृद्धि न्यूज

**प्रयागराज।** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने कहा है कि भारतीय संविधान के अनुच्छेद 21ए के तहत प्राथमिक शिक्षा बच्चों का मूल अधिकार है। सरकार का दायित्व है कि वह 6 से 14 साल के बच्चों को अनिवार्य रूप से शिक्षा प्रदान करें। यह तभी सम्भव है जब स्कूलों में अध्यापकों की नियुक्ति हो। किंतु प्रदेश के प्राइमरी स्कूलों में भारी संख्या में अध्यापकों के पद खाली पड़े हैं। यह अनुच्छेद 21ए का उल्लंघन है।

कोर्ट ने अपर सचिव बेसिक शिक्षा उप्र से व्यक्तिगत हलफनामा दाखिल कर बताने का निर्देश दिया है कि



▸ प्रदेश के प्राइमरी स्कूलों में भारी संख्या में अध्यापकों के पद खाली पड़े, यह अनुच्छेद 21ए का उल्लंघन

बच्चों को शिक्षा के मूल अधिकारों का हनन करने वाले राज्य सरकार के अधिकारियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई क्यों न की जाय। याचिका की अगली सुनवाई 11 मार्च को होगी। यह आदेश न्यायमूर्ति प्रकाश पाड़िया ने कृषि औद्योगिक विद्यालय की प्रबंध समिति की तरफ से दाखिल याचिका की सुनवाई करते हुए दिया है। याची कमेटी का कहना है कि एक समय था जब स्वीकृत एक प्रधानाध्यापक व चार सहायक अध्यापक कार्यरत थे।

सरकारी वेतन ले रहे थे। पद खाली होते गये और वर्तमान में न तो प्रधानाध्यापक हैं और न ही एक भी सहायक अध्यापक। 15 नवम्बर 22 को भर्ती परिणाम घोषित किया गया था। हाईकोर्ट से परिणाम पर रोक थी, किंतु वह याचिका भी 15 फरवरी 24 को खारिज हो गई है। एक साल बीतने के बाद भी खाली पदों पर नियुक्ति नहीं की जा सकी है। विद्यालय मान्यता प्राप्त व राज्य वित्त पोषित है और उसमें कोई कोई सरकारी अध्यापक नहीं है।

कोर्ट ने कहा कि संविधान ने बेसिक शिक्षा को अनिवार्य मूल अधिकार घोषित किया है और राज्य पर अनुच्छेद 21ए के अनुपालन की जवाबदेही सौंपी है। सुप्रीम कोर्ट ने भी कई फैसलों में सरकार को उसका वैधानिक दायित्व पूरा करने का निर्देश दिया है। बिना अध्यापक के बच्चों की शिक्षा के अधिकार की पूर्ति नहीं की जा सकती। कोर्ट ने शिक्षा ही नहीं गुणकारी शिक्षा का आदेश दिया है।

### कोर्ट ने महानिदेशक स्कूली शिक्षा से मांगा हलफनामा

कोर्ट ने महानिदेशक स्कूली शिक्षा से हलफनामा मांगा। अपर निदेशक ने हलफनामा देकर सरकार को लिखे पत्र की जानकारी दी किंतु यह नहीं बताया कि स्कूल में अध्यापकों की नियुक्ति पर क्या निर्णय लिया गया। कहा भर्ती चल रही है। प्रक्रियात्मक देरी लग रही है। कुछ समय और लगेगा। जिस पर याची अधिवक्ता ने कहा कि सारी बाधाएं हटने के एक साल बाद भी खाली पदों पर नियुक्ति नहीं की जा सकी है। जिसे कोर्ट ने गंभीरता से लिया है और अपर सचिव से पूछा है कि लापरवाह अधिकारियों पर कार्रवाई क्यों न की जाय।

## संक्षिप्त समाचार

### एक करोड़ की ड्रग्स के साथ लेडी डॉन को स्पेशल सेल ने पकड़ा

**नई दिल्ली।** दिल्ली पुलिस ने गैंगस्टर हाशिम बाबा की तीसरी पत्नी जोया खान को 270 ग्राम ड्रग्स साथ गिरफ्तार किया, जिसकी कीमत अंतरराष्ट्रीय बाजार में करीब 1 करोड़ है। जोया को पुलिस ने 20 फरवरी को नॉर्थ ईस्ट दिल्ली के वेलकम इलाके से गिरफ्तार किया। जोया खान का नाम लंबे समय से पुलिस की निगरानी लिस्ट में था लेकिन वह हर बार बच निकलती थी। 33 साल की जोया को अपने पति के गैंग का संभालने और कानून से बचने में माहिर माना जाता था। पुलिस को लंबे वक्त से शक था कि वह अपराधों में शामिल है लेकिन पुख्ता सबूत न मिलने के कारण अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हो पाई थी। इस बार दिल्ली पुलिस की स्पेशल सेल ने उसे रंगे हाथों पकड़ लिया। हाशिम बाबा पर हत्या उगाही और हथियार तस्करी के दर्जनों मामले दर्ज हैं। जोया उसकी तीसरी पत्नी है, उसने 2017 में जोया से शादी की।

### 20 समूह की कंपनियों के लुढ़कने से चौथे दिन टूटा बाजार

**मुंबई।** अमेरिका की संभावित जवाबी टैरिफ और विदेशी निवेशकों की लगातार जारी बिकवाली को लेकर बढ़ती चिंताओं के कारण शेयर बाजार में चौथे दिन भी गिरावट का सिलसिला जारी रहा। बीएसई का तीस शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 424.90 अंक अर्थात 0.56 प्रतिशत का गोता लगाकर 75,311.06 अंक और नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी 117.25 अंक यानी 0.51 प्रतिशत कमजोर रहकर 22,795.90 अंक पर बंद हुआ। इसी तरह बीएसई का मिडकैप 1.18 प्रतिशत लुढ़ककर 40,374.02 अंक और स्मॉलकैप 0.43 प्रतिशत उतरकर 45,856.00 अंक पर आ गया।

### आतंकवाद का सामान्यीकरण न करे बंगलादेश : भारत

**नयी दिल्ली।** भारत ने बंगलादेश दक्षिण एशियाई क्षेत्रीय सहयोग संगठन (दक्षेस) को पुनः प्रासंगिक बनाने के प्रस्ताव को ठुकरा दिया है और उसे दो टूक शब्दों में समझा दिया है कि उसे आतंकवाद का सामान्यीकरण नहीं करना चाहिए। विदेश मंत्री एस जयशंकर की मस्कट में बंगलादेश के विदेश मामलों के सलाहकार तौहीद हुसैन से मुलाकात में डॉ. जयशंकर ने श्री हुसैन के दक्षेस की बैठक बुलाने के आग्रह को दो टूक शब्दों में खारिज कर दिया। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने आज यहां नियमित ब्रीफिंग में इस बारे में पूछे जाने पर कहा, जहां तक सवाल है कि दक्षेस, चर्चा में आया या नहीं। हां, यह मामला मस्कट में विदेश मंत्री और बंगलादेश के विदेश सलाहकार की मुलाकात में बंगलादेश पक्ष द्वारा उठाया गया था।

### फिल्म अभिनेता आदित्य पंचोली को कोर्ट ने दी राहत

**मुंबई।** मुंबई की एक सत्र अदालत ने अभिनेता आदित्य पंचोली की सजा को बरकरार रखते हुए राहत दी है। मजिस्ट्रेट अदालत ने उन्हें दी गई एक साल की जेल की सजा कम कर दी और उन्हें अच्छे व्यवहार के बांड पर रिहा कर दिया। पंचोली को पीड़ित को मुआवजे के तौर पर 1.5 लाख रुपये देने का भी निर्देश दिया गया। कोर्ट के समक्ष दी गई दलीलों के अनुसार 21 अगस्त 2005 को पंचोली ने अंधेरी में पार्किंग की जगह को लेकर प्रतीक पशीने नामक व्यक्ति पर हमला किया था। वर्सोवा पुलिस ने पंचोली के खिलाफ शिकायत दर्ज की थी, जिसमें आरोप लगाया गया था कि उन्होंने उस व्यक्ति की नाक पर हमला किया था।

# 2029 तक यूपी बनेगा एक ट्रिलियन डॉलर अर्थव्यवस्था

▸ सीएम योगी ने विधानसभा के बजट सत्र के चौथे दिन राज्यपाल के अभिभाषण पर चर्चा के दौरान सपा सदस्य रागिनी के सवाल का दिया जवाब

समृद्धि न्यूज

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने दावा किया कि वर्ष 2029 तक उत्तर प्रदेश एक ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था के अपने लक्ष्य को हासिल कर लेगा।



श्री योगी ने विधानसभा के बजट सत्र के चौथे दिन शुक्रवार को राज्यपाल के अभिभाषण पर चर्चा के दौरान सपा सदस्य रागिनी सोनकर के एक सवाल के जवाब में कहा कि उत्तर प्रदेश देश की सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की दिशा में तेजी से अग्रसर है।

उन्होंने कहा कि जब उनकी सरकार आई थी, तब राज्य की अर्थव्यवस्था 12 लाख करोड़ रुपये थी, जो इस वित्तीय वर्ष के अंत तक 27.5 लाख करोड़ रुपये हो जाएगी। प्रदेश सरकार 2029 तक उत्तर प्रदेश को एक ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था बनाने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि 2023 में आयोजित ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट में 40 लाख करोड़ रुपये के निवेश प्रस्ताव मिले थे, जिनमें से 15 लाख करोड़ रुपये के निवेश को जमीन पर उतारा जा चुका है। कई उद्योगों ने उत्पादन भी शुरू कर दिया है।

### सीएम ने विपक्ष पर कसा तंज

उन्होंने विपक्ष पर तंज कसते हुए कहा कि जो लोग भारत को विकसित राष्ट्र नहीं मानते, वे उत्तर प्रदेश की आर्थिक वृद्धि पर भी सवाल उठाते हैं, भारत आज दुनिया की एक बड़ी अर्थव्यवस्था के रूप में आगे बढ़ रहा है। हो सकता है कि कुछ लोगों को अच्छा नहीं लग रहा हो क्योंकि जिनका अपना पर्सनल एजेंडा होता है, वह देश के विकास को अच्छा नहीं मानेंगे, लेकिन सच्चाई यह है कि देश की अर्थव्यवस्था आज विश्व में पांचवें स्थान पर पहुंच चुकी है और 2027 तक भारत 5 ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था बन जाएगा। उन्होंने कहा मैं आश्वस्त करना चाहता हूं कि वर्ष 2029 में उत्तर प्रदेश वन ट्रिलियन डॉलर की इकोनॉमी भी बनेगा और देश की सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था भी बनेगा। योगी ने कहा कि उनकी सरकार ने अर्थव्यवस्था को गति देने के लिए 10 प्रमुख क्षेत्रों को चिह्नित किया है। इन क्षेत्रों में औद्योगिक विकास, कृषि, सामाजिक सुरक्षा, नगरीय विकास, राजस्व संग्रह, शिक्षा, स्वास्थ्य, पर्यटन और सेवा क्षेत्र शामिल हैं। प्रत्येक सेक्टर की मासिक समीक्षा की जाती है और मुख्यमंत्री स्वयं तिमाही समीक्षा करते हैं।

### पिछली सरकार की उपेक्षा से एमएसएमई सेक्टर हुआ बदहाल

मुख्यमंत्री ने कहा कि उत्तर प्रदेश आज देश में सबसे अधिक एमएसएमई इकाइयां संचालित करने वाला राज्य बन चुका है। पिछली सरकारों की उपेक्षा के कारण यह सेक्टर बदहाल हो गया था, लेकिन वन डिस्ट्रिक्ट वन प्रोडक्ट (ओडीओपी) योजना के माध्यम से इसे पुनर्जीवित किया गया। कोविड काल में वापस लौटे 40 लाख प्रवासी श्रमिकों की स्किल मैपिंग कर उन्हें एमएसएमई सेक्टर से जोड़ा गया, जिससे दो करोड़ से अधिक लोगों को रोजगार मिला।

## सीएम योगी के खिलाफ अभद्र टिप्पणी करने वाला गिरफ्तार

**लखनऊ।** लखनऊ पुलिस ने मुख्यमंत्री योगी के खिलाफ अभद्र टिप्पणी और सोशल मीडिया पर वीडियो वायरल करने वाले युवक को गिरफ्तार कर लिया। उसने 19 फरवरी को मुख्यमंत्री से जुड़ा एक आपत्तिजनक टिप्पणी और वीडियो अपने फेसबुक अकाउंट पर जारी किया था। जिसके बाद पुलिस ने मामले को संज्ञान में लेते हुए मामला दर्ज किया था। युवक खुद को मुस्लिम लीग का महानगर उपाध्यक्ष बताता है। ठाकुरगंज इंस्पेक्टर श्रीकांत राय ने बताया कि 19 फरवरी को एक फेसबुक अकाउंट पर मुख्यमंत्री को लेकर गलत बयानबाजी और विडियो जारी हुआ था। जिसकी जानकारी होते ही फेसबुक अकाउंट चलाने वाले के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू की गई। शुक्रवार दोपहर आरोपी वीडियो और अभद्र टिप्पणी कर माहौल खराब करने वाले दुबग्गा जेहटा निवासी सलमान मंसूरी को गिरफ्तार किया गया। पूछताछ में उसने बताया कि वह मुस्लिम लीग का महानगर उपाध्यक्ष है। वह अपने धर्म के प्रचार के लिए यह सब कर रहा है। आरोपी के खिलाफ विधिक कार्रवाई करते हुए जेल भेजा गया।

## महाकुम्भ में अफवाह फैलाने वाले और 36 अकाउंट पर हुई कार्रवाई

▸ 11 प्रकरणों में अब तक 137 अकाउंट के विरुद्ध मुकदमा दर्ज

समृद्धि न्यूज

**लखनऊ।** महाकुम्भ को लेकर सोशल मीडिया के जरिए फर्जी वीडियो और भ्रामक खबरें पोस्ट कर इसे बदनाम करने की साजिश रचने वालों को पुलिस चिन्हित कर कार्रवाई कर रही है। इसी क्रम में पुलिस ने शुक्रवार को भी 36 ऐसे सोशल मीडिया अकाउंट्स के खिलाफ विधिक कार्रवाई की है, जो फर्जी और भ्रामक पोस्ट के जरिए जनता में अफवाह फैलाने का काम कर रहे थे। पुलिस मुख्यालय के माध्यम से बताया गया कि महाकुम्भ को लेकर चौबीस घंटे सोशल मीडिया के सभी अकाउंट पर पुलिस नजर रख रही है। अफवाह फैलाने वाले एकाउंट को चिन्हित कर मुकदमा दर्ज किया जा रहा है।

इसी क्रम में सोशल मीडिया मॉनिटरिंग के दौरान शुक्रवार को यह सामने आया कि सोशल मीडिया में एक वीडियो प्रसारित हो रहा है, जो महाकुम्भ से जुड़ी है। वीडियो में कहा गया कि महाकुम्भ जाने वाली बस नाले में गिर गई 10 बच्चे और आदमी मर गए।




सार्वजनिक वीडियो को संज्ञान लेकर गहनता से टीम ने जांच की तो पता चला कि यह उल्लिखित वीडियो पाकिस्तान में माह नवम्बर 2024 में घटित दुर्घटना का है। जब रायविंड से लाहौर जाने वाली बस एक नाले में गिर गई थी। इसका खण्डन भी कुम्भ मेला एवं उत्तर प्रदेश पुलिस के सोशल मीडिया अकाउंट से किया गया है। इस वीडियो को वायरल कर अफवाह फैलाकर लोगों के मन में भय और महाकुम्भ मेला को बदनाम करने का प्रयास करने वाले और 36 सोशल मीडिया अकाउंट को चिन्हित कर उनके विरुद्ध कोतवाली कुम्भ मेला पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया है। महाकुम्भ मेला के प्रारम्भ से अभी तक महाकुम्भ से सम्बन्धित भ्रामक वीडियो व फ़ोटो सोशल मीडिया में प्रसारित करने के मामले में 11 प्रकरणों में कुल 137 विभिन्न सोशल मीडिया अकाउंट के विरुद्ध कुम्भ मेला पुलिस ने कार्रवाई की है।

## पुलिस ने ड्रग तस्कर की लाखों की संपत्ति जब्त की

**श्रीनगर।** पुलिस ने श्रीनगर में एनडीपीएस अधिनियम के तहत ड्रग तस्कर की लाखों की संपत्ति जब्त की। श्रीनगर में पुलिस ने एक ड्रग तस्कर की संपत्ति जब्त की है जिसमें वाहन के रूप में चल संपत्ति शामिल है जिसकी कीमत लगभग 1.5 लाख है। वाहन को ड्रग तस्कर जाविद अहमद वानी पुत्र अली मोहम्मद निवासी गैसू हजरतबल द्वारा अवैध ड्रग्स और पदार्थों की बिक्री के माध्यम से हासिल किया गया था जो पीएस जकूरा के एफआईआर नंबर 27/24 यू/एस 8/20, 21 एनडीपीएस के मामले में शामिल है। प्रशासक और सक्षम प्राधिकारी दिल्ली से पुष्टि के साथ एनडीपीएस अधिनियम की धारा 68 एफ के प्रावधानों के तहत संपत्ति जब्त की गई थी।

## मायावती ठीक से चुनाव लड़तीं तो भाजपा की जीत नहीं होती : राहुल

समृद्धि न्यूज

**रायबरेली।** नेता प्रतिपक्ष एवं कांग्रेस सांसद राहुल गांधी दो दिवसीय दौरे पर अपने संसदीय क्षेत्र में है। बसपा प्रमुख मायावती पर दिए गए बयान पर वे दूसरे दिन भी हमलावर रहे। उन्होंने पत्रकारों से कहा कि मायावती को लेकर उन्होंने पूर्व में जो बयान दिया था वो सही है।

राहुल ने फिर दोहराते हुए कहा कि यदि मायावती ठीक से चुनाव लड़ती तो भाजपा की जीत कभी नहीं होती। राहुल गांधी ने संसदीय क्षेत्र के दौरे पर शुक्रवार दोपहर माडर्न रेल कोच फैक्टरी (आरेडिका) का निरीक्षण



किया। इस दौरान उन्होंने आरेडिका के कार्यों की तारीफ करते हुए कहा कि दुनिया भर में चीजों का प्रोडक्शन कम हो रहा है। लालगंज में आयोजित युवा संवाद में सांसद राहुल गांधी ने अडानी के बहाने भाजपा को घेरा। उन्होंने कहा कि सरकार देश के दो-तीन बड़े अरब पतियों को ही फायदा पहुंचा रही है, जिससे देश में बेरोजगारी बढ़ी है।

## प्रयागराज में 24 फरवरी को होने वाली हाईस्कूल व 12वीं की परीक्षा अब नौ मार्च को

**प्रयागराज।** प्रदेश की माध्यमिक शिक्षा मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) गुलाब देवी ने बताया है कि 24 फरवरी को होने वाली हाईस्कूल एवं इण्टरमीडिएट परीक्षाओं को स्थगित कर 09 मार्च को आयोजित की जायेगी। मीडिया सेल से मिली जानकारी के अनुसार प्रयागराज में 26 फरवरी के महाशिवरात्रि स्नान के कारण श्रद्धालुओं की अत्यधिक भीड़ एवं यातायात प्रबंधन की दृष्टि से 24 फरवरी को होने वाली हाईस्कूल और इंटरमीडिएट परीक्षाओं को स्थगित कर 9 मार्च, रविवार को पुनः आयोजित किया जाएगा। माध्यमिक शिक्षा मंत्री ने यह भी स्पष्ट किया है कि यह संशोधन केवल प्रयागराज जनपद के लिए लागू होगा।

## ईडी ने बीबीसी इंडिया पर लगाया 3.44 करोड़ का जुर्माना

एजेंसी

**नई दिल्ली।** ईडी ने विदेशी प्रत्यक्ष निवेश नियमों का उल्लंघन करने के आरोप में बीबीडी वर्ल्ड सर्विस इंडिया पर 3.44 करोड़ रुपए का जुर्माना लगाया है। ईडी ने इसके तीन डायरेक्टर्स पर भी 1.14 करोड़ से अधिक का जुर्माना लगाया है। यह आदेश भारतीय विदेशी मुद्रा प्रबंधन अधिनियम के तहत दिया गया।

इकोनॉमिक्स टाइम्स की रिपोर्ट के अनुसार, बीबीडी वर्ल्ड सर्विस इंडिया, 100 प्रतिशत एफडीआई वाली कंपनी है। बीबीसी डिजिटल न्यूज मीडिया है, लेकिन कंपनी ने एफडीआई को 100 प्रतिशत बनाए रखा। जबकि सरकार द्वारा 2019 में जारी आदेश के तहत डिजिटल




मीडिया में एफडीआई की सीमा 26 प्रतिशत निर्धारित की गई थी, जिसे कंपनी ने नजरअंदाज किया। ईडी ने 4 अगस्त 2023 को बीबीसी वर्ल्ड सर्विस इंडिया, इसके तीन डायरेक्टर और वित्त प्रमुख को एक शो-कॉज नोटिस जारी किया था।

बीबीसी वर्ल्ड सर्विस इंडिया पर कुल जुर्माना 3 करोड़ 44 लाख 48 हजार 850 रुपए का लगाया गया है। इसके अलावा, एफईएमए 1999 के प्रावधानों के उल्लंघन के लिए 15 अक्टूबर 2021 के बाद हर दिन के लिए 5,000 रुपए का जुर्माना भी लगाया गया है।

### प्रवर्तन निदेशालय ने 18.27 करोड़ की संपत्ति जब्त की, दो गिरफ्तार

**शिमला।** हिमाचल प्रदेश छात्रवृत्ति घोटाले में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) शिमला ने बड़ी कार्रवाई करते हुए 18.27 करोड़ रुपये मूल्य की पांच अचल संपत्तियां अस्थायी रूप से जब्त कर ली हैं। यह कार्रवाई मनी लॉन्ड्रिंग रोकथाम अधिनियम 2002 के तहत की गई है। ईडी के अनुसार जब्त संपत्तियों में सिरमौर जिले के नाहन में स्थित मां सरस्वती एजुकेशनल ट्रस्ट के नाम पर दर्ज 125 बीघा भूमि शामिल है। इसके अलावा पंचकूला में स्थित दो फ्लैट भी जब्त किए गए हैं जो ट्रस्ट की ट्रस्टी प्रीति बंसल और ऋचा बंसल के नाम पर दर्ज हैं। ईडी की तरफ से जारी एक प्रेस विज्ञप्ति में ये जानकारी दी गई है।

## जामा मस्जिद सर्वे रोकना व वकील विष्णु शंकर की हत्या थी साजिश

समृद्धि न्यूज

▸ संभल हिंसा में गिरफ्तार शारिक साठा गैंग के मुख्य सदस्य मो. गुलाम ने कबूला

**मुरादाबाद।** उत्तर प्रदेश के संभल में तीन माह पूर्व हुई हिंसा में शामिल गिरफ्तार किया गया शारिक साठा गैंग के मुख्य सदस्य मो. गुलाम ने पूछताछ में बताया कि शारिक साठा गिरोह की साजिश थी कि किसी भी तरह से जामा मस्जिद का सर्वे नहीं होने देना है।

आरोपित ने यह भी कबूला कि सर्वे के दौरान अधिवक्ता विष्णु शंकर जैन और उसके साथियों की मारने का प्लान था जिससे शहर के साथ-साथ देश का माहौल पूरी तरह बिगड़ जाए। शहर में कर्फ्यू लग जाए। इससे आपराधिक घटनाओं को अंजाम देने में आसानी होगी। अब तक की जांच में यह भी सामने आया है कि गुलाम का कनेक्शन दुबई में बैठे गैंग के सरगना से है और इसके साक्ष्य भी मिले हैं। पुलिस अब इंटरनेशनल अथॉरिटी से संपर्क कर रही है ताकि इस साजिश से जुड़े अन्य पहलुओं की जांच हो सके। उत्तर प्रदेश के संभल जिले में विवादित जामा मस्जिद एवं हरिहरनाथ नाथ मंदिर में 24 नवंबर 2024 को सर्वे के दौरान तीन स्थानों पर हिंसा और बवाल हुआ था। पहला बवाल विवादित जामा मस्जिद के नजदीक हुआ था, जहां पांच लोगों की जान गई थी। दूसरा बवाल नखासा तिराहे पर हुआ था, जहां पुलिस पर पथराव और फायरिंग की गई थी।

संबोधन — पीएम मोदी ने भारत मंडपम में स्कूल ऑफ अल्टीमेट लीडरशिप (सोल) कॉन्क्लेव में कहा

## विकसित भारत के लिए हर क्षेत्र में सर्वोत्तम नेतृत्व जरूरी

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आज कहा कि 21वीं सदी के 'विकसित भारत' के लिए देश के हर सेक्टर में, हर वर्टिकल में, जीवन के हर पहलू में दिन-रात काम करने उत्तम से उत्तम नेतृत्व की जरूरत है जो वैश्विक सोच और स्थानीय विकास के विचार पर चले।

श्री मोदी ने शुक्रवार को यहां भारत मंडपम में स्कूल ऑफ अल्टीमेट लीडरशिप (सोल) लीडरशिप कॉन्क्लेव के पहले संस्करण का उद्घाटन किया। उनके साथ भूटान के प्रधानमंत्री शेरिंग तोबगे भी मौजूद थे।



श्री मोदी ने अपने संबोधन में कहा, कुछ आयोजन ऐसे होते हैं, तो हृदय के बहुत करीब होते हैं और आज का ये कार्यक्रम सोल लीडरशिप कॉन्क्लेव भी ऐसा ही आयोजन है। राष्ट्र निर्माण के लिए नागरिकों का विकास जरूरी है, व्यक्ति निर्माण से राष्ट्र निर्माण। उन्होंने कहा कि यदि जन से जगत तक किसी भी ऊंचाई को प्राप्त करना है, तो आरंभ जन से ही शुरू होता है। हर क्षेत्र में बेहतरीन लीडर्स का विकास बहुत जरूरी है और समय की मांग है। इसलिए सोल की स्थापना विकसित भारत की विकास यात्रा में एक बहुत महत्वपूर्ण और बड़ा कदम है।

प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत एक वैश्विक शक्ति के रूप में उभर रहा है और यह गति हर क्षेत्र में तेज हो रही है। इस विकास को बनाए रखने और बढ़ाने के लिए, हमें विश्व स्तरीय नेताओं की आवश्यकता है। सोल संस्थान इस परिवर्तन में गेम-चेंजर हो सकते हैं। इस तरह के अंतर्राष्ट्रीय संस्थान सिर्फ एक विकल्प नहीं बल्कि एक आवश्यकता हैं। आने वाले समय में जब हम कूटनीति से प्रौद्योगिकी नवान्वेषण तक एक नई लीडरशिप को आगे बढ़ाएंगे तो सारे क्षेत्रों में भारत का प्रभाव कई गुना बढ़ेगा। यानी एक तरह से भारत का पूरा विजन और भविष्य नयी पीढ़ी की एक मजबूत लीडरशिप पर निर्भर होगा, इसलिए हमें वैश्विक सोच और स्थानीय विकास के साथ आगे बढ़ना है।

### शासन और नीति-निर्माण को बनाना होगा विश्वस्तरीय

उन्होंने कहा, हमें अपने शासन और नीति-निर्माण को विश्वस्तरीय बनाना होगा। यह तभी संभव होगा जब हमारे नीति-निर्माता, नौकरशाह, उद्यमी वैश्विक आधार प्रणाली से जुड़कर अपनी नीतियां बनाएंगे... अगर हमें विकसित भारत बनाना है, तो हमें सभी क्षेत्रों में आगे बढ़ना होगा... हमें न केवल उत्कृष्टता की आकांक्षा करनी होगी बल्कि उसे हासिल भी करना होगा। श्री मोदी ने कहा कि प्रगति का लक्ष्य रखने वाले किसी भी देश को न केवल प्राकृतिक संसाधनों बल्कि मानव संसाधनों की भी आवश्यकता होती है। 21वीं सदी में, हमें ऐसे संसाधनों की आवश्यकता है जो नवाचार और कौशल को प्रभावी ढंग से आगे बढ़ा सकें। हर क्षेत्र में कौशल की आवश्यकता होती है, और नेतृत्व विकास कोई अपवाद नहीं है – यह नई क्षमताओं की मांग करता है। हमें वैज्ञानिक रूप से नेतृत्व विकास में तेजी लानी चाहिए और सोल, इस परिवर्तन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा।

# किशोरी का शव तालाब किनारे मिला, हत्या की आशंका



**बिजुआ, समृद्धि न्यूज़।**

भीरा थाना क्षेत्र के मुड़ा बुजुर्ग गांव में देर शाम पति-पत्नी के बीच हुए विवाद के बाद सुबह साली का शव गांव के बाहर तालाब किनारे मिलनेसे हड़कम्प मच गया। शव की सूचना से लोगो की भीड़ इकट्ठा हो गयी वही मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम को भेजा है। वारदात भीरा थाना क्षेत्र के मूड़ा बुजुर्ग गांव की है। मूलतः गोला कोतवाली क्षेत्र के चौरठिया गांव की रहने वाली 15 वर्षीय सुनीता अपने माँ-बाप के न रहने के बाद अपनी बड़ी बहन शांति के यहाँ मूड़ा में रहती थी। बताते है गुरुवार रात मृतका की बहन शांति और उसके पति दिनेश से लड़ाई झगड़ा हुआ जो देर रात तक चलता रहा। बहन शांति के अनुसार उनकी बहन बीच बराव करने आयी थी जिसे जीजा दिनेश ने डांटकर भगा दिया था। उसके बाद सब सो गए सुबह उठे तो सुनीता बिस्तर पर नही थी। सुबह कुछ ग्रामीण शौंच को खेतों की तरफ गए तो उसका शव तालाब किनारे पड़ा हुआ था मृतका के गले पर निशान है। आशंका जताई जा रही है उसके साथ मारपीट की गई है। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम को भेजा है।

### महिला अपराधों पर भी गंभीर नहीं है भीरा पुलिस

**बिजुआ।** सरकार महिलाओं की सुरक्षा को लेकर कई तरह की गाइडलाइन जारी कर रही है लेकिन इसको लेकर भीरा पुलिस तनिक भी गंभीर नही है। भीरा थाना क्षेत्र में मिले नाबालिक के शव मामले में पुलिस अपनी नाकामियों को छुपाने के लिए दिन भर चुप्पी साधे रही। पुलिस को महिला अपराध पर जहां आगे आकर घटना को स्पष्ट करना चाहिए भीरा एसओ पुष्पराज कुशवाहा की ड्यूटी गोला सीएम हेलीपेड पर लगे होने के कारण वह गोला में थे लेकिन थाने पर मौजूद अन्य जिम्मेदारो घटना के बाद दिन भर फोन लगाने के बावजूद किसी जिम्मेदार पुलिसकर्मी का फोन नही उठा,न ही मामले में कोई प्रेस नोट जारी किया जब मीडियाकर्मियो ने इस पर नाराजगी जताते हुए इसकी शिकायत उच्च अधिकारियों से की तो देर शाम एसओ ने सूचना डाली। जबकि मृतका के शव गले पर पड़े निशान से एक आम-आदमी भी हत्या की और इशारा कर रहा है।

# चीनी मिल बेलरायां के गोदाम गजियापुर में किसान गोष्ठी का हुआ आयोजन

**बेलरायां खीरी, समृद्धि न्यूज़।**



सरजू सहकारी चीनी मिल बेलरायां के खाद गोदाम व क्रय केंद्र के परिसर में किसान गोष्ठी का आयोजन किया गया। किसानों के हितों के लिए गोष्ठी का आयोजन किया गया गन्ना किसानों के हित में मुख्य बिंदुओं पर खाद व बीज खेत को तैयार करना बुवाई की विधि व सिंचाई की विधिवत रूप से चर्चा की एक दिवसीय कार्यशाला हुई जिसमें चीनी मिल बेलरायां के ज्येष्ठ गन्ना अधिकारी धर्मेंद्र कुमार दुबे , बेलरायां चीनी मिल के गन्ना अधिकारी त्रिलोकी सिंह, एवं गन्ना सुपरवाइजर रवि कुमार दीक्षित, एवं ऐरा चीनी मिल के प्रधान प्रबंधक गन्ना एस के राय, एएस तोमर, क्षेत्र के नवनिर्वाचित डेली गेट सदस्य चरणजीत सिंह डेली गेट सदस्य चंद्र मोहन,आशीष कुमार शुक्ला, राहत हुसैन,बलराम यादव, गिरीश कुमार, व संचालक प्रसन्नजीत सिंह क्षेत्र के किसान फौजदार खान, निशान सिंह जी, इकरामुद्दीन, उपदेश जासवाल, आदर्श प्रभात शुक्ला, रामनरेश शुक्ला पप्पू, भग्गू डॉक्टर, ठाकुर, सुरेन्द्र कुमार मिश्रा,आनंद मोहन पांडे, अजय खन्नू, सहित सभी किसानों ने गोष्ठी के किसानी के दौरान होने वाली समस्याओं पर अधिकारियों को अवगत कराया दोनों चीनी मिल के अधिकारियों ने इन बिंदुओं पर निराकरण करने का आश्वासन दिया और चीनी मिल से आए अधिकारियों ने किसानों से आवाहन किया कि अच्छा बीज की खेत में बुवाई करें और सभी चीनी मिलो में टेक्नोलॉजी तरीके से यंत्रों की व्यवस्था सुनिश्चित की गई है।

## खबरें एक नजर में

### दो बाइकों की आमने-सामने टक्कर से दोनों घायल



**बाँकेगंज खीरी।** थाना मैलानी क्षेत्र के अंतर्गत बांकेगंज में शुक्रवार शाम लगभग 5:00 बजे गोला मार्ग पर दो मोटरसाइकिलें आमने सामने आपस में टकरा गईं। टक्कर की आवाज सुनकर घटनास्थल पर लोगों की भीड़ जुट गई। अचानक हुए इस टक्कर की वजह से मौके पर हड़कंप मच गया। दुर्घटना में दोनों बाइक सवार घायल हो गए। मौके पर मौजूद लोगों ने तुरंत घायलों को बांकेगंज सीएचसी पहुंचाया। जहां पर कुछ देर प्राथमिक उपचार के बाद डॉक्टरों ने घायलों की हालत गंभीर देखते हुए दोनों घायलों को जिला मुख्यालय के लिए रेफर कर दिया। स्थानीय लोगों का कहना है कि ओवरटेक करते समय लापरवाही से बाइक चलाने से यह हादसा हुआ है। दोनों घायलों में एक कुकरा का निवासी बताया जा रहा है। वहीं दूसरा घायल युवक बांकेगंज के गांव मोतीपुर का निवासी बताया जा रहा है।

### बिना किसी पूर्व सूचना के सामूहिक विवाह की तिथि अब 25 फरवरी

**गोला गोकर्णनाथ,(लखीमपुर)।** गरीब बेटियों के लिए संचालित सामूहिक विवाह योजना का उस समय मखौल बन गया। जब विवाह की निर्धारित तिथि पात्रों को बिना किसी पूर्व सूचना के निरस्त कर दी गई। परिवारजनों के साथ कई जोड़े विवाह के लिए पलिया निर्धारित स्थान पर पहुंचे। लेकिन कार्यक्रम निरस्त होने की सूचना पर बैरंग वापस लौट गए। पता चला कि अब सामूहिक विवाह की तिथि 25फरवरी कर दी गई है। साथ ही स्थान परिवर्तन भी किया जाएगा। बता दें कि सरकारी योजना के तहत गरीब कन्याओं के विवाह के लिए आवेदन किए गए थे। जिसकी प्रक्रिया पूरी होने के बाद परिवारजनों को सामूहिक विवाह कार्यक्रम तिथि 18से 20फरवरी तक बताई गई थी। जिसके चलते आवेदन करने वालों ने सारी तैयारियां कीं, नाते रिश्तेदार एकत्र कर लिए, पर विवाह कार्यक्रम बिना किसी पूर्व सूचना के निरस्त कर दिया गया। बताया गया कि अब यह सामूहिक विवाह 21फरवरी को पलिया में कराया जाएगा। दूर दूर से जाने वाले जोड़ों ने कर्ज लेकर वाहनों की व्यवस्था की, नाते रिश्तेदारों को एकत्र किया और 21फ़रवरी को सुबह पलिया पहुंचे। तो वहां सन्नाटा था, पता करने पर बताया गया कि 21फरवरी का सामूहिक विवाह कार्यक्रम अब निरस्त कर दिया गया. यह कार्यक्रम 25फरवरी को बांकेगंज ब्लॉक मुख्यालय पर किसी स्थान पर कराया जाएगा। खंड विकास अधिकारी बांकेगंज शशिकांत अहिरवार ने बताया कि 21 सितंबर का सामूहिक विवाह कार्यक्रम जिले से निरस्त कर दिया गया, जो 25 फरवरी को कराया जाएगा।

### स्थापत्य वास्तु ज्ञान यज्ञ कथा एवं सत्संग का समापन



**गोला गोकर्णनाथ, (लखीमपुर)।** बजाज हिंदुस्थान शुगर लिमिटेड चीनी मिल गोला में स्थित श्री लक्ष्मी नारायण मंदिर के भव्य प्रांगण में चल रहे, स्थापत्य वास्तु ज्ञान यज्ञ कथा एवं सत्संग के समापन दिवस के अवसर पर हवन-यज्ञ का आयोजन किया गया। उत्तराखंड से आये आचार्य हिमांशु डौंडियाल, धीरेन्द्र डौंडियाल, विपिन भट्ट, विकास भदूला, मयंक उपाध्याय द्वारा मुख्य यजमान युनिट हेड जितेन्द्र सिंह जादौन व उनकी पत्नी श्रीमती सीमा सिंह से हवन पूजन प्रारंभ कराया। इस अवसर पर अवनि पांडेय, पीएस चतुर्वेदी, पीसी गुप्ता, आरके मिश्रा, संदीप कटियार, अखिलेश सिंह, राहुल मिश्रा, सतीश श्रीवास्तव, रितेश दुवे, गिरजाशंकर सहित सैकड़ों लोगों ने हवन कुंड में आहुति डाली। इसके पश्चात युनिट हेड ने कन्याओ को भोजन करा कर दक्षिणा भेंट कर आशीर्वाद लिया। तत्पश्चात विशाल भंडारे में सैकड़ों की संख्या में लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया।

### अधिवक्ता संशोधन बिल 2025 के विरोध में तहसील बार एसोसिएशन की बैठक आयोजित



**मितौली खीरी, समृद्धि न्यूज़।** तहसील बार एसोसिएशन मितौली की एक आवश्यक बैठक तहसील बार एसोसिएशन के अध्यक्ष अजय कुमार मिश्रा एडवोकेट की अध्यक्षता में अधिवक्ता संशोधन बिल 2025 के विरोध में बार काउंसिल ऑफ उत्तर प्रदेश प्रयागराज के आवाहन पर आयोजित की गई। अध्यक्ष अजय कुमार मिश्र एडवोकेट ने अध्यक्षता करते हुए कहा अधिवक्ता संशोधन बिल 2025 के बाबत बिल के संबंध में सभी अधिवक्ताओं की राय ली गई। समस्त अधिवक्ताओं ने बिल का पुरजोर विरोध किया तथा सर्व सम्मति से निर्णय लिया गया कि अधिवक्ता संशोधन बिल तत्काल वापस लिया जाए । इस संबंध में एक ज्ञापन उप जिला अधिकारी मितौली रेनू मिश्रा को दिया गया। ज्ञापान के अवसर पर अध्यक्ष अजय कुमार मिश्रा, महामंत्री विनीत कुमार पांडे, सत्य प्रकाश मिश्रा, ओमप्रकाश मिश्रा, रघुवंश त्रिवेदी, प्रदीप मिश्रा, राम अवतार मिश्रा, शरद यादव, सत्य प्रकाश शुक्ला, विवेक शुक्ला, दिवाकर श्रीवास्तव, राजबहादुर सिंह, पीके नीरज, जितेंद्र वर्मा, अरविंद कुमार, अशफाक अली, अवधेश कुमार सहित समस्त तहसील मितौली के सम्मानित अधिवक्ता मौजूद रहे।

### पूर्व विधायक ने फीता काट कर शिवशक्ति यज्ञ का किया शुभारंभ



**फरेंदा, महराजगंज।** आनंदनगर महराजगंज रोड पर स्थित चिर पुरातन बौउरहवा बाबा शिव मंदिर पर आयोजित शिवशक्ति यज्ञ का शुभारंभ आज शुक्रवार को भाजपा के पूर्व विधायक बजरंग बहादुर सिंह ने फीता काट कर शुभारंभ किया। उसके पश्चात यज्ञ के विद्वानों के जरिए शिव मंत्रों की वर्षा करते हुए मंत्रोच्चार विधि से पूर्व विधायक से देवाधिदेव महादेव का पूजन अर्चन वन्दन कराते हुए जलाभिषेक कराया गया। पूर्व विधायक ने कहा कि यज्ञ से क्षेत्र का कल्याण होता है। इसलिए आयोजित यज्ञ में क्षेत्र के लोगों को शामिल होकर यज्ञ को सकुशल सम्पन्न बनाने के लिए तत्पर होना चाहिए। अंत में उन्होंने कहा कि यज्ञ से दैहिक दैविक भौतिक ताप विलुप्त होते हैं और मानव जीवन को सुख शांति मिलती है। इस दौरान भाजपा के दर्जनों कार्यकर्ता व यज्ञाचार्य सहित क्षेत्रीय जनता के साथ मंदिर के पुजारी मौजूद रहे।

# मांगों को लेकर एलआईसी में हुई वर्कआउट हड़ताल



**गोला गोकर्णनाथ, (लखीमपुर)।** ऑल इंडिया इंश्योरेंस एम्प्लाइज एसोसिएशन के तत्वाधान में संगठन ने संस्थान को मान्यता दिलाए जाने तथा तृतीय एवं चतुर्थ श्रेणी के कर्मचारियों की भर्ती की मांग को लेकर भारतीय जीवन बीमा निगम की शाखा गोला में एक घंटे की वर्कआउट हड़ताल की गई। संगठन के अनुसार भारतीय जीवन बीमा निगम में 2020 के बाद तृतीय एवं चतुर्थ श्रेणी के कर्मचारियों की भर्ती नहीं की गई।जिसके कारण प्रतिवर्ष कर्मचारियों की संख्या कम हो रही है। इसलिए संगठन ने जनहित में भोजन के पूर्व 1 घंटे की वर्कआउट हड़ताल का आयोजन किया। हड़ताल को सफल बनाने में संगठन के अध्यक्ष पूरनचंद, सचिन आनंद कुमार, संदीप निगम, निर्मल प्रजापति, कमलेंद्र प्रताप सिंह, सुखीलाल, श्रवण कुमार यादव, संदीप कुमार वाल्मीकि, फूलचंद रामासरे समेत तमाम कर्मचारी शामिल थे।

# कृषि विज्ञान केंद्र जमुनाबाद में पांच दिवसीय फसल अवशेष प्रबंधन का तकनीकी प्रशिक्षण

▶ बांकेगंज के 25 किसान ले रहे प्रशिक्षण

**गोला गोकर्णनाथ,(लखीमपुर), समृद्धि न्यूज़।**



कृषि विज्ञान केंद्र जमुनाबाद में चंद्रशेखर आजाद कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, कानपुर द्वारा फसल अवशेष प्रबंधन योजना के तहत पांच दिवसीय फसल अवशेष प्रबंधन पर प्रशिक्षण शुरु किया गया है। जिसमें केंद्र के अध्यक्ष डॉ.संतोष कुमार विश्वकर्मा ने किसानों को सलाह दी कि फसल अवशेष को जमीन में मिलाकर या बाहर अपघटित करके जमीन में मिलाएं जिससे कि मिट्टी की ताकत में इजाफा हो और साथ ही साथ कृषि उत्पादन लागत में कमी लाई जा सके। इससे गुणवत्ता युक्त उत्पादन प्राप्त किया जा सकता है। फसल वैज्ञानिक डॉ. प्रदीप कुमार बिसेन ने बताया कि विभिन्न आधुनिक उन्नत तकनीकी यंत्रों द्वारा कृषि यंत्रों द्वारा फसल अवशेषों को छोटे-छोटे टुकड़ों में करके मिट्टी में मिला दें। जिससे कि वह आसानी से सड़ जाते हैं और अन्य कृषि कार्य जैसे जुताई, बुवाई, निराई गुड़ाई, सिंचाई इत्यादि कृषि कार्य आसानी से किया जा सकता है। डॉ.बिसेन ने बताया कि जब फसल अवशेष को जमीन में मिलाते हैं तो जमीन के अंदर उपस्थित लाभदायक सूक्ष्मजीव पोषक तत्तों को पौधों को उपलब्ध कराते हैं। डॉ. मोहम्मद सोहेल ने सब्जी फसल के अवशेषों को जमीन में मिलाने के लिए सलाह दी। कहा कि जो जानवरों के खाने से बचता है उसको खेत में मिलाकर मिट्टी की ताकत में इजाफा किया जाए जिससे कि स्वास्थ्यवर्धक उत्पादन प्राप्त किया जा सके और पौधों में लगने वाली बीमारियों एवं कीटों के नियंत्रण में कम खर्च किया जाए। प्रसार वैज्ञानिक डॉ. जियालाल गुप्ता ने कहा कि बढ़ती हुई तमाम प्रकार की जीवन शैली बीमारियों जैसे बीपी,शुगर, हार्टटैक, कार्डिएक अरेस्ट आदि के नियंत्रण के लिए भोजन को स्वास्थ्यवर्धक बनाने के संदर्भ में जमीन में उपजाऊपन होना बहुत जरूरी है। डॉ. गुप्ता ने यह भी कहा कि जब जमीन में पर्याप्त मात्रा में पोषक तत्व उपलब्ध होते हैं तो हमारे हानिकारक कीटाणुओं को लाभदायक कीटाणु नियंत्रित करते रहते हैं। केंद्र के पशुपालन वैज्ञानिक डॉ.एनके त्रिपाठी ने कहा कि फसलों को जलाने के बजाय उसको जानवरों के प्रयोग में ले आएं जिससे कि पशु चारा में आ रही दिक्कत को कम किया जा सके। उन्होंने कहा कि पशु जब चारा खा लेता है और उसका जो अवशेष बचता है उसको अच्छी प्रकार से सड़ाकर खेत में मिलाएं। डॉ. त्रिपाठी ने फसल अवशेष को नाडेप और वर्मी कंपोस्ट यूनिट में प्रयोग करके सर्वोत्तम गुणवत्ता युक्त जैविक खाद बनाई जा सकती है जिससे कि घातक रसायनों के प्रयोग द्वारा होने वाले हानि को बचाया जा सके और पर्यावरण को स्वस्थ रखा जा सके। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में बांकेगंज ब्लॉक से 25 किसान भाग लेकर तकनीकी जानकारी प्राप्त कर रहे हैं।

# ईसानगर में ग्राम पंचायत चुनाव मतगणना हुई पूरी

▶ राधा देवी 158 वोटों से विजयी घोषित

**ईसानगर-खीरी, समृद्धि न्यूज़।**



जिला लखीमपुर खंड क्षेत्र ईसानगर के लौकाही मल्लापुर में रिक्त प्रधान पद पर बुधवार 19 फरवरी को हुए उपचुनाव की मतगणना 21 फरवरी ब्लाक सभागार मे करीब तीन घंटे तक चली, जहां राधादेवी ने अधिक मत प्राप्त कर अपने निकटम प्रत्याशी को 158 मतों से पराजित कर विजय हासिल की। प्राप्त जानकारी अनुसार लौकाही मल्लापुर मे ग्राम प्रधान की रिक्त हुई सीट पर बुधवार 19 फरवरी को मतदान के बाद आज 21 फरवरी सुबह 8 बजे आरओ अभय कुमार सागर व एआरओ विमल वर्मा की देखरेख में हुई मतगणना करीब तीन घंटे तक चली। जिसमें राधादेवी पत्नी विजयपाल 1019 मत पाकर अपने प्रतिद्वंदी पिंकी देवी पत्नी शर्बेश को पराजित कर 158 मतों से विजय हासिल कर ली, विजय प्राप्त प्रत्याशी राधा देवी को खंड विकास अधिकारी प्रदीप कुमार चौधरी ने सर्टिफ़िकेट देकर बधाई दी । पिंकी देवी को 861 मत प्राप्त हुए वही ऊषा देवी को 809 मत प्राप्त हुए तथा 65 मत अनवैलिड रहे। इस दौरान मतगणना स्थल पर सुरक्षा व्यवस्था की कमान संभाल रहे धौरहरा क्षेत्राधिकारी पीपी सिंह की अगुवाई मे ईसानगर थाना प्रभारी निरीक्षक देवेंद्र कुमार गंगवार व खमरिया थाना प्रभारी निरीक्षक विवेक कुमार उपाध्याय की देखरेख में बड़ी संख्या में पुलिस मुस्तैद रही।

### पीड़िता की तहरीर पर प्रधान पर मुकदमा दर्ज

**संसारपुर खीरी।** थाना मैलानी क्षेत्र के ग्राम भरिगवाँ निवासिनी पीड़ित महिला लीलावती पत्नी हरिश्चंद्र ने ग्राम प्रधान भरिगवाँ डालचंद पुत्र बिहारी लाल के खिलाफ लिखित प्रार्थना पत्र देकर आरोप लगाते हुए प्रभारी निरीक्षक थाना मैलानी राजेश सिंह को बताया कि ग्राम प्रधान डालचंद मेरे पति से सरकारी कागजात जाति निवास प्रमाण पत्र बनवाने के बदले पीड़िता को बुलाने की मांग करते हैं एवं पीड़ित महिला को गाली गलौज और धमकियां देने का भी आरोप लगाया। इस मामले को प्रभारी निरीक्षक ने गंभीरता से लेते हुए भरिगमा प्रधान डालचंद पर पीड़ित महिला के प्रार्थना पत्र पर विभिन्न धाराओं में मुकदमा पंजीकृत कर लिया है जिसकी विवेचना उप निरीक्षक प्रेमचंद थाना मैलानी कर रहे हैं। इस मामले पर उप निरीक्षक प्रेमचंद ने बताया भरिगवाँ प्रधान डालचंद पर विभिन्न धाराओं में मुकदमा पंजीकृत कर लिया गया है और विधिक कार्यवाही की जा रही है।

# एक पैर से विकलांग हरिओम ने साइकिल से तय किया 770 किलोमीटर का सफर

▶ एक पैर और डंडे के सहारे साइकिल के करियर पर बैठकर पहुंच गए प्रयागराज

**मैंगलगंज खीरी, समृद्धि न्यूज़।**



मैगलगंज के रहने वाले विकलांग होने के बाद भी हरिओम मोटर वाहन के मैकेनिक है। लगभग 8 साल पहले किसी बीमारी के चलते इनका एक पैर पूरी तरीके से निष्क्रिय हो गया था तब से एक डंडा और एक बहुत पुरानी साइकिल इनका सहारा बनी। हरिओम का कहीं भी आना जाना साइकिल से ही होता है इस बार हरिओम अपनी कमजोरी को चुनौती देते हुए साइकिल से ही महाकुंभ स्नान की आस्था मन मे लेकर प्रयागराज की ओर निकल पड़े और 7 दिनों में लगभग 800 किलोमीटर का सफर तय किया।

मैगलगंज से प्रयागराज, प्रयागराज से कानपुर, कानपुर से कन्नौज और कन्नौज से हरदोई होते हुए फिर मैगलगंज तय किया लगभग 800 किलोमीटर का सफर। 6 फरवरी को दोपहर में घर से भोजन की व्यवस्था साथ में लेकर हरिओम की साइकिल प्रयागराज के लिए निकली। रात को लगभग 10:00 बजे लखनऊ क्रॉस कर चुके थे और 7 तारीख की सुबह रायबरेली में हुई। हरिओम बताते हैं कि रायबरेली में कुछ देर आराम करने के बाद हम प्रयागराज के लिए निकले। 7 तारीख की शाम को प्रयागराज पहुंच चुके थे। प्रयागराज में स्नान पूजन के बाद 8 तारीख की रात में कानपुर की ओर निकले। 10 तारीख को कानपुर पहुंचे जहां रिश्तेदार के यहां रुकना हुआ। एक दिन रुकने के बाद 12 फरवरी को कानपुर से कन्नौज की ओर निकले और कन्नौज से हरदोई होते हुए 13 फरवरी की रात को लगभग 11:00 हम घर आ गए। हालांकि 6 फरवरी को जब हरिओम घर से निकले थे तब उनके घर वाले इनको मना कर रहे थे लेकिन जब 13 फरवरी को यह वापस आ गए तो घर वालों ने बहुत प्रशंसा की।

**पुलिस प्रशासन के सहयोग और सेवा भाव से काफी खुश दिखे हरिओम:** अपने सफ़र के अनुभव के बारे में हरिओम बताते हैं कि हम अपने साथ 2 दिन के भोजन की व्यवस्था के साथ निकले थे उसके बाद हमने कहीं भी भोजन को खरीद कर नहीं खाया। जगह-जगह पुलिस प्रशासन ने हमें रुकवा कर हमारे भोजन की व्यवस्था की रात में सफर के दौरान गश्त कर रही पुलिस ने हरिओम से अपने वाहन पर आगे तक छोड़ने की अपील भी की लेकिन हरिओम ने साइकिल से ही सफर तय कर किया। हरिओम का कहना है कि हमने प्रण किया था कि हम यह पूरी यात्रा साइकिल से ही करेंगे। 8 साल से अधिक समय से हरिओम एक पैर से पूरी तरीके से विकलांग है लेकिन विकलांगों के लिए चल रही सरकारी योजनाओं का कोई भी लाभ हरिओम को प्राप्त नहीं हुआ है। हरिओम इससे पहले भी माता वैष्णो देवी के दरबार साइकिल से ही जा चुके हैं लेकिन तब हरिओम पूरी तरीके से स्वस्थ थे।

### मंडल कारागार में प्रयागराज के जल से कैदियों ने किया स्नान

**अयोध्या।** प्रदेश के कारागार मंत्री के आदेश के क्रम में मंडल कारागार में निरुद्ध बंदियों को शुक्रवार को प्रयागराज के जल से स्नान कराया गया। प्रयागराज के जल से स्नान कराने के लिए मंडल कारागार से जेल वार्डर सौरभ मिश्र तथा प्रशान्त कुमार यादव को भेजकर जल मंगाया गया था।बताया गया कि प्रयागराज के इस पवित्र जल का पूजन करके कारागार में निरुद्ध 757 बन्दियों (महिला एव पुरूष) को स्नान कराया गया।महिला बन्दियों को स्नान उप कारापाल माया सिंह की उपस्थिति में तथा पुरुष बन्दियों को स्नान वरिष्ठ अधीक्षक उदय प्रताप मिश्र, कारापाल जितेन्द्र कुमार यादव, उप कारापाल वंदना, उपकारा पाल शुमरा अंसारी तथा उप कारापाल नीरज कुमार दूबे की उपस्थिति में कराया गया। उक्त जानकारी वरिष्ठ अधीक्षक श्रेणी-प्रथम जिला कारागार ने दी है।

# हरी झंडी दिखाकर पूर्व विधायक ने आधारशिला वृद्धा आश्रम से प्रयागराज के लिए बस को रवाना किया

**फरेंदा, महाराजगंज, समृद्धि न्यूज।**



नगर पंचायत आनंदनगर के वार्ड नंबर 4, गनेशपुर में स्थित आधारशिला वृद्धा आश्रम में रह रहे बुजुर्गो को महाकुंभ स्नान हेतु प्रयागराज के लिए बस को हरी झंडी दिखाकर पूर्व विधायक बजरंग बहादुर सिंह ने रवाना किया। खबर के मुताबिक वार्ड के गनेशपुर में स्थित आधारशिला वृद्धा आश्रम के वृद्धजनों को प्रयागराज के महाकुंभ में स्नान हेतु समाज कल्याण विभाग महाराजगंज द्वारा सभी सुविधाओं के साथ एक बस भेजा गया है। उक्त बस को पूर्व विधायक बजरंग बहादुर सिंह द्वारा हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। इस अवसर पर पूर्व विधायक ने सभी वृद्धजन माता-पिता का आशीर्वाद प्राप्त करते हुए कहा कि देश में मोदी व प्रदेश में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में विश्व का सबसे महाकुंभ मेले का आयोजन प्रयागराज में किया गया है जो पूरे विश्व में इतिहास रच दिया है। जिसमें अब तक 56 करोड़ से अधिक श्रद्धालु भक्तजन स्नान कर चुके हैं। जोकि भारत के विश्व गुरु बनने की ओर अग्रसर हो रहा है। इस यात्रा में आधारशीला विद्या आश्रम के प्रबंधक प्रदीप कटियार कर्मचारीगण में मनसा देवी गोंड ,गीता, पंकज वर्मा, अशर्फी देवी सहित वृद्धजन श्रीराम, रामधनी,शकुंतला, नरेंद्र तिवारी, दुर्गा प्रसाद अग्रहरी, लालमनशशि लता, जगन, संतोषी, श्यामा देवी, चंद्रिका, विमला पांडेय, वृंदा, शारदा पाठक, गंगोत्री, विद्या सहित कुल 30 श्रद्धालु भक्त कुंभ स्नान के लिए यात्रा पर हैं।

# कंजा बीआरसी पर मनमोहक प्रस्तुतियां करने वाले छात्र छात्राएं सम्मानित

**गोला गोकर्णनाथ,(लखीमपुर), समृद्धि न्यूज़।**



ब्लॉक संसाधन केंद्र कंजा पर नन्हे मुन्हे बच्चों ने मनमोहक प्रस्तुतियॉ प्रस्तुत कर समां बांध दिया। कंजा के बीआरसी पर आयुक्त कार्यक्रम में आंगनबाड़ी केंद्र और स्कूल के बच्चों ने अपनी प्रस्तुतियां दी। कक्षा एक से 2 तक के निपुण और आंगनबाड़ी के बच्चों को प्रमाण पत्र और पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। संचालन अरविंद कुमार एआरपी द्वारा किया गया। विमल कुमार मिश्रा एआरपी द्वारा निपुण भारत एवं बुनियादी शिक्षा के उद्देश्यो का प्रस्तुतिकरण किया गया। डॉ. यूसुफ अली एआरपी द्वारा उन्मुखीकरण कार्यक्रम पर चर्चा की गयी। पिंकु बंसल एआरपी द्वारा राष्ट्रीय शिक्षा नीति पर चर्चा की गयी। खंड शिक्षा अधिकारी कुंभी ने कहा कि छात्रो में वैज्ञानिक दृष्टिकोण का विकास हो रहा है, यह बच्चे आगे चलकर देश का नाम रोशन करेंगे। विशिष्ट अतिथि सहायक विकास अधिकारी (पंचायत) द्वारा कहा गया। उप्र सरकार गुणवत्ता पूर्ण शिक्षा के लिए कटिबद्ध है। बाल विकास खंड परियोजना अधिकारी कुंभी द्वारा विभाग द्वारा संचालित कार्यक्रमो पर प्रकाश डाला गया। खंड शिक्षा अधिकारी कुंभी ने बेसिक शिक्षा विभाग द्वारा सभी योजनाओं विस्तृत अवगत कराया गया। इस मौके पर शिक्षक प्रेम प्रकाश, दिलीप कुमार, सचिन मिश्रा, हरिकेश बहादुर, कुंजबिहारी, पारूल पाल, अनामिका तिवारी सहित शिक्षक संघ के सभी पदाधिकारीगण तथा कार्यालय कार्मिक मधुबाला व नवनीत कुमार, कुलदीप सिंह, पुष्पेन्द्र कुमार उपस्थित रहे।

# अधिवक्ताओं ने अधिवक्ता संसोधन के विरोध में मुख्यमंत्री के नाम संबोधित ज्ञापन एसडीएम व तहसीलदार को सौंपा

**फरेन्दा,महराजगंज, समृद्धि न्यूज।**

बार काउंसिल आफ इंडिया के आहवान पर सिविल बार एसोसिएशन फरेंदा के अधिवक्ताओं ने आज शुक्रवार को अधिवक्ता अधिनियम 1961के विधेयक को बदले जाने के विरोध में धरना प्रदर्शन कर कलम बंद हड़ताल किया और उपजिलाधिकारी व तहसीलदार मजिस्ट्रेट फरेंदा के जरिए मुख्यमंत्री को ज्ञापन भेजा।

दिए गए ज्ञापन में अधिवक्ताओं ने लिखा है कि अधिवक्ता संशोधन विधेयक 2025 जो अधिवक्ताओं के स्वतंत्रता पर प्रतिकूल प्रभाव डालते हुए अधिवक्ता हितों को प्रतिवेदन करने का एक प्रयास है। अधिवक्ता किसी भी न्यायालय में विधिक कार्य करने के लिए स्वतन्त्र है, उसे न्यायालय की सीमा में बांधने तथ अपने मांगों के समर्थन में किसी भी आन्दोलन या बहिष्कार से प्रतिबन्धित करने जैसे अनेक अनावश्यक प्रतिबन्ध लगाये जाने का प्राविधान प्रस्तावित किया जा रहा है। जिसका देश और प्रदेश के सभी अधिवक्तगण पुरजोर विरोध कर रहे है। इस दौरान विनोद चंद्र मणि,अध्यक्ष रविंद्र नाथ उपाध्याय, महामंत्री अनिल पासवान, अरविंद मिश्र, प्रेम सिंह,रामसहाय गुप्ता, अनिरुद्ध श्रीवास्तव,स्कंद श्रीवास्तव, सत्येन्द्र सिंह, उमेश भट्ट, प्रदीप श्रीवास्तव, एसपी दूबे, रामरूप सांवरकर, रामनरायण शुक्ल, रंजन मिश्र, शैलेन्द्र श्रीवास्तव, अनिमेष चौधरी, ओमकार मौर्या, सनत त्रिपाठी, सतीश सिंह, सुनील मणि, परमात्मा त्रिपाठी, संदीप श्रीवास्तव, जितेन्द्र चौधरी, सतीश द्विवेदी, जितेन्द्र यादव मौजूद रहे। इसी क्रम में रेवन्यू बार एसोसिएशन के अधिवक्ताओं ने अधिवक्ता अधिनियम 1961 को संसोधन प्रस्तावित बिल के विरोध में प्रदर्शन कर तहसीलदार वशिष्ठ वर्मा के जरिए मुख्यमंत्री को ज्ञापन भेजा सौंपा। इस दौरान सरोज मिश्र, वीरेंद्र तिवारी,अध्यक्ष अष्टभुजा वर्मा, मंत्री परमात्मा सिंह, सेराज अहमद, राघवेंद्र तिवारी, संजय मिश्रा, असफाक अहमद, रविंद्र शर्मा, व अनूप गुप्ता मौजूद रहे।

# महाकुंभ के अंतिम स्नान की महा तैयारियां तेज

## 26 फरवरी को होने वाले स्नान को लेकर मेला प्रशासन सतर्क, मुख्यमंत्री योगी ले रहे हैं पल-पल की अपडेट

समृद्धि न्यूज

**लखनऊ/महाकुम्भ नगर।** प्रयागराज में महाकुम्भ की शुरुआत 13 जनवरी से हुई थी, जिसका समापन 26 फरवरी को महाकुम्भ स्नान पर्व के साथ होगा। अबतक 58 करोड़ से अधिक श्रद्धालु संगम में आस्था की डुबकी लगा चुके हैं। अभी भी देश और विदेश से श्रद्धालुओं का प्रयागराज आना जारी है। हालांकि महाकुम्भ में महज 5 दिन ही बाकी हैं। ऐसे में हर सनातनी इस महाकुम्भ का साक्षी बनने को आतुर है।

मेला प्रशासन भी आखिरी विशेष स्नान की तैयारियों में जुटा है। शुक्रवार को यूपी के मुख्य सचिव और डीजीपी ने महाकुम्भ के महाशिवरात्रि स्नान की तैयारियों का जायजा लिया। 23 फरवरी को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ भी प्रयागराज पहुंचकर तैयारियों को परखेंगे। बता दें कि महाशिवरात्रि को ढाई से तीन करोड़ श्रद्धालुओं का



प्रयागराज महाकुंभ पहुंचने का अनुमान है।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गुरुवार को अपने सरकारी आवास पर आगामी त्योहारों को लेकर अधिकारियों के साथ वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए बैठक की। उन्होंने महाकुम्भ प्रशासन को निर्देश दिए कि महाशिवरात्रि स्नान पर्व के की कार्ययोजना बनाई जाए और सड़कों पर वाहन न खड़े होने दें। उन्होंने कहा कि अधिकारी इस बात का ध्यान रखें कि श्रद्धालुओं को स्नान के लिए कम से कम पैदल चलना पड़े। साथ ही जल की गुणवत्ता बनाए रखने के लिए नियमित देखरेख करें। उन्होंने महाशिवरात्रि पर महाकुम्भ के अंतिम स्नान को लेकर अधिकारियों को सतर्क रहने के निर्देश दिए हैं। सीएम योगी ने कहा कि महाकुम्भ में किसी भी प्रकार की अव्यवस्था न होने दी जाए।

### प्रयागराज में बना होल्डिंग एरिया

उत्तर मध्य रेलवे, उत्तर रेलवे, पूर्वोत्तर रेलवे और पूर्व मध्य रेलवे के विभिन्न स्टेशनों पर होल्डिंग एरिया बनाये गए हैं। ये होल्डिंग एरिया प्लेटफॉर्म के बाहर स्थित हैं ताकि यात्रियों की भीड़ को नियंत्रित करने और जनसमूह को रोकने में मदद मिल सके। उत्तर मध्य रेलवे के अंतर्गत प्रयागराज जंक्शन पर 1,15,572 वर्ग फीट, नैनीः 1,14,495 वर्ग फीट, प्रयागराज छिवकीः छिवकी- 80729 वर्ग फीट, कुंभ क्षेत्र के एक हिस्से के रूप में, उत्तर रेलवे और पूर्वोत्तर रेलवे ने प्रयाग जंक्शन पर 1,07,639 वर्ग फीट, फाफामऊ जंक्शनः 94,453 वर्ग फीट, झूसी में 1,93,750 वर्ग फीट और प्रयागराज रामबागः 43055 वर्ग फीट में स्थायी व अस्थायी होल्डिंग एरिया भी बनाए हैं। कुम्भ क्षेत्र में कुल 749693 वर्ग फीट क्षेत्र होल्डिंग एरिया के रूप में बनाया गया है। इसके साथ ही प्रयागराज जंक्शन, सूबेदारगंज रेलवे स्टेशन और नैनी जंक्शन पर भी होल्डिंग एरिया बनाया गया है।

### यूपी रोडवेज व रेलवे ने भी कसी कमर

महाकुम्भ के आखिरी स्नान महाशिवरात्रि के लिए यूपी रोडवेज ने 1200 बसों को रिजर्व में रखा है। परिवहन राज्य मंत्री दयाशंकर सिंह ने बताया कि महाशिवरात्रि स्नान और 21 से 28 फरवरी के लिए 1200 बसें रिजर्व में रखी गई है। इसके अलावा संगम क्षेत्र में 750 शटल बसें भी चल रही हैं। महाशिवरात्रि के स्नान को लेकर रेलवे अलर्ट मोड पर है। 26 फरवरी को महाशिवरात्रि के दिन अंतिम अमृत स्नान होगा। ऐसे में उम्मीद है कि करोड़ों की तादाद में श्रद्धालु प्रयागराज पहुंचेंगे। बड़ी तादाद ऐसे श्रद्धालुओं की होगी जो ट्रेनों के माध्यम से प्रयागराज पहुंचेंगे और वहां स्नान करने के बाद ट्रेन से ही लौटेंगे। ऐसे में भीड़ को कंट्रोल करने के लिए रेलवे ने कमर कस ली है।

### गंगा बैराज से गंगा में छोड़ा ज्यादा पानी

महाकुम्भ के अंतिम स्नान पर्व महाशिवरात्रि के पहले गंगा का जलस्तर बढ़ाने की कवायद शुरू हो गई है। इस कड़ी में 20 फरवरी को गंगा बैराज कानपुर से गंगा में जल का डिस्चार्ज निरंतर बढ़ाया जा रहा है। वसंत पंचमी स्नान पर्व बीतने के बाद महाकुम्भ में संगम स्नान के लिए प्रतिदिन एक करोड़ से अधिक श्रद्धालु आ रहे हैं। शिवरात्रि के पहले गंगा का जलस्तर कम होने से श्रद्धालुओं को संगम में डुबकी लगाने में परेशानी होने लगी थी। घुटने के नीचे संगम का जल होने के चलते श्रद्धालु डुबकी नहीं लगा पा रहे थे। इस समस्या को देखते हुए गंगा बैराज कानपुर से ज्यादा जल गंगा में छोड़ा गया।

# केंद्र सरकार की आठ प्रमुख योजनाओं के क्रियान्वयन में यूपी का देश में पहला स्थान

**यूपी ने अटल पेंशन योजना के तहत एक करोड़ 12 लाख से अधिक लोगों को जोड़ा**



समृद्धि न्यूज

**लखनऊ।** केंद्र सरकार की योजनाओं को लागू करने में पूरे देश के लिए उत्तर प्रदेश आज एक उदाहरण बन गया है। वित्त मंत्री सुरेश खन्ना ने बजट भाषण में बताया कि उत्तर प्रदेश ने केंद्र सरकार की आठ प्रमुख योजनाओं के क्रियान्वयन में पूरे देश में पहला स्थान प्राप्त किया है।

इन योजनाओं में प्रधानमंत्री अटल पेंशन योजना, प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना, प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना, प्रधानमंत्री जन धन योजना, प्रधानमंत्री मुद्रा योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना, प्रधानमंत्री उज्जवला योजना और आयुष्मान भारत डिजिटल मिशन शामिल हैं।

उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री जन धन योजना के तहत उत्तर प्रदेश में नौ करोड़ 57 लाख से बैंक खाते खोले गए हैं, जो देश में सबसे अधिक है। इस योजना ने गरीबों को बैंकिंग व्यवस्था से जोड़ा और उनके वित्तीय समावेशन को सुनिश्चित किया। इस योजना का ही असर है कि आज गरीबों के क्रय-विक्रय और जमा करने की क्षमता में अभूतपूर्व वृद्धि हुई है। यूपी ने प्रधानमंत्री अटल पेंशन योजना के तहत एक करोड़ 12 लाख से अधिक लोगों को जोड़ा है। यह योजना वृद्धावस्था में आर्थिक सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए बनाई गई थी, जिससे असंगठित क्षेत्र के कामगारों को बड़ा लाभ पहुंचा है। प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना और प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना के तहत उत्तर प्रदेश में 8 करोड़ 80 लाख लोग लाभान्वित हुए हैं। सुरक्षा बीमा योजना मात्र 12 रुपये प्रति वर्ष और जीवन ज्योति बीमा योजना मात्र 330 रुपये प्रति वर्ष में बीमा सुरक्षा प्रदान करती है, जिससे गरीब और निम्न-मध्यम वर्गीय परिवारों को राहत मिली है। वित्त मंत्री सुरेश खन्ना ने बताया कि प्रधानमंत्री मुद्रा योजना के तहत 1.85 करोड़ से अधिक छोटे उद्यमियों को ऋण वितरित किए गए हैं, जिससे प्रदेश में रोजगार और स्वरोजगार के अवसर बढ़े हैं। खासतौर पर महिलाओं, युवाओं और छोटे व्यापारियों को इस योजना का बड़ा लाभ मिला है। प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत उत्तर प्रदेश में 56.50 लाख से अधिक परिवारों को योजना का लाभ दिया गया है, जिससे गरीब परिवारों को सिर पर छत का सपना साकार हुआ।

## खबरें एक नजर में

### ताइक्वाण्डो में सी.एम.एस. छात्रों ने जीते गोल्ड मेडल



**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** सिटी मोन्टेसरी स्कूल, इन्दिरा नगर द्वितीय कैम्पस के प्रतिभाशाली छात्रों मुकुंद सिंह एवं अदिति सिंह ने ओपेन ताइक्वाण्डो नेशनल चैम्पियनशिप में दो गोल्ड मेडल अर्जित कर विद्यालय का गौरव बढ़ाया है। चैम्पियनशिप का आयोजन उत्तर प्रदेश ताइक्वाण्डो एसोसिएशन के तत्वावधान में चौक स्टेडियम, लखनऊ में किया गया। यह जानकारी सी.एम.एस. के हेड, कम्युनिकेशन्स श्री ऋषि खन्ना ने दी है। श्री खन्ना ने बताया कि इस ताइक्वाण्डो चैम्पियनशिप में लखनऊ के कई प्रतिष्ठित विद्यालयों के छात्रों ने प्रतिभाग किया तथापि कड़ी प्रतिस्पर्धा के बीच सी.एम.एस. के इन प्रतिभाशाली छात्रों ने अपनी खेल प्रतिभा, चुस्ती–फूर्ती, कौशल तथा दमखम के बलबूते स्वर्ण पदक अर्जित कर अपनी खेल प्रतिभा का परचम लहराया है एवं आने वाले समय में राष्ट्रीय व अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर अपनी पहचान बनाने के संकेत दिये है। सी.एम.एस. प्रबन्धक, प्रो. गीता गाँधी किंगडन ने इन होनहार बाल खिलाड़ियों के उज्जवल भविष्य की कामना की है।

### हाईकोर्ट वकीजों ने केंद्र का पुतला फूंककर जताया विरोध

**लखनऊ समृद्धि न्यूज ।** अधिवक्ता सिकंदर यादव पूर्व संयुक्त सचिव अवध बार एसोसिएशन उच्च न्यायालय के नेतृत्व में शुक्रवार को अधिवक्ताओं ने उच्च न्यायालय के गेट नं 7 के सामने भारत सरकार का पुतला जलाकर विरोध जताया। भारत सरकार द्वारा नये कानून अधिवक्ता संशोधन बिल 2025 को लेकर अधिवक्ताओं में जबरदस्त विरोध उबाल है। जिसमें धारा 4, धारा 9, धारा 24(ए), धारा 24(बी), धारा 26(ए), धारा 35(ए), धारा 36, धारा 49(ए), धारा 49 ए (1) के प्रस्तावित संशोधन के अलावा ऐसे प्रावधान प्रस्तावित किये गए है जो अधिवक्ताओं के हितों को प्रत्यक्ष रूप से प्रभावित कर रहे हैं और अधिवक्ताओं के संवैधानिक अधिकार, अनुच्छेद 19 अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता व अनुच्छेद 21 जीवन और व्यक्तिगत स्वतंत्रता का हनन है। विरोध प्रदर्शन में मुख्य रूप से एडवोकेट श्रीकांत यादव, सुनील कुमार मौर्य, पंकज कुमार रावत सहित दर्जनों अधिवक्ता साथी सम्मिलित हुए।

### राजधानी में दो दिवसीय बॉडीबिल्डिंग मुकाबला 22 व 23 को

**लखनऊ समृद्धि न्यूज ।** लखनऊ में 2 दिवसीय बॉडीबिल्डिंग फेडरेशन कप का आयोजन किया जा रहा है। कार्यक्रम को लेकर इंडियन बॉडीबिल्डर फेडरेशन ने प्रेस वार्ता किया। प्रेस को संबोधित करते हुए यूपी बॉडीबिल्डिंग एंड फिटनेस एसोसिएशन के अध्यक्ष साजिद अहमद कुरैशी ने बताया कि यह 14 वां फेडरेशन कप है जो 22 और 23 फरवरी को इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में आयोजित किया जा रहा है। साजिद अहमद कुरैशी ने बताया कि यह बॉडी बिल्डिंग अपने आप में अनोखा कार्यक्रम होगा। इसमें देश के शीर्ष पुरुष और महिला बोडीबिल्डर्स, एथलीट के लिए एक भव्य मंच तैयार किया गया है। फेडरेशन कप में देश भर के 300 से अधिक एथलीट के बीच में महामुकाबला देखने को मिलेगा। इस मुकाबले में हिस्सा लेने वाले सभी बॉडी बिल्डर को सम्मानित किया जाए। वहीं विजेता को 10 लख रुपए और ट्रॉफी देकर सम्मानित किया जाएगा। इसके बुलेट समेत अन्य महत्वपूर्ण इनाम वितरित किये जायेंगे।

### अनिल दुबे बने रालोद के राष्ट्रीय महासचिव

**लखनऊ समृद्धि न्यूज ।** राष्ट्रीय लोकदल के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं केंद्रीय मंत्री जयन्त चौधरी ने अनिल दुबे को राष्ट्रीय लोकदल का राष्ट्रीय महासचिव मनोनीत किया है। वही डॉ यशपाल बघेल व सांसद चंदन चौहान को राष्ट्रीय महासचिव तथा अभियन चौधरी को युवा रालोद का राष्ट्रीय अध्यक्ष मनोनीत किया है। श्री दुबे को राष्ट्रीय महासचिव मनोनीत होने पर पूर्व विधायक शिव करन सिंह, व्यापार प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष रोहित अग्रवाल, प्रदेश कोषाध्यक्ष बीएल प्रेमी, प्रदेश महासचिव संतोष यादव, मनोज सिंह चौहान, चंद्रकांत अवस्थी, रमावती तिवारी, प्रीति श्रीवास्तव, श्रम प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष महेश पाल धनगर, प्रदेश सचिव, अफ्सर अली, रामगोपाल चंदेल, सम्राट सिंह चौहान, आमिर साबिरी, उमर अली, नूर मोहम्मद पूर्व पार्षद, अखिलेश यादव एडवोकेट, अनिल यादव ने हर्ष व्यक्त करते हुये बधाई दी।

### ममता चैरिटेबल ट्रस्ट ने अस्पताल को दिए व्हीलचेयर, स्ट्रेचर

**लखनऊ समृद्धि न्यूज ।** गरीबों एवं असहायों के कल्याण का पर्याय बन चुकी ममता चैरिटेबल ट्रस्ट एवं पी0टी0सी0 फाउण्डेशन के संयुक्त प्रयास द्वारा निरंतर रक्षामंत्री राजनाथ सिंह की प्रेरणा से आयोजित स्वास्थ्य जागरूकता शिविर, दिव्यांग कृत्रिम अंग तथा सहायक उपकरण वितरण महाअभियान की श्रंखला में लखनऊ के बलरामपुर अस्पताल कैसरबाग में व्हील चेयर और स्ट्रेचर वितरण महाअभियान विशाल शिविर का आयोजन किया गया। ट्रस्ट के अध्यक्ष एवं भाजपा के वरिष्ठ नेता राजीव मिश्रा ने अपने संबोधन में नर सेवा को नारायण सेवा मानकर सदैव समाज की सेवा संकल्प को दुहराया। लाभार्थियों को संबोधित करते हुए जरुरतमंदों की सदैव सेवा करने तथा दिव्यांगों को कभी भी कोई जरूरत हो तो ममता ट्रस्ट से सम्पर्क कर आपके द्वार सदैव पहुंचती है ट्रस्ट हमेशा आपके साथ है। लाभार्थियों से ममता ट्रस्ट परिवार से जुड़े रहने के लिए ट्रस्ट के मिस्ड काल मोबाइल नंबर 9415071777 पर मिस काल करके जुड़ने का आह्वान किया। इस अवसर पर पीटीसी फाउण्डेशन की निदेशिका स्मिता अग्रवाल सीएमएस डॉ. संजय तेवतिया अधीक्षक डॉ. हिमाशु चतुर्वेदी वरिष्ठ डॉ. ए.पी. सिंह फार्मसिस्ट एस.एम. त्रिपाठी बलरामपुर सहायक मुकेश जोशी गजानन मिश्रा सुनील कुमार तिवारी, कोषाध्यक्ष गौरव पांडे व अन्य सम्मानित कार्यकर्ता गण उपस्थिति रहे।

### बीटेक स्टूडेंट ने किया सुसाइड

**लखनऊ समृद्धि न्यूज।** राजधानी लखनऊ के बख्शी का तालाब क्षेत्र में बीटेक सेकेंड ईयर के स्टूडेंट ने हॉस्टल में सुसाइड कर लिया। मृतक मऊ के मुबारक पुर घोसी का रहने वाला था। घटना शुक्रवार सुबह की है। उसकी प्रैक्टिकल परीक्षा होनी थी। सुबह 8 बजे जब साथी छात्रों ने उसके कमरे का दरवाजा खटखटाया तो कोई जवाब नहीं मिला। इसके बाद छात्रों ने हॉस्टल मालिक और पुलिस को सूचित किया। मौके पर पहुंची पुलिस ने कमरे का दरवाजा तोड़ा तो अजय छत के पंखे से रस्सी के सहारे लटका मिला। पुलिस ने शव को नीचे उतारा और परिजनों को सूचना दी। फॉरेंसिक टीम ने मौके की जांच की। कमरे से कोई सुसाइड नोट नहीं मिला है। पुलिस ने छात्र का मोबाइल और लैपटॉप जब्त कर लिया है। इंस्टीट्यूट के अनुसार अजय पढ़ाई में तेज छात्र था। पुलिस मामले की जांच कर रही है और आत्महत्या के कारणों का पता लगाया जा रहा है।

### रोहित अवस्थी ने सपा प्रमुख अखिलेश यादव से की मुलाकात

**लखनऊ समृद्धि न्यूज।** कांग्रेस पार्टी के पूर्व युवा नेता रोहित अवस्थी ने सपा प्रमुख अखिलेश यादव से की मुलाकात की, उन्हों ने कहा की मे पिछले एक दशक से में कांग्रेस में हूँ। कुछ दिन पहले उन्होंने कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष अजय राय से मुलाकात कर के अपना इस्तीफा दिया थासौरव श्रीवास्तव ने कहा कि रोहित अवस्थी की राजनैतिक करियर की बात करें तो उन्होंने अगस्त 2016 मे कांग्रेस की प्राथमिक सदस्यता ली थी उसके बाद वार्ड कमेटी से शुरुआत की जिला युवा कांग्रेस के तमाम पदों पर रहे।

# सुदामा चरित्र सुनकर भक्त हुए भाव-विभोर

**जीवन में सुख शांति की प्राप्ति के लिए भक्ति व सत्संग सर्वोपरि : आचार्य मनोज कृष्ण जी महराज**



समृद्धि न्यूज

**लखनऊ।** राजधानी के राजाजीपुरम स्थित मां मनपूर्ण श्री संकटमोचन हनुमान मंदिर, निकट कोठारी बंधु चौराहा में श्रीमद्भागवत कथा का भव्य आयोजन चल रहा है। यह कथा 14 फरवरी को शुरु हुई थी और 21 फरवरी दिन शुक्रवार को इस भव्य कथा का समापन हुआ। कथा का समय शाम चार बजे से 9 बजे तक है।

वृंदावन मथुरा से आये कथावाचक आचार्य मनोज कृष्ण जी महराज के सानिध्य में लोग कथा का रसपान कर रहे हैं। इस नौ दिवसीय भागवत कथा में काफी संख्या में महिला-पुरूष भक्तों ने कथा का आनंद उठाया। कथा के सप्तम दिवस पर भक्तों की भीड़ देखते ही बन रही थी और चारों तरफ वातावरण दिव्य और भक्ति रस में सराबोर था। इस दिवस पर भगवान कृष्ण के 16 हजार विवाहों का वर्णन हुआ। कथा के समापन दिवस पर कथावाचक आचार्य मनोज कृष्ण जी ने सुदामा चरित्र का वर्णन किया जिसे सुनकर भक्त भाव-विभोर हो गए।

वृंदावन से आये ब्रज कलाकारों के द्वारा फूलों की होली का भी भक्तों ने आंनद उठाया। कथा के मुख्य आयोजक नरेन्द्र अवस्थी, अमन अवस्थी, रामशंकर वर्मा, सागर वर्मा, लक्ष्क्षो दीदी एवं महिला मंडल के सहयोग से कथा का आयोजन बड़े धूमधाम के साथ किया गया। वृंदावन से आये आचार्य मनोज कृष्ण जी महराज के द्वारा भागवत् कथा की महिमा का गुणगान किया गया व जीवन



में सुख शांति की प्राप्ति के लिए भगवान की भक्ति व सत्संग को ही सर्वोपरि बताया गया। साथ ही आज 22 फरवरी को हवन के बाद दोपहर 12 बजे से भव्य भंडारे का आयोजन भी किया जायेगा।

### अधिवक्ता संशोधन बिल वापस लेने को लेकर वकीलों का प्रदर्शन

**लखनऊ ।** लखनऊ बार एसोसिएशन के वकीलों ने शुक्रवार को हजरतगंज में जमकर हंगामा किया। अधिवक्ता गांधी प्रतिमा पर एकत्र हुए और सरकार के खिलाफ नारेबाजी की। प्रदर्शन को देखते हुए भारी संख्या में पुलिस बल तैनात रहा। विधानसभा जाने वाली सड़क पर बैरिकेडिंग कर वकीलों को रोक दिया गया। अधिवक्ता संशोधन विधेयक 2025 का विरोध कर रहे थे। वकीलों का कहना है कि अधिवक्ता संशोधन बिल-2025 वकीलों के अधिकारों का हनन करेगा। उनकी स्वतंत्रता को सीमित कर देगा। उन्होंने सरकार से इस प्रस्ताव को जल्द से जल्द वापस लेने की मांग की है। प्रदर्शन कर रहे वकीलों ने जब विधानसभा की ओर कूच करने की कोशिश की, तो पुलिस ने उन्हें बैरिकेडिंग कर रोक दिया। इस दौरान धक्का-मुक्की भी हुई। हालांकि, पुलिस ने स्थिति संभाल ली और वकीलों को समझाने की कोशिश की।

# यूपी सरकार ने 5600 श्रमिकों को रोजगार के लिए इजरायल भेजा

समृद्धि न्यूज

**लखनऊ ।** उत्तर प्रदेश सरकार के श्रम एवं सेवायोजन मंत्री अनिल राजभर ने शुक्रवार को विधानसभा में बताया कि आउटसोर्सिंग ऑफ मैन पावर के माध्यम से रोजगार के अवसर उपलब्ध कराए जाने की व्यवस्था की गयी है जिसके तहत 5,600 श्रमिकों को सफलतापूर्वक इजराइल भेजा गया है, तथा 5,000 अतिरिक्त श्रमिकों को भेजे जाने की प्रक्रिया चल रही है।

राजभर ने यह भी बताया कि कहा कि विगत दो वर्षों में सेवायोजन कार्यालय में रोजगार के इच्छुक अभ्यर्थियों (इंटर, बीए, डिप्लोमा, बीटेक, एमटेक, पीएचडी की संख्या 5,68,062 है और विगत दो वर्षों (एक अप्रैल 2022 से 31 मार्च 2024 तक) में सेवा कार्यालयों द्वारा रोजगार मेलों के माध्यम से 475510 अभ्यर्थियों को निजी क्षेत्र में रोजगार हेतु चुना गया है।



विधानसभा में बजट सत्र के चौथे दिन शुक्रवार को प्रश्नकाल में समाजवादी पार्टी के वरिष्ठ सदस्य प्रभु नारायण यादव के प्रश्न के उत्तर में राजभर ने बताया कि राज्य सरकार ने रोजगार के अवसरों के लिए 5,600 श्रमिकों को सफलतापूर्वक इजराइल भेजा है तथा 5,000 अतिरिक्त श्रमिकों को भेजे जाने की प्रक्रिया चल रही है। उन्होंने कहा, इजराइल में हमारे श्रमिक राज्य की अर्थव्यवस्था में महत्वपूर्ण योगदान दे रहे हैं। सरकार की रोजगार पहलों को आगे बढ़ाते हुए राजभर ने सरकार समर्थित संस्था राष्ट्रीय कौशल विकास निगम (एनएसडीसी) के साथ सहयोग की घोषणा की।

# हाथरस हादसे के जिम्मेदारों के खिलाफ होगी कार्रवाई : ब्रजेश

समृद्धि न्यूज

**लखनऊ ।** उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने कहा कि हाथरस हादसे को लेकर कमेटी ने विधानसभा में अपनी रिपोर्ट सौंप दी है। उन्होंने आगे कहा कि जो भी जिम्मेदार होगा, उसके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। मीडिया से मुखातिब डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक ने कहा, हाथरस हादसे को लेकर कमेटी ने विधानसभा में अपनी रिपोर्ट सौंप दी है, जो जिम्मेदार होगा, उसके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

समाजवादी पार्टी नेता शिवपाल सिंह यादव ने हाथरस हादसे से निपटने के भाजपा सरकार के तरीके पर सवाल उठाते हुए कहा कि उसके शासन में न्याय की उम्मीद नहीं की जा सकती। 2 जुलाई, 2024 को उत्तर प्रदेश के हाथरस में स्वयंभू भगवान, भोले बाबा उर्फ सूरज पाल द्वारा आयोजित सत्संग में भगदड़ मचने से महिलाओं और बच्चों सहित लगभग 121 लोग मारे गए थे। यह घटना जिले के फुलरी गांव में हुई थी।रिपोर्टों के



अनुसार इस कार्यक्रम में दो लाख से अधिक श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ी, जबकि केवल लगभग 80,000 लोगों के आने की अनुमति दी गई थी। उत्तर प्रदेश पुलिस ने हाथरस में भगदड़ की घटना से संबंधित 11 लोगों के खिलाफ 3200 पन्नों की चार्जशीट तैयार की।

बचाव पक्ष के वकील एपी सिंह के अनुसार, चार्जशीट में सूरज पाल उर्फ भोले बाबा का उल्लेख नहीं है, जिन्होंने हाथरस में सत्संग का आयोजन किया था। इस बीच, बसपा प्रमुख मायावती के खिलाफ कांग्रेस नेता राहुल गांधी के बयान पर बोलते हुए, यूपी के डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक ने कहा कि राहुल गांधी हताश थे और उन्हें नहीं पता कि कब क्या कहना है।

### भ्रष्टाचार का आरोप लगाकर नगर निगम जोन दो कार्यालय का घेराव

**लखनऊ ।** लखनऊ नगर निगम जोन 2 कार्यालय का व्यापारी घेराव कर रहे हैं। 100 की संख्या में व्यापारी जोनल कार्यालय पहुंचे हैं। पुलिस से भी व्यापारियों की जमकर नोकझोंक हो रही है। व्यापारियों का आरोप है कि टैक्स इंस्पेक्टर ने दुकान सील करने की धमकी दी है। पैसे भी मांगे जा रहे हैं। नगर निगम के टैक्स इंस्पेक्टर हरिशंकर पांडेय दो कर्मचारियों के साथ मास्टर कन्हैया लाल रोड पर टैक्स वसूली करने गए थे। दावा है कि दुकानदार उमेश ने टैक्स जमा होने की बात कही। इस दौरान टैक्स इंस्पेक्टर की तरफसे नोटिस दिया गया। इसके बाद बहस मारपीट तक पहुंच गई। मौके पर लोगों ने व्यापारी नेताओं और पार्षद को बुला लिया। इसके बाद नगर निगम कार्यालय का घेराव हुआ। ऐशबाग वार्ड में उमेश का 2 हजार स्क्वायर फीट का मकान है। उमेश का कहना है कि 2024 तक का पैसा जमा है। जबकि उनका 1 लाख 80 हजार रुपए टैक्स का नोटिस आ गया था। इसका विरोध किया तो अभद्रता की गई।

# राज्यपाल ने किया थारू जनजाति पर शोधग्रंथ का विमोचन

समृद्धि न्यूज

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश की राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने पीसीएस अधिकारी डॉ. पूजा यादव (अपर मुख्य कार्यपालक अधिकारी, आयुष्मान भारत) एवं प्रोफेसर राजलक्ष्मी श्रीवास्तव द्वारा लिखित शोधपरक पुस्तक Management of Common Property Resources का राजभवन में विमोचन किया। यह पुस्तक प्राकृतिक संसाधनों के प्रबंधन और सामुदायिक सहभागिता को केंद्र में रखते हुए लिखी गई है, जिसमें लखीमपुर खीरी जिले में निवास करने वाली थारू जनजाति की जीवनशैली, आर्थिक गतिविधियों और सांस्कृतिक परंपराओं का गहन अध्ययन प्रस्तुत किया गया है।

पुस्तक में थारू समाज के रहन-सहन, उनके पारंपरिक रीति-रिवाज, कृषि, वन संसाधनों के उपयोग और उनके आर्थिक विकास से जुड़े महत्वपूर्ण पहलुओं पर शोध आधारित जानकारी दी गई है। यह जनजातीय समुदाय मुख्य रूप से कृषि और वन संपदा पर निर्भर है। इसके अतिरिक्त,



**पीसीएस डॉ. पूजा यादव की पुस्तक में जनजातीय समाज की संस्कृति व संसाधन प्रबंधन की गहरी झलक**

पुस्तक में उनके सामने आने वाली चुनौतियों और उनके समाधान के संभावित तरीकों पर भी प्रकाश डाला गया है। राजभवन में आयोजित इस गरिमामयी कार्यक्रम में फूलचंद्र यादव, निर्मला यादव, अरुण कुमार यादव एवं पार्थ कृष्णा प्रमुख रूप से शामिल थे।

कार्यक्रम के दौरान पुस्तक की विषय-वस्तु और इसके महत्व पर चर्चा की गई। बहराइच में भी तैनात रह चुकी हैं डॉ. पूजा यादव गौरतलब है कि पीसीएस अधिकारी डॉ. पूजा यादव बहराइच जिले में भी तैनात रह चुकी हैं। अपने कार्यकाल के दौरान उन्होंने स्वास्थ्य और प्रशासनिक व्यवस्थाओं को मजबूत करने में उल्लेखनीय योगदान दिया। वर्तमान में यह आयुष्मान भारत योजना के तहत अपर मुख्य कार्यपालक अधिकारी के रूप में कार्यरत हैं और स्वास्थ्य सेवाओं के विस्तार एवं जनकल्याणकारी योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही हैं।

इस पुस्तक के विमोचन को प्रशासनिक और अकादमिक क्षेत्र में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि के रूप में देखा जा रहा है, जो जनजातीय समाज के विकास और उनके पारंपरिक संसाधन प्रबंधन के विषय में शोधकर्ताओं और नीति-निर्माताओं के लिए उपयोगी सिद्ध होगी।

**कवायद** योगी सरकार ने प्रदेश में बीसी सखी और विद्युत सखी की सफलता के बाद महिला सशक्तीकरण की दिशा में की नई पहल

# 57 हजार से अधिक ग्राम पंचायतों में एक-एक सूर्य सखी की होगी तैनाती



विकास तिवारी

**लखनऊ।** योगी सरकार ने प्रदेश में बीसी सखी और विद्युत सखी की सफलता के बाद महिला सशक्तीकरण की दिशा में नई पहल शुरू की है। उत्तर प्रदेश की योगी सरकार प्रदेश के सभी 57 हजार से अधिक ग्राम पंचायतों में एक-एक सूर्य सखी की तैनाती करेगी और इसके लिए राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन के तहत लाखों महिलाओं द्वारा स्थापित उद्यमों को अब डिस्ट्रिब्यूटेड रिन्यूएबल एनर्जी उत्पादों से जोड़ा जाएगा।

पहले चरण में 10 हजार उद्यमों को सोलर आधारित तकनीकों से जोड़ने का लक्ष्य रखा गया है। उत्तर प्रदेश राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन की निदेशक दीपा रंजन ने बताया कि वर्तमान में समूह की महिलाओं द्वारा लाखों की संख्या में उद्यम स्थापित किए गए हैं। इन सभी महिलाओं द्वारा स्थापित उद्यमों को डीआरई प्रोडक्ट जैसे सोलर आटा चक्की, सोलर वाटर पम्प, सोलर ड्रायर, सोलर ड्री फ्रीजर, सोलर कोल्ड स्टोरेज, सोलर फूड प्रोसेसिंग मशीन, बॉयो फोलोक में सोलर सिस्टम, मिल्क चिल्लर को डीआरई प्रोडक्ट के माध्यम से जोड़ने की पहल शुरू की जाएगी। प्रथम चरण में 10 हज़ार उद्यमों को डीआरई प्रोडक्ट से जोड़ा जाना प्रस्तावित है। उन्होंने बताया कि यूपीएसआरएलएम के तहत 'प्रेरणा ओजस' नामक कंपनी का गठन किया गया है, जो सौर ऊर्जा के क्षेत्र में कार्यरत महिलाओं को सहयोग देगी। यह कंपनी सोलर प्रोडक्ट मैन्युफैक्चरिंग, सोलर शॉप्स, क्लीन कुकिंग और अन्य क्षेत्रों में महिलाओं को प्रशिक्षित कर उन्हें उद्यमिता से जोड़ रही है। यूपीनेडा के साथ मिलकर 'सूर्य सखी' कार्यक्रम की भी शुरुआत की गई है, जिसके तहत प्रदेश की 57,702 पंचायतों में एक-एक सूर्य सखी की नियुक्ति की जाएगी।

### सोलर दीदी के रूप में पहचान बनाएंगी यूपी की महिलाएं

परियोजना के जमीनी कार्यान्वयन में पीसीआई संस्था महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है। गेट्स फाउंडेशन, एचएसबीसी और ग्लोबल एनर्जी अलायंस फॉर पीपल एंड प्लानेट जैसी अंतरराष्ट्रीय संस्थाओं का भी इसमें सहयोग मिल रहा है।

इस योजना को क्लस्टर लेवल फेडरेशन के माध्यम से लागू किया जाएगा। इस कार्य को ज़मीनी स्तर पर पीसीआई और उत्तर प्रदेश राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन के अंतर्गत समूह की महिलाओं द्वारा संचालित प्रेरणा ओजस संस्था के साथ मिलकर कार्य इम्प्लिमेंटिंग किया जाएगा।

इसके साथ-साथ पूरे प्रदेश में सोलर एंटरप्राइज के माध्यम से अगले 3 साल में समूह की एक लाख महिलाओं को डीआरई प्रोडक्ट से जोड़ा जाएगा इससे ग्रामीण महिलाओं को न केवल आत्मनिर्भर बनने में मदद मिलेगी, बल्कि उन्हें 'सोलर दीदी' के रूप में एक नई पहचान भी मिलेगी।

डीआरई तकनीक को ज़मीनी स्तर पर लागू करने के लिए व्यापक रणनीति तैयार की जा रही है। अगले तीन वर्षों में इस परियोजना से एक लाख महिलाओं को रोजगार मिलेगा, जिससे उत्तर प्रदेश महिला सशक्तीकरण और हरित ऊर्जा के क्षेत्र में देशभर में एक मिसाल कायम करेगा।

डीआरई उत्पादों के माध्यम से ग्रामीण महिलाओं को स्वरोजगार के अधिक अवसर मिलेंगे। अगले तीन वर्षों में प्रेरणा ओजस के माध्यम से एक लाख महिलाओं को रोजगार देने का लक्ष्य रखा गया है। इसके तहत हर पंचायत में एक सूर्य सखी को पदस्थ किया जाएगा। पूरे प्रदेश में 57,702 सूर्य सखी की तैनाती होगी और इन सूर्य सखियों से सोलर उद्यम स्थापित कराये जाएंगे, जिससे उन्हें आजीविका के अवसर प्रदान होंगे। प्रत्येक मंडल में 18 सोलर प्रोडक्ट मैन्युफैक्चरिंग यूनिट स्थापित की जाएगी, जबकि 826 ब्लॉकों में कुल 3,304 सोलर शॉप्स खोली जाएंगी।

अनुपम शुक्ला, यूपीनेडा के निदेशक

# जनपद में कड़ी सुरक्षा के बीच संपन्न होगी यूपी बोर्ड परीक्षा

- जिला पंचायत सभागार में बोर्ड परीक्षा की तैयारी के संबंध में डीएम ने की बैठक
- जनपद में बोर्ड परीक्षा के लिए बनाये गये 149 परीक्षा केंद्र
- बोर्ड परीक्षा प्रारंभ से पहले पूर्ण कर ली जाय सभी आवश्यक तैयारियां : जिलाधिकारी




**गोण्डा, समृद्धि न्यूज।**

शुक्रवार को जिला पंचायत सभागार में जिलाधिकारी श्रीमती नेहा शर्मा की अध्यक्षता में आगामी शुरू होने वाले बोर्ड परीक्षा की तैयारी के संबंध में समस्त उप जिलाधिकारी, समस्त स्टेटिक मजिस्ट्रेट, समस्त सेक्टर मजिस्ट्रेट, समस्त जोनल मजिस्ट्रेट सहित सभी अधिकारियों के साथ बैठक की गई।

बैठक का संचालन कर रहे जिला विद्यालय निरीक्षक ने सभी बिंदुओं के संबंध में विस्तृत जानकारी दी, साथ ही परीक्षा को शांतिपूर्ण, सुचिता पूर्ण, एवं नकल विहीन संपन्न कराए जाने के संबंध में की गई तैयारी के संबंध में विस्तृत जानकारी दी।

बैठक के दौरान जिलाधिकारी ने बोर्ड परीक्षा में लगे सभी अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए हैं कि बोर्ड परीक्षा शुरू होने से लेकर परीक्षा समाप्त होने तक किसी भी स्तर पर लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। सभी अधिकारी या सुनिश्चित कर लें कि बोर्ड द्वारा दिए गए निर्देश के क्रम में सभी तैयारियां पूर्ण करते हुए परीक्षा को सफल बनाएं। बोर्ड परीक्षा के लिए जनपद में कुल 149 परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं, जिसके लिए कल 149 स्टेटिक मजिस्ट्रेट की तैनाती की गई है। 04 जोनल मजिस्ट्रेट की तैनाती की गई है, तथा 19 सेक्टर मजिस्ट्रेट की तैनाती की गई है। इसके साथ ही सभी परीक्षा केन्द्रों पर पर्याप्त मात्रा में पुलिस फोर्स की भी तैनाती की गई है। बोर्ड परीक्षा में प्रशासन के सभी अधिकारियों की पैनी नजर रहेगी। जिलाधिकारी ने बैठक में सभी संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि परीक्षा देने वाले परीक्षार्थियों को परीक्षा केंद्र पर पानी की व्यवस्था, आने-जाने के लिए ट्राफिक की व्यवस्था, विद्युत व्यवस्था सहित सभी आवश्यक व्यवस्थाएं समय से करना सुनिश्चित करें।

बैठक के दौरान अपर जिला अधिकारी आलोक कुमार, जिला विद्यालय निरीक्षक रामचन्दर सहित सभी संबंधित अधिकारीगण उपस्थित रहे।

## त्योहारों को शांतिपूर्ण ढंग से मनाने की अपील



**मनकापुर /गोंडा, समृद्धि न्यूज।**

मनकापुर कोतवाली परिसर में उपजिलाधिकारी मनकापुर व क्षेत्राधिकारी मनकापुर व प्रभारी निरीक्षक मनकापुर द्वारा आगामी त्यौहार- महाशिवरात्रि, होलिका दहन ईद-उल-फितर के सम्बन्ध में पीस कमेटी की मीटिंग की गयी जिसमें मनकापुर क्षेत्र के पीस कमेटी के सदस्यों व सम्भ्रात व्यक्तियों व होलिका दहन कमेटी के अध्यक्ष एवं सदस्यों व सभी धर्म के धर्मगुरु, सभासद व बिजली विभाग के अधिकारीगण भी मौजूद रहे। सभी को उक्त त्यौहार के दृष्टिगत उच्चाधिकारीगणों से प्राप्त आदेशों निर्देशों से अवगत कराते हुए त्यौहार को शांति पूर्ण ढंग से मनाने हेतु सभी से अपील की गयी ।

# पुलिस के हत्थे चढ़ा जालसाज

**गोंडा, समृद्धि न्यूज।**



पुलिस अधीक्षक गोण्डा श्री विनीत जायसवाल द्वारा अपराध एवं अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक पूर्वी मनोज कुमार रावत के पर्यवेक्षण व क्षेत्राधिकारी सदर शिल्पा वर्मा के नेतृत्व में थाना स्थानीय पर पंजीकृत मु0अ0सं0-69/24, धारा 138, 471, 468, 467, 420, 419, 406 भादवि से सम्बन्धित जालसाज अभियुक्त दीपक पाठक पुत्र बडेलाल पाठक नि0 वार्ड नं0-19 निकट शारदा हॉस्पिटल होशंगाबाद मध्यप्रदेश को मनकापुर बस अड्डे से गिरफ्तार कर लिया गया।

घटना का संक्षिप्त विवरण :-

आठ मार्च 2024 को वादी दुष्यन्त कुमार तिवारी पुत्र रेतवागाडा थाना धानेपुर जनपद गोण्डा द्वारा थाना धानेपुर में लिखित तहरीर दी गयी कि विपक्षी दीपक पाठक द्वारा इण्डियन आयल कम्पनी के फर्जी/जाली दस्तावेज तैयार कर पेट्रोल पम्प दिलाने के नाम पर 25 लाख रूपयों की ठगी की गयी है। वादी की तहरीर के आधार पर थाना धानेपुर में सम्बन्धित धाराओं में अभियोग पंजीकृत हुआ था।

शुक्रवार को थाना धानेपुर पुलिस टीम द्वारा विवेचना के दौरान प्राप्त साक्ष्य संकलन के आधार पर दोषी पाये गए आरोपी अभियुक्त- दीपक पाठक को मनकापुर बस स्टैण्ड से गिरफ्तार कर लिया गया।

गिरफ्तार अभियुक्त के विरूद्ध थाना धानेपुर पुलिस द्वारा विधिक कार्यवाही की गयी।

## फार्मर रजिस्ट्रेशन न हो पाने से किसान परेशान




**धानेपुर /गोण्डा, समृद्धि न्यूज।**

मिली जानकारी के अनुसार किसान फार्मर रजिस्ट्रेशन के लिए लोकवाणी का चककर लगा रहे हैं। किन्तु सर्वर की समस्या से नहीं हो पाती है। वहीं आधार और खतौनी मे नामो का मेल नहीं खाने से भी बाधा होने से भी अड़चन है यदि किसी तरह से सब फार्म भर जाने पर खेतोनी सेव नहीं हो पाती है जिससे अधूरा रह जाता है। कुछ जगहों की खतौनी सो ही नहीं करता है। किसान सम्मान निधि बिना फार्मर रजिस्ट्रेशन के नहीं मिलने की अफवाह से किसानो के चेहरे पर मायूसी छाई रहती है। जिससे लोकवाणी संचालक भी परेशान है।

# अवैध कटान पर दर्ज हुआ मुकदमा

**गोन्डा, समृद्धि न्यूज।**



जनपद में लगातार हो रहे अवैध कटान की खबरें बनी रहती है मीडिया के सुर्खियों में जबकि विभागीय अधिकारियों की भी उदासीनता होने की चर्चा है।

बता दे कुछ दिन पूर्व वन रेन्ज क्षेत्र पंडरी कृपाल के ग्राम पंचायत भदवा सोमवंशी में लगातार लगभग 80 वृक्ष प्रतिबंधित सागौन की धाराशाई हो गया लेकिन वन विभाग और पुलिस के लोगों को कानों कान खबर तक न लगी,वही जन चर्चा है कि पुलिस और वन विभाग की मिली भगत से इतना अधिक कटान हो गया यह कहना भी कहीं न कहीं गलत है कि जानकारी नहीं हुई। लेकिन जब स्थानीय सूत्रों से मीडियाकर्मियों को जानकारी हुई तो पोल खुलते देख वन विभाग अपने जिम्मेदारियो को अनन फानन में निभाने लगा।फिर हाल उपरोक्त अवैध कटान होने के लगभग एक सप्ताह बाद तक वन क्षेत्राधिकारी और पुलिस अन्जान बनी रही जो कहीं न कहीं हजम होने वाली बात नहीं है।

मीडियाकर्मियों द्वारा अवैध कटान की जानकारी देने पर वन विभाग के वन क्षेत्राधिकारी ने कहा कड़ी कार्यवाही होगी,जिससे बिना प्रमिट के अवैध कटान करने वाले लकड़कट्टो को इससे सबक मिलेगा। इस सम्बन्ध में उप वनाधिकारी सुदर्शन ने बताया कि अगर ऐसा है तो जांच करवाकर जिम्मेदारो पर कार्यवाही होगी। इस सम्बन्ध में वन क्षेत्राधिकारी ने बताया की एफआईआर दर्ज करवा दी गई है।

# अजंता क्रिकेट क्लब बना चैंपियन

- फाइनल मुकाबला पायनियर क्रिकेट क्लब व अजंता क्रिकेट क्लब के बीच खेला गया

**बहराइच, समृद्धि न्यूज।**




जिला क्रिकेट एसोसिएशन बहराइच के तत्वावधान में आयोजित द्वितीय इशरत महमूद खान क्रिकेट टूर्नामेंट का फाइनल मुकाबला इंदिरा गांधी स्पोर्ट्स स्टेडियम के मैदान पर खेला गया। फाइनल मैच के मुख्य अतिथि राशिद अली चांद व विशिष्ट अतिथि जुबेर फारूकी व सलीम अख्तर मौजूद रहे ।फाइनल मुकाबला पायनियर क्रिकेट क्लब और अजंता क्रिकेट क्लब के बीच खेला गया।जिसमें टॉस जीतकर पायनियर क्रिकेट क्लब के कप्तान ने पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया।

बल्लेबाजी करने उतरी पायनियर क्रिकेट क्लब ने निर्धारित 30 ओवरों में 10 विकेट के नुकसान पर मात्र 143 रन बना पाई। जिसमें आशीष चंद ने सर्वाधिक 26 रनों का योगदान दिया।अजंता क्रिकेट क्लब की ओर से वत्सल सिंह ने 3 विकेट लिया।

लक्ष्य का पीछा करने उतरी अजंता क्रिकेट क्लब ने 28.3 ओवरो में 6 विकेट खोकर लक्ष्य को हासिल कर लिया। अजन्ता की तरफ से त्रिपुरेश मिश्रा ने सर्वाधिक 35 रनों का योगदान दिया। पायनियर क्रिकेट क्लब की ओर से रेहान ने 4 विकेट लिए ।मैच में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन के लिए वत्सल सिंह को मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार दिया गया। टूर्नामेंट में बेस्ट बैट्समैन का पुरस्कार शाद अहमद को, बेस्ट बॉलर वत्सल सिंह को व बेस्ट फील्डर ओम सिंह को दिया गया। टूर्नामेंट के सर्वश्रेष्ठ खिलाडी कुणाल यादव रहे। निर्णायक की भूमिका में अकील अहमद और एहतिशाम कमाल रहे। मैच का आंखों देखा हाल आदिल जमीर ने सुनाया व स्कोरर दिव्यांशु सिंह रहे। इस दौरान जिला क्रिकेट एसोसिएशन के अध्यक्ष अमित ठाकुर, सचिव इशरत महमूद खान, आयुष चित्रांश,पुष्पेंद्र सिंह, पीयूष तिवारी, बद्रीनारायण शुक्ला, हरेंद्र सिंह, अनिल तिवारी सहित क्रिकेट समर्थक मौजूद रहे।

## खबरें एक नजर में

### अधिवक्ता बिल संशोधन 2025 का विरोध प्रदर्शन कर सौंपा ज्ञापन



**बहराइच, समृद्धि न्यूज।** जिले में अधिवक्ता बिल संशोधन 2025 के विरोध में वकीलों ने कार्य बहिष्कार किया। जिला बार एसोसिएशन के नेतृत्व में वकीलों ने कलेक्ट्रेट परिसर में प्रदर्शन कर ज्ञापन सौंपा। जिला बार एसोसिएशन के अध्यक्ष रामजी बाजपेई के नेतृत्व में बड़ी संख्या में वकील जिलाधिकारी कार्यालय पहुंचे जहा नारेबाजी के साथ प्रदर्शन किया।बार एसोसिएशन अध्यक्ष ने बिल को असंवैधानिक बताया और कहा कि यह बिल वकीलों के अधिकारों को सीमित करने का प्रयास है।बिल के लागू होने से वकील न हड़ताल कर सकेंगे और न ही प्रदर्शन कर सकेंगे। उन्होंने इसे वकीलों की स्वतंत्रता पर प्रहार बताया। वकीलों ने चेतावनी दी है कि अगर बिल वापस नहीं लिया गया तो 25 फरवरी को बड़े पैमाने पर प्रदर्शन किया जाएगा।इस दौरान कार्य बहिष्कार भी जारी रहेगा।

### कतर्नियाघाट में दिखा बाघ, पर्यटकों ने कैमरे में कैद किया नजारा



**बहराइच, समृद्धि न्यूज।** जिले में स्थित कतर्नियाघाट वन्यजीव अभ्यारण्य में पर्यटको को रोमांचक अनुभव मिल रहा है। गुरुवार शाम को जंगल सफारी के दौरान पर्यटकों को ग्रासलैंड में बाघ के दर्शन हुए। बाघ काफी देर तक जिप्सी के सामने चहल कदमी करता रहा पर्यटकों ने इस दुर्लभ नजारे को अपने कमरे में कैद कर लिया। उन्होंने इस तस्वीरों को वन विभाग के साथ भी साझा किया। रेंजर आशीष गौड के अनुसार इस पर्यटन सत्र में सफारी पर आने वाले अधिकतर पर्यटकों को बाघ और तेंदुए के दर्शन हुए हैं। उन्होंने बताया कि वर्तमान पर्यटन सत्र काफी सफल रहा है। कतर्नियाघाट अभ्यारण्य में वन्यजीवों की बढ़ती संख्या पर्यटकों के लिए आकर्षण का केंद्र बन रही है।

### सड़क हादसों में दो की मौत, दो घायल

**बहराइच, समृद्धि न्यूज।** जिले में अलग अलग क्षेत्रों में सड़क हादसे हो गए। इन हादसों में राजगीर मिस्त्री समेत दो लोगों की मौत हो गई। जबकि दो लोग घायल हो गए। घायलों को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस ने मृतकों के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। हरदी थाना क्षेत्र के मंगलपुरवा गांव निवासी राजू (36) पुत्र रंगीलाल अपने दो अन्य साथी मनोज (25) पुत्र राधेश्याम निवासी गिरदा खैरीघाट और प्रदीप पुत्र राम विलास (22) निवासी बौंडी के साथ एक बाइक से सर्रा गांव रात को जा रहे थे। गुरुवार रात 10 बजे के आसपास इमामगंज शिवपुर के बीच अज्ञात वाहन ने बाइक में ठोकर मार दी। जिससे बाइक सवार तीनों लोग घायल हो गए। घायलों को एंबुलेंस से बहराइच जिला अस्पताल लाया गया। यहां इलाज शुरू होते ही राजू की मौत हो गई। जबकि दो लोगों का इलाज चल रहा है। उधर कोतवाली नानपारा अंतर्गत बढ़इया कला गांव निवासी पन्नेलाल पुत्र राम संवारे राजगीर का काम करता था। वह बाइक से अपने रिश्तेदार मिहिपुरवा में काम करने गया था। रात को वापस लौटते समय राजापुर गांव के निकट अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। जिसमें राजगीर की मौत हो गई। पुलिस ने दोनों के शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

# दिगितपुरवा उपचुनाव मे नीतू देवी की जीत

- 625 वोटों से जीता चुनाव, महिला सशक्तिकरण की नई मिसाल



**विशेश्वरगंज, बहराइच समृद्धि न्यूज।**

ब्लॉक बिशेश्वरगंज अंतर्गत दिगितपुरवा गाँव की राजनीति में महिला नेतृत्व का नया अध्याय जुड़ गया है। प्रधान पद के लिए हुए उपचुनाव में नीतू देवी ने ऐतिहासिक जीत दर्ज करते हुए 625 वोटों से अपनी प्रतिद्वंदी मीनाक्षी (454 वोट) को मात दी, जबकि पर्मिला तीसरे स्थान पर रहीं। इस चुनाव में 60 वोट अवैध घोषित किए गए। नीतू देवी की जीत की घोषणा के बाद गांव में जश्न का माहौल बन गया। महिला समर्थकों ने ढोल नगाड़े के साथ जीत का जश्न मनाया गुलाल उड़ाया गया और मिठाइयां बांटी गई। चुनाव प्रचार के दौरान नीतू देवी ने महिला शिक्षा और गांव के विकास के लिए कई वादे किए थे। उनकी यह जीत ग्रामीण राजनीति में महिलाओं की बढ़ती भागीदारी को दर्शाती है नीतू देवी का मानना है कि महिलाओं की प्रगति से पूरे समाज का विकास होता है।

### सख्त सुरक्षा में शांतिपूर्ण मतगणना

सुबह से ही गाँव में चुनावी माहौल गरम था, लेकिन प्रशासन की कड़ी निगरानी में मतगणना शांतिपूर्वक संपन्न हुई। एसडीएम पयागपुर, नायब तहसीलदार विशेश्वरगंज और लेखपाल पवन सिंह मतगणना स्थल पर पूरी मुस्तैदी से तैनात रहे। थाना प्रभारी नवीन सिंह के नेतृत्व में सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए, जिससे मतगणना निष्पक्ष और व्यवस्थित तरीके से संपन्न हुई।

# छात्रों के लिए विद्यालय में गणित पार्क व लाइब्रेरी का हुआ उद्घाटन

- यूपीएस जमापुर के शिक्षकों ने व्यक्तिगत सहयोग राशि से कराया कार्य



**बहराइच, समृद्धि न्यूज।**

जरवल ब्लॉक में स्थित उच्च प्राथमिक विद्यालय जमापुर में शिक्षक संकुल बैठक के अवसर पर छात्रों के लिये बेहतर पढ़ाई के साधन तथा वातावरण उपलब्ध कराने की दिशा में गणित पार्क तथा समृद्ध लाइब्रेरी का उद्घाटन हुआ। विद्यालय के इंचार्ज शिक्षक सचिन चौधरी ने बताया कि ग्रामीण क्षेत्र में स्थित विद्यालय के बच्चों को उत्कृष्ट शैक्षिक माहौल में सीखने-सिखाने के उद्देश्य से विद्यालय के शिक्षको के द्वारा व्यक्तिगत अनुदान से गणित पार्क तथा समृद्ध पुस्कालय का निर्माण कराया गया है। बैठक में न्याय पंचायत कपूरपुर के अन्य विद्यालयों के शिक्षको को स्कूल की एक्सपोजर विजिट कराई गई। सभी ने स्कूल के भौतिक परिवेश की मुक्त कंठ से सराहना की। वहीं, खण्ड शिक्षा अधिकारी जरवल अरविंद बहादुर सिंह ने शिक्षको की इस पहल की प्रशंसा करते हुए इसे छात्रों के लिये लाभकारी बताया। इस अवसर पर शिक्षक नवरत्न सिंह, जितेंद्र भारती, समेत अन्य शिक्षक मौजूद रहे।

## विद्यालय परिवार ने भव्यता के साथ मनाया 16वां वार्षिक उत्सव



**कैसरगंज, बहराइच समृद्धि न्यूज।** जरवल कस्बा के अंतर्गत संचालित विवेक दीप जूनियर हाई स्कूल अपनी गुणवत्तापरख शिक्षण कार्य के लिए दूर–दूर तक मशहूर है। जिसकी झलक आज वार्षिक उत्सव कार्यक्रम में देखने को मिली। कार्यक्रम का शुभारंभ चौकी इंचार्ज जरवल राणाराज सिंह ने फीता काटकर किया। सेवानिवृत्ति शिक्षक व पूर्व शिक्षक संघ मंत्री जरवल रामस्वरूप यादव ने दीप प्रज्वलित कर मां सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण व पुष्प अर्पित किए। कार्यक्रम के मुख्यतिथि 288 विधानसभा क्षेत्र कैसरगंज से विधायक प्रतिनिधि अभिषेक कुमार यादव व विशिष्ट अतिथि समाजवादी पार्टी के पूर्व जिलाध्यक्ष लक्ष्मी नारायण यादव रहे। कार्यक्रम का संचालन मुरारी यादव ने किया। विद्यालय की नौनिहालों में स्वागत गीत,देशगीत, कव्वाली,वर्तमान में शिक्षक और छात्रों के बीच बनते वातावरण पर आधारित एकांकी,योग पर आधारित योगा आदि की मनमोहक झलकियां प्रस्तुत की। योग कार्यक्रम का दृश्य देखकर वहां उपस्थित अभिभावक, सभ्रान्त व्यक्तियों की तालिया की गड़गड़ाहट से पूरा विद्यालय प्रांगण गुंजायमान हो गया। विद्यालय परिवार ने विद्यालय में आने वाले समस्त संभ्रांत व्यक्तियों को फूल माला व अंग वस्त्र भेंटकर सम्मानित किया। विद्यालय के 16वें वार्षिक उत्सव के पावन अवसर पर यशवीर सिंह एडवोकेट, अनिल कुमार यादव एडवोकेट, राजेश कुमार यादव एडवोकेट,लोकतंत्र सेनानी प्रमोद गुप्ता, पत्रकार वसीम मंसूरी, पत्रकार उत्तम वर्मा, इंद्रसेन चौधरी नेहरू युवा केंद्र खेल मंत्रालय भारत सरकार, ग्राम विकास अधिकारी सौजन्य मिश्रा, विकास यादव, अर्जुन सिंह, प्रधान प्रतिनिधि परसा मुख्तार अंसारी, शिक्षक प्रेम प्रकाश यादव विद्यालय प्रधानाचार्य गोविंद प्रसाद यादव शिक्षक शिक्षकों के साथ हजारों की संख्या में छात्र–छात्राएं व अभिभावक मौजूद रहे।

# संविलियन विद्यालय लक्ष्मनपुर शंकरपुर का डीएम ने किया औचक निरीक्षण

- गणित व अंग्रेजी में छात्राओं ने दिखायी प्रतिभा
- छात्रा मुस्कान व सोनी को डीएम ने दी शाबाशी



**बहराइच, समृद्धि न्यूज।**

परिषदीय विद्यालयों के शिक्षण कार्य की गुणवत्ता, शिक्षक-शिक्षिकाओं व छात्र-छात्राओं की उपस्थिति, मध्यान्ह भोजन, निःशुल्क पुस्तक एवं ड्रेस वितरण, आधार फीडिंग, विद्यालय परिसर की साफ-सफाई तथा भवन इत्यादि का जायज़ा लेने के उद्देश्य से जिलाधिकारी मोनिका रानी ने विकास खण्ड रिसिया अन्तर्गत पीएम श्री संविलियन विद्यालय लक्ष्मनपुर शंकरपुर का औचक निरीक्षण किया। विद्यालय के निरीक्षण के दौरान डीएम ने कक्षा 08 की छात्रा मुस्कान से ब्लैक बोर्ड पर गुणा से सम्बन्धित प्रश्न हल करवाया जबकि कक्षा 07 की छात्रा से अंग्रेज़ी में ऐलीफेन्ट लिखने को कहा।

बच्चों द्वारा सही उत्तर देने पर डीएम ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए सभी छात्र-छात्राओं से ताली बजवाकर बच्चों की हौसला अफज़ाई की।विद्यालय के निरीक्षण के दौरान प्रभारी प्रधानाध्यापक अजय कुमार शर्मा ने बताया कि विद्यालय में सहायक अध्यापक अमित कुमार व सरिता शर्मा तथा शिक्षा मित्र सुमन यादव व वसीम अली तैनात है।

छात्र-छात्राओं के नामांकन एवं उपस्थिति में बाबत जानकारी करने पर बताया गया कि प्राथमिक स्तर पर 45 छात्र व 52 छात्राएं कुल 97 बच्चे पंजीकृत है जिसमें से 24 छात्र व 30 छात्राएं उपस्थित हैं। इसी प्रकार जूनियर स्तर 85 छात्र व 92 छात्राएं कुल 177 बच्चे पंजीकृत है जिसमें से 41 छात्र व 51 छात्राएं उपस्थित हैं। डीएम ने विद्यालय परिसर का निरीक्षण करते हुए डीएम ने नवनिर्मित कक्ष-कक्षा, दिव्यांग शौचालय, किचेन गार्डेन, रसोई घर का निरीक्षण कर एमडीएम में तैयार की गई तहरी की गुणवत्ता को परखा तथा रसोई घर में उपलब्ध बर्तनों व उपकरणों तथा प्रयोग में लाये जाने वाले खाद्य पदार्थों के बारे में भी जानकारी प्राप्त की। डीएम ने कम्पोजिट ग्रान्ट मद से क्रय किये गये इन्वर्टर, बैट्री, प्रिन्टर, सीसीटीवी कैमरे तथा स्टेशनरी तथा खेलकूद मद में प्राप्त धनराशि से निर्मित बैडमिंटन कोर्ट को देखा तथा इससे सम्बन्धित अभिलेखों का भी अवलोकन किया।

डीएम ने निर्देश दिया कि विभिन्न मदों में प्राप्त होने वाली धनराशि के व्यय से सम्बन्धित अभिलेखों को सुव्यवस्थित ढंग से रखा जाय। डीएम ने शिक्षण स्टाफ को निर्देश दिया कि बच्चों को गुणवत्तापरक शिक्षा के साथ-साथ अच्छे संस्कार भी दें तथा पढ़ाई के अलावा उन्हें खेल व अन्य गतिविधियों के लिए भी प्रेरित किया जाय।

# हमारा आंगन हमारे बच्चें कार्यक्रम आयोजित

**कैसरगंज, बहराइच समृद्धि।**

- छोटे बच्चों के बुनियादी शिक्षा की जिम्मेदारी आंगनबाड़ी और परिषदीय विद्यालयों के शिक्षकों की है : राकेश कुमार



और राष्ट्रीय शिक्षा नीति के तहत बुनियादी साक्षरता और शिक्षा के सार्वभौमिकरण के लिए बीआरसी गजाधरपुर पर बीईओ राकेश कुमार के अध्यक्षता में हमारा आंगन - हमारे बच्चें कार्यक्रम का आयोजन शुक्रवार को किया गया।

बीईओ राकेश कुमार और मुख्य सेविका आईसीडीएस फखरपुर स्मिता सिंह ने ज्ञान की देवी मां सरस्वती पर दीप प्रज्ज्वलित कर शुभारंभ किया। कार्यक्रम में आंगनबाड़ी और प्राइमरी के बीच समन्वय स्थापित करते हुए बुनियादी शिक्षा एवं जनजागरुकता की आवश्यकता पर बल दिया गया। अबीईओ राकेश कुमार ने कहा कि छोटे बच्चों के बुनियादी शिक्षा की जिम्मेदारी आंगनबाड़ी और परिषदीय विद्यालयों के शिक्षकों की है। कोई भी बच्चा शिक्षा से वंचित न होने पाएं। अभिभावकों से संपर्क करके बच्चों की शत प्रतिशत उपस्थिति सुनिश्चित की जाए।

कार्यक्रम में प्रत्येक न्याय पंचायत से पांच व ब्लॉक से कुल 65 निपुण बच्चों को लर्निंग किट, लंच पैकेट और 13 ब्लॉक टेक्निकल सपोर्टर सहित सभी को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया।

संतोष सिंह कवि, अरुण अवस्थी और रवींद्र कुमार मिश्र का कार्यक्रम के सफल संचालन में विशेष योगदान रहा। इस दौरान शिक्षक संकुल साकेत भूषण तिवारी, शादाब अहमद, अखिलेश मौर्य, मनोज गुप्ता, मिथिलेश मिश्रा, प्रेम अवस्थी, मनोज उपाध्याय, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता और कई अभिभावक उपस्थित रहे।

# पराली जलाने वालों पर लगा जुर्माना

**बहराइच, समृद्धि न्यूज।**



- पराली न जलायें किसान : तहसीलदार अजय यादव

पराली जलाने पर तहसीलदार ने सम्बंधित किसानों पर जुर्माने की कार्यवाही की है। गुरुवार देर शाम ग्राम पंचायत हटवा हरदास पुर में कुछ किसानों ने अपने गन्ने के खेत की पराली को जला दिया। सूचना पर पहुँचे तहसीलदार अजय कुमार यादव व लेखपाल सूर्यकांत ने किसान रामू वर्मा सहित दो अन्य पर प्रतिबंधित पराली जलाने को लेकर 2500 रुपये जुर्माने की कार्यवाही की है। तहसीलदार अजय कुमार यादव ने मौके पर मौजूद किसानों से आग्रह किया कि वें खेतों में पराली न जलाये।पराली को मिट्टी पलटने वाले हल से मिट्टी में मिलायें या इसे गौशाला में दान कर दें।उन्होंने बताया कि इससे न केवल पर्यावरण को नुकसान से बचाया जा सकेगा बल्कि खेत की उपज क्षमता भी बढ़ेगी।उन्होंने किसानों को सचेत करते हुये बताया कि अगर पराली जलाने की घटना हुई तो सम्बंधित किसान के विरुद्ध मुकदमा पंजीकृत कराते हुये जुर्माने की कार्यवाही की जायेगी।तहसील प्रशासन की इस कार्यवाही से किसानों में हड़कंप है।

# कनिष्ठ सहायक 27 हजार की घूस लेते गिरफ्तार

- ग्रेच्युटी एवं पेंशन के भुगतान के एवज में मांगी थी रिश्वत, एंटी करप्शन टीम ने की कार्रवाई

**बहराइच समृद्धि न्यूज।**



देवीपाटन मंडल की एंटी करप्शन टीम ने बहराइच जिले के सिंचाई विभाग में कार्यरत एक कनिष्ठ सहायक को 27000 रुपए की रिश्वत लेते रंगे हाथ गिरफ्तार किया है। आरोप है कि कनिष्ठ सहायक ने ग्रेच्युटी एवं पेंशन के भुगतान की एवज में यह रिश्वत मांगी थी। पीड़ित की शिकायत पर एंटी करप्शन टीम ने जाल बिछाया और आरोपी कनिष्ठ सहायक को रंगे हाथ धर दबोचा। आरोपी के खिलाफ बहराइच जिले के कोतवाली देहात में भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के तहत रिपोर्ट दर्ज कराई गई है। बहराइच जिले के थाना हुजूरपुर के ग्राम बावा के रहने वाले रामसूरत सरोज सिंचाई विभाग में सींच पर्यवेक्षक के पद पर कार्य थे। 30 नवंबर 2024 को वह सेवानिवृत हुए थे। पेंशन और ग्रेच्युटी के भुगतान के लिए उनकी फाइल विभाग में लंबित पड़ी थी। रामसूरत सरोज का आरोप है कि सिंचाई विभाग में कार्यरत कनिष्ठ सहायक गणेश शुक्ला ने उनसे पेंशन व ग्रेच्युटी भुगतान की एवज में 27000 रुपए की रिश्वत की मांग की। इसकी जानकारी उन्होंने देवीपाटन मंडल की एंटी करप्शन टीम को दी। एंटी करप्शन टीम के इंस्पेक्टर धनंजय कुमार सिंह की ट्रैप टीम ने जाल बिछाते हुए शुक्रवार को पीडित रामसूरत को रिश्वत की धनराशि के साथ आरोपी कनिष्ठ सहायक के पास भेजा। जैसे ही कनिष्ठ सहायक ने पैसे लिए ट्रैप टीम ने उसे रंगे हाथ धर दबोचा।प्रभारी निरीक्षक धनंजय कुमार सिंह ने बताया कि आरोपी कनिष्ठ सहायक गणेश शुक्ला निवासी सोफीपुरवा जनपद बहराइच को सिंचाई विभाग के नलकूप खंड के अधिशासी अभियंता कार्यालय से शुक्रवार को गिरफ्तार किया गया है। आरोपी के खिलाफ बहराइच जिले के कोतवाली देहात थाने में भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के तहत रिपोर्ट दर्ज कराई गई है।

# डीएम-एसपी ने आंगनवाड़ी केंद्रों की व्यवस्थाओं का लिया जायजा

## खबरें एक नजर में

### विज्ञान संगम महोत्सव में एसजेएस पब्लिक स्कूल के छात्रों ने किया उत्कृष्ट प्रदर्शन



**महराजगंज रायबरेली।** विज्ञान संगम महोत्सव में एस जे एस पब्लिक स्कूल महराजगंज के छात्रों का उत्कृष्ट प्रदर्शन। पीएम श्री जवाहर नवोदय विद्यालय में प्रधानाचार्य चंदन वागीश के निर्देशन में व वीके पाठक ने इस आयोजन को सफल बनाने में अपना योगदान दिया। विज्ञान संगम महोत्सव में जनपद रायबरेली के विभिन्न विद्यालय सहभागी रहे। एसजेएस महराजगंज के विद्यार्थियों ने मॉडल बनाया जैसे मानव हृदय, लेजर लाइट, ड्रिप इरिगेशन, बेस्ट वॉटर इसके अलावा भाषण प्रतियोगिता एक्सटेम्पोर आदि में अपने प्रतिभा का लोहा मनवाया। एक्स टेम्पोर में विद्यालय के छात्रों में प्रथम स्थान एवं लेजर लाइट में तृतीय स्थान प्राप्त किया। एक्स टेम्पोर मे एसजेएस महराजगंज के छात्र अरिहन्त मिश्रा ने प्रथम स्थान प्राप्त कर विद्यालय का गौरव बढ़ाया। उनकी इस जीत के लिए विद्यालय के प्रबंधक अग्रज सिंह एवं सह प्रबंधिका डॉक्टर अनुश्री सिंह ने शुभकामनाएं देते हुए खुशी का इजहार किया। विद्यालय की प्रधानाचार्य मृदुला श्रीवास्तव ने इसी प्रकार आगे बढ़ते रहने की शुभकामनाएं दी। और जीवन में नए आयामों को छूने की प्रेरणा के साथ अपना आशीर्वाद भी दिया। इस खुशी के मौके पर विद्यालय परिवार खुशी का इजहार करते हुए बच्चों को अपना शुभ आशीष प्रदान कर उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। इस मौके पर समस्त विद्यालय परिवार व समस्त स्टाफ मौजूद रहा।

### वार्षिक उत्सव में छात्र-छात्राओं ने विखेरा जलवा




**रायबरेली।** जन नायक भारत रत्न कर्पूरी ठाकुर इंटरमीडिएट कालेज सूरज कुंडा के वार्षिक उत्सव एवं सम्मान समारोह में जहां छात्र–छात्राओं द्वारा नृत्य संगीत व संस्कृत कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया वहीं विद्यालय प्रबंधक द्वारा आए हुए विशिष्ट अतिथियों का सम्मान किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि राही ब्लॉक प्रमुख धर्मेंद्र बहादुर यादव विशिष्ट अतिथि उदय प्रताप यादव व जिला पंचायत सदस्य राही महेश कौशल जिला सहकार भारती डॉक्टर दयाशंकर पूर्व महामंत्री कांग्रेस हिमान्शू सिंह रहें। कार्यक्रम की अध्यक्षता संस्थापक निरंजन प्रसाद शर्मा ने की। वार्षिक उत्सव कार्यक्रम की मनमोहन प्रस्तुतियों को अतिथियों ने खूब सराहा इस दौरान विद्यालय के नन्हे मुन्ने बच्चों ने अपनी प्रतिभा दिखाई। बतौर मुख्य अतिथि ब्लॉक प्रमुख राही ने जल संरक्षण शिक्षा के महत्व पर जोर दिया साथ ही उन्होंने धूम्रपान स्वास्थ्य के लिए हानिकारक बताया और ग्रामीण को इन कुरुतियों से दूर रहने के लिए प्रेरित किया। साथ ही इसी क्रम में शिक्षा स्वास्थ्य सामाजिक सरोकार के क्षेत्र में कृषि कार्य करने वाले विशिष्ट जनमानस का कर्पूरी ठाकुर रत्न सम्मान विद्यालय के प्रबंधक हरि ओम शर्मा द्वारा प्रदान किया गया सम्मान प्राप्त करने वाले विशिष्ट जन डॉक्टर दयाशंकर उदय प्रताप आदि रहे मुख्य अतिथि धर्मेंद्र बहादुर यादव ने अपने उद्बोधन में कहा कि ग्रामीण अंचल का विद्यालय जो कि अपनी मूलभूत आवश्यकताओं से पर पूर्ण नहीं है फिर भी प्रदेश में अपना स्थान स्थापित कर रहा है जो अपने आप में सराहनी है। इस अवसर पर प्रधानाचार्य गीतेश दीक्षित रामबालक वर्मा, शिवांगी पांडे, विजय, विकास, शिक्षिका प्रिशी सिंह सपना, सलोनी, आस्था, पुष्प लता, भीम शंकर संकठा नथ्थू लाल आदि लोग उपस्थित रहे।

### डीएम की अध्यक्षता में निर्माणधीन परियोजनाओं की प्रगति की समीक्षा बैठक सम्पन्न



**बलरामपुर, समृद्धि न्यूज़।** जनपद में संचालित रु. 50 लाख से अधिक लागत की निर्माणधीन परियोजनाओं की प्रगति की समीक्षा बैठक डीएम श्री पवन अग्रवाल की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में डीएम द्वारा जनपद में संचालित सभी निर्माणधीन परियोजनाओं की बिंदुवार प्रगति जानी। उन्होंने निर्माण कार्य कार्यों में तेजी लाते हुए माह से सापेक्ष भौतिक एवं वित्तीय प्रगति लाए जाने का निर्देश कार्यदाई संस्थाओं को दिया। उन्होंने कहा कि प्राप्त धनराशि का उपभोग प्रमाण पत्र शासन में समय से भेज दिया जाए , जिससे कि शेष किश्त समय से प्राप्त हो। उन्होंने निर्माणधीन परियोजनाओं को समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण ढंग से पूर्ण किए जाने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि पेयजल परियोजनों में किसी भी सरकारी संपतियो को बिना संबंधित विभाग के एनओसी की बिना नुकसान न पहुंचाया जाए , एनओसी मिलने के बाद निर्धारित समय में क्षतिग्रस्त सरकारी संपति को पहले जैसा किया जाना सुनिश्चित किया जाए। जो भवन निर्माण परियोजनाएं पूर्ण हो गई हैं , टेक्निकल टीम से जांच कराते हुए संबंधित विभाग को हैंडओवर किए जाने के निर्देश दिया। इस दौरान उन्होंने नई सड़कों का निर्माण, अनुरक्षण, गड्ढामुक्ति आदि की समीक्षा की गई एवं आवश्यक दिशानिर्देश दिया गया।

### हमारा आंगन-हमारे बच्चे कार्यक्रम का हुआ आयोजन



**महराजगंज, रायबरेली।** ब्लॉक संसाधन केंद्र अमावा में शुक्रवार को हमारा आंगन हमारे बच्चे कार्यक्रम का भव्य आयोजन किया गया कार्यक्रम में मुख्य अतिथि मुख्य विकास अधिकारी संदीप सिंह एवं बाल विकास अधिकारी रेनू शुक्ला रही। बच्चो के द्वारा अपनी कला को प्रदर्शित किया गया मुख्य विकास अधिकारी संदीप सिंह ने अपने वक्तव्य में बताया कि कायाकल्प के होने से बेसिक शिक्षा में काफी सुधार हुआ है इसी कड़ी में खंड शिक्षा अधिकारी ऋचा सिंह ने कार्यक्रम में उपस्थित खंड विकास अधिकारी का स्वागत किया साथ ही निपुण बच्चों को सम्मानित करते हुए कहा शिक्षा के क्षेत्र में अच्छा कार्य करने वाले शिक्षकों को प्रेरित किया गया। कार्यक्रम की संयोजक खंड शिक्षा अधिकारी ऋचा सिंह ने ब्लॉक के सभी प्रधानाध्यापकों से कहा है कि जो निपुण लक्ष्य दिया गया है उसे समय से पूर्ण कराया जाए इस मौके पर ए आर पी जेपी रावत अब्दुल मन्नान रितेश कुमार सलाउद्दीन अंसारी ने बताया कि शिक्षक बच्चों के लिए हमेशा अपनी जिम्मेदारी के प्रति सर्मपण रहते है। कार्यक्रम में उपस्थित आंगनवाड़ी कार्यकत्री को बताया गया कि प्री प्राइमरी क्लॉस संचालित हो रहे हैं जिसमें बच्चे कार्यक्रम में रुचि ले रहे हैं सरकार द्वारा अनेकों योजनाएं चल रही है उनका लाभ सभी बच्चों तक पहुंचना आवश्यक है। इस कार्यक्रम में उपस्थित पांचों ए आर पी प्रधानाध्यापक महताब खान कमल कुमार महफूज ओमप्रकाश सिंह संतन शिरोमौली अमित कुमार मो अफरोज बृजेंद्र कुमार शशि प्रकाश आदि काफी संख्या में शिक्षक शिक्षिकाएं बच्चे मौजूद रहे कार्यक्रम का संचालन नीरज कुमार ने किया।

### अराजक तत्वों ने रेलवे क्रॉसिंग पर डाला कचरा, रेल यातायात बाधित करने का किया प्रयास

**बछरावां रायबरेली, समृद्धि न्यूज़।** लखनऊ रायबरेली रेल खंड पर रेलवे गेट संख्या 175 बी पर गुरुवार रात किन्ही शरारती तत्वों ने एक ट्रक कचरा रेलवे बूम के आगे डाल दिया। इससे आने जाने वाले वाहनों को दिक्कतों का सामना करना पड़ा। गनीमत यह रही की रेल यातायात पर कोई प्रभाव नहीं पड़ा। सूचना पर पहुची नगर पंचायत की टीम ने सफाई कर्मियों को बुलवाकर कचरे को साफ करवाया। विदित हो कि कस्बे के बछरावां– लालगंज मार्ग पर गेट संख्या 175 बी पर बीती रात किन्ही अराजक तत्वों ने लगभग एक ट्रक गीला कचरा डालकर मार्ग को अवरुद्ध कर दिया । इससे यातायात प्रभावित रहा है । वाहन किसी तरह से गुजरते रहे। आखिर यह अराजकता किसने की यह शुक्रवार को चर्चा का विषय बना रहा।

---

### आंगनवाड़ी केंद्रों को लर्निंगलैब के रूप में करे विकसित: डीएम

**रायबरेली, समृद्धि न्यूज़।**



जिलाधिकारी हर्षिता माथुर व पुलिस अधीक्षक डॉ. यशवीर सिंह द्वारा विकास खण्ड राही के आंगनवाड़ी केन्द्र चकशहाबुद्दीन का औचक निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। निरीक्षण के समय आंगनवाड़ी केन्द्र पर कायाकल्प के सभी 18 पैरामीटर्स पूर्ण पाए गए 3 से 6 वर्ष तक के 18 बच्चें उपस्थित मिले। जिलाधिकारी ने बच्चों से अक्षर ज्ञान व गिनती ज्ञान के सम्बन्ध में जानकारी ली। बच्चों द्वारा 2 अक्षर वाले शब्द जोड़कर पढ़कर सुनाए गये तथा पुलिस अधीक्षक के द्वारा बच्चों से गिनती सुनी गयी। निरीक्षण में आंगनवाड़ी केंद्र पर संतोषजनक स्थिति मिली आंगनवाड़ी केंद्र पर 3 से 6 वर्ष के 25, 7 माह से 3 वर्ष के 45 व गर्भवती 10 धात्री 07 पंजीकृत पाए गए।

निरीक्षण के समय जिलाधिकारी द्वारा विकास खण्ड राही में 10 आंगनवाड़ी केन्द्रों को लर्निंगलैब के रूप में विकसित करने के निर्देश दिये गये, जिससे बच्चों को आधुनिक सुविधा में उपलब्ध कराते हुए गुणवत्तापूर्ण शिक्षा दी जा सके। इस मौके पर जिला कार्यक्रम अधिकारी विनय कुमार, खण्ड विकास अधिकारी गौरी राठौर, बाल विकास परियोजना अधिकारी सुरेन्द्र कुमार, आंगनवाड़ी कार्यकर्ती मीरा सोनकर, आंगनवाड़ी केन्द्र सहायिका सुमन देवी आदि उपस्थित रहे।

### महाशिवरात्रि मेले के दृष्टिगत डीएम ने प्राचीन शिव मंदिर का किया निरीक्षण



**बछरावां, रायबरेली, समृद्धि न्यूज़।** विकासक्षेत्र के अंतर्गत रामपुर सुदौली में तीन जनपदों की सीमा पर स्थित प्राचीन शिव मंदिर भवरेश्वर महादेव धाम का शुक्रवार दोपहर 3:00 के आसपास जिला अधिकारी हर्षिता माथुर ने निरीक्षण किया। इस दौरान उनके साथ पुलिस अधीक्षक डॉक्टर यशवीर सिंह भी मौजूद रहे। जानकारी के अनुसार आपको बताते चलें कि निरीक्षण के दौरान जिला अधिकारी महोदया एवं पुलिस अधीक्षक महोदय ने सर्वप्रथम मंदिर में भूत भावन भगवान भोलेनाथ की शास्त्रीय विधि एवं मंत्रोंउच्चार के साथ विधि विधान से पूजा अर्चना की। तत्पश्चात उन्होंने मंदिर प्रांगण, मेला स्थल, घाटों की साफ–सफाई एवं सई नदी का नाव पर बैठकर जलीय निरीक्षण भी किया। इस दौरान उन्होंने मौजूद अधिकारियों को मंदिर में साफ सफाई की व्यवस्था एवं श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की कोई समस्या न होने पाए, इसके लिए निर्देशित भी किया और निरीक्षण के दौरान पुलिस अधीक्षक डॉक्टर यशवीर सिंह ने मौजूद थाना प्रभारी पंकज कुमार त्यागी एवं स्थानीय थाना प्रशासन को पुख्ता सुरक्षा व्यवस्था रखने के लिए निर्देशित किया। साथ ही साथ उन्होंने यातायात व्यवस्था को भी ठीक–ठाक रखने के लिए सुझाव दिए, ताकि श्रद्धालुओं को मंदिर प्रांगण तक पहुंचने में आवागमन के दौरान कठिनाइयों का सामना न करना पड़े।

---

**सांसद राहुल गांधी का आरेडिका दौरा**

## आरेडिका के महाप्रबंधक तथा उच्च अधिकारियों के साथ बैठक की

**लालगंज, रायबरेली, समृद्धि न्यूज़।**





नेता प्रतिपक्ष एवं सांसद रायबरेली राहुल गाँधी तथा माननीय सांसद अमेठी के एल शर्मा ने आधुनिक रेल डिब्बा कारखाना रायबरेली का दौरा किया। श्री गाँधी एवं शर्मा ने कोच फैक्ट्री के संबंध में आरेडिका के महाप्रबंधक प्रशान्त कुमार मिश्रा तथा उच्च अधिकारियों के साथ बैठक की। बैठक के दौरान आरेडिका प्रशासन के द्वारा फैक्ट्री में उत्पादित होने वाले विभिन्न कोचों जैसे स्लीपर, एसी3 इकोनॉमिक, हमसफर, अन्त्योदय, एसी पेन्ट्रीकार, नॉन एसी चेयरकार, तेजस, राजधानी, भारत गौरव, मोजाम्बिक, वन्देभारत आदि के निर्माण के सभी चरणों के बारे में जानकारी प्रदान की साथ-साथ अन्य विषयों जैसे- पर्यावरण संरक्षण, जल संरक्षण, हरित ऊर्जा, कर्मचारियों की सुविधाओं एवं रेल कोच के विकास संबंधी कई मुददों पर चर्चा हुई। श्री गांधी ने भारतीय रेल को भारत का आधारभूत ढांचा और स्वदेशी तकनीक, स्वदेशी उत्पादन, कोच निर्माण में कार्य करने वाले रेलवे तथा संविदा कर्मचारियों की जानकारी ली।

**राहुल गांधी ने युवाओं को किया संबोधित:** लालगंज में आयोजित युवा संवाद कार्यक्रम में सांसद राहुल गांधी के निशाने पर अडानी रहे। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अमेरिका में जो प्रेस कॉन्फ्रेंस हुई थी और जो प्रधानमंत्री ने बोला था, उस पर राहुल गांधी ने प्रधानमंत्री पर भी आरोप लगाए। राहुल गांधी ने कहा कि सरकार देश के दो-तीन बड़े अरब पतियों को ही फायदा पहुंचा रही है। जिससे देश में बेरोजगारी बढ़ी है।प्रधानमंत्री के अमेरिका दौरे का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अमेरिका जाते हैं जहां वह डोनाल्ड ट्रंप से मिलते हैं। अमेरिका में पत्रकारों ने प्रधानमंत्री से अडानी के बारे में प्रश्न किया लेकिन प्रधानमंत्री ने उसे व्यक्तिगत मामला बता कर टाल दिया। उन्होंने अडानी के मामले में अमेरिका के राष्ट्रपति से बातचीत नहीं की।

**बोले- अडानी ने चोरी की, मोदी कह रहे मामला पर्सनल है:** उन्होंने कहा कि अमेरिका में अडानी के खिलाफ केस चल रहा है लेकिन देश के प्रधानमंत्री इस मामले को व्यक्तिगत बता रहे हैं। पूछा कि यह कैसा जवाब है, अमेरिका की प्रेस प्रधानमंत्री से अडानी के बारे में प्रश्न पूछ रही है और प्रधानमंत्री कह रहे हैं कि अडानी हमारे मित्र हैं वह अमेरिका के राष्ट्रपति से ऐसा सवाल नहीं पूछेंगे। अडानी के खिलाफ अमेरिका में भ्रष्टाचार का केस है। उन्होंने चोरी की है और प्रधानमंत्री कह रहे हैं कि यह पर्सनल मामला है।

**बेरोजगारी, नोटबंदी और जीएसटी को लेकर विपक्ष को घेरा:** राहुल गांधी ने कहा कि प्रधानमंत्री ने नोटबंदी की। गलत जीएसटी लागू की। छोटे व्यापारियों को खत्म कर दिया। देश का युवा भटक रहा है। यदि रोजगार बढ़ाना है तो छोटे व्यापारियों की मदद करनी पड़ेगी। उनका सम्मान बढ़ाना पड़ेगा। उनकी रक्षा करनी होगी। जीएसटी को बदलना पड़ेगा। छोटे व्यापारियों के लिए बैंक के दरवाजे खोलने पड़ेंगे।

---

**याद किए गए महाप्राण निराला**

### निराला जीवन संग्राम के कवि हैं: रमण

**डलमऊ रायबरेली।** हिन्दी कविता के छायावादी युग के प्रमुख स्तम्भ महाप्राण सूर्य कांत त्रिपाठी निराला के व्यक्तित्व और कृतित्व को शुक्रवार को याद किया गया। निराला जयंती के अवसर पर निराला सृजन मंच एवं वी आर फाउंडेशन द्वारा महाप्राण निराला को याद करते हुए पुष्पांजलि अर्पित की गई। अध्यक्षता करते हुए वरिष्ठ साहित्यकार राम नारायण रमण ने कहा कि निराला जीवन संग्राम के कवि और लेखक रहे हैं। निराला जी कविता में भारत वर्ष की विशालता और विराटता के दर्शन होते हैं। कवि रमाकांत ने कहा कि निराला अपनी कविता में क्रांतिकारी बदलाव तथा सामाजिक समरसता की सभ्यता का चित्रण करते हैं। कवि एवं आलोचक वाई. वेद प्रकाश ने कहा कि वसंत ऋतु निराला को इसलिए प्रिय है क्योंकि यह सरस्वती के प्राकट्य की ऋतु है। उन्होंने कहा कि निराला ने पर्याप्त गद्य लिखा है जिसमें व्यंग्य का चुटीलापन है। निराला चतुरी चमार, बिल्लेसुर बकरिहा, कुल्लीभाट के रचनाकार हैं। राम की शक्ति पूजा लिखने वाले निराला गहरी आस्तिकता के कवि हैं। सविता यादव ने कहा कि निराला बीसवीं शताब्दी की विलक्षण प्रतिभा रहे हैं। ओमप्रकाश ने कहा कि निराला का गद्य भी उनकी कविता की भांति ही महत्वपूर्ण है। निराला बेहद वस्तुनिष्ठ कवि रहे हैं।



---

## अधिवक्ताओं का प्रदर्शन, विधेयक वापस लेने की मांग

**सलोन रायबरेली, समृद्धि न्यूज़।**



अधिवक्ता संशोधन विधेयक 2025 को लेकर जहां जगह-जगह पर अधिवक्ताओं ने घूम-घूम कर प्रदर्शन कर रहे हैं वहीं जनपद रायबरेली अंतर्गत स्थित तहसील बार एसोसिएशन सलोंन के अधिवक्ताओं ने शुक्रवार को तहसील स्थित सभागार में एकत्र होकर के नारेबाजी करते हुए चौराहे तक आए , जिसमें सरकार द्वारा पारित अधिवक्ता संशोधन विधेयक 2025 की धारा 35 ए व अन्य धाराओं के संशोधन पर विस्तृत चर्चा की अधिवक्ताओं ने इस विधियक से अधिवक्ताओं की स्वतंत्रता खत्म होने का कानून बनाया गया। ऐसे में अधिकताओं ने सर्वसम्मत से विधेयक को वापस लिए जाने की और तहसील के अधिकारियों व कर्मचारियों पर भ्रष्टाचार का आरोप लगाते हुए अनिश्चितकाल तक न्यायिक कार्य से विरत रहने का निर्णय लिया, इस दौरान अधिवक्ताओं ने तहसील परिसर, कोर्ट, कार्यालय के सामने घूम-घूम कर प्रदर्शन करते हुए अधिकारियों और कर्मचारियों के विरुद्ध जमकर नारेबाजी की इसके बाद जिला अधिकारी को संबोधित ज्ञापन उपजिलाधिकारी को सौपा, बार एसोसिएशन के अध्यक्ष लालता प्रसाद यादव का कहना है कि केंद्रीय सरकार द्वारा अधिवक्ता संशोधन विधेयक 2025 पारित करते हुए अधिवक्ताओं के खिलाफ तमाम टिप्पणी की है उन्होंने इसे काला कानून बताते हुए सरकार द्वारा वापस लिए जाने की बात कही,इस अवसर पर बार एसोसिएशन के समस्त अधिवक्ता मौजूद रहे। अधिवक्ताओं द्वारा इस विधेयक की प्रतिया विरोधात्मक तरीके से जलाई गई।

## पुराने मामले में धारा 323/504/506 भादवि से संबंधित वांछित अभियुक्त गिरफ्तार

**उतरौला (बलरामपुर), समृद्धि न्यूज़।**




पुलिस अधीक्षक बलरामपुर विकास कुमार के निर्देश पर वांछित एवं वारंटी अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु चलाए जा रहे अभियान के तहत शुक्रवार को थाना कोतवाली उतरौला पुलिस को एक बड़ी सफलता मिली। अपर पुलिस अधीक्षक नम्रिता श्रीवास्तव व क्षेत्राधिकारी नगर राघवेंद्र प्रताप सिंह के पर्यवेक्षण में तथा प्रभारी निरीक्षक अवधेश राज सिंह के कुशल नेतृत्व में उपनिरीक्षक प्रभात कुमार व उनकी टीम में शामिल कांस्टेबल विजय कनौजिया ने वारंटी अभियुक्त को गिरफ्तार किया। 965/1999 धारा 323/504/506 भा.दं.वि. से संबंधित वारण्टी अभियुक्त रमजान पुत्र लाल मोहम्मद निवासी बलहा, थाना कोतवाली उतरौला, जनपद बलरामपुर को गिरफ्तार कर न्यायालय रवाना किया। पुलिस अधीक्षक बलरामपुर विकास कुमार ने कहा कि अपराधियों के विरुद्ध यह अभियान लगातार जारी रहेगा, जिससे जिले में कानून व्यवस्था सुदृढ़ बनी रहे।

---

## बच्चों की शिक्षा को नई दिशा देने हेतु पानी संस्थान का सराहनीय प्रयास, तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम संपन्न

**सादुल्लानगर/बलरामपुर, समृद्धि न्यूज़।**



बच्चों की शिक्षा और समग्र विकास को ध्यान में रखते हुए, पानी संस्थान द्वारा टाटा ट्रस्ट के तत्वाधान में आयोजित आंगनवाड़ी कार्यकत्रियों का तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम सफलतापूर्वक संपन्न हो गया। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य आंगनवाड़ी कार्यकत्रियों को नवीन शिक्षण तकनीकों, पोषण जागरूकता और बाल विकास से जुड़ी आधुनिक विधियों से अवगत कराना था। इस प्रशिक्षण शिविर में पानी संस्थान द्वारा टाटा ट्रस्ट के तत्वाधान से रेहरा बाजार ब्लॉक में बुनियाद परियोजना के तहत चयनित 22 मॉडल केंद्र की कार्यकत्रियों के लिए तीन दिवसीय प्रशिक्षण आयोजित कर पर शिक्षक दिया गया। जिसमे सभी 27 कार्यकत्रियों को प्रमाणपत्र दिया गया। विशेषज्ञों ने उन्हें बच्चों के सर्वांगीण विकास, शैक्षिक गतिविधियों, पोषण, मानसिक स्वास्थ्य और अभिभावकों के साथ बेहतर समन्वय स्थापित करने के गुर सिखाए। पानी संस्थान के परियोजना प्रबंधक शिवकुमार ने बताया कि हमारा उद्देश्य आंगनवाड़ी कार्यकत्रियों को आधुनिक शिक्षा पद्धतियों से परिचित कराना है, ताकि वे बच्चों को अधिक प्रभावी ढंग से शिक्षित कर सकें। इससे बाल विकास की गुणवत्ता में सुधार होगा। ब्लॉक समन्वयक जया श्रीवास्तव ने बताया कि यह प्रशिक्षण आंगनवाड़ी कार्यकत्रियों के लिए बहुत उपयोगी रहा। बच्चों को पढ़ाने के नए तरीके सीखने को मिले, जिससे उनकी रुचि बढ़ेगी और वे बेहतर सीख सकेंगे। इस अवसर पर परियोजना प्रबंधक शिवकुमार, ब्लॉक समन्वयक जया श्रीवास्तव, क्षेत्र समन्वयक अर्चना, अल्पना, नीतू, सोनम, शबाना, प्रमिला तथा आईसीडीएस से मुख्य सेविका नीलम देवी वर्मा व आंगनवाड़ी कार्यकर्त्री मीना, ममता, प्रतिमा, अनुराधा, गायत्री, पूनम, शोभावती, रीता, मंजू, सुमित्रा आदि उपस्थिति रही।

## जेल में बंद कैदियों ने महाकुंभ के पानी से किया स्नान

### गंगा मईया की जय के लगाए नारे, दिखा उत्साह



**रायबरेली, समृद्धि न्यूज़।** प्रदेश सरकार की सराहनीय पहल आई सामने प्रयागराज में चल रहे महाकुंभ में संगम के जल से जिला कारागार में बंद बंदियों ने किया स्नान, संगम के जल से स्नान करने के बाद सभी बंदियों ने प्रदेश सरकार के साथ-साथ जिला जेल प्रशासन को दिया धन्यवाद, जेल अधीक्षक प्रभात सिंह ने बताया कि प्रदेश सरकार के निर्देश पर बंदियों को स्नान करने के लिए प्रयागराज महाकुंभ से संगम का जल मंगवाया गया और उस जल को जेल के अंदर बने हौज के पानी में मिलवाया और पूरे विधि विधान से कलश पूजा करने के बाद सभी बंदियों ने संगम के जल से स्नान किया स्नान करने के बाद सभी बंदियों ने प्रदेश सरकार के साथ-साथ जिला जेल प्रशासन को धन्यवाद दिया।

**कैदियों में दिखा उत्साह:** जेल अधीक्षक ने बताया कि महाकुंभ का लाभ हमारे जेल में बंद कैदियों को भी मिले, इस उद्देश्य से हमने प्रयागराज से गंगा का जल मंगवाया है। उन्होंने बताया कि विधि-विधान से पंडितों के सानिध्य में मंत्रोच्चार के साथ पूजा-अर्चना कर जल को जेल की हौज में डाला गया ताकि उस हौद के पानी से जेल में बंद समस्त कैदी कुंभ स्नान का लाभ ले सकें। अधीक्षक ने बताया कि जेल प्रशासन की इस पहल से जहां कैदियों में खुशी का ठिकाना नहीं रहा, वहीं हर तरफ कैदियों के लिए किए गए इस कार्य की जमकर सराहना भी हो रही है। उन्होंने बताया कि जेल प्रशासन द्वारा यह आयोजन कैदियों को धर्म, अध्यात्म और सनातन संस्कृति से जोड़ने के उद्देश्य से किया गया।

---

## जमीन बेचकर भी विक्रेता कर रहा जबरन भूमि की मांग

**उतरौला (बलरामपुर)।** थाना श्रीदत्तगंज क्षेत्र के ग्राम कपौव्वा शेरपुर में एक भूमि विवाद को लेकर विवादित स्थिति उत्पन्न हो गई है। आरोप है कि विक्रेता मो. इलियास ने जमीन बेचने के बावजूद क्रेता आबिद अली शाह पर जबरन कुछ भूमि मुफ्त में देने का दबाव बना रहा है। मामले को लेकर पीड़ित ने जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक बलरामपुर को प्रार्थना पत्र देकर न्याय की गुहार लगाई है। पीड़ित आबिद अली शाह निवासी ग्राम क्याम जोत, श्रीदत्तगंज, बलरामपुर ने बताया कि उन्होंने मो. इलियास पुत्र हसन मोहम्मद से जमीन खरीदी थी। इसके बाद उन्होंने अपनी जमीन पर प्लॉटिंग कर अन्य लोगों को भूमि बेची। लेकिन अब विक्रेता इलियास जबरन कुछ भूमि मुफ्त में देने की मांग कर रहा है। आरोप है कि इलियास ने पीड़ित के जमीन के दाखिल-खारिज पर आपत्ति दर्ज कराई और दबाव बनाकर जबरन स्टांप पेपर पर कुछ भूमि लिखवाने की कोशिश की। इसके अलावा इसी जमीन को अपनी बताकर



उसने अन्य लोगों को तीन लाख रुपये में बेच दिया। जब नए खरीदार जमीन पर निर्माण कार्य शुरू करने आए, तो आबिद अली शाह ने उन्हें रोक दिया। इस मामले में थाना श्रीदत्तगंज में पहले भी शिकायत की गई थी। पुलिस ने दोनों पक्षों को समझाकर मामला निपटाने की कोशिश की, लेकिन इलियास और उसके सहयोगी अब भी जबरन भूमि पर कब्जा करने का प्रयास कर रहे हैं। पीड़ित आबिद अली शाह ने जिलाधिकारी और पुलिस अधीक्षक बलरामपुर को शिकायती पत्र देकर मामले की निष्पक्ष जांच और दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की है। उन्होंने कहा कि अगर समय रहते प्रशासन ने हस्तक्षेप नहीं किया, तो उन्हें बड़ी क्षति उठानी पड़ सकती है। इस विवाद को लेकर प्रशासन ने मामले की जांच के आदेश दे दिए हैं। पुलिस का कहना है कि यदि जबरन कब्जे या धोखाधड़ी की बात सामने आती है, तो दोषियों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

## अधिवक्ता संघ ने प्रस्तावित अधिवक्ता संशोधन बिल के विरोध में सौंपा ज्ञापन

**उतरौला (बलरामपुर), समृद्धि न्यूज़।**



प्रस्तावित अधिवक्ता संशोधन बिल को लेकर तहसील उतरौला के अधिवक्ताओं ने बुधवार को तहसील परिसर से जुलूस निकालकर सरकार के विरोध में जमकर नारेबाजी की। अधिवक्ता संघ उतरौला ने श्यामा प्रसाद मुखर्जी चौराहे पर प्रधानमंत्री को संबोधित 8 सूत्रीय ज्ञापन तहसीलदार सत्य पाल प्रजापति को सौंपा। अधिवक्ता संघ अध्यक्ष अखिलेश सिंह के नेतृत्व में बड़ी संख्या में अधिवक्ताओं ने तहसील परिसर में विरोध प्रदर्शन किया। नारेबाजी करते हुए अधिवक्ताओं ने श्यामा प्रसाद मुखर्जी चौराहे तक जुलूस निकाला और सरकार के खिलाफ नारेबाजी की। अधिवक्ता संघ के पदाधिकारियों ने कहा कि यह संशोधन विधेयक अधिवक्ताओं के स्वतंत्रता के अधिकार को प्रभावित करेगा और उनके पेशेवर कार्य करने की स्वतंत्रता को बाधित करेगा।

ज्ञापन में अधिवक्ता संघ ने अधिवक्ताओं को बिना वेतन सरकार के अधीन करने का प्रावधान अनुचित है, इसे वापस लिया जाए। अधिवक्ता स्वतंत्र रूप से कार्य कर सकें, इसके लिए उनके अधिकारों की सुरक्षा सुनिश्चित की जाए। विधेयक में अधिवक्ताओं पर अनुचित जुर्माने का प्रावधान जोड़ा जा रहा है, जिसे तत्काल निरस्त किया जाए। सरकार अधिवक्ताओं के हितों की अनदेखी कर रही है, जिससे अधिवक्ता समुदाय पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है। सरकार की दमनकारी नीति के खिलाफ अधिवक्ता संघ काला कानून कहकर इसका पुरजोर विरोध करता है। दोषी ठहराए गए अधिवक्ताओं को निर्धारित अवधि तक ही विधि व्यवसाय से रोका जाए, स्थायी प्रतिबंध अनुचित है। अधिवक्ताओं की सुरक्षा और स्वतंत्रता सुनिश्चित करने के लिए सरकार ठोस कदम उठाए। अधिवक्ता समुदाय के साथ संवाद कर उनके सुझावों को विधेयक में शामिल किया जाए। जैसी प्रमुख मांग रखी। प्रह्लाद यादव, अमित श्रीवास्तव, मनीष पांडे, राम प्रताप चौधरी, राम चंदर जायसवाल, परशुराम यादव, मारुति नंदन गुप्त, आशीष कसौधन, निजाम अंसारी, अखिल श्रीवास्तव, मोहम्मद असगर, महेंद्र पांडेय, संत राम, अखिलेश यादव, सुमित श्रीवास्तव, ओम प्रकाश श्रीवास्तव, सुभाष वर्मा, नसीम अहमद सहित बड़ी संख्या में अधिवक्ता इस विरोध प्रदर्शन में शामिल रहे। अधिवक्ताओं ने चेतावनी दी कि यदि सरकार इस प्रस्तावित विधेयक को वापस नहीं लेती है, तो वे आगे भी विरोध प्रदर्शन जारी रखेंगे और उग्र आंदोलन करने के लिए बाध्य होंगे।

## माउंट एवरेस्ट पर घटता हिम आवरण चिंतनीय



दुनिया की सबसे ऊंची पर्वत चोटी माउंट एवरेस्ट के ऊपरी हिस्से में हिम आवरण 150 मीटर तक घट गया है, जो 2024-2025 में सर्दियों के मौसम के दौरान बर्फ जमने में आई कमी का संकेत है और यह जलवायु परिवर्तन का कारण माना जा रहा है जो पूरी दुनिया के लिए चिंता की बात है। शोधकर्ताओं ने यह निष्कर्ष नासा के सैटेलाइट चित्रों में दिखे अंतर के विश्लेषण के आधार पर निकाला है। अमेरिका स्थित निकोल्स कॉलेज में पर्यावरण विज्ञान के प्रोफेसर और ग्लेशियर का अध्ययन करने वाले ग्लेशियोलॉजिस्ट मौरी पेल्टो ने एक ब्लॉग पोस्ट में लिखा है कि अक्टूबर 2023 से जनवरी 2025 की शुरुआत तक अमेरिकी अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन के उपग्रह चित्रों का विश्लेषण करने पर 2024 और 2025 दोनों में जनवरी तक हिम रेखा बढ़ने के संकेत मिले।

दुनिया के सबसे ऊंचे पर्वत शिखर माउंट एवरेस्ट पर हिम रेखा का बढ़ना दर्शाता है कि जलवायु खतरनाक स्तर पर गर्म होता जा रहा है और बर्फ के सीधे वाष्प में बदलने से प्रतिदिन 2.5 मिमी बर्फ तक का नुकसान देखा जा रहा है। दिसंबर 2024 में नेपाल में सामान्य से 20-25 फीसदी अधिक बारिश हुई, जबकि पूर्व में शुष्क परिस्थितियां बनी रहीं। तापमान भी औसत से अधिक रहा। उन्होंने पाया कि जनवरी 2025 में लगातार गर्म परिस्थितियां बनी रहीं, जिससे दिसंबर की शुरुआत से फरवरी 2025 की शुरुआत तक ऊंची हिम रेखाएं बनीं और यह और ऊपर उठती रही। शोधकर्ताओं के मुताबिक, इस क्षेत्र में हर बार सर्दियों के आरंभ में थोड़ी बहुत बर्फबारी होती है, लेकिन हिम आवरण अधिक समय तक नहीं बना रहता, जिससे पता चलता है कि दुनिया की सबसे ऊंची चोटी माउंट एवरेस्ट पर 6,000 मीटर से ऊपर भी ग्लेशियरों का पिघलना जारी है।

सर्दियों के दौरान इतनी ऊंचाई पर हिम आवरण का कम होना मुख्यतः ऊर्ध्वपतन का नतीजा है, जिसमें बर्फ सीधे सीधे वाष्प में परिवर्तित हो जाती है।

जलवायु परिवर्तन के कारण हाल की सर्दियों में गर्म और शुष्क परिस्थितियां बनी रहीं। जिसके कारण हिम आवरण कम हो रहा है, हिम रेखाएं ऊंची हो रही हैं और जंगलों में आग लगने की घटनाएं बढ़ रही है। बताते चलें कि हिम रेखा उस सीमा या ऊंचाई को दर्शाती है, जिसमें पहाड़ के ऊपर बर्फ स्थायी रूप से बनी रहती है।

# भाषा हमारे अस्तित्व का साधन भी है और साध्य भी

गिरीश्वर मिश्र

भाषाई और सांस्कृतिक विविधता के अंतरराष्ट्रीय उत्सव के रूप में इस बार का मातृभाषा-दिवस यूनेस्को के आयोजन का रजत जयंती वर्ष है। इसके पीछे टिकाऊ समाज के निर्माण के लिए विभिन्न भाषाओं के संरक्षण, सहनशीलता और पारस्परिक आदर का संकल्प लिया गया है। अपनी और दूसरों की भाषा को समझना अपनी और दूसरों की संस्कृति को जानने-समझने का मुख्य माध्यम है। भाषा न रहे तो हम अपनी संस्कृति को अगली पीढ़ी तक ठीक से पहुँचाने में चूक जाएँगे। ऐसे में आज विश्व में प्रचलित विभिन्न भाषाओं को सुरक्षित और संवर्धित करना हमारा विशेष दायित्व है।

आशा की जाती है कि मातृभाषाओं का समादर समावेशिकता को बढ़ाएगा। एक विरल नैसर्गिक शक्ति के रूप में भाषा हमें न केवल ज्ञान-सृजन का अवसर देती है बल्कि उस ज्ञान को संजोने और दूसरों से साझा करना भी संभव बनाती है। प्रकृति भी इसे समर्थन देती है। जन्म के समय से ही हर सामान्य बच्चा भाषा अर्जित करने के उपकरण से सज्जित रहता है। नवजात की श्रवण शक्ति अद्भुत होती है। वह स्वाभाविक ध्वनि और शोर में फ़र्क़ करने लगता है। छह माह होने के पहले ही वे कई भाषाएँ सुनते और समझते रहते हैं। तीन वर्ष की आयु में उनका तीन-चार भाषाओं से परिचय स्वाभाविक रूप से होता है। दस वर्ष तक यह प्रक्रिया काफ़ी तेजी से चलती है। भारत के बच्चे स्वाभाविक रूप से बहुभाषिक परिवेश में जन्म लेते हैं और उनकी परवरिश होती है।

सांस्कृतिक स्तर पर भाषा-विकास हमारे लिए अद्भुत अवसर बन जाता है। उसी के सहारे ही हम व्यवहार करते हैं, सोचते हैं, कल्पना करते हैं और उस कल्पना को मूर्त आकार भी देते हैं। लिखित रूप में आने के पहले सभी भाषाएँ वाचिक रूप में ही प्रयुक्त होती थीं । भारत में पीढ़ी-दर-पीढ़ी चले आ रहे इस जीवन-दर्शन का एक बड़ा हिस्सा मौखिक रूप से प्राप्त होता रहा है। वेद 'श्रुति' के नाम से विख्यात हैं। अनुमानतः 2300 ईसा पूर्व लिखित रूप में उन्हें प्रस्तुत किया गया। बाद में, विभिन्न भाषाई और सांस्कृतिक विकास ने भाषा, संस्कृति और कलात्मक रूपों के मामले में इस क्षेत्र को अनोखी रंगत दी। इस प्रकार विभिन्न समूहों के बीच संपर्क और उनके भाषाई और सांस्कृतिक आवाजाही ने इस क्षेत्र में बहुभाषिकता के ख़ास पैटर्न को जन्म दिया। इस स्थिति ने भाषाओं में एकता आई तथा जिसने सामाजिक जीवन के सभी क्षेत्रों को एक सूत्र में पिरोया। एकता में इस विविधता ने भारतीय सांस्कृतिक जीवन को इंद्रधनुषी रूप दिया जिसमें एक ख़ास क़िस्म का समग्रता बोध है। भारतीय भाषाओं में दृष्टिगत समानता हजारों वर्षों के सघन सांस्कृतिक संपर्क के कारण आई। धर्म, दर्शन, संगीत, भोजन, आदि सब में यह स्पष्ट रूप से अभिव्यक्त होती है।

भारत सदियों से एक बहुभाषी देश के रूप में आगे बढ़ा है। यहाँ समाज का हर वर्ग, हर क्षेत्र, भाषा, कला-रूप और शैलियाँ, एक बहुरूपदर्शी (कैलिडोस्कोप) के टुकड़ों जैसे हैं। यह अनगिनत धागों की एक जटिल बुनाई की याद दिलाती है जिनमें से हर धागा जीवन के आध्यात्मिक,




सामाजिक, आर्थिक या राजनीतिक पहलुओं का प्रतिनिधित्व करता है। परंपराओं और आधुनिक विकास ने भी इसकी बहुमुखी एकता में निरंतर योगदान दिया है। इसका जीता जागता ताज़ा प्रमाण देश के सभी भागों से आए स्नानार्थियों ने संगम तट पर दिया है। महाकुंभ के अवसर पर प्रयाग में त्रिवेणी संगम पर जुटे कोटि-कोटि भारतीयों को देख कर उनकी अंतरंग सांस्कृतिक एकता और ऊपर की विविधवर्णी छवि के बीच अनोखे सामंजस्य का भाव मूर्त हो उठा। इससे यह सच प्रकट हुआ कि भारतीय समाज हमारे सामने सांस्कृतिक, सामाजिक, भाषाई और धार्मिक प्रथाओं का एक समग्र दृश्य रचता है।

आज भारत में लगभग आठ सौ भाषाएँ दर्ज हैं। बहुतेरे भारतीय कई भाषाएँ बोलते हैं। यह बहुभाषिकता विभिन्न भाषाई समुदायों के बीच न केवल संचार को प्रभावी बनाती है बल्कि साझा पहचान को सबल करती है। बावजूद इसके कि विभिन्न भाषाएँ अलग-अलग लिपियों का उपयोग करती हैं, इनमें से कई लिपियाँ एक ही मूल की हैं, जैसे ब्राह्मी लिपि। यह साझा भाषाई विरासत, धार्मिक और सांस्कृतिक ग्रंथों में संस्कृत भाषा और साहित्य के व्यापक उपयोग के साथ-साथ भारतीय भाषाई क्षेत्र में गहन निरंतरता विकसित करने में योगदान करती है। साझा विषय, पारस्परिक प्रभाव और समान ऐतिहासिक अनुभव इन विविध साहित्यिक परंपराओं को एक साथ बांधते हैं। तमिल-काशी संगम जैसा मेल-मिलाप संवाद के द्वारा भारतीय साहित्य एकता में विविधता की अवधारणा का प्रबल उदाहरण प्रस्तुत करता है।

भाषाओं की बहुलता समृद्धि का स्रोत है जो हज़ारों वर्षों के प्रवास, परस्पर क्रिया और विभिन्न समूहों के बीच एकीकरण से पली- बढ़ी है। भाषिक विविधता की दृष्टि से भारत आज विश्व में दूसरे नम्बर पर है। भारत के संविधान की वर्तमान व्यवस्था में 22 मुख्य भाषाएँ तथा 6 क्लासिकल भाषाएँ (तमिल, संस्कृत, कन्नड़, तेलुगु, मलयालम और ओडिया) सम्मिलित हैं। देवनागरी में लिखी जाने वाली हिंदी आधिकारिक रूप से राजभाषा है हालाँकि इसके भी लगभग पचास रूप हैं। संविधान में यह विशेष प्रावधान है कि अल्पसंख्यक समुदाय अपनी भाषा, लिपि और संस्कृति को सुरक्षित रख सकेंगे। इन सबके बीच हमें यह भी स्मरण करना होगा कि मातृभाषा अस्मिता और संस्कृति को गढ़ने का कार्य करती है। इसी दृष्टि से नई शिक्षा नीति में बहुभाषिकता, लुप्तप्राय भाषाओं का संरक्षण और स्थानीय भाषा में समावेशी शिक्षा जैसे सरोकारों पर ख़ास ज़ोर दिया जा रहा है। औपनिवेशिक विरासत के तहत अंग्रेज़ी के वर्चस्व का सामाजिक जीवन पर विभाजनकारी असर रहा है। साथ ही इसने भाषाई हीनता को भी जन्म दिया। हिंदी या अन्य भारतीय भाषा जब घर की भाषा हो तब शिक्षा में अंग्रेज़ी माध्यम कई जटिलताएँ पैदा करता है। मौलिक सोच और सर्जनात्मकता में ऐसे विद्यार्थी पिछड़ जाते हैं। शोध और अनुसंधान की दृष्टि से यह परोपजीवी भाषाई संस्कार घातक सिद्ध हो रहा है।

आज भाषा की दुनिया में हो रही क्रांति में कृत्रिम बुद्धि एक महत्वपूर्ण घटक साबित हो रहा है। पिछले कुछ वर्षों में वैश्वीकरण तथा कृत्रिम बुद्धि की बढ़त से सभ्यताओं के अस्तित्व की चुनौती उभर रही हैं। भविष्य का नज़रिया कुछ ऐसा होने जा रहा है लोग विभिन्न गैजेट की सहायता से वह सब कुछ देखेंगे, सुनेंगे और बात करेंगे जो वैश्विक केंद्र द्वारा मुहैया कराया जाएगा। कुछ सलाह की ज़रूरत हुई तो बच्चे अब माता-पिता की जगह एलेक्सा या सीरी से पूछेंगे। उनकी माँ भी रोबोट से पूछेगी। भाषा और संचार की प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में माइक्रोसाफ्ट और गूगल जैसे कई दिग्गज किरदार दुनिया की विविधता को मिटाते जा रहे हैं। इस तरह की पहल के चलते बच्चे की सर्जनात्मक क्षमता, अध्यापकों की श्रेष्ठता आदि सब दांव पर है। इस मनुष्यताविहीन तकनीक में कोई सामान्य बुद्धि या कॉमनसेंस नहीं होता। उसे मानवीय भावनाओं की भी कोई समझ नहीं होती न ग़लतियों को सुधारने की गुंजाइश होती है। वस्तुतः उसमें कोई अपवाद संभव ही नहीं होता। मनुष्य की तरह यह सचेतन और संवेदनशील भी नहीं है। इस तकनीक को बहुलता की कोई समझ भी नहीं होती। साथ ही उसमें घटनाओं और परिस्थितियों के संदर्भ को ग्रहण करने सुविधा नहीं होती। वस्तुतः कृत्रिम बुद्धि मानव सभ्यता की अगली गुत्थी बन रही है।

यह भरोसा किया जा रहा है कि सारा का सारा ज्ञान मानव मस्तिष्क के बाहर डाटा के रूप में भंडारित किया जा सकता है। ऐसे में प्रश्न उठेगा कि मनुष्य की ज़रूरत ही क्या है? मनुष्य को विस्थापित कर जीवन का अर्थ पाना असंभव है। ग़नीमत है मानव मस्तिष्क स्वयं को खुद संचालित और नियमित करता है। इस तकनीक को धारण करने वाले मनुष्य को मनुष्य बना रहना होगा और ऐसा करने में भाषा-साहित्य की इसमें अहम भूमिका होगी। नई शिक्षा नीति ने बहुभाषिकता की ओर ध्यान दिया है और आधारभूत भाषा तथा गणित के कौशल के विकास पर आरंभिक वर्षों में ख़ासतौर पर ज़ोर दिया जा रहा है। एक दुविधा की स्थिति यह ज़रूर है कि ऑनलाइन/डिजिटल और इंटरनेट का कितना और कब उपयोग हो। आठ वर्ष की आयु के नीचे के बच्चों के लिए इंटरनेट की सहायता से शिक्षा में हस्तक्षेप ठीक नहीं प्रतीत होती है। बच्चे तो नैसर्गिक रूप से भाषाविद् होते हैं। वे अपनी मातृभाषा और क्षेत्रीय भाषाओं की तरह कई भाषाएँ सरलता से आत्मसात् कर सकते हैं, अगर उनको बिना किसी दबाव के आसानी से सीखने का अवसर मिले। साथ ही भाषा सिर्फ़ विचारों को प्रकट करने का तरीक़ा भर नहीं होती है। वह संस्कृति का संवहन करती है। बच्चे की मातृभाषा और क्षेत्रीय भाषाएँ स्थानीय अर्थ व्यवस्था का आधार होती हैं। अतः स्कूली व्यवस्था को भाषाओं और संस्कृतियों के संरक्षण में विकसित किया जाना चाहिए।

इक्कीसवीं सदी के भारत में बहु भाषिकता एक विशिष्टता है। बहुभाषिक शिक्षा अल्पसंख्यक वर्गों और आदिवासियों के लिए ख़ासतौर पर लाभप्रद होगी। आज आवश्यकता है कि फ़ौरी राजनैतिक हित-अहित को किनारे रख कर भारत के भविष्य को सुरक्षित करते हुए संतुलित भाषा नीति का कार्यान्वयन किया जाए। भाषा हमारे अस्तित्व का साधन भी है और साध्य भी।

*(लेखक, महात्मा गांधी अंतरराष्ट्रीय हिंदी विश्वविद्यालय, वर्धा के पूर्व कुलपति हैं।)*

विचार

# अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता के नाम पर दिमागी गंदगी की सड़ांध

*प्रियंका सौरभ*

कुछ लोग ह्यूमर के नाम पर समाज में गंदगी फैला रहे हैं। ऐसा कंटेंट प्रसारित कर रहे हैं जो चिंता का विषय है। विवाद बढ़ने के बाद ये अश्लील इंफ्लूएंसर अपनी करतूत पर माफ़ी मांग लेते हैं। सवाल यह है कि क्या इनकी शर्मनाक हरकत पर इनका माफ़ी मांग लेना काफ़ी है या बड़ा एक्शन होना चाहिये? सुप्रीम कोर्ट ने यूट्यूबर रणवीर इलाहाबादिया की इंडियाज गॉट लैटेंट पर आपत्तिजनक टिप्पणियों की निंदा की।

ऐसे लोगों को कानूनी तौर पर तो सजा मिलनी ही चाहिए, अगर जनता गंदगी परोसने वाले ऐसे चैनलों और मंचों का बहिष्कार करना शुरू कर दे तो यह उनके लिए सबसे बड़ी सजा होगी। गंदगी परोसने वाले ऐसे सारे कार्यक्रम जो ओटीटी, टीवी आदि पर हैं, सब बंद होना चाहिए। ऐसा वल्गर कंटेंट हमारे देश की संस्कृति को तबाह कर देगी। यह निंदनीय है और सभ्य समाज के लिए ग़लत भी। ऐसे लोग सनातन धर्म और हिंद संस्कृति का बेड़ागर्क कर रहे हैं। ऐसी घिनौनी मानसिकता वाले लोगों को देखना व सुनना, आज के समाज का भी कसूर है। ऐसे लोगों का सामाजिक बहिष्कार होना चाहिए।

सर्वोच्च न्यायालय ने रणवीर इलाहाबादिया के शब्दों के पीछे छिपे गहरे मुद्दों को उजागर करते हुए इसे उनके दिमाग़ की गंदगी कहा। इलाहाबादिया के शब्दों की निंदा करते हुए कहा कि उसकी भाषा से माता-पिता और बहनों को शर्म आएगी। सुप्रीम कोर्ट के अनुसार, इलाहाबादिया की टिप्पणियों की विकृत प्रकृति से पूरा समाज शर्मिंदा महसूस करेगा। यह मामला डिजिटल युग में प्रभावशाली व्यक्तियों और सामग्री निर्माताओं की जिम्मेदारी के बारे में व्यापक चर्चा को जन्म देता है। वैसे भी सार्वजनिक हस्तियों को अपनी भाषा के प्रयोग के प्रति सचेत रहना चाहिए क्योंकि इससे सामाजिक मूल्यों पर असर पड़ता है।

समाज पर ऐसे युवा प्रतीकों के प्रभाव को कम आंकना मूर्खतापूर्ण होगा, विशेषकर युवा मस्तिष्कों और स्वस्थ समाज की बुनियादी संस्कृति पर। क्या यह काफ़ी बड़ा नहीं है? यह पूछना कि शो का कोई प्रतियोगी किस चीज के लिए कितना शुल्क लेगा, क्या इससे युवाओं की एक पूरी पीढ़ी भ्रष्ट नहीं होगी? तर्कहीन ढंग से और समाज के प्रति किसी जिम्मेदारी के बिना कही गई बातें। क्या आपके बच्चे नहीं हैं और न ही आपको उनकी परवाह है। सच तो यह है कि मजाक के माध्यम से ऐसी अश्लीलता को सामान्य बनाना उसी मानसिकता को बढ़ावा देता है जो वास्तविक अपराधों को बढ़ावा देती है। समाज रातोंरात नहीं तबाह होता -इसकी शुरुआत असहनीय को सहन करने, घृणित को सिर्फ हास्य के रूप में नजरअंदाज करने और धीरे-धीरे नैतिक सीमाओं को ख़त्म करने से होती है।

कानूनी कार्यवाही का मतलब सिर्फ़ व्यक्तियों को दंडित करना नहीं है। इसका उद्देश्य एक मिसाल क़ायम करना है कि कुछ चीजें स्वीकार्य नहीं हैं, चाहे लोग उन्हें कितना भी हास्यपूर्ण बताने की कोशिश करें। यदि वे सचमुच समाज को बेहतर बनाने के बारे में चिंतित हैं, तो उन्हें यह समझना चाहिए कि सांस्कृतिक पतन से लड़ना भी बड़े अपराधों से निपटने जितना ही महत्त्वपूर्ण है। यदि आप सोचते हैं कि हमें ऐसे घृणित मजाक को नजरअंदाज कर देना चाहिए और केवल वास्तविक अपराधों पर ध्यान केंद्रित करना चाहिए, तो आप यह समझने में विफल हैं कि समाज कैसे काम करता है।



विकृत और अपमानजनक हास्य को सामान्य मानने से नैतिक सीमाएँ कमजोर होती हैं और लोग अस्वीकार्य चीजों के प्रति असंवेदनशील हो जाते हैं। कॉमेडी में बिना किसी परिणाम के कुछ भी कहने की छूट नहीं है। खासकर तब जब यह बहुत ही विचलित करने वाले क्षेत्र में प्रवेश कर जाए। कानून गरिमा को बनाए रखने और बुनियादी शालीनता के क्षरण को रोकने के लिए मौजूद हैं। अगर आप यह सिर्फ़ एक मज़ाक है के नाम पर इसका बचाव कर रहे हैं, तो शायद असली मुद्दा यह है कि आप इस तरह की सामग्री के प्रभाव के प्रति बेपरवाह हो गए हैं। ऐसे लोगों के खिलाफ़ कानूनी कार्रवाई बहुत ज़रूरी है। आपका यह तर्क कि हमें मजाक के बजाय वास्तविक अपराधों और समस्याओं पर ध्यान केंद्रित करना चाहिए मूर्खतापूर्ण और अपरिपक्व दोनों है। हास्य में शक्ति होती है और शक्ति के साथ जिम्मेदारी भी आती है।

मजाक कहलाने वाली हर बात हानिरहित नहीं होती। कुछ हास्य हानिकारक व्यवहार को सामान्य बना देता है। यदि कोई मज़ाक अनादर, असंवेदनशीलता या नैतिक सीमाओं को लांघने पर आधारित है, तो यह सवाल उठाना उचित है कि क्या यह समाज का उत्थान करता है या पतन करता है। आलोचना का मतलब घटिया मानसिकता रखना नहीं है; यह संस्कृति पर विषय-वस्तु के प्रभाव को पहचानने के बारे में है। यदि कॉमेडी पर सवाल नहीं उठाया जा सकता तो फिर वास्तव में संवेदनशील कौन है?

अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता के नाम पर ऐसी सामग्री का बचाव करना केवल यह साबित करता है कि समाज में क्या स्वीकार्य है, इसके प्रति लोग कितने असंवेदनशील हो गए हैं। स्वतंत्रता का अभिप्राय है, सही समय पर सही यानी नैतिक कार्य करने की स्वतंत्रता। इसी प्रकार अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता का अभिप्राय है-उचित समय पर उचित बात कहने की स्वतंत्रता। इसके विपरीत कुछ भी, कभी भी कह देने की स्वतंत्रता, स्वच्छंदता है। स्वच्छंदता को ही अराजकता कहा जाता है। अतः स्वतंत्रता एक कानूनी प्रक्रिया है, इसके विपरीत स्वच्छंदता गैरकानूनी है।

अभिव्यक्ति की स्वच्छंदता को प्रश्रय, सोशल मीडिया की गुणवत्ता की जगह मात्रा को अहमियत देने की व्यवस्था ने दिया है। लोग ज़्यादा व्यूज के लिए सस्ती लोकप्रियता हासिल करना चाहते हैं। लोग किसी भी तरह से पैसा और शोहरत हासिल करना चाहते हैं और इस तरह की उत्तेजना पैदा करने वाली बातें युवा वर्ग को आकर्षित करती हैं। इसलिए लोग भद्दी भाषा का प्रयोग करते हैं। अगर यूट्यूब, मात्रा की अपेक्षा गुणवत्ता पर ध्यान केंद्रित करे तो ऐसे ओछे प्रयास बंद हो जायेंगे।

**(लेखिका, स्वतंत्र टिप्पणीकार हैं।)**

साहित्य



## पिरोने दो सुख-दुःख की माला...!

**संजय एम तराणेकर**

पिरोने दो उसे सुख-दु:ख की माला,
क्यों? इसमें पड़े हो काम करो आला।
कभी हो जाओ किसी बातों से आहत,
न होना शख्स से परेशां मिलेगी राहत।
गर कर्म तेरा होगा महीन सबसे बड़ा,
गम ना कर तू शिखर पर होगा खड़ा।

पिरोने दो उसे सुख-दु:ख की माला,
क्यों? इसमें पड़े हो काम करो आला।
बस, तू चलते रहना हमेशा साथ मेरे,
गुजर जाएगा वक्त मेरे संग ले फेरे।
जब मिल जाएगा ये साथ बनेगी बात,
कट जाएगा दिन, महक उठेगी रात।

पिरोने दो उसे सुख-दु:ख की माला,
क्यों? इसमें पड़े हो काम करो आला।
मन में तमन्नाओं के उजाले लें साथ,
उड़ चलेंगे बिन पंख के भी बस दें हाथ।
सनम खाओं कसम ना होंगे कभी जुदा,
बिछड़ भी जाओ तो रहना सदा फिदा।



## राशिफल

**मेषः-** काफी दिनों से अवरोधित कोई हल होने के आसार बनेंगे। जीवन साथी के स्वास्थ्य के प्रति सतर्कता अपेक्षित है। रोजगार में लाभकारी अवसर मिलेंगे।

**वृषभः-** भावुकता व्यावहारिक जगत के अनुकूल चलने में बाधक होगी। अतः व्यवहार कुशल बनें। भविष्य संबंधी कुछ चिंताएं मन पर प्रभावी होंगी।

**मिथुनः-** मूल्यवान समय को व्यर्थ के कार्य में जाया न करें। सकारात्मक सोच को अपनाते हुए जीवन को सही दिशा की ओर केंद्रित करें और परिवार के अनुकूल चलें।

**कर्कः-** नये व्यावसायिक संबंध प्रगाढ़ होंगे। संवेदनशील शरीर ग्रहों की प्रतिकूलता से बीमार पड़ सकता है। महत्वपूर्ण कार्य की पूर्ति में असमर्थता जैसी स्थिति मन को निराश करेगी।

**सिंहः-** नयी घरेलू जिम्मेदारियों के पैदा होने से व्यय संभव। अच्छे कार्य से परिजनों के दिल में जगह बनायें। योजनाओं के फलीभूत होने से मन प्रसन्न होगा। महत्वपूर्ण कार्य में लापरवाही कतई न करें।

**कन्याः-** जीवनसाथी के स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें। नये कार्य के क्रियान्वयन हेतु प्रयत्न तीव्र होगा। नये क्षेत्रों में प्रयास से लाभ संभव। व्यावसायिक यात्रा द्वारा लाभ होगा। संबंधियों के सहयोग से कठिनाइयां दूर होंगी।

**तुलाः-** भविष्य को लेकर मन नकारात्मक आशंकाओं से प्रभावी रहेगा। प्रतिभाओं के बावजूद भी हीन भाव प्रतिभाओं के लाभ से वंचित करेगा।

**वृश्चिकः-** रोजगार संबंधी कुछ नयी योजनाओं पर मन केंद्रित होगा। किसी कार्य में सफलता से उत्साह में वृद्धि होगी। कल्पनाओं में जीना छोड़ भौतिक जगत के अनुकूल चलने का प्रयत्न करें।

**धनुः-** अपनी बातूनी कला का लाभ उठाएंगे। महत्वपूर्ण कार्य की पूर्ति में असमर्थता जैसी स्थिति मन को निराश करेगी। परिश्रम से आर्थिक लाभ का योग है।

**मकरः-** बीती बातों को सोचने के बजाय वर्तमान में जीने की चेष्ठा करें। जरूरत से ज्यादा बोलना व्यक्तित्व पर कुप्रभावी होगा। नीरस स्वभाववश रचनात्मक योजनाओं को सार्थक करने में असमर्थ होंगे।

**कुंभः-** सब कुछ सामान्य होते हुए भी मन अरुचि का शिकार होगा। थोड़ा संयमी व धैर्यवान बनें। भाग्य से प्राप्त सभी स्थितियों के मध्य समझौतावादी रवैया अपनायें।

**मीनः-** कुछ व्यासायिक कारणों से घर से दूर रहना पड़ सकता है। परिजनों की सुख-सुविधा के प्रति मन चिंतित होगा। मस्त-मौला मन व्यर्थ के कार्य में समय जाया कर महत्वपूर्ण कार्य के प्रति लापरवाह होगा।

# दिल्ली में कांग्रेस से बड़ी रेखा खींचनी होगी भाजपा को

दिल्ली विधानसभा चुनाव के 8 फ़रवरी को घोषित नतीजों में जीत हासिल करने के बाद भारतीय जनता पार्टी ने लगभग दो सप्ताह लगाये कि मुख्यमंत्री पद पर कौन विराजेगा। आखिरकार 19 फ़रवरी को मुख्यमंत्री पद के लिए रेखा गुप्ता का नाम तय हुआ और 20 फरवरी को रामलीला मैदान में एक भव्य समारोह में रेखा गुप्ता ने 6 मंत्रियों के साथ शपथ ली।

मुख्यमंत्री चुनने के लिये इतना अधिक समय सम्भवतः पहली बार उस भाजपा ने लिया जो अपने फैसले लागू करने के लिये इस मायने में मशहूर है कि उसका कोई विरोध नहीं कर सकता। फिर भी, इतना वक्त लेना बतलाता है कि रेखा गुप्ता का चयन आसानी से नहीं हुआ है। कहा जाता था कि इस पद के लिये प्रवेश वर्मा का नाम सबसे ऊपर था जो कि दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री और अपने वक्त के कद्दावर नेता साहिब सिंह वर्मा के पुत्र हैं। जिस दिन नतीजे निकले थे, वे नयी दिल्ली सीट पर पूर्व मुख्यमंत्री अरविन्द केजरीवाल (आम आदमी पार्टी) को हराते ही केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह से मिलने चले गये थे। उनकी शाह से नजदीकी सर्वज्ञात है लेकिन जब मुख्यमंत्री चुनने की बारी आई तो उन्हें इस दौड़ से बाहर किया गया और उनके साथ ही दिल्ली के दूसरे कद्दावर भाजपा विधायक भी किनारे ही रहे। दूसरी ओर रेखा गुप्ता पहली बार ही शालीमार बाग विधानसभा सीट से जीत कर आई हैं। समझा जाता है कि उन्हें मुख्यमंत्री बनाने के पीछे संघ की सलाह रही। हालांकि रेखा गुप्ता के नाम पर भाजपा ने कुछ निशाने साधे हैं। केजरीवाल की तरह रेखा हरियाणा (जीन्द) से हैं और वैश्य समुदाय की हैं जो भाजपा का पक्का समर्थक वर्ग है। फ़िलहाल भाजपा में ब्राह्मण (राजस्थान में भजनलाल शर्मा व असम में हिमंता बिस्वा सरमा) से लेकर आदिवासी (छत्तीसगढ़ के विष्णुदेव साय) और अन्य पिछड़ा वर्ग (मध्यप्रदेश में मोहन यादव व हरियाणा में नायब सिंह सैनी) हैं, लेकिन वैश्य समुदाय का कोई नहीं था। यह कमी भी दूर हो गयी। भाजपा शासित जितने भी प्रदेश हैं उनमें महिला मुख्यमंत्री किसी में नहीं हैं। अब वसुंधरा राजे के बाद रेखा गुप्ता तीसरी महिला मुख्यमंत्री भाजपा से बनी हैं। राजस्थान चुनाव में जीत हासिल करने के बाद वहां इस पद की सबसे मजबूत दावेदार वसुंधरा राजे सिंधिया की बजाये जब भजनलाल शर्मा को मुख्यमंत्री बनाया गया था। संदेश गया था कि भाजपा एक ओर तो महिला आरक्षण व उनके सम्मान की बात करती है तो दूसरी ओर महिला को महत्वपूर्ण पद से हटाकर उनका अपमान करती है। रेखा गुप्ता को लाना उस दाग को मिटाने का प्रयास कहा जा सकता है। वहीं केजरीवाल के जेल जाने के बाद दिल्ली में तीसरी महिला मुख्यमंत्री के तौर पर आतिशी ने काम संभाला था।

रेखा गुप्ता दिल्ली में सुषमा स्वराज, शीला दीक्षित और आतिशी के बाद चौथी महिला मुख्यमंत्री बनी हैं। तीन बार पार्षद व दक्षिणी दिल्ली नगर निगम की मेयर रह चुकीं रेखा गुप्ता छात्र राजनीति से आई हैं। वे अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद से जुड़ी रहीं और दिल्ली विश्वविद्यालय की पहले महासचिव और बाद में अध्यक्ष बनी थीं। इस नाते वे युवा व छात्र वर्गों के बीच भी रास्ता बनाती हैं जो पार्टी को लाभ पहुंचाएगा। वे इस समय पार्टी की राष्ट्रीय उपाध्यक्ष हैं और दिल्ली के नगरीय निकाय में भी विभिन्न पदों पर रह चुकी हैं।

एक और कारण यह भी माना जाता है कि क्यों वे इस पद के सर्वथा योग्य हैं, तो वह है उनके आक्रामक तेवर और भाषावली। सोशल मीडिया पर उनके वे पुराने ट्वीट तैर रहे हैं जो उन्होंने केजरीवाल के खिलाफपोस्ट किये थे। अमर्यादित व कई नफरती पुरुषों को भी लजा देने वाले शब्दों से उन्होंने केजरीवाल को नवाजा था। ऐसी महिला को यह पद प्रदान करना बतलाता है कि भाजपा में ऊंचा पद पाने के लिये यह भी एक योग्यता है। हालांकि मंत्री बने कपिल मिश्रा और प्रवेश वर्मा भी अपने कटु बयानों के लिये जाने जाते हैं लेकिन भाजपा के शीर्ष नेतृत्व ने रेखा की भाषा को अधिक प्रभावशाली समझा होगा।

दिल्ली में 27 साल बाद भाजपा की सरकार आने पर अब आप के भविष्य पर सवाल उठ रहे हैं। पूर्व मुख्यमंत्री केजरीवाल, पूर्व उप मुख्यमंत्री रहे मनीष सिसोदिया, सत्येन्द्र जैन आदि पराजित हो चुके हैं और आप की पूर्ववर्ती सरकार के कामों का बचाव करने वाले प्रभावी लोग सदन में रहेंगे नहीं। शराब घोटाले की तलवार पहले से चल रही है। सत्येन्द्र जैन के खिलाफ मनी लॉड्रिंग का मामला चलाने की राष्ट्रपति से मंजूरी दो दिन पहले ही मिल गयी है और वे चुनाव भी हार चुके हैं। नयी मुख्यमंत्री और दिल्ली के उप राज्यपाल वीके सक्सेना मिलकर दिल्ली का कितना विकास करते हैं, यह तो वक्त ही बतायेगा परन्तु दोनों मिलकर आप को नेस्तनाबूद करने में कोई कसर नहीं छोड़ेंगे- यह तय माना जा रहा है, क्योंकि उसने भाजपा को तीन बार परास्त किया है। कांग्रेस की स्थिति सदन में तो शून्य है, यहां और सदन के बाहर उसे आप का ही सफ़ाया करने की जरूरत है जिसके बाद वह खुद को लम्बे समय तक एकछत्र राज करने के काबिल मान रही होगी। फिर भी, रेखा गुप्ता के सामने कई चुनौतियां हैं। पहली तो है जनहित के मुद्दों को आप ने प्रमुख विमर्श बना दिया है। शिक्षा, स्वास्थ्य, बिजली, पानी, सड़क आदि को लेकर उन्हें ठोस कार्य करने होंगे जिसकी भाजपा आदी नहीं है। कुछ अन्य राज्यों में तो यह चल सकता है लेकिन दिल्ली में उन्हें ठोस नतीजे देने होंगे। आप ने कई सेवाएं या तो मुफ्त कर दी थीं अथवा रियायती दर पर। इन्हें जारी रखना भाजपा की नयी सरकार के लिये चुनौती होगी।

यमुना नदी की सफ़ाई भी बड़ा मुद्दा है जहां नयी सरकार को कुछ कर दिखाना होगा। कांग्रेस नहीं है पर उसकी सरकार के दौरान शीला दीक्षित के किये काम आज भी बेंचमार्क हैं। उनसे बड़ी रेखा खींचनी होगी रेखा गुप्ता को।

**स्वामी, मुद्रक व प्रकाशकः** जितेन्द्र सिंह द्वारा एवीबी रिप्रोग्राफिक्स ए-59 इण्डस्ट्रियल एरिया तालकटोरा लखनऊ से मुद्रित एवं कार्यालय 2/353, विशाल खण्ड-2 गोमती नगर लखनऊ (उ.प्र.) से प्रकाशित। **सम्पादक जितेन्द्र सिंह***
मुख्य कार्यालय ( *इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट के तहत उत्तरदायी*) समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय के अधीन ही मान्य होंगे। मो. नं. 7985738649, आरएनआई न . UPHIN/2013/55887
**स्थानीय संपादक आर.बी. सिंह, संपादकीय कार्यालय : 201-202 द्वितीय तल, रीजेन्सी प्लाजा, 5-पार्क रोड, सिविल अस्पताल के सामने, हजरतगंज, लखनऊ-226001, मो. : 9554964672, 9305748833, 9451244788**

# डीएम व एसपी ने चौपेश्वर मंदिर का किया निरीक्षण

**राठ(हमीरपुर), समृद्धि न्यूज़।**



धमना रोड स्थित चौपरेश्वर मंदिर का आगामी महाशिवरात्रि पर्व को लेकर जिलाधिकारी घनश्याम मीना पुलिस अधीक्षक डॉ. दीक्षा शर्मा ने निरीक्षण किया। शिवरात्रि पर्व पर शांति बनाए रखने की अपील की। शुक्रवार को जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक महाशिवरात्रि के पर्व के दृष्टिगत चौपड़ा मंदिर का भ्रमण किया। इस दौरान डीएम व एसपी ने मंदिर परिसर एवं उसके आसपास की सुरक्षा व्यवस्थाओं का बारीकी से निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान श्रद्धालुओं की सुविधाओं यातायात प्रबंधन भीड़ नियंत्रण सीसीटीवी कैमरों की स्थिति एवं पुलिस बल की तैनाती की समीक्षा की गई। इस मौके पर कोतवाल राम आसरे सरोज, नगर पालिका ईओ राजेश सिंह आदि मौजूद रहे।

## दलित युवती को लहूलुहान कर नकदी जेवर लूटे, पुलिस ने कहा- मामला संदिग्ध

**सुमेरपुर (हमीरपुर)।** बीती रात अज्ञात लोगों ने पंधरी गांव में घर में घुसकर दलित युवती को बेरहमी से पीटा। युवती के बेहोश होने पर अलमारी का ताला तोड़कर नकदी सहित जेवरात लेकर फरार हो गए। भागते समय भाई की आ जाने पर हमलावरों ने उसे भी मारापीट कर भागने में सफल रहे। पीड़िता की तहरीर पर पुलिस ने डाक्टरी परीक्षण कराकर मामले की जांच शुरू की है। युवती का दावा है कि उसने एक युवक को पहचान लिया। पुलिस घटना को संदिग्ध मान रही है। घटना के समय उसके परिजन शादी समारोह में दूसरे मकान पर गए हुए थे। पंधरी गांव निवासी लक्ष्मी देवी अनुरागी ने बताया कि वह बृहस्पतिवार की रात घर पर अकेली थी। तभी पांच लोग घर के अंदर घुस आए। शोर मचाने की कोशिश की तो उसके मुंह में कपड़ा ठूसकर हाथ पैर बांध कर जमकर पीटा। बेहोश होने पर आरोपी अलमारी का ताला तोड़कर 10 हजार नकद मोबाइल मंगलसूत्र पायल कमरपेटी आदि लेकर जाने लगे। तभी भाई छोटे अनुरागी के आ जाने पर उसके साथ भी मारपीट की और भाग निकले। युवती का दावा है कि उसने एक युवक को पहचान लिया था। जिससे आरोपियों ने और अधिक मारपीट की। पुलिस ने युवती का डाक्टरी परीक्षण कराया है। थानाध्यक्ष अनूप सिंह ने बताया कि मामला संदिग्ध लग रहा है।जांच कराई जा रही है। बताया कि शाम के समय दरवाजे पर शराब पीकर विवाद होने की जानकारी मिली है। जांच के बाद रिपोर्ट दर्ज करके कार्यवाही की जाएगी।

# एडवोकेट अमेंडमेंट बिल के विरोध में मौदहा के वकीलों ने सौंपा ज्ञापन, काला कानून बताया

**मौदहा, हमीरपुर, समृद्धि न्यूज़।**



मौदहा बार ने एडवोकेट अमेंडमेंट बिल 2025 के विरोध में आज राज्य पाल को संबोधित एक ज्ञापन एसडीएम को सौंपा है। बार अध्यक्ष बृजकिशोर त्रिवेदी व महामंत्री वीरेंद्र प्रजापति की अगुवाई में दिये ज्ञापन में वकीलों ने मांग की है कि अधिवक्ता व उसके परिवार के लिये एडवोकेट प्रोटेक्शन एक्ट का प्राविधान किया जाये। परिषदों में निवार्चित सदस्यों के अतिरिक्त कोई समाहित न किये जायें व उनके लोकतांन्त्रिक स्वरूप को यथावत रखा जाये। कार्उसिलो के सदस्य या सुझाव पर सुझाव दिया गया कि संशोधन समाप्त हो जाए। पूरे प्रदेश के अधिवक्ता विशेषकर उत्तर प्रदेश बार काउन्सिल मांग करती है कि प्रदेश के अधिवक्ताओं का 10 लाख का मेडिक्लेम व किसी अधिवक्ता की मृत्यु होने पर 10 लाख रूपये की बीमा राशि प्रदान की जाये। पंजीकरण के समय प्रत्येक अधिवक्ता से लिये जा रहे पांच सौ के स्टाम्प की राशि प्रादेशिक परिषदो को वापिस की जाये व राज्य सरकार द्वारा विधिक स्टाम्प विक्री से प्राप्त धनराशि का 2 प्रतिशत अधिवक्ताओं की कल्याणकारी योजनाओं पर खर्च किया जाये जैसा कि केरल सरकार द्वारा किया जा रहा है। एडवोकेट्स अमेंडमेन्ट बिल 2025 को तुरन्त वापस लिया जाये अन्यथा अधिवक्तागण पूरे देश में इस लड़ाई को लड़ने की रणनीत बनाने पर बाध्य होंगे।

## खबरें एक नजर में

### सेक्टर तरगांव के तिलसड़ा में बसपा कैडर की बैठक में 2027 के चुनाव की तैयारी पर चर्चा



**घाटमपुर समृद्धि न्यूज़।** बहुजन समाज पार्टी के तत्वावधान में घाटमपुर की 218 घाटमपुर विधानसभा के सेक्टर तरगांव के ग्राम तिलसड़ा में एक दिवसीय सेक्टर स्तरीय कैडर कैंप में बूथ एवं सेक्टर कमेटियों की समीक्षा कर उपस्थित पदाधिकारियों एवं जिम्मेदार साथियों को कैडर देकर बीएसपी जीतेगी। 2027 विधानसभा चुनाव की रणनीती तैयार किया गया मुख्य अतिथि राजू कुरील, विशिष्ट अतिथि जिला प्रभारी, सुरेन्द्र संखवार, बसपा अध्यक्ष विधानसभा 218 संजय कुमार संखवार, चन्द शेखर, संखवार, सेक्टर अध्यक्ष रामशंकर कठेरिया, सुरेन्द्र संखवार, सज्जन लाल, सुरजीत अरबिंद संखवार, रानी देवी, शारदा देवी, आनन्द स्वरुप, शिवप्रकाश, रामपाल कुशवाहा, रामऔतार, योगेश, सत्यशील, दिव्याशी अनुराग आदि कार्यकर्तागण मैजूद रहे।

### उपचुनाव में तारावती बनीं ग्राम पंचायत रतनपुर की प्रधान

**घाटमपुर समृद्धि न्यूज़।** घाटमपुर तहसील के ग्राम रतनपुर में हुए उपचुनाव में तारावती ने शानदार जीत दर्ज की , पतारा बिकास खंड के सभागार में हुई दो राउंड की मतगणना में तारावती को 637 वोट मिले जबकि उसके प्रतिद्वंद्वी रामखेलावन को 365 वोट मिले 11 वोट अवैध मिले। बताया जाता है कि यहा के प्रधान की बीमारी के चलते मृत्यु हो गई थी जिसके चलते रतनपुर मै उप चुनाव हुआ था, चुनाव अधिकारी नायब तहसीलदार घाटमपुर ने तारावती को प्रमाण पत्र दिया।

### तेइस से शुरू होगा ज्योतिष सम्मेलन

**राठ(हमीरपुर)।** कस्बे के हमीरपुर रोड स्थित गायत्री शक्तिपीठ मंदिर में 23 फरवरी से एक ज्योतिष सम्मेलन का आयोजन होना है। इसकी जानकारी ज्योतिष विचार मंच के संस्थापक हरस्वरुप व्यास ने दी। उन्होंने बताया कि सम्मेलन में ज्योतिष विद्या के वैज्ञानिक पक्ष को तथ्य व प्रमाण उभारने तर्क एवं जीवन के साथ इसके गणितीय एवं उपयोगी पक्ष को प्रस्तुतकाने शंका समाधान आदि के उद्देश्यों के पर चर्चा होगी।

### चोरों ने लाखों के जेवर व नकदी गायब कर दी

**राठ(हमीरपुर)।** जनपद महोबा के विजयपुर गांव निवासी अवधेश कुमार ने बताया कि वह अपनी बहन रंजना के साथ गुरुवार को रिश्तेदार की शादी समारोह में शामिल होने के लिए कस्बे के लोधेश्वर धाम आया था। रात होने पर बहन को नींद आ गई। तभी चोर ने उसके हैंडबैग से सोने की चार चूड़ी सोने की कंठी कानों के टॉप्स 700 रुपए सहित मोबाइल चोरी कर लिया है। नींद खुलने पर बैग खाली देखा तो उसके होश उड़ गए। चीखने चिल्लाने पर चोर का पता नहीं चल सका। पीड़ित ने कोतवाली में तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की।

### संदिग्ध के परिस्थितियों में महिला का शव फांसी पर लटका मिला

**घाटमपुर समृद्धि न्यूज़।** थाना सजेती के गांव बीबीपुर में एक महिला का शव घर के अ अंदर फासी पर लटका मिला, सूचना मिलने पर पुलिस और फोरेंसिक की टीम मौके पर पहुंची तथा शव को कब्जे में लेकर पूछताछ की, फॉरेंसिक टीम ने भी सबूत जुटाये, थाना प्रभारी सजेती ने बताया की मृत्यु का के परिजनों को सूचना देकर कानूनी कार्रवाई की जा रही है तथा पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद आगे की करवाई की जायेगी।

### गहरे कुएं में गिरकर मैकेनिक की मौत

**राठ(हमीरपुर)।** संदिग्ध हालात में खेत में बने 60 फीट गहरे कुएं में गिरकर मैकेनिक की मौत हो गई। सूचना पर पहुंची जरिया पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराया है। जरिया थाने के कैलाश नगर गोहांड निवासी देवीदीन मैकेनिक का काम करता था। वह खेत में सोता था। गुरुवार को खेत में बने कुएं में वह गिर गया। सुबह जब उसका बड़ा भाई कालीचरण खेत पर गया तो उसने देखा तो आनन-फानन में उसे कुएं से बाहर निकाल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र गोहांड ले गए। जहां चिकित्सक ने मृत घोषित कर दिया। बताया कि खेत में बना कुआं 60 फीट गहरा है। उसमें पानी नहीं है। पति की मौत पर पत्नी प्रेम रानी का रो रोकर बुरा हाल है। जरिया थानाध्यक्ष ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

### स्कार्पियो की टक्कर से वृद्ध की मौत

**राठ(हमीरपुर)।** नंदना गांव के पास बुंदेलखंड एक्सप्रेस पर पैदल खेत जा रहे वृद्ध किसान को स्कार्पियो गाड़ी ने जोरदार टक्कर मार दी।जहां इलाज के दौरान वृद्ध ने दम तोड़ दिया। कोतवाली के नंदना गांव निवासी 70 वर्षीय खूबचंद्र अहिरवार पुत्र अमरजू अहिरवार गुरुवार की दोपहर करीब तीन बजे खेत जा रहे थे। जैसे ही वह गांव के पास बने बुंदेलखंड एक्सप्रेसवे पर सड़क पार कर रहे थे। तभी तेज रफ्तार से आ रही स्कार्पियो गाड़ी ने जोरदार टक्कर मार दी। स्वजन इलाज के लिए सीएचसी ले गए। जहां इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई। मृतक के दामाद संदीप कुमार ने बताया कि उनके ससुर के पास आधा बीघा जमीन थी। खेती कर गुजर बसर करते थे। मृतक की एक पुत्री ममता हैं। पति की मौत पर पत्नी छनक कली का रो रोकर बुरा हाल है। कोतवाल राम आसरे सरोज ने बताया कि अभी तहरीर नहीं मिली है। गाड़ी थाने में खड़ी है।

### स्कूल गई छात्रा हुई लापता

**सुमेरपुर।** क्षेत्र के ग्राम बिरखेरा की एक छात्रा स्कूल जाते समय रास्ते से लापता हो गई। पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है। बिरखेरा निवासी मंगल यादव ने बताया कि उसकी पुत्री गांव के विद्यालय में कक्षा 8 की छात्रा है। प्रतिदिन की भांति वह गत बुधवार को सुबह स्कूल जाने के लिए घर से निकली थी और रास्ते से लापता हो गई है। पुलिस ने पिता की तहरीर पर अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है।

### कोचिंग संचालक अभियुक्त गिरफ्तार




**बछरावां रायबरेली, समृद्धि न्यूज़।** थाना क्षेत्र के अंतर्गत एक गांव के रहने वाले पिता ने बीते 12 फरवरी को स्थानीय थाने में प्रार्थना पत्र देकर अवगत कराया था, कि उसकी 16 वर्षीय पुत्री जो कक्षा 11 की छात्रा है। वह दिनांक 11 फरवरी 2025 को सुबह स्कूल पढ़ने के लिए गई थी। इसी दौरान उसकी पुत्री को थाना बछरावां में एक प्राइवेट कोचिंग संचालक शिखर श्रीवास्तव पुत्र अज्ञात निवासी हाल पता कस्बा बछरावां मूल पता 381/13 शक्ति नगर थाना मिलएरिया द्वारा बहला फुसला कर भगा ले गया था। वादी की तहरीर के आधार पर थाना बछरावां की पुलिस टीम द्वारा बीते कई दिनों से अभियुक्त की तलाश की जा रही थी। इसी क्रम में मुखबिर खास की सूचना पर शुक्रवार को थाना बछरावां पुलिस टीम द्वारा स्थानीय थाने पर पूर्व से संबंधित धाराओं में पंजीकृत अभियोग के अंतर्गत उक्त युवक शिखर श्रीवास्तव पुत्र स्वर्गीय जितेंद्र कुमार श्रीवास्तव निवासी शक्तिनगर कालोनी थाना मिलएरिया रायबरेली को थाना क्षेत्र के तिलेडा नहर पुलिया के पास से नियमानुसार गिरफ्तार किया गया। जिसके विरुद्ध स्थानीय थाने पर विधिक कार्यवाही करते हुए न्यायिक अभिरक्षा में भेजा जा रहा है। अभियुक्त को गिरफ्तार करने वाले इस पुलिस टीम में उप निरीक्षक राहुल सिंह चौहान एवं आरक्षी अमित सिंह सोलंकी मौजूद रहे।

# पिछले चौबीस घंटे से जाम की गिरफ्त में है हाईवे

**▶ सुबह स्कूली वाहनों के साथ अन्य वाहन फंसे**



**सुमेरपुर(हमीरपुर)।** नेशनल हाईवे का जाम पिछले 24 घंटे से बढ़ता जा रहा है। सीबीएसई बोर्ड का पेपर होने के कारण अभिभावकों को निजी साधन से दूसरे मार्गो से छात्राओं को परीक्षा केंद्र तक पहुंचाने के लिए मजबूर हुए है। जाम में परिवहन निगम की बसें एंबुलेंस आदि भी फंसी रही। पिछले 24 घंटे से वाहनों के रेंगने के कारण कस्बावासी हलकान है। लोगों को कस्बे के अंदर ही आवागमन दिक्कतें हो रही हैं। बृहस्पतिवार को दोपहर से हाईवे में लगा जाम शुक्रवार को सुबह नासूर बन गया। छात्राओं को उतार कर निजी वाहनों से देवगांव सौंखर सिमनौडी आदि मार्गों से मुख्यालय पहुंचाया। जाम में रोडवेज बसों के साथ एंबुलेंस आदि फंसी रहने से लोग परेशान रहे। हाईवे जाम होने से कस्बा से गुजरा बांदा मार्ग भी जाम का शिकार रहा। इससे कस्बा वासी हलकान रहे। सीबीएसई की परीक्षा देने जा रही छात्रा अंशिका, कियाना, अफ़ान, आरुष गुप्ता, सक्षम, अभिषेक, अभय आदि ने बताया जाम के कारण समय से पहुंचने के लिए निजी साधनों से अभिभावकों के साथ परीक्षा केंद्र पहुंचे है। कहा कि जाम न लगे इसके लिए प्रशासन को सख्ती बरतने की जरूरत है।

# डबल डेकर बसें माल तस्करी कर रोडवेज के अलावा रोजाना लाखों रुपये के राजस्व का कर रही हैं नुकसान

**हमीरपुर, समृद्धि न्यूज़।**

**▶ जांच में पकड़ा गया लाखों का सामान, यदा कदा बसों की जांच करने पर उच्चाधिकारियों की कार्य प्रणाली पर लगा प्रश्न चिंह**

डबल स्टोरी की प्रायवेट बसे न केवल रोडवेज परिवहन को रोजाना लाखों रुपये का चूना लगाती है बल्कि व्यापारियों का माल चोरी से ढोकर शासन के राजस्व का भी नुकसान कर रही है। दो दिन पहले एआरटीओ व राज्य कर अधिकारी मोवाइल ने डबल डेकर बस की जांच कर टैक्स चोरी करने पर के आरोप में बस मालिक से दो लाख रुपये जमा कराये थे। इसी प्रकार कल राठ कस्वे में बस में मोवाइल टीम ने कपड़े पकड़कर उसकी जांच-पड़ताल शुरू कर दी है।

जानकारी के मुताबिक गैर कानूनी ढंग से संचालित आधा दर्जन डबल डेकर की बसे रोडवेज का रोजाना लाखो रुपये राजस्व का नुकसान कर रही है, डबल स्टोरी की बसों से संचालन से तंग आकर एआरएम रोडवेज ने हार मान ली है उनकी पीड़ा कोई सुनने वाला नही है लिहाजा बस संचालकों का हौसला इस कदर बढ़ा कि उन्होंने माल की तस्करी करना शुरु कर दी है जिससे राज्य कर विभाग का लाखों का रुपये का टैक्स चोरी होने लगा है अब दोनो विभागो में हड़कंप मच गया है। मगर एआरटीओ पूरी तरह मौन धारण किये हुये है। एआरएम रोड़वेज का कहना है कि डबल डेकर बसों का केवल कंट्रेक्ट कैरिज का परमिट होता है मगर इनको रोडवेज बस स्टैड के सामने से सवारिया भरने का कोई अधिकार नहीं है मगर ये बसे खुलेआम रोडवेज के सामने सवारियां भरकर नियम कानून को चुनौती दे रही है। इस मामले की शिकायत वह उच्चाधिकारियों से भी कर चुके है। मगर उनकी पीड़ा कोई सुनने वाला नहीं है। इधर अब बसो के चालक व्यापारियों का माल भरकर उनके गंतब्य स्थान तक पहुचाने का ठेका ले रखा है जिससे हर रोज लाखों रुपये का टैक्स चोरी हो रही है दो दिन पहले बस से लाखों रुपये का सामान राज्य कर विभाग ने जांच के दौरान बरामद किया और एक लाख अस्सी हजार रुपये की पेनाल्टी बस संचालक से वसूल की है। इसी प्रकार गुरुवार को डबल डेकर बस जांच के दौरान पकड़ी गयी है जिसमें भारी मात्रा में कपड़ा भरा था हालांकि उसे पुलिस के हवाले कर दिया गया है। कितनी टैक्स चोरी की है यह जांच के बाद मालूम पड़ेगा। बताया जाता है कि डबल डेकर बसों की इस तस्करी से कई विभाग हलकान हैं, मगर एआरटीओ इस ओर कोई ध्यान नहीं दे रहे है। एसी मोबाइल प्रियदर्शी का कहना है कि समय समय पर अभियान चलाया जाता है और कार्रवाई की जाती है मगर हकीकत यह है कि इन बसों को यदा कदा ही चेक किया जाता है। एआरएम रोडवेज का कहना है कि डबल डेकर बसे रोडवेज के लिये नासूर बनी हुई है यदि इन्हे बंद नहीं कराया गया तो राजस्व का बहुत नुकसान हो रहा है। क्रास चेंकिग में यदि उन्हे बुलाया जाये तो इन पर कार्रवाई की जा सकती है।

# डीएम की अध्यक्षता में हुई राजस्व कार्यों की समीक्षा बैठक

**महोबा, समृद्धि न्यूज़।**



जिलाधिकारी मृदुल चौधरी की अध्यक्षता में राजस्व कार्यक्रमों की मासिक समीक्षा बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित हुई।

बैठक में जिलाधिकारी ने राजस्व प्रशासन सम्बन्धी कार्यो की समीक्षा- जिसमें रिट याचिकाओं में प्रतिशपथ पत्र, इन्स्ट्रक्शन दाखिल किये जाने एवं न्यायालय के आदेशानुसार प्रत्यावेदनों के निस्तारण की अद्यतन स्थिति, राजस्व वाद, धारा-80 के लम्बित प्रकरणों से सम्बन्धित, अतिक्रमण एवं नजूल, संग्रह, पट्टा आवंटन/कब्जा सत्यापन, आडिट सम्बन्धी कार्य, मुख्यमंत्री कृषक दुर्घटना कल्याण योजना, धारा 34 के आदेशों के अमल दरामद की फीडिंग, आय, जाति प्रमाण पत्रों की फीडिंग, जन सूचना अध्यादेश के कार्य, डिजिटल क्रॉप सर्वे, अतिवृष्टि एवं जल भराव से दैवी आपदा कार्यो की समीक्षा, स्वामित्व योजना/अंश निर्धारण की समीक्षा की तथा सम्बंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। उन्होंने सभी उपजिलाधिकारीयों को निर्देशित किया की तहसील स्तर पर पेंडिंग पड़े मामलों का जल्द निस्तारण कराया जाए। बैठक में अपर जिलाधिकारी वित्त/ राजस्व राम प्रकाश, अपर जिलाधिकारी न्यायिक शिशिर कुमार, उपजिलाधिकारी सदर जितेंद्र सिंह, उपजिलाधिकारी चरखारी डॉ प्रदीप कुमार, उपजिलाधिकारी कुलपहाड़ अनुराग प्रसाद, डिप्टी कलेक्टर राजकुमार सहित अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी गण उपस्थित रहे।

# महाशिवरात्रि की तैयारियों का जायजा लेने पहुंचे जिलाधिकारी, दिए निर्देश

**घाटमपुर समृद्धि न्यूज।**

महाशिवरात्रि पर्व के दृष्टिगत जिलाधिकारी श्री जितेन्द्र प्रताप सिंह नगर आयुक्त श्री सुधीर कुमार ने आज परमट मंदिर का निरीक्षण कर तैयारियों की समीक्षा की। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि मंदिर परिसर में स्वच्छता, रोशनी और सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए जाएं, जिससे श्रद्धालुओं को किसी भी प्रकार की असुविधा न हो।

जिलाधिकारी ने नगर आयुक्त को निर्देश दिए कि 24 घंटे शिफ्टवार सफाई कर्मियों की तैनाती की जाए, ताकि साफ-सफाई और अन्य महत्पूर्ण व्यवस्था सुचारू रूप से बनी रहे। इसके अलावा, यातायात को नियंत्रित करने के लिए बैरिकेडिंग लगाने तथा प्रवेश तथा निकली करते हुए श्रद्धालुओं के मार्गदर्शन हेतु फ्लैक्स बोर्ड लगाने के भी निर्देश दिए गए। नगर आयुक्त को निर्देशित करते हुए कहा कि सुरक्षा व्यवस्था को और मजबूत करने के लिए पब्लिक एड्रेस सिस्टम के साथ साथ सीसीटीवी कंट्रोल रूम से 24 घंटे निगरानी सुनिश्चित की जाए। इसके अतिरिक्त आने वाले श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की कोई असुविधा ना हो इसके लिए अधिकारियों की भी ड्यूटी लगाई जाए। साथ ही, जनपद के अन्य मंदिरों में भी सुरक्षा और सफाई व्यवस्था सुनिश्चित करने के लिए शिफ्टवार कर्मचारियों की ड्यूटी लगाने के निर्देश भी दिए गए ।नगर आयुक्त को निर्देशित करते हुए कहा कि अतिरिक्त टॉयलेट, पेयजल व्यवस्था तथा पर्याप्त संख्या में जगह जगह दस्त बिन वा रैम्प बनाने के निर्देश नगर आयुक्त को दिए। साथ ही प्रवेश द्वार से मंदिर तक जाने वाले मार्ग को व्यवस्थित किया जाए। उन्होंने निर्देशित करते हुए कहा कि निर्धारित स्थान पर पार्किंग हो यह भी सुनिश्चित किया जाए। मुख्य चिकित्सा अधिकारी को निर्देशित किया गया कि जनपद के समस्त अस्पतालों को एक्टिव मोड में रखा जाए, ताकि किसी भी आपात स्थिति में त्वरित चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराई जा सके।

### आत्महत्या का किया प्रयास, चार सड़क दुर्घटना में घायल

**मौदहा, हमीरपुर।** क्षेत्र में हुई अलग-अलग सड़क दुर्घटना में चार लोग घायल हो गये। सभी घायलों को लहुलुहान हालत में कस्बे के सरकारी अस्पताल में प्राथमिक इलाज भर्ती कराया। कोतवाली क्षेत्र के छिरका गांव निवासी अनुरूध्द घरेलू परेशानियों से आहत होकर फांसी लगाकर आत्महत्या करने की कोशिश की परिजनों ने आनंन-फानन कस्बे के सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया दूसरी घटना एंबुलेंस गाड़ी का टायर फट जाने से गाड़ी पलट जाने से तीन लोग घायल हो गए जिसमें सुशील मिश्रा, शारदा प्रसाद पनगरा नरैनी निवासी, दूसरा शिवम पुत्र सेवाराम रगोली उरई निवासी एवं आशीष कुमार पुत्र प्रमोद कुमार सर्धुआ चित्रकूट निवासी घायल हो गए। लहुलुहान हालात में कस्बे के सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया जहां सभी घायलों का इलाज जारी है।

# आगामी त्यौहारों को लेकर एसपी ने की वर्चुअल गोष्ठी

**महोबा, समृद्धि न्यूज़।**




पुलिस अधीक्षक पलाश बंसल द्वारा आगामी त्यौहारों के दौरान जनपद महोबा में शान्ति एवं कानून व्यवस्था की स्थिति सामान्य बनाये रखने के दृष्टिगत जनपदीय पुलिस के समस्त राजपत्रित पुलिस अधिकारी, थाना प्रभारी, चौकी प्रभारियों के साथ गूगल मीट के माध्यम से वर्चुअल गोष्ठी करते हुए त्यौहारों को सौहार्दपूर्ण माहौल में सकुशल सम्पन्न कराये जाने के सम्बन्ध में समस्त पुलिस अधिकारियों को महत्वपूर्ण दिशा-निर्देश दिये गये। जनपद में विभिन्न होलिका दहन, होली खेले जाने वाले स्थलों सहित पुराने विवादों की समीक्षा करते हुए विभिन्न संवेदनशील हॉटस्पॉट स्थलों मिश्रित आबादी वाले स्थल, पूर्व में हुए विवादों के स्थल इत्यादि का चिन्हीकरण किया गया है जिसके क्रम में सभी हॉटस्पॉट स्थलों में नामवार पुलिस प्रबन्ध किये जाने के निर्देश दिये गये। जनता को त्यौहारों के दौरान भयमुक्त माहौल प्रदान किये जाने व अराजकतत्वों पर पैनी रखे जाने के उद्देश्य से यूपी -112 पीआरवी वाहनों का रि-डिम्प्लॉयमेंट किये जाने के निर्देश दिये गये हैं। प्रत्येक मंदिर, मस्जिद, मजारों में भारी पुलिस बल की नामवार ड्यूटी लगाई जाने सभी को ब्रीफ किये जाने के साथ-साथ सभी क्षेत्राधिकारियों एवं थाना प्रभारियों को क्षेत्र में लगातार भ्रमणशील रहने के निर्देश दिये गये हैं। प्रभारी स्थानीय अभिसूचना इकाई को क्षेत्र में भ्रमणशील रहकर, सूचना तंत्र को विकसित किये जाने तथा किसी भी संवेदनशीलता पर तत्काल उच्चाधिकारियों को अवगत कराये जाने के निर्देश दिये गये हैं। आगामी त्यौहारों व महाकुम्भ को दृष्टिगत रखते हुये यातायात व्यवस्था को सुदृढ़ बनाए रखने हेतु अवैध टैक्सी स्टैण्ड हटाए जाने, सड़क पर खड़े वाहनों के विरुद्ध प्रवर्तन की कार्रवाई करते हुये सम्बन्धित वाहन को हटाया जाये। सभी को नगरपलिका व राजस्व विभाग की टीम के साथ समन्वय स्थापित कर अवैध अतिक्रमण हटाये जाने के सम्बन्ध में निर्देशित किया गया। मंदिर, मस्जिदों पर मानकों के विपरीत स्थापित अवैध लाउडस्पीकरों को हटाया जाना सुनिश्चित किया जाये। बोर्ड परीक्षा को दृष्टिगत रखते हुये सभी होटल, डीजे संचालकों के साथ गोष्ठी कर, निर्धारित ध्वनि व समय के अनुरुप ही डीजे का संचालन करने के सम्बन्ध में सख्त हिदायत दी जाये। किसी भी प्रकार की नयी परम्परा को शुरु न किया जाये तथा कोई भी जुलूस, शोभायात्रा, आयोजन को बिना अनुमति नहीं किया जायेगा।

### भौली ग्राम पंचायत चुनाव में पंचायत सदस्य का पांचवी मर्तवा चुनाव हुआ,कोरम अभी पूरा नहीं

**कुरारा, हमीरपुर।** कुरारा ब्लाक के तेरह ग्राम पंचायत सदस्यीय भौली गांव में शुक्रवार को पांचवी मर्तवा पंचायत चुवाव संपन्न हुआ जिसमे एक पंचायत सदस्य अरविंद सिंह को चुना गया अब कुल मिलाकर पांच सदस्य हो गये है मगर दो सदस्य हाल में चुने गये है यह शपथ लेने मे आनाकानी करते है। जिससे ग्राम पंचायत संचालित नही हो पाती है हाईकोर्ट के आदेश से ग्राम सभा संचालित हो रही है। जानकारी के मुताबिक भौली ग्राम पंचायत का पंचायत सदस्यों का चुनाव पूरे प्रदेश में चर्चा का विषय बना हुआ है। पांच साल में पांच मर्तवा पंचायत सदस्यों का चुनाव हो चुका है मगर जीतने के बाद कोई भी पंचायत सदस्य शपथ नही लेता है जिससे शासन को हर मर्तवा चुनाव कराना होता है। बर्तमान प्रधान अनुज यादव हाई कोर्ट जाकर संचालित समिति का गठन कराया था उसी के आधार पर पंचायत का संचालन किया जा रहा है। बताया जाता है कि पंचायत सदस्यों व ग्राम प्रधान में छत्तीस का आकड़ा चल रहा है जिससे सभी पंचायत सदस्य व अन्य लोग इस प्रकार का विरोध कर रहे है। ग्राम प्रधान का कोरम पूरा न होने से छठवी मर्तवा चुनाव कराया जायेगा।

# राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय चरखारी में दो दिवसीय वार्षिक खेल समारोह का उद्घाटन

**चरखारी महोबा, समृद्धि न्यूज़।**



राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय चरखारी में 44 वें वार्षिक खेल कूद प्रतियोगिता का उद्घाटन महाविद्यालय के प्राचार्य प्रोफेसर आनंद गोस्वामी ने किया एवं अपने उद्घाटन उद्बोधन में छात्र एवं छात्राओं को प्रतियोगिता में चढ़ बढ़कर प्रतिभाग करने के लिए प्रेरित किया उद्घाटन दिवस में हुई प्रतियोगिताओं मे 100 मी छात्र वर्ग में प्रतिज्ञा पाल प्रथम स्थान, सेजल द्वितीय स्थान, अदीबा जोहा तृतीय स्थान पर रहीं। 200 मीटर दौड़ प्रतियोगिता छात्रा वर्ग में सेजल प्रथम स्थान, कृष्णा कुमारी द्वितीय स्थान, अदीबा जोहा तृतीय स्थान पर रही, 400 मीटर छात्रा वर्ग दौड़ प्रतियोगिता में अदीबा जोहा प्रथम स्थान, प्रतिज्ञा पाल द्वितीय स्थान, नैंसी तृतीय स्थान पर रहीं। डिस्कस थ्रो छात्रा वर्ग में सेजल प्रथम स्थान रोहिणी द्वितीय स्थान संध्या तृतीय स्थान पर रही जैवलिन थ्रो छात्रा वर्ग में रोहिणी प्रथम स्थान सेजल द्वितीय स्थान प्रतिज्ञा पाल तृतीय स्थान पर रही गोला फेक छात्र वर्ग प्रतियोगिता में सेजल प्रथम स्थान मांडवी द्वितीय स्थान रोहिणी तृतीय स्थान पर रहीं लंबी कूद छात्रा वर्ग में कृष्णा कुमारी प्रथम स्थान रोहिणी द्वितीय स्थान अदीबा जोहा तृतीय स्थान पर रहीं क्रिकेट बाल प्रक्षेपण छात्रा वर्ग में सेजल प्रथम स्थान कृष्णा कुमारी द्वितीय स्थान संध्या तृतीय स्थान पर रहीं 100 मीटर दौड़ छात्र वर्ग में विकास प्रथम स्थान कमल घोष द्वितीय स्थान विकास तृतीय स्थान पर रहे 200 मी छात्र वर्ग दौड़ प्रतियोगिता में राहुल प्रजापति प्रथम स्थान अभिषेक यादव द्वितीय स्थान बृजेश तृतीय स्थान पर रहे 400 मी छात्र वर्ग दौड़ प्रतियोगिता में विकास प्रथम स्थान अवधेश द्वितीय स्थान रोहित कुमार तृतीय स्थान पर रहे 800 मी छात्र दौड़ प्रतियोगिता में विकास प्रथम राहुल प्रजापति द्वितीय कमल घोष तृतीय स्थान पर रहे डिस्कस थ्रो छात्र वर्ग में रोहित प्रथम सौरभ द्वितीय राज सिंह तृतीय स्थान पर रहे जैवलिन थ्रो छात्र वर्ग प्रतियोगिता में रोहित प्रथम अवधेश द्वितीय सौरभ तृतीय स्थान पर रहे हैमर थ्रो प्रतियोगिता छात्र वर्ग में राज सिंह प्रथम सौरभ द्वितीय शिवम तृतीय स्थान पर रहे गोला फेंक प्रतियोगिता छात्र वर्ग में राज सिंह प्रथम सौरभ द्वितीय रोहित तृतीय स्थान पर रहे लंबी कूद छात्रा वर्ग में कृष्णा कुमारी प्रथम स्थान रोहिणी द्वितीय स्थान अदीबा जोहा तृतीय स्थान पर रही ऊंची कूद छात्रा वर्ग में सेजल प्रथम स्थान प्रतिज्ञा पाल द्वितीय स्थान कृष्णा कुमारी तृतीय स्थान पर रही लंबी कूद छात्र वर्ग में शलभ प्रथम स्थान करण द्वितीय स्थान विकास तृतीय स्थान पर रहे इस अवसर पर महाविद्यालय के प्रोफेसर उमा शंकर त्रिपाठी डॉक्टर अशोक कुमार डॉ मंजू सिंह डॉक्टर रुचि जयसवाल डॉक्टर नित्य किशोर सोनी डॉक्टर सुमन सिंह डॉक्टर रितु चतुर्वेदी डॉक्टर हरिओम सिंह वर्मा डॉक्टर अजीत नारायण गुप्ता गजेंद्र सिंह अरुण कुमार जितेंद्र सोनी आलोक द्विवेदी अनुपम उपाध्यक्ष जितेंद्र मिश्रा चमन लाल राजचंद्र राजू एवं निर्णायक मंडल में विजय सिंह सेंगर भगवान दीन प्रजापति मुख्तार अहमद डॉक्टर राजकुमार मौर्य एवं शहर से सम्मानित नागरिक एवं पत्रकार बंधु उपस्थित रहे कार्यक्रम का संचालन डॉक्टर दीपक सिंह ने किया।

# डीएम-एसपी ने महादेवा मेला परिसर का किया निरीक्षण, दिए निर्देश

बाराबंकी, समृद्धि न्यूज।



रामनगर तहसील क्षेत्र के सुप्रसिद्ध लोधेश्वर धाम में चल रहे फाल्गुनी मेले व आगामी महाशिवरात्रि पर्व पर सम्भावित भीड़ को देखते हुए जिला प्रशासन पूरी तरह से अलर्ट मोड पर आ गया है। जिसके क्रम में शुक्रवार को जिलाधिकारी शशांक त्रिपाठी ने पुलिस अधीक्षक दिनेश कुमार सिंह, मुख्य विकास अधिकारी अन्ना सुदन, अपर जिलाधिकारी इन्द्रसेन सहित जिले स्तर के अधिकारियों के साथ मेले का निरीक्षण कर संबंधित को आवश्यक निर्देश दिए।

डीएम ने मेले की व्यवस्थाओं के निरीक्षण के दौरान मंदिर के मुख्य द्वार से पहले बाई तरफ सड़क किनारे खंडहर को साफ करने के निर्देश दिए। ताकि जल अर्पित करने वाले श्रद्धालुओं को भविष्य में कोई असुविधा न हो। इसके अलावा मेले के अंदर लगी लाइट को तत्काल सही करने के निर्देश जिला पंचायत के संबंधित अधिकारियों को दिये। जिलाधिकारी ने सम्बंधित अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि मेले में पर्याप्त प्रकाश व्यवस्था सुनिश्चित कराई जाए। डीएम ने अभरण तालाब सहित संपूर्ण मेला परिसर में साफ सफाई बनाए रखने के निर्देश दिए। उन्होंने संबंधित अधिकारियों से कहा कि कोई भी लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। डीएम ने वहां मौजूद कांवरियों से बातचीत कर रास्ते में होने वाली तकलीफों को जानने का प्रयास किया। जिस पर सभी कांवरियों ने सरकार व जिला प्रशासन की तैयारियों की प्रशंसा की। इस मौके पर एसडीएम रामनगर पवन कुमार, पुलिस क्षेत्राधिकारी रामनगर सौरभ श्रीवास्तव, तहसीलदार रामनगर, ग्राम प्रधान लोधौरा राजन तिवारी, मंदिर के पुजारी आदित्यनाथ तिवारी, खंड विकास अधिकारी रामनगर जितेंद्र कुमार और अन्य विभागों के अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे।

### पांच जोन में बांटा गया मेला क्षेत्र

पुलिस अधीक्षक दिनेश कुमार सिंह ने बताया कि चाक चौबंद सुरक्षा व्यवस्था रखने की दृष्टि से मेले को पांच जोन में बांटा गया है। पर्याप्त संख्या में पुलिस बल और सभी सेक्टर प्रभारी मुस्तैदी से तैनात है। महाशिवरात्रि के दिन भीड़ बढ़ने पर आवश्यकतानुसार पुलिस बल बढ़ाया भी जाएगा।

### डीएम ने दिए जल जीवन मिशन के कार्यों में तेजी लाने के निर्देश



शुक्रवार को जिलाधिकारी शशांक त्रिपाठी की अध्यक्षता में जल जीवन मिशन की बैठक लोकसभागार में आयोजित की गयी। बैठक में जिलाधिकारी द्वारा जल जीवन मिशन के अन्तर्गत जिले में कराये जा रहे कार्यों की समीक्षा की गयी। अधिशासी अभियन्ता, जल निगम (ग्रामीण) अमित कुमार द्वारा अवगत कराया गया कि जल जीवन मिशन के अन्तर्गत 1581 राजस्व ग्राम हैं एवं कुल 849 नग पेयजल योजनायें निर्माणाधीन हैं। जिलाधिकारी द्वारा जल जीवन मिशन के अन्तर्गत निर्माणाधीन शिरोपरि जलाशयों के निर्माण की प्रगति धीमी होने पर कार्यदायी फर्मों को मैनपावर बढ़ाते हुए समयान्तर्गत निर्माण कार्य पूर्ण कराने के निर्देश दिये। जिलाधिकारी ने कहा कि जिन गांवों में पाइप लाइन बिछाने समय सड़कें टूट गयी हैं एक माह में उन सभी सड़कों की मरम्मत का कार्य गुणतापूर्वक पूर्ण कराया जाये। सभी कार्यदायी संस्थाए कार्यों में तेजी लाये। जिलाधिकारी ने कहा कि सम्बंधित कार्यदायी संस्थाए कार्य पूर्ण होने की सूचना लिखित में दें। अधिकारी यह सुनिश्चित करें कि कनेक्शन, रोड रेस्टोरेशन, डिस्ट्रीब्यूशन सिस्टम सहित टंकी का निर्माण, और अन्य सभी कार्य समयान्तर्गत पूरे किये जाए जिससे सभी स्थानों पर रेगुलर वाटर सप्लाई का कार्य सुचारू रूप से शुरू किया जाए। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी श्री अन्ना सुदन, अधिशासी अभियन्ता, जल निगम ग्रामीण, अधिशासी अभियन्ता, सिंचाई विभाग के अधिकारी एवं कार्यदायी संस्था के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।



### 294 मतों से जिला पंचायत सीट जीतीं पूजा त्रिवेदी, श्वेता तिवारी रनर

हैदरगढ़ बाराबंकी समृद्धि न्यूज। हैदरगढ़ प्रथम से जिला पंचायत सदस्य पद के लिए मतदान के बाद आज विकासखंड सभागार में संपन्न हुई मतगणना में पूजा त्रिवेदी को 294 मतों से विजयी घोषित कर दिया गया। विजय प्रमाण पत्र लेने के लिए प्रत्याशी और समर्थक जिला मुख्यालय के लिए रवाना हो गए हैं। भारी सुरक्षा व्यवस्था के बीच विकास खंड मुख्यालय पर सुबह 8 बजे से शुरू होकर महज ढाई से 3 घंटे के तक चली मतगणना में रामभीख त्रिवेदी की पुत्रवधू पूजा त्रिवेदी को 5689मत, श्वेता तिवारी को 5395 एवं जनसत्ता दल के नेता बक्सनपुर गांव निवासी विजय प्रताप सिंह पिंटू की पत्नी सर्वेश कुमारी को 2780 मत प्राप्त हुए। आज सुबह 8 बजे शुरू हुई मतगणना के दौरान सुरक्षा एवं शांति व्यवस्था को लेकर एसडीएम एमएसटी खान, सीओ आलोक कुमार पाठक खंड विकास अधिकारी हैदरगढ़ संजीव कुमार गुप्ता, त्रिवेदीगंज प्रियंका सिंह के अलावा कोतवाली प्रभारी निरीक्षक अजय प्रकाश त्रिपाठी को दलबल के साथ मौके पर मौजूद देखा गया। इस दौरान एसडीएम , सीओ व बीडीओ मत गणना स्थल पर घूम घूम कर जानकारी लेते रहे।

## खबरें एक नजर में

### गन्ना लदे ट्रक ने बाइक सवार को कुचला, मौत



सिरौलीगौसपुर बाराबंकी, समृद्धि न्यूज। बदोसराय कस्बे में मुख्य चौराहे के निकट गन्ने की ट्रक ने एक बाइक सवार को कुचल दिया।बाइक चालक की मौके पर ही मौत हो गयी है। घटना के बाद चालक ट्रक लेकर भाग निकला किन्तु सूचना पाकर कोतवाली प्रभारी बदोसराय सन्तोष कुमार ने ट्रक का पीछा करके बदोसराय से आगे मरकामऊ के पास ट्रक और चालक को पकड़ लिया। शुक्रवार को कस्बा बदोसराय मुख्य चौराहे पर बदोसराय रामनगर मार्ग पर मोटरसाइकिल से जा रहे थाना रामनगर क्षेत्र के ग्राम देवली निवासी राधेश्याम वर्मा 58 वर्ष पुत्र लालता प्रसाद को पीछे से आ रहे अनियंत्रित ट्रक ने कुचल दिया। जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। मृतक डाक्टर राम खेलावन निवासी मरकामऊ के घर आया था । वहां से बदोसरांय कुछ सामान लेने चला आया। बदोसरांय चौराहे से चंद कदम पहले गन्ना का खाली ट्रक नम्बर यू पी 53 ई टी 2212 से बाइक नम्बर यू पी 41एक्स 2049 की टक्कर में राधेश्याम वर्मा की घटना स्थल पर ही मृत्यु हो गई। प्रभारी निरीक्षक सन्तोष कुमार ने बताया है कि शव को कब्जे लेकर पंचायत नामा भरकर पोस्टमार्टम को भिजवा दिया गया है। चालक और ट्रक को कब्जे में लेकर विधिक कार्रवाई की जा रही है।

### मामूली कहासुनी में चले ईंट-पत्थर, युवक घायल



फतेहपुर बाराबंकी, समृद्धि न्यूज। थाना क्षेत्र अंतर्गत देर शाम ब्रहस्पतिवार को देवखरिया वार्ड के दिकोलिया मोहल्ले के निवासी अरूण कुमार अपने एक घर से दूसरे घर को जारहे थे की मुहल्ले के ही लोगों ने कहासुनी में जान लेवा हमला कर दिया।जानकारी के अनुसार मोहल्ले के ही रास्ते में टीटू,बबीता,बिटाना और कमलेश ने रोका और कहासुनी करने लगे कहासुनी होते होते बिकराल लडाई झगडे के रूप में बदल गई और अरूण के विरोध करने पर उनके ऊपर विरोधियों ने ईट पत्थर और लाठी दण्डों से हमला बोल कर दिया अरूण के चोटहिल होते ही आरोपी जान से मारने की धमकी देते हुए मौके से फरार हो गए पीड़ित की भाभी उसे थाने मे लाकर अपनी शिकायत दर्ज कराई पुलिस ने घायल को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र फतेहपुर इलाज के लिए लाकर भर्ती कराया उप निरीक्षक मनोज कुमार राणा ने बताया आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर कानूनी कार्रवाई शुरू कर दी गई है।

### उधार मसाला मांगने वाले ने दुकानदार को जान से मारने की दी धमकी, मुकदमा दर्ज

जैदपुर बाराबंकी, समृद्धि न्यूज। न्यायालय के आदेश पर गुमटी पर उधार मसाला न देने व पहले के बकाया पैसे मांगने को लेकर दुकानदार को मारने व जान से मारने वाले के विरुद्ध जैदपुर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच पड़ताल शुरू कर दी है।जानकारी के अनुसार तुंगनाथ पुत्र अनुरुद्ध ग्राम अब्दुल्लापुर थाना जैदपुर जिला बाराबंकी का निवासी है प्रार्थी गांव में ही गुमटी में दुकान रखकर अपना जीवन यापन करता चला आ रहा है। दिनांक 23.09.2024 को समय करीब 08.00 बजे रात्रि में गांव के ही बब्लू उर्फ आयुष कुमार पुत्र बहादुर नशे की हालत में प्रार्थी की गुमटी पर आये और राजश्री गुटखे की मांग की। प्रार्थी ने गुटखा देने से मना किया और पूर्व में बाकी पैसों की मांग की जिस पर बब्लू उर्फ आयुष कुमार आग बबूला हो गये मां बहन की गालियां देने लगे।प्रार्थी ने गाली देने से मना किया तो प्रार्थी को गुमटी के अन्दर से घसीट कर लात घूसी व थप्पड़ों से मारने पीटने लगे। प्रार्थी को शोर मचाने पर गांव व मोहल्ले के तमाम लोगो के इकट्?ठा हो जाने पर विपक्षी जान से मार देने की धमकी देते हुए भाग गया।प्रार्थी ने 112 नम्बर पर फोन कर पुलिस को बुलाया था। पुलिस आने के बाद उसी समय घटना के सम्बन्ध थाने पर प्रार्थना पत्र दिया था।न्याय की आश में एक प्रार्थना पत्र न्यायालय के समक्ष देने पर आदेश होने पर जैदपुर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच पड़ताल शुरू कर दी है।

### नया मकान निर्माण कराने से क्रोधित होकर दबंगों ने मारपीट कर झोंका फायर



जालौन (उरई), समृद्धि न्यूज। ग्रामीण द्वारा नया मकान बनाए जाने से नाराज गांव के ही व्यक्ति ने साथियों के साथ मिलकर ग्रामीण के साथ मारपीट करते हुए तमंचे से फायर कर दिया। पीड़ित ने मामले की तहरीर कोतवाली में दी है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। कोतवाली क्षेत्र के ग्राम जगनेवा निवासी श्याम सिंह उर्फमझले ने पुलिस को बताया कि उसने गांव में ही अपना नया मकान बनवाया है। मकान बनाने से गांव के ही मनोज कुमार उससे रंजिश मान बैठे हैं। अक्सर गलत जगह पर मकान बनाने का आरोप लगाकर उसके साथ विवाद करते रहते हैं। शांति बनाए रखने के लिए वह शांत रहता है। लेकिन इससे उसके हौसले और बढ़ गए हैं। पीड़ित ने आरोप लगाया कि शुक्रवार की दोपहर घर के दरवाजे पर खड़ा था। तभी मनोज अपने तीन चार साथियों को लेकर उसके घर आ धमके और गाली, गलौज करने लगे। ज उसने मना किया तो लाठी, डंडों से मारपीट शुरू कर दी। इसी दौरान मनोज ने उसे जान से मारने की नीयत से उस पर तमंचा से फायर कर दिया। किसी तरह उसने झुककर अपनी जान बचाई। आवाज सुनकर गांव के अन्य लोगों को आता देख वह आइंदा जान से मारने की धमकी देकर सभी वहां से भाग गए। पीड़ित ने पुलिस से जान माल की सुरक्षा की गुहार लगाई है। इस बाबत सीओ शैलेंद्र बाजपेई ने बताया कि शिकायत मिली है। पुलिस फायरिंग के मामले की जांच कर रही है। दोषी पाए जाने पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

# शिकायत मिलने पर आर आर सेंटर की जांच करने पहुंचे एडीओ पंचायत

सिरौली गौसपुर बाराबंकी, समृद्धि न्यूज।



ग्राम पंचायत प्यारेपुर में सहायक विकास अधिकारी (एडीओ) पंचायत शंभू नाथ पाठक ने निरीक्षण किया। उन्होंने शिकायत मिलने के बाद निर्माणाधीन आरआरसी सेंटर का दौरा किया। स्थल मेमो नहीं मिलने पर उन्होंने तत्काल निर्माण कार्य रुकवा दिया। एडीओ ने इसके बाद पंचायत भवन का भी निरीक्षण किया। वहां पंचायत सहायक नेहा फैमिली आईडी बनाने का काम कर रही थीं। निरीक्षण के दौरान दो फैमिली आईडी बनाई गईं। एडीओ ने पंचायत सहायक को फैमिली आईडी बनाने की प्रक्रिया में तेजी लाने के निर्देश दिए।निरीक्षण के दौरान पंचायत सचिव कुलदीप श्रीवास्तव भी मौजूद रहे। एडीओ शंभू नाथ पाठक ने बताया कि शिकायत के आधार पर आरआर सी सेंटर का निरीक्षण किया गया। स्थल मेमो उपलब्ध नहीं होने के कारण निर्माण कार्य को रोक दिया गया है।

### किसान सम्मान निधि के कार्यक्रम से जुड़ सकते हैं किसान

बाराबंकी, समृद्धि न्यूज। भागलपुर, बिहार में आयोजित होने वाले 'किसान सम्मान समारोह' में पीएम द्वारा प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना की 19वीं किश्त जारी की जायेगी। इस कार्यक्रम का कृषि विज्ञान केन्द्र, हैदरगढ़, के साथ ही समस्त विकास खण्डों में किसान कल्याण केन्द्र विकास खण्ड मुख्यालय पर सजीव प्रसारण भी कराया जायेगा। साथ ही कृषि विभाग के क्षेत्रीय कार्मिकों द्वारा भी एग्रीस्टैक योजनान्तर्गत अपने आवंटित ग्राम में वर्चुअल रूप से अपने मोबाइल-लैपटाप द्वारा किसानों के मध्य लाइव स्ट्रीमिंग के माध्यम से प्रसारण कराया जायेगा। वर्चुअल रूप से https:// pmind iawebcast.nic.in लिंक पर किसान सम्मान समारोह का प्रसारण होगा। उपनिदेशक कृषि सरवन कुमार किसानों से अपील की है कि दिए गए लिंक के माध्यम से पीएम के उद्बोधन एवं पीएम किसान सम्मान निधि की 19वीं किश्त निर्गत किये जाने के कार्यक्रम में प्रतिभाग कर सकते हैं।

# परिषदीय विद्यालयों में आयोजित हो रहे वार्षिकोत्सव, मिल रहा बजट

सिरौलीगौसपुर बाराबंकी, समृद्धि न्यूज।



शासन की पहल पर अब परिषदीय विद्यालयों में भी वार्षिकोत्सव आयोजित किए जा रहे हैं। इसके लिए सरकार द्वारा बजट भी दिया गया है। शुक्रवार को शिक्षा क्षेत्र सिरौलीगौसपुर के प्राथमिक विद्यालय कन्धईपुर में धूम धाम से वार्षिकोत्सव समारोह मनाया गया। समारोह का शुभारंभ मुख्य अतिथि ब्लाक प्रमुख रेनू वर्मा ने मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलित कर किया।

विशिष्ट अतिथि खंड शिक्षा अधिकारी संजय कुमार की उपस्थिति में विद्यालय की छात्राओं ने सरस्वती वंदना एवं स्वागत गीत एवं नृत्य प्रस्तुत कर सभी का दिल जीत लिया। विद्यालय के छात्र छात्राओं द्वारा देश भक्ति से ओत-प्रोत गीतों पर बेहतरीन नृत्य प्रस्तुत किए गए। मुख्य अतिथि ब्लाक प्रमुख रेनू वर्मा ने छात्र छात्राओं एवं शिक्षकों की प्रशंसा करते हुए कहा कि परिषदीय विद्यालयों के बच्चों में भी कान्वेंट स्कूलों की तरह प्रतिभा की कमी नहीं है जरुरत बस उसे निखारने की है। यहां बच्चों द्वारा प्रस्तुत कार्यक्रमों को देखकर लगता है कि विद्यालय के शिक्षकों रिजवान अहमद, श्याम जी, और सिंह बहादुर सिंह ने काफी मेहनत किया है।

खंड शिक्षा अधिकारी संजय कुमार ने कहा कि विद्यालय आने वाले बच्चों पर अभिभावकों को थोड़ा और ध्यान देने की जरूरत है। जिससे बच्चे समय पर विद्यालय आएं। बच्चों को समय से विद्यालय भेजने के साथ ही उनकी साज सज्जा पर भी ध्यान रखना चाहिए।

हमारे बच्चे और शिक्षक किसी से भी कम नहीं है। समारोह को शिक्षक नेता आशुतोष वर्मा एवं रामानंद रावत, ने सम्बोधित करते हुए बच्चों द्वारा प्रस्तुत नृत्य एवं गीतों की प्रशंसा करते हुए कहा कि सरकार द्वारा चलाई जा रही विभिन्न योजनाओं के माध्यम से सरकारी स्कूलों की तस्वीर बदल रही है। बच्चों को तमाम तरह की सुविधा उपलब्ध कराई जा रही है। जिससे शिक्षा के स्तर में काफी अच्छा काम किया जा रहा है। इस मौके पर ग्राम प्रधान पंकज यादव, क्षेत्र पंचायत सदस्य असीम श्रीवास्तव, सहित बच्चों के अभिभावक एवं ग्रामीण मौजूद रहे।

# स्काउटिंग बच्चों की संस्कारशाला : राम आधार भारती

बाराबंकी, समृद्धि न्यूज।



भारत स्काउट और गाइड के प्रथम सोपान का विकास खण्ड देवा के कम्पोजिट स्कूल मलूकपुर में आयोजित जांच शिविर के तीसरे दिन का शुभारंभ मुख्य अतिथि राम आधार भारती जिला कोषाध्यक्ष भारत स्काउट और गाइड वह विशिष्ट अतिथि विजय प्रताप सिंह अध्यक्ष बेसिक शिक्षक संघ विकासखंड देवा व अनुज कुमार वर्मा अध्यक्ष अटेवा विकासखंड देवा का कलर पार्टी द्वारा भव्य स्वागत किया गया।

श्री भारती ने बताया के वर्तमान में स्काउटिंग एक प्रकार की संस्कार शाला है इससे सभ्यता व सदाचार का उद्भव होता है तथा यह बच्चों के मानस पटल पर एक अच्छे मूल्यों को अंकित करने का सशक्त माध्यम है आपात की स्थिति में भी कोई सच्चा स्काउट गाइड सहयोग करने में अपने आप को रोक नहीं पता है। विशिष्ट अतिथि पर्यावरण प्रेमी विजय प्रताप सिंह कहां ने कहा भारत ही नहीं बल्कि पूरे विश्व में पर्यावरण को संरक्षित करने में अपना अभूतपूर्व सहयोग करते हैं वह चाहे पेड़ लगाना हो जल संचयन हो या अन्य कोई कार्य हो। एआरपी देवा मनोज कुमार श्रीवास्तव ने बताया कि यह नन्हे मुन्ने स्काउट और गाइड नैतिक मूल्यों को संजोये रखने का कार्य बहुत ही मनोयोग से करते हैं। मुख्य प्रशिक्षक राम आसरे लीडर ट्रेनर स्काउट ने छात्र-छात्राओं को अनुमान लगाना प्राथमिक चिकित्सा पुल बनाना गांठे व बंधन तथा भोजन वह स्वास्थ्य के बारे में बताया। शिविर में जिला प्रशिक्षण आयुक्त गाइड बालजती एचडब्ल्यूबी के द्वारा बताए गए बिंदुओं के आधार पर बच्चों ने बिना बर्तन भोजन में बाटी चोखा, चावल सब्जी, पूड़ी आदि बनाकर सभी आगंतुकों को मुदित मन से भोजन चखाया। शिविर के समापन बेला में ध्वज अवतरण राष्ट्रगान के साथ शिविर का समापन किया गया। इस अवसर पर विजय कुमारी, सीता वर्मा, ऋचा, दीपाली, मधुमालती, कादिर, सुनीता, कुसुम, मुन्नी देवी, रासुपरमिता तथा प्रबल आदि लोग उपस्थित रहे।

# विद्युत चोरी रोकने के लिये नियमित जांच अभियान चलाने के निर्देश

बाराबंकी, समृद्धि न्यूज।

शुक्रवार को कलेक्ट्रेट परिसर स्थित लोकसभागार में जिलाधिकारी शशांक त्रिपाठी की अध्यक्षता में विद्युत विभाग के कार्यों एवं योजनाओं की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिलाधिकारी ने आरडीएसएस की प्रगति, विभिन्न योजनाओं के कार्यों की प्रगति, बिलिंग की प्रगति, ऊर्जा प्राप्ति, अधिकतम लाइन हानि वाले पोषक पर कार्यवाही, परिवर्तकों की क्षतिग्रस्तता, क्षतिग्रस्त परिवर्तकों के सापेक्ष फ्रेश एवं ट्राली परिवर्तकों की उपलब्धता और एक मुश्त समाधान योजना के प्रगति कार्यों की समीक्षा की।

बैठक में जिलाधिकारी ने सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि त्रुटिपूर्ण बिलों के सम्बंध में उपभोक्ताओं की समस्याओं का यथाशीघ्र निराकरण किया जाए। जितने कार्य प्रगति पर है उन्हें समयान्तर्गत पूर्ण किया जाए। खराब ट्रांसफार्मर को समय पर बदलने की कार्यवाही की जाए। सुपरिटेंडेंट इंजीनियर विद्युत श्रीमती राजबाला ने जानकारी देते हुए बताया कि 100 केवीए से कम क्षमता वाले ट्रांसफार्मर पर अधिक लोड की समस्या बढ़ गयी है जबकि 100 केवीए से अधिक की क्षमता के ट्रांसफार्मरों में अधिक लोड की समस्या दूर कर ली गयी है। जिलाधिकारी ने कहा कि नई लाइन बनाने की प्रक्रिया में मैनपावर बढाकर विद्युत पोल आदि लगाने के कार्य में तेजी लाई जाए। अधिकारी यह भी सुनिश्चित करे कि लाइन बनाने आदि के कार्य में लगे श्रमिकों का भुगतान समय पर कर दिया जाए। सुपरवाइजर यह सुनिश्चित करें कि मीटर रीडर शुद्धता के साथ विद्युत बिलों की पर्ची निकाले जिससे उपभोक्ताओं को समस्याओं का सामना न करना पड़े। विद्युत बिलों की वसूली में तेजी लाने के निर्देश जिलाधिकारी ने दिए। अधिकारियों ने बताया कि एक मुश्त समाधान योजना के तहत विद्युत बिलों की वसूली में कॉफी प्रयास किये गए है। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी अन्ना सुदन, सुपरिटेंडेंट इंजीनियर विद्युत श्रीमती राजबाला सहित विद्युत विभाग के सम्बन्धित अधिकारीगण उपस्थित रहे। जिलाधिकारी शशांक त्रिपाठी ने कहा कि ग्रामीण और शहरी दोनों इलाकों में विद्युत चोरी रोकने के लिये नियमित जांच अभियान चलाकर कार्यवाही की जाए। कटिया व मीटर टेम्पर के मामलें पाए जाने पर सम्बन्धित के ख़िलाफ़ कडी कार्यवाही करने के निर्देश दिये।

# कारागार में निरुद्ध बंदियों को संगम के पवित्र जल से कराया अमृत स्नान

उरई (जालौन), समृद्धि न्यूज।



शुक्रवार को कारागार मन्त्री उप्र शासन के निर्देशानुक्रम में जिला कारागार उरई में निरूद्ध बंदियों को संगम प्रयागराज के पवित्र जल से जेल के अन्दर अमृत स्नान कराया गया।

कारागार प्रशासन एवं सुधार सेवाये उप्र लखनऊ से प्राप्त निर्देशों के क्रम में जेल प्रशासन द्वारा विशेष वाहक भेज कर दिव्य महाकुंभ संगम प्रयागराज से पवित्र जल मंगाते हुए जिला कारागार उरई पर पूजा अर्चना, मंत्रोच्चार इत्यादि विधि विधान से कलश स्थापना की गयी एवं बंदियों द्वारा भजन कीर्तन इत्यादि का कार्यक्रम किया गया।

कारागार की प्रत्येक बैरकों में निरूद्ध बंदियों के स्नान की व्यवस्था हेतु पानी के टेंक को फूलमाला इत्यादि से सजाया गया इसके उपरांत संगम प्रयागराज से लाये गये महाकुंभ के पवित्र जल को टेंक में मिलाया गया। कतारवद्ध होकर बंदियों ने एक एक करके शान्ति व हर्षोल्लास के साथ अमृत स्नान किया। अमृत स्नान के पश्चात बंदियों के अन्दर सकारात्मकता की लहर दौड़ गयी और समस्त कारागार परिसर ओंमकार और हर हर गंगें के जयकारों से गूंज उठा। ऐसा सकारात्मक माहौल बंदियों को मानसिक शांति प्रदान करते हुए उनके द्वारा पूर्व में कारित बुरे कृत्यों के प्रति पश्चाताप की भावना तथा भविष्य में कभी कोई गलत कार्य न करने की प्रेरणा से ओत प्रोत हो गया। अमृत स्नान के उपरांत कारागार में निरूद्ध समस्त बंदियों द्वारा कारागार प्रशासन द्वारा किये गये प्रयास के प्रति कृतज्ञता, प्रशंसा व्यक्त की गयी। इस अवसर पर जेल अधीक्षक नीरज देव, कारापाल प्रदीप कुमार, कारागार चिकित्साधिकारी राहुल वर्मन, उप कारापाल अमर सिंह, अन्य कारागार स्टाफ व समस्त बंदीगण उपस्थित रहे। अमृत स्नान का कार्यक्रम सफलता पूर्वक सम्पन्न हुआ।

### एमएलसी ने जालौन नगर में राजकीय बालिका इंटर कॉलेज स्थापित करने का मुद्दा विप में उठाया

जालौन (उरई), समृद्धि न्यूज। एमएलसी प्रतिनिधि व क्षेत्रीय लोगों की मांग पर एमएलसी बाबूलाल तिवारी ने जालौन नगर क्षेत्र में राजकीय बालिका इंटर कॉलेज स्थापित कराए जाने का मुद्दा विधान परिषद में उठाया। एमएलसी प्रतिनिधि अनिल कुमार मिश्रा निवासी मकटौरा तहसील माधौगढ़ का कार्यक्षेत्र जालौन रहा है। उन्होंने बताया कि बुंदेलखंड का जालौन क्षेत्र अतिपिछड़े क्षेत्र में गिना जाता है। यहां बुनियादी सुविधाओं का भी अभाव है। यहां तक कि शिक्षा की दृष्टि से भी यह क्षेत्र पिछड़ा ही माना जाता है। जालौन नगर या आसपास क्षेत्र में राजकीय बालिका इंटर कॉलेज न होने से यहां की बच्चियों को शिक्षा प्राप्त करने काफी संघर्ष करना पड़ता है। राजकीय बालिका इंटर कॉलेज न होने से बालिकाओं की शिक्षा बीच में ही रूक जाती है। बालिकाओं के शिक्षा के प्रति संघर्ष को देखते हुए उन्होंने एमएलसी डॉ. बाबूलाल तिवारी से जालौन नगर क्षेत्र में राजकीय बालिका इंटर कॉलेज बनवाए जाने की मांग की थी। जिसका संज्ञान लेकर एमएलसी ने विधान परिषद में जालौन नगर में राजकीय बालिका इंटर कॉलेज स्थापित किए जाने की मांग उठाते हुए सदन में चर्चा कराए जाने की भी मांग की।

### मित्र के यहां भोजन करने आये युवक से की मारपीट

जालौन (उरई), समृद्धि न्यूज। कोतवाली क्षेत्र बुलंदशहर निवासी विनेश चौधरी ने पुलिस को बताया कि कोतवाली क्षेत्र के ग्राम सालाबाद में उनके मित्र जितेंद्र सिंह रहते हैं। उन्होंने उसे अपने यहां भोजन पर आमंत्रित किया था। भोजन के बाद रात में जब वह वापस लौट रहे थे। तभी गांव के ही कुछ लोगों ने उसे रास्ते में रोक लिया व अकारण ही लाठी, डंडों और लोहे की रॉड से उस पर हमला कर दिया। जिसमें उसे चोटें आई हैं। शोरगुल सुनकर जब मित्र जितेंद्र सिंह बचाने आए तो उनके साथ भी मारपीट की। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस मामले की जांच कर रही है।


**INFORMATION**

THIS IS TO CERTIFY THAT KARTIK VERMA. THE STUDENT OF KARAM DEVI MEMORIAL ACADEMY WORLD KANPUR (U.P-336) HIS EXAMINATION PASS CERTIFICATE OF CLASS 10th. THE UID NO. IS 7931496. LOSTED YEAR 2023,

**सूचना**

मेरे पुत्र के सैन्य दस्तावेज में त्रुटिवश मेरा नाम SHANTA DEVI व जन्मतिथि 01.07.1954 दर्ज हो गयी है। जबकि मेरा वास्तविक नाम SANTA व जन्मतिथि 01.01.1956 है। SANTA M/o of Army No-2998924K, रैंक-हवलदार, किशन लाल गुर्जर, यूनिट आर.आर.सी. फतेहगढ़, निवासी-ग्राम-चंवरा, पोस्ट चंवरा, जिला-झुंझुनून, राज्य-राजस्थान-333053, द्वारा शपथ पत्र नंबर-IN-UP09854267879461X, दिनांक-21 फरवरी 2025 फतेहगढ़ कोर्ट।

**सूचना**

मेरे पुत्र के सैन्य दस्तावेज में त्रुटिवश मेरा नाम JHABAR RAM व जन्मतिथि 01.07.1949 दर्ज हो गयी है। जबकि मेरा वास्तविक नाम JHABAR MAL व जन्मतिथि 01.01.1954 है। JHABAR MAL F/o of Army No-2998924K, रैंक-हवलदार, किशन लाल गुर्जर, यूनिट आर.आर.सी. फतेहगढ़, निवासी-ग्राम-चंवरा, पोस्ट-चंवरा, जिला-झुंझुनून, राजस्थान-333053, द्वारा शपथ पत्र नंबर-IN-UP09850668056910X, दिनांक-21.02.2025 फतेहगढ़ कोर्ट।


# पानकुंवर इंटरनेशनल स्कूल में पुरस्कार वितरण समारोह संपन्न

इटावा, समृद्धि न्यूज।



शुक्रवार को पानकुँवर इंटरनेशनल स्कूल में विभिन्न प्रतियोगिताओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को पुरस्कृत किया गया।

इस अवसर पर प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को पुरस्कार प्रदान किए गए। इसके अतिरिक्त, शत-प्रतिशत उपस्थिति (हंड्रेड परसेंट अटेंडेंस) और श्रेष्ठ छात्र (बेस्ट स्टूडेंट) पुरस्कार भी वितरित किए गए। समारोह की विशेष बात यह रही कि वार्षिक परीक्षाओं की तैयारी में सभी विषयों का अध्ययन पूरा कर चुके विद्यार्थियों को भी प्रोत्साहन स्वरूप सम्मानित किया गया, जिससे अन्य छात्र-छात्राओं का आत्मविश्वास बढ़े और वे प्रेरित हो सकें। कार्यक्रम के दौरान लगभग 125 विद्यार्थियों को पुरस्कार प्रदान किए गए। विद्यालय के प्रधानाचार्य डॉ. कैलाश चंद्र यादव ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि इस प्रकार की प्रतियोगिताएं न केवल बच्चों के व्यक्तित्व विकास में सहायक होती हैं बल्कि उनके आत्मविश्वास को भी मजबूत करती हैं। उन्होंने कहा कि पानकुँवर इंटरनेशनल स्कूल विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए प्रतिबद्ध है और इसी उद्देश्य से विद्यालय में समय-समय पर इस प्रकार के कार्यक्रम आयोजित किए जाते हैं। इस अवसर पर प्रधानाचार्य महोदय ने यह भी अवगत कराया कि विद्यालय 23 फरवरी 2025 को अपना प्रथम वार्षिकोत्सव मनाने जा रहा है। उन्होंने क्षेत्रवासियों से अपील की कि वे अपने बच्चों के साथ इस कार्यक्रम में भाग लें, बच्चों को आशीर्वाद प्रदान करें और विद्यालय के शिक्षकों व प्रबंधन समिति का उत्साहवर्धन करें।

# विशेष सफाई अभियान की इंदिरा नगर से हुई शुरूआत

उरई (जालौन), समृद्धि न्यूज।



स्वच्छ भारत मिशन (नगरीय) के अंतर्गत स्वच्छ सर्वेक्षण 2024 के तहत उरई में विशेष सफाई अभियान की शुरुआत की गई। इस अभियान का शुभारंभ जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय ने मुहल्ला इंद्रा नगर में किया। यह सफाई अभियान 21 फरवरी 2025 से 15 मार्च 2025 तक चलाया जाएगा, जिसका उद्देश्य नगर को स्वच्छ और सुंदर बनाना है। जिलाधिकारी ने साफ-सफाई कर स्थानीय निवासियों को स्वच्छता के महत्व के बारे में जागरूक किया।

उन्होंने कहा कि स्वच्छता केवल एक दिन का कार्य नहीं है, बल्कि इसे जीवन का अभिन्न हिस्सा बनाना चाहिए। उन्होंने लोगों से आग्रह किया कि वे घरों के कचरे को अलग-अलग डस्टबिन में डालें और खुले में कचरा न फेंकें। अभियान के दौरान नगर पालिका की टीमों ने गलियों, सड़कों और सार्वजनिक स्थलों की सफाई की। जगह-जगह कचरा डंपिंग पॉइंट्स की सफाई के साथ-साथ कचरा संग्रहण के लिए विशेष वाहन भी लगाए गए हैं। जिलाधिकारी ने नगरवासियों से अपील की कि वे अपने आसपास सफाई बनाए रखें और इस अभियान को सफल बनाने में प्रशासन का सहयोग करे। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी राजेन्द्र कुमार श्रीवास, नगर मजिस्ट्रेट राजेश कुमार वर्मा, अधिशासी अधिकारी नगर पालिका उरई सहित समाजसेवी व सफाईकर्मी मौजूद रहे।

# सड़कों पर उतरे वकील, सौंपा ज्ञापन, की निरस्त की मांग

**छिबरामऊ कन्नौज, समृद्धि न्यूज।**

यूपी के अलग-अलग जिलों में वकीलों ने कार्य बहिष्कार कर अधिवक्ता संशोधन बिल 2025 के खिलाफ विरोध प्रदर्शन किया। इसी कड़ी में बार एसोसिएशन छिबरामऊ (कन्नौज)अध्यक्ष अरविंद कुमार सिंह राठौर और महासचिव ललित प्रताप सिंह के नेतृत्व में सैकड़ों अधिवक्ता लामबंद होकर विरोध जताते हुए उपजिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपा। इसके पूर्व अध्यक्ष ने कहा कि विधि का शासन बनाए रखने के लिए निभीक एवं स्वतंत्र न्याय के तंत्र का होना अति आवश्यक है। अधिवक्ता न्याय के रथ का पहिया होता है। बाबा साहब अंबेकर ने संवैधानिक उपचारों को संविधान की आत्मा माना था। इन उपचारों की परिकल्पना अधिवक्ताओं के बगैर संभव नहीं है। राज्य का कर्तव्य है कि वह व्यवस्थापिका को न्यायपालिका से अलग रखने के लिए प्रतिबद्ध रहेगा। ऐसा लगता है कि अधिवक्ता अधिनियम में संशोधन इसी आधारभूत संरचना पर हमला करने की नीयत से ले गए हैं। महासचिव ललित प्रताप सिंह ने अपने संबोधन में कहा कि जब केन्द्रीय विधि मंत्री, अधिवक्ताओं के लिये मेडिक्लेम / जीवन बीमा प्रदान करने की घोषणा कर चुके हैं व पूरे देश का अधिवक्ता समाज एडवोकेट प्रोटेक्शन एक्ट की राह जोट रहा था, जिसका कि प्रारूप भी तैयार करके बार काउंसिल ऑफ उत्तर प्रदेश द्वारा लगभग 6 माह पूर्व



सरकार को प्रेषित किया जा चुका है। ऐसे में इन संशोधनों के स्वरूप, लक्षण व नियत पर प्रश्नचिन्ह स्वाभाविक रूप से उठ खड़े हुए हैं। इन संशोधनों द्वारा अधिवक्ताओं की सर्वोच्च संस्था भारतीय विधिज्ञ परिषद को केन्द्र सरकार द्वारा बाध्यकारी निर्देश देने के प्राविधान से धारा 49 (बी) से पूरी संस्था की स्वायत्तता व स्वतंत्रता खतरे में आ गयी है। शासन की नियत या निर्देशन जो भी हो, वह सर्वोच्च संस्था को पंगु बनाने के लिये एक खतरनाक शुरूआत है। उन्होंने कहा कि सर्वोच्च संस्था के निर्वाचित स्वरूप का जानबूझकर क्षरण किया गया है। भारतीय विधिज्ञ परिषद में 5 नामित सदस्यों का प्राविधान संस्था में अनावश्यक व किसी साजिश की ओर संकेत करता है। साथ ही परिषद के सभी सदस्य व पदाधिकारियों पर एक 5 सदस्यीय कमेटी का शिकंजा रखा गया है। परिषद के सदस्यों की जगह उच्च न्यायालय के न्यायमूर्ति की अध्यक्षता में कमेटी को सौंपे जाने का प्राविधान किया गया है। स्पष्ट है कि स्वायत्तशासी राष्ट्रीय व प्रादेशिक स्तर पर स्वायत्तशासी संस्था का लोकतान्त्रिक अस्तित्व एक झटके में खत्म करने का प्राविधान इन संशोधन में है। इस काले कानून के विरोध में पूरे देश का अधिवक्ता लामबंद है। यह आम जनता की न्याय की आस को भी धूल धूसरित करेगा। अतः इस एडवोकेट अमेंडमेंड बिल-2025 को तुरन्त वापस लिया जाये, अन्यथा अधिवक्ता गण पूरे देश में इस लड़ाई को लड़ने की रणनीति बनाने पर बाध्य होंगे। इसके लिए एसोसिएशन अध्यक्ष व महामंत्री की मौजूदगी में सभी अधिवक्ता लामबंद होकर एक ज्ञापन उप जिला अधिकारी को सौंपा। इसमें अध्यक्ष अरविंद कुमार सिंह राठौर, महासचिव ललित प्रताप सिंह के साथ अधिवक्ता, बादाम सिंह कुशवाहा, मोहम्मद मुफीद खान, चंद्रजीत यादव, राजेश शाक्य, राजीव हजेला,नेम सिंह यादव, अरवेश, पंकज मिश्रा,राजीव दीक्षित, देवेश मिश्रा, परसोत्तम तिवारी, राजकुमार बैस, कुलदीप चौहान, शिवेंद्र यादव, योगिन्द्र यादव,अमित राजपूत,ओमेंद्र सिंह पाल, अशोक चौहान, चरन जीत यादव, मोहित यादव,लाल बहादुर यादव, भैया लाल वर्मा, ब्रह्मदत्त, जितेन्द्र यादव, सचिन शाक्य सहित बड़ी संख्या अधिवक्तागण साथ रहे।

# आईटी सेल ने निरीक्षण कर कार्रवाई की दी चेतावनी

**छिबरामऊ कन्नौज, समृद्धि न्यूज।**

▶ डोर-टू-डोर पर लगे टिपर वाहन , नही ले रहे कूड़ा

आईटीसेल के द्वारा औचक निरीक्षण वार्ड नं0 11 इन्द्रानगर, 21 अशोक नगर, 08 मालवीय नगर, 19 सरोजनी नगर, 25 कृष्णा नगर में किया गया। अद्योहस्ताक्षरी के साथ प्रवेश कुमार आईटी सेल के द्वारा औचक निरीक्षण वार्ड नं. 11 इन्द्रानगर, 21 अशोक नगर, 08 मालवीय नगर, 19 सरोजनी नगर, 25 कृष्णा नगर में किया गया सरोजनी नगर में निरीक्षण के दौरान प्लाट पर गोवर पाया गया, एवं सड़क पर जानवर बंधे पाये गये, व प्लाट सफाई के बाद भी कूड़ा प्लांट में पाया गया, व कई प्लाट की सफाई नही करायी गयी। हैण्डपम्प नं. 19/9 संचालित अवस्था में नही पाया गया। डोर-टू-डोर पर लगे टिपर वाहन द्वारा जिगंल नही बजाया जा रहा है, टिपर वाहन कर्मचारी द्वारा से दरवाजा खट-खटा कर कूड़ा एकत्रित नही किया जा रहा है जिससे पूरे मिशन का पलीता लगाया जा रहा है। अतः उक्त कर्मचारी लखन कुमार को तत्काल रूप से सेवा से मुक्त करते हुए किसी अन्य कर्मचारी को वार्ड में लगाया जायें।

# कैंडल मार्च निकालकर की पीड़ित परिवार को न्याय दिलाने की मांग

**छिबरामऊ कन्नौज, समृद्धि न्यूज।**

नीट की तैयारी कर रही 17 वर्षीय छात्र राधेश्याम गर्ल्स हॉस्टल में संदिग्ध परिस्थितियों में हुई मौत कैंडल मार्च निकाल कर श्रद्धांजलि दी गई। बिहार के सासाराम जिले के वार्ड नंबर 11 निवासी सुनील कुमार की 17 वर्षीय पुत्री जो वाराणसी के भेलूपुर क्षेत्र स्थित रामेश्वरम गर्ल्स हॉस्टल में रह रही थी 1 फरवरी 2025 को संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई परिजनों द्वारा सुंयोजित हत्या बताई जा रही है और दोषियों को बचाने के लिए प्रशासन द्वारा हत्या को आत्महत्या का रूप दिया जा रहा है सभासद अमित शाक्य सचिन शाक्या रंजीत पाल सनी शाक्य युवराज शाक्य प्रवीण शाक्य ऋषभ साहब के आनंद साहब के अनूप विमल ने तिरंगा तिराहा से अस्पताल चौराहे तक कैंडल मार्च निकालकर पीड़ित परिवार को न्याय दिलाने की मांग की।




# प्राकृतिक आपदाओं से निपटने के लिए बताए तौर तरीके

**जलालाबाद, समृद्धि न्यूज़।**

गुगरापुर क्षेत्र के चांदापुर स्थित अविका डिग्री कॉलेज की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा आयोजित सात दिवसीय विशेष शिविर के द्वितीय दिवस पर एनएसएस लक्ष्य गीत के बाद योगासन किया गया। शिविर के इस दिन का मुख्य उद्देश्य प्राकृतिक आपदा प्रबंधन और बचाव के उपायों पर जागरूकता फैलाना था।

ताकि स्वयंसेवक और ग्रामीण दोनों आपदाओं से निपटने के लिए तैयार रहें। शिविर के पहले सत्र में प्राकृतिक आपदा प्रबंधन और बचाव पर कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस सत्र में एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी डॉ. पल्लवी यादव ने स्वयंसेवकों को प्राकृतिक आपदाओं,



शिविर में बचाव की जानकारी देते डॉ हरिओम

जैसे बाढ़, भूकंप, तूफान आदि के प्रभावों और उनसे बचने के उपायों के बारे में विस्तृत जानकारी दी। डॉ. सुरेंद्र कुमार ने आपदाओं से बचने के कुछ महत्वपूर्ण तरीकों पर प्रकाश डाला। कार्यशाला के बाद, द्वितीय सत्र में एनएसएस स्वयंसेवकों ने लालपुर ग्राम में एक जागरूकता अभियान चलाया। स्वयंसेवकों ने ग्रामवासियों को प्राकृतिक आपदाओं से बचाव के उपायों और सुरक्षा के तरीकों के बारे में जानकारी दी। इस दौरान, स्वयंसेवकों ने यह भी बताया कि आपदा के समय राहत कार्य कैसे किए जाते हैं। और सुरक्षित स्थानों की पहचान कैसे की जाती है। अंत में, सभी स्वयंसेवकों के साथ एक बौद्धिक गोष्ठी का आयोजन किया गया, जिसमें विभिन्न सामाजिक मुद्दों पर चर्चा की गई।

# पैथाना की प्रधान चुनीं गई निर्मला देवी, नगरिया में निर्विरोध हुई शशि

**तिर्वा, समृद्धि न्यूज।**

उमर्दा विकास खण्ड कार्यालय में शुक्रवार को ग्रामसभा पैथाना में प्रधान पद की मतगणना सम्पन्न हुई। इसमें स्व.प्रधान अशोक कुमार की पत्नी निर्मला देवी ने अपने प्रतिद्वंदी रामआसरे को 1089 मतों से हराकर चुनाव जीत लिया।

मतगणना के बाद निर्वाचन अधिकारी ने निर्मला देवी को जीत का प्रमाण पत्र सौंपा। उधर ग्राम सभा नगरिया की निर्विरोध निर्वाचित हुई प्रधान शशि राजपूत को भी निर्वाचन अधिकारी ने प्रमाण पत्र सौंपा। विकास खण्ड कार्यालय परिसर में सुबह 07 बजे से मतगणना की शुरूआत हुई। करीब तीन घण्टे तक चली मतगणना के बाद प्रधान पद की उम्मीदवार निर्मला देवी को 1514 मत मिले।



नगरिया की निर्विरोध प्रधान शशि को प्रमाण पत्र देते चुनाव अधिकारी व मौजूद ब्लाक प्रमुख उमर्दा

जबकि उनके प्रतिद्वंदी रामआसरे को महज 425 मतों पर संतोष करना पड़ा। इस तरह से चुनाव अधिकारी विपिन कुमार ने निर्मला देवी 1089 मतों से विजयी घोषित किया गया। विदित हो कि ग्राम सभा पैथाना में अशोक कुमार के निधन पर उपचुनाव कराया गया था। जिसमें उनकी पत्नी निर्मला देवी व रामआसरे ने नामांकन किया था। मतदान के दिन करीब 44 प्रतिशत मतदाताओं ने अपने वोट डाले थे। इसके अलावा नौरंगपुर नगरिया ग्रामसभा में भी प्रधान पद का उपचुनाव हुआ था। जिसमें शशि राजपूत के विरोध में किसी ने नामांकन नहीं किया था। जिस बजह से उनके निर्विरोध चुने जाने की संभावनाएं बन गई थी। शुक्रवार को निर्वाचन अधिकारी ने शशि राजपूत को भी जीत का प्रमाण पत्र सौंप दिया।

## खबरें एक नजर में

### शराब सहित महिला गिरफ्तार

**गुरसहायगंज, कन्नौज।** अपराध पर नियंत्रण व अपराधियों की तलाश में गश्त कर रही कोतवाली पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर एक महिला को 05 लीटर अवैध शराब सहित महिला को हिरासत में लेकर विधिक कार्रवाई की है। कोतवाली पुलिस के उपनिरीक्षक मोहनलाल ने मुखबिर की सूचना पर ग्राम डिलिय्याभूड़ में हरिराम के घर छापेमारी की। जहां उसकी पत्नी गुड्डी देवी को 05 लीटर अवैध शराब सहित हिरासत में ले लिया और कोतवाली ले आई। इसके बाद उसके विरुद्ध दफा 60 के तहत अभियोग पंजीकृत का विधिक कार्रवाई की है।

### मार्ग दुर्घटना में महिला घायल, रिपोर्ट दर्ज

**गुरसहायगंज, कन्नौज।** तेजी व लापरवाही से आ रहे मोटरसाइकिल सवार ने महिला के जोरदार टक्कर मार दी। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गई। मौके पर स्थानीय लोगों की भीड़ एकत्रित हो गई। बाइक चालक बाइक छोड़कर मौके से फरार हो गया। घायल महिला को उसके परिजनों ने एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया। इसके बाद घायल महिला के पुत्र ने कोतवाली पुलिस को तहरीर देकर रिपोर्ट दर्ज कराई है। नगर के मोहल्ला किदवई नगर निवासी राशिद पुत्र अब्दुल अजीज ने कोतवाली में दर्ज कराई रिर्पोअ में कहा है कि मंगलवार की सुबह करीब 9.30 बजे वह अपनी मां के साथ कहीं बाहर जाने के लिए नगर के तिराहा पर खड़ा था। तभी विपरीत दिशा से अनियंत्रित गति से चली आ रही मोटरसाइकिल ने उसकी मां के जोरदार टक्कर मार दी थी। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गई। इसके बाद पुत्र ने स्थानीय लोगों की मदद से घायल महिला को नगर के निजी अस्पताल में भर्ती कराया। पीड़ित पुत्र की तहरीर पर कोतवाली पुलिस ने मामले की रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### हाइवे पर कार की टक्कर से साइकिल सवार की मौत

**गुरसहायगंज, कन्नौज।** मजदूरी कर वापस साइकिल से अपने घर जा रहे हैं युवक को अनियंत्रित गति से चली आ रही कार ने जोरदार टक्कर मार दी। जिससे साइकिल सवार युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। सूचना पर पहुंचे परिजन घायल युवक को सौ सैया अस्पताल ले गए। जहां चिकित्सक ने उसे मृत घोषित कर दिया। शुक्रवार की शाम करीब 6.40 बजे कोतवाली क्षेत्र के ग्राम रौतामई निवासी अवधेश (42) पुत्र रमेश चंद्र कश्यप मजदूरी कर साइकिल से वापस अपने घर जा रहा था। तभी गांव के सामने ही तेजी व लापारवाही से चली आ रही चार पहिया कार ने उसकी साइकिल में जोरदार टक्कर मार दी। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। मौके पर पहुंचे परिजन युवक को आनन-फानन में सौ सैया अस्पताल छिबरामऊ ले गए। जहां डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। मृतक की पत्नी विनीता देवी ने बताया कि उसके 04 बच्चे है। जिसमे 02 बेटियां और 02 बेटे है।

## हादसे से बचाव के लिए ट्रैक्टर-ट्रॉलियों में लगाएं रिफ्लेक्टर टेप

**कन्नौज, समृद्धि न्यूज़।** दुर्घटनाओं की रोकथाम के लिए यातायात पुलिस ने ट्रैक्टर-ट्रॉलियों में रिफ्लेक्टर टेप लगाएं। यातायात प्रभारी आफ़ाक़ खां के नेतृत्व में जेंवा टोल प्लाजा पर ट्रैक्टर- ट्रॉलियों में रुक- रुक कर रिफ्लेक्टर टेप लगाए गए। यातायात प्रभारी ने बताया कि इस समय किसान आलू की खुदाई करवा रहे हैं। जिससे हाईवे पर दिन- रात ट्रैक्टर-ट्रॉलियों की आवाजाही बनी हुई है। अधिकांश ट्रैक्टर- ट्रॉलियों में पीछे रेट्रो रिफ्लेक्टर टेप नहीं लगे होते जिससे वे दूर से दिखाई नहीं देते। इससे अन्य वाहनों के टकराने की संभावना बढ़ जाती है। जिससे गंभीर सड़क दुर्घटनाएं हो सकती हैं। इसके अतिरिक्त कई वाहन चालकों को ब्रेथ एनालाइजर के माध्यम से अल्कोहल की मात्रा की जांच की गई। साथ ही टोल प्लाजा के आगे स्थित ढाबों के आसपास अनियंत्रित एवं खतरनाक ढंग से खड़े ट्रकों के खिलाफ भी कार्यवाही की गई जिसके तहत कई ट्रकों के चालान किए गए।

# मार्ग दुर्घटना में कार सवार पांच श्रद्धालु घायल

▶ हाइवे पर पीछे से ट्रक में घुसी अनियंत्रित कार

**गुरसहायगंज, कन्नौज, समृद्धि न्यूज।**

प्रयागराज महाकुंभ से स्नान कर घर लौट रहे कार सवार पांच लोग मार्ग दुर्घटना में घायल हो गए। हाइवे पर नीलगाय को बचाने के प्रयास में ट्रक चालक ने ब्रेक लगा दी। तभी कार ट्रक में पीछे से जा घुसी। इससे कार में सवार पांच लोग घायल हो गए। जिन्हे कोतवाली पुलिस ने नगर के सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में भर्ती कराया गया। जिसमें चार श्रद्धालुओं को मेडिकल कालेज तिर्वा रेफर कर दिया गया। शुक्रवार की सुबह लगभग 04.15 बजे समधन स्थित हाइवे के ओवरब्रिज पर कार अनियंत्रित होकर आगे चल रहे ट्रक में पीछे से घुस



कोतवाली में खड़ी दुर्घटनाग्रस्त कार।

गई। इससे कार में सवार प्रयागराज से स्नान कर घर लौट रहे दिल्ली के उत्तम नगर निवासी राजेश सिंघल (50) पुत्र रामकुमार, मीना सिंघल (47) पत्नी राजेश, कार्तिक (24) व क्षितिज (21) पुत्र राजेश सिंघल व चालक दिल्ली के अशोक बिहार भारत नगर निवासी गौरव (38) रामापासी गंभीर रुप से घायल हो गए। जबकि चालक ट्रक सहित फरार हो गया। सूचना पर पहुंची कोतवाली पुलिस ने घायलों को एंबुलेंस की सहायता से नगर के सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में भर्ती कराया। जिन्हे उपचार के बाद मेडिकल कालेज रेफर कर दिया गया। पुलिस ने क्षतिग्रस्त कार को हाइवे से हटाकर कोतवाली पहुंचाया और मार्ग को बहाल कराया।

# किसान से 39 हजार रुपये की नगदी लूटी

**गुरसहायगंज, कन्नौज, समृद्धि न्यूज।**

घर से बिल्डिंग मैटेरियल की दुकान पर रुपये जमा करने जा रहे किसान ने दो युवकों ने मारपीट की और 39 हजार रुपये छीनकर बाइक से फरार हो गए। किसान ने लोगों से मदद की गुहार लगाई। लेकिन किसी ने उसकी मदद नहीं की। इसके बाद किसान निराश होकर घर चला गया। घटना के दूसरे दिन किसान ने कोतवाली पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की। ग्राम तिसौली निवासी किसान पप्पू पुत्र देवी दयाल ने कहा कि वह गुरुवार की दोपहर करीब 01.30 बजे साइकिल से तेराजाकेट बिल्डिंग मैटेरियल की दुकान पर रुपये जमा करने जा रहा था। तभी रास्ते में एक अज्ञात युवक ने उससे मदद मांगी। जिससे उसने उसे साइकिल पर बैठा लिया। तभी तेराजाकेट तालग्राम मार्ग स्थित कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय के सामने युवक ने अपने बाइक सवार अन्य साथी के सहयोग से उसे पकड़ लिया और मारपीट करते हुए उसके पास से 39 हजार की नगदी छीन ली। किसान ने शोर मचाकर मदद की गुहार लगाई। लेकिन तब तक लुटेरे बाइक से फरार हो गए।

मामले में चौकी प्रभारी सराय प्रयाग प्रदीप कुमार ने बताया कि घटना संदिग्ध लग रही है। पीड़ित ने दूसरे दिन तहरीर दी है। मामले की जांच पड़ताल की जा रही है।

# चौकीदार ग्रामीण व शहरी सुरक्षा व्यवस्था की आधारशिला: एसपी

**कन्नौज, समृद्धि न्यूज़।**

पुलिस अधीक्षक विनोद कुमार ने पुलिस लाइन में जनपद के ग्राम प्रहरी ( गांव पुलिस ) को ग्रीष्म ऋतु के मद्देनज़र आवश्यक वर्दी, सीटी डोरी, डंडा, साफा, छाता, टॉर्च , पानी की बोतल एवं अन्य जरूरी सामान वितरित किया। इस अवसर पर एसपी ने ग्राम प्रहरी (गांव पुलिस) की सुरक्षा व्यवस्था में अहम भूमिका को रेखांकित करते हुए उन्हें अपने कर्तव्यों के प्रति सतर्क और अनुशासित रहने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि चौकीदार ग्रामीण एवं शहरी सुरक्षा व्यवस्था की आधारशिला हैं। और



ग्राम प्रहरी को सामग्री वितरित करते एसपी

उनकी सतर्कता से अपराधों की रोकथाम में महत्वपूर्ण सहयोग मिलता है। इस अवसर पर अपर पुलिस अधीक्षक कन्नौज व अन्य अधिकारी कर्मचारीगण मौजूद रहे। कन्नौज पुलिस का यह प्रयास सुरक्षा व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

# अलग-अलग स्थानों पर महिलाओं से की मारपीट

▶ पीड़िता ने पुलिस को तहरीर देकर आरोपित के विरुद्ध की कार्रवाई की मांग

**गुरसहायगंज, कन्नौज, समृद्धि न्यूज।**

किसी भी बात को लेकर गांव व मोहल्ले के लोगों ने दरवाजे पर आकर महिला के साथ गाली गलौज शुरू कर दी। विरोध करने पर मारपीट कर घायल कर दिया और जान से मारने की धमकी भी दी। पीड़िता ने कोतवाली पुलिस को तहरीर देकर आरोपित के विरुद्ध कार्रवाई की मांग की है। ग्राम गंगागंज गुरौली निवासिनी नीलम मिश्रा पत्नी विकास मिश्रा ने कोतवाली पुलिस को दिए गए शिकायती पत्र में कहा कि 18 फरवरी की शाम करीब 07 बजे गांव के ही सुखदेव दुबे ने किसी विवाद को लेकर उसके दरवाजे पर आकर गाली गलौज शुरू कर दी। विरोध करने पर मारपीट कर घायल कर दिया और जान से मारने की धमकी भी दी। जबकि नगर के मोहल्ला गांधी नगर निवासिनी चांदनी पुत्री अलमसाद ने कोतवाली पुलिस को दिए गए शिकायती पत्र में कहा है कि शुक्रवार की दोपहर 1.30 बजे मोहल्ले के ही चार लोगों ने घर में घुसकर उसके साथ गाली गलौज शुरू कर दी। विरोध करने पर मारपीट कर घायल कर दिया और फोन पर गाली गलौज कर जान से मारने की धमकी भी दी। पीड़िता की तहरीर पर कोतवाली पुलिस ने दोनों मामले की जांच शुरू कर दी है।

## पुत्रवधू व ससुर को मारपीट कर किया घायल

**गुरसहायगंज, कन्नौज।** दरवाजे पर बैठे युवक से गांव के ही लोगों ने गाली गलौज शुरू कर दी। विरोध करने पर लाठी-डंडो से मारपीट कर घायल कर दिया और बीच बचाव में आई उसके पुत्र की पत्नी से भी घर में घुसकर गाली गलौज व मारपीट कर जान से मारने की धमकी भी दी। पीड़ित ने कोतवाली पुलिस को तहरीर देकर आरोपितों के विरुद्ध कार्रवाई की मांग की है। ग्राम रौरा निवासी राजेंद्र सिंह पुत्र विश्वनाथ सिंह ने कोतवाली पुलिस को दिए गए शिकायती पत्र में कहा है कि 12 फरवरी की शाम करीब 08 बजे जब भाई अपने दरवाजे पर बैठा था तभी गांव के वीरेंद्र सिंह उर्फ कल्लू शराब के नशे में धुत होकर आया और गाली गलौज करने लगा। विरोध करने पर मारपीट की। तभी वहां वीरेंद्र की पत्नी किरण व महेश सिंह लाठी डंडा लेकर आए और मारपीट शुरू कर दी। जब पीड़ित की पुत्रवधू बीच बचाव में आई तो दबंगों ने घर में घुसकर तोड़फोड़ शुरू कर दी और साथ ही पुत्रवधू को भी मारपीट कर घायल कर दिया। पीड़ित के तहरीर पर कोतवाली पुलिस ने मामले की रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# वॉलीबॉल प्रतियोगिता में तालग्राम की टीम रही विजेता




प्रमाण पत्र के साथ मौजूद टीम के खिलाड़ी

**कन्नौज, समृद्धि न्यूज़।**

जनपद स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिताओं में खिलाड़ियों ने अपना अपना दम दिखाया। और अपनी टीम को जीत दिलाई। नेहरू युवा केंद्र के तत्वावधान में प्रोमोशन ऑफ फिट इंडिया फिटनेस क्लब्स के अंतर्गत दो दिवसीय खेलकूद प्रतियोगिता का समापन कन्हैयालाल सरस्वती इंटर कॉलेज में हुआ। जिला युवा अधिकारी प्रतिमा वर्मा ने सभी खिलाड़ियों और रेफरी का स्वागत किया। वॉलीबॉल में तालग्राम की टीम विजेता एवं हसेरन की टीम उपविजेता रही। वहीं महिलाओं की कबड्डी में हसेरन की टीम विजेता और कन्नौज की टीम उपविजेता रही। 400 दौड़, स्लो साइकिल रेस, बैडमिंटन में प्रथम, द्वितीय और तृतीय विजेताओं को पुरस्कृत किया गया। सभी विजेता एवं उपविजेता प्रतिभागियों को मोमेंटो , शील्ड एवं प्रमाण पत्र भेंट कर उत्साहवर्धन किया। इसके साथ ही सभी वॉलीबॉल एवं कबड्डी टीमों को वॉलीबॉल और कबड्डी किट वितरण किया गया। रेफरी के रूप में स्पोर्ट्स टीचर अभिषेक दुबे एवं श्रवण कुमार ने निर्बाध रूप से खेल संपन्न कराए। जिला युवा अधिकारी ने प्रधानाचार्य जितेंद्र सिंह, अभिषेक दुबे एवं श्रवण कुमार को मोमेंटो और अंगवस्त्र भेंट कर सम्मानित किया।




## लंबे ट्रक में फंसी कार को निकाला

**छिबरामऊ, कन्नौज।** सौरिख से बेवर के तरफ जा रहे लंबे ट्रक जैसे ही पूर्वी बाईपास पहुंचा फोर व्हीलर भारतीय किसान यूनियन किसान लिखी ट्रक के पीछे फंसी स्थानीय लोगों ने व मुश्किल निकल पाई। पूर्वी बाईपास पर सौरिखसे बेवर की तरफ जा रहा लंबा ट्रक बेवर से आ रही फोर व्हीलर जिस पर भारतीय किसान यूनियन किसान लिखा हुआ है जिसमें पुलिस की टोपी रखी हुई थी सादा वर्दी में कोई उप निरीक्षक बैठे थे पूर्वी बाईपास जैसे ही मोड़ पर ट्रक के पीछे हिस्से में फंस गई जैसे तैसे हादसा होते हुए बचा गाड़ी को बाहर निकाल लंबा जाम लग गया। जीटी रोड पर लगा लंबा जाम घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस 112 मौके पर पहुंची स्थानीय लोगों की मदद से कार को ट्रक से निकल गया तब कहीं जाम खोल सका।

# जेल में बंदियों ने किया संगम जल से पवित्र स्नान

▶ जेल में गूंजा हर- हर गंगे का उद्घोष

**जलालाबाद, समृद्धि न्यूज़।**

जेल में बंदियों ने गंगा के पवित्र जल से स्नान किया। इसके साथ ही पूरी आस्था के साथ पूजन-अर्चना भी की गई। संगम नगरी प्रयागराज में चल रहे महाकुंभ तक न पहुंच पाने वाले बंदियों को जेल के अंदर ही गंगाजल से स्नान कराया गया। शुक्रवार को जिला जेल में बंदियों ने महाकुंभ से आए जल में स्नान कर पुण्य हासिल किया। शासन के निर्देश पर जेल प्रशासन ने अनूठी पहल करते हुए जेल के अंदर ही बंदियों को त्रिवेणी के जल से स्नान की व्यवस्था कराई। इसके लिए जेल में कलश स्थापित कर उसे प्रयागराज से लाए गए जल से भरा गया। इसके लिए जेल प्रशासन की ओर से विशेष व्यवस्था की गई।



स्नान के दौरान बंदी हर- हर गंगे का उद्घोष करते रहे। क्षेत्र के अनौगी स्थित जिला कारागार कन्नौज में महाकुंभ कलश के कार्यक्रम का आयोजन किया गया। महाकुंभ से लाएं गये पवित्र जल का कलश स्थापित कर पूजा अर्चना की। तत्पश्चात कारागार में निरूद्ध सभी बंदियों (महिला एवं पुरूष) द्वारा संगम जल से स्नान कर पुण्य कमाया। उक्त कार्यक्रम के दौरान सभी बंदियों में अति उत्साह व श्रद्धाभाव देखा गया। इस दौरान जेल अधीक्षक मो. अकरम खाॅ, कारापाल विजय कुमार शुक्ला, प्रभारी मुख्य कार्यालय पंकज कुमार, जेल वार्डर सुनील कुमार मिश्रा सहित आदि रहे।

# भाजपा सरकार में शिक्षा, चिकित्सा ध्वस्त, महंगाई चरम परः डॉ. जितेंद्र सिंह यादव

- सपा सरकार में बनवाये गये लोहिया अस्पतालों में नहीं मिल रहा समुचित इलाज
- आने वाले चुनाव में पीडीए के अलावा जनता के पास कोई दूसरा विकल्प नहीं


51 किलो की माला पहनाकर प्रदेश सचिव का स्वागत करते समर्थक


जनता को संबोधित करते प्रदेश सचिव डॉ. जितेंद्र सिंह यादव


पीडीए का फोल्डर दिखाते जितेंद्र सिंह यादव व स्थानीय लोग

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।

समाजवादी पार्टी द्वारा पीडीए जागरुकता जन चौपाल के तहत 193 विधानसभा अमृतपुर में कई कार्यक्रम आयोजित किये गये। जिसमें बड़ी संख्या में लोगों ने भाग लिया। अमृतपुर विधानसभा के हरसिंहपुर, अमलैया आशानंद, खिनमिनी, शुकरुल्लापुर, कांधेमई मिल्किया बूथों पर पीडीए जागरुकता जन चौपाल का आयोजन हुआ। समाजवादी पार्टी के प्रदेश सचिव व अमृतपुर विधानसभा के पूर्व प्रत्याशी डॉ. जितेंद्र सिंह यादव का कार्यकर्ताओं ने गर्मजोशी के साथ स्वागत किया। अपने बीच जमीनी नेता को देख वह काफी उत्साहित दिख रहे थे। इस दौरान 51 किलो का फूल माला पहनाकर प्रदेश सचिव डॉ. जितेंद्र सिंह यादव का स्वागत किया गया। उन्होंने समाजवादी पार्टी की सरकार में कराये गये विकास कार्यों व जन कल्याणकारी योजनाओं की लोगों को जानकारी देते हुए कहा कि समाजवादी पार्टी की सरकार में सभी का ध्यान रखा गया। पार्टी के संरक्षक नेताजी मुलायम सिंह यादव जी ने चुंगी समाप्त कर किसानों से होने वाली अवैध वसूली को खत्म करने का काम किया। सपा सरकार में डॉ. राम मनोहर लोहिया जैसे अस्पतालों की स्थापना की गई और देश प्रदेश की जनता को बेहतर चिकित्सा सुविधा देने का काम किया, लेकिन भाजपा सरकार में जनता को न तो अच्छी, सस्ती चिकित्सा मिल रही है और न ही बच्चों को अच्छी शिक्षा। जब हमारे बच्चे शिक्षित होंगे, तभी समाज आगे बढ़ेगा और देश की तरक्की होगी। भाजपा सरकार में महंगाई चरम सीमा पर है। हर चीज पर टैक्स इतना बढ़ा दिया है कि हर व्यक्ति परेशान है, भाजपा की तानाशाही के चलते कोई उनके खिलाफ बोलने की हिम्मत नहीं जुटा पा रहे हैं। पार्टी के मुखिया व पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव का पीडीए संदेश लेकर हम आये हैं। आने वाले चुनाव में पीडीए को लाना जनता की मजबूरी होगी। उन्होंने कहा कि जब समाजवादी पार्टी की सरकार थी, तब दाल, चीनी, आटा का भाव क्या था और आज भाजपा की सरकार में क्या भाव हैं, सब जानते हैं। गरीब दो वक्त की रोटी सही से नहीं खा पा रहा है। उस समय मोटर साइकिल 40 से 45 हजार में मिलती थी और अब भाजपा की सरकार में एक लाख में मिल रही है। महंगाई चरम सीमा पर पहुंच चुकी है। सपा प्रदेश सचिव ने कार्यक्रम में आये सभी लोगों का आभार व्यक्त किया। जिलाध्यक्ष चंद्रपाल सिंह यादव ने भी सपा सरकार की उपलब्धियां गिनायीं। हरसिंहपुर में सुमित यादव छोटू, अमलैया आशानंद में वीके गंगवार, खिनमिनी में पूर्व जिला पंचायत सदस्य भजन लाल यादव, सादिकपुर में जिला उपाध्यक्ष बृजेश पाल, काँधेमई मिल्किया में शेर सिंह प्रधान रिंकू यादव के यहां जन चौपाल लगाई गई। इस मौके पर विधानसभा अध्यक्ष भोला यादव, उपाध्यक्ष सुरेंद्र सिंह गौर, साजिद अली खान, अनुराग यादव, अखिलेश मिश्रा, रानू गंगवार, अजीत यादव, शुभमराय हनी, विनय यादव, मोहम्मद साहिद खान, अमन सूर्यवंशी, आदेश यादव, अमीर सिंह यादव, मास्टर हरीराम, सर्वेश यादव, संजीव यादव, अभय यादव, आशीष यादव, नागेंद्र यादव आदि लोग मौजूद रहे।

## मानव भाषा का उद्गम भारत में ही हुआ थाः सुनीत सिद्धार्थ

कायमगंज, समृद्धि न्यूज।

मातृभाषा दिवस पर साधना निकुंज एवं अनुगूंज के संयुक्त तत्वावधान में कृष्णा प्रेस परिसर सदवाड़ा में आयोजित परिचर्चा में प्रोफेसर रामबाबू मिश्र रत्नेश ने कहा कि विश्व के सभी देशों में प्राथमिक शिक्षा मातृभाषा में ही दी जाती है। भारत सरकार ने भी इस दिशा में पहल की है। प्राथमिक शिक्षा का माध्यम मातृभाषा होने से ज्ञान का प्रवाह सहज और सरल हो जाता है। यह प्रावधान प्राइवेट स्कूलों पर भी सख्ती से लागू होना चाहिए। उत्तर प्रदेश विधानसभा में क्षेत्रीय भाषाओं को बढ़ावा देने का कदम अभिनंदनीय है, लेकिन उर्दू की बात करना मात्र सियासी फुचाड़ा है। उर्दू न तो भाषा है न बोली वह तो केवल लिपि है और खड़ी बोली हिंदी की एक विशिष्ट शैली है। प्रधानाचार्य शिवकांत शुक्ला और पूर्व प्रधानाचार्य अहिबरन सिंह गौर ने कहा कि शिशु भाषा का ज्ञान पाठ्य पुस्तकों से नहीं बल्कि माता से प्राप्त करता है। बालक की तोतली बातों से बोली और बोली से भाषा का विस्तार होता है। बीएस तिवारी, जेपी दुबे और डॉक्टर सुनीत सिद्धार्थ ने कहा कि मानव भाषा का उद्गम भारत में ही हुआ था। अतीत में मातृभाषा संस्कृत विश्व की सारी भाषाओं की जननी है। गीतकार पवन बाथम ने कहा कि-मां से घुट्टी में मिले अमर रहें वे शब्द। इन शब्दों से ही करो ज्ञान राशि उपलब्ध ।। युवा कवि अनुपम मिश्रा ने कहा कि-जिस बोली में मां करे बच्चों से संवाद। उसे बोली में दीजिए उसको ज्ञान प्रसाद।। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे प्रोफेसर कुलदीप आर्य ने कहा कि मातृभाषा की प्रतिष्ठा करना प्रत्येक नागरिक का मौलिक कर्तव्य है और सरकार का दायित्व।

## न्यायालय के आदेश पर महिला समेत पांच के विरुद्ध मुकदमा दर्ज

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।

न्यायालय विशेष न्यायाधीश एस.सी.एस.टी. के आदेश पर कोतवाली फतेहगढ़ पुलिस ने महिला सहित पांच लोगों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर जांच पड़ताल शुरु कर दी है।

पीड़िता राममूर्ति पत्नी स्व. रामशरण निवासी नेकपुर कला कोतवाली फतेहगढ़ की निवासिनी हरिजन जाति की है। पीड़िता की नातिन कुमारी शिवानी पुत्री रामनिवास को मोहल्ले का सूरज यादव व मुन्नी देवी व प्रशांत यादव दिनांक 20.09.2022 को बहला फुसलाकर भगा ले गये थे। जिसकी सूचना पीड़िता के पुत्र रामनिवास ने चौकी कर्नलगंज में दी थी। पुलिस ने रिपोर्ट न लिखकर मुल्जिानों पर दबाव बनाकर लड़की वापस करा दी थी। दिनांक 30.09.2022 को सूरज यादव ने ट्रेन से कटकर आत्महत्या कर ली थी। पुलिस पीड़िता की नातिन शिवानी को पूछताछ हेतु बुला ले गई और उसे वन सेन्टर लोहिया अस्पताल में रखा। दिनांक 08.10.2022 को शिवानी मौका पाकर लोहिया अस्पताल से रात 9 बजे निकल आई। रास्ते में नेकपुर पुल के नीचे बन्टी यादव, प्रशांत यादव शिवानी को जबरदस्ती अपने घर पकड़कर ले गये। वहाँ पर मुन्नी यादव, सुनील व सागर मौजूद थे। इन पाँचों ने मिलकर शिवानी को जबरदस्ती नशीला पदार्थ खिला दिया और मारपीट कर मरणासन्न अवस्था में रेलवे ट्रेक पर जहाँ सूरज यादव कटा था वहीं फेंक दिया, लेकिन शिवानी का पैर कट गया था। जिससे वह बच गयी। उसे डॉ. राममनोहर लोहिया अस्पताल में भर्ती कराया गया था। हालत गम्भीर होने पर केजीएमयू अस्पताल रेफर कर दिया गया। जहाँ उसका इलाज करीब 2 माह चला। पीड़िता के पुत्र रामनिवास ने दिनांक 11.10.2022 को उक्त पाँचों के खिलाफ मुकदमा अपराध संख्या 461/2022 धारा-147, 307, 506, 120बी आईपीसी व (1) द व 3 (1) घ व 3(2)(5) एससी/एसटी. एक्ट के तहत कोतवाली फतेहगढ़ में पंजीकृत कराया गया। मुकदमा पंजीकृत होने के बाद उक्त मुल्जिमानों ने मुझ पीड़िता व पुत्र रामनिवास को धमकी दी कि साले चमरों मुकदमा वापस कर लो वर्ना तुम लोगों की भी हत्या कर देंगे तथा लाश को मिलने नहीं देंगें। पीड़िता का पुत्र रामनिवास घर से यह कहकर गया था कि लखनऊ शिवानी को देखने जा रहा है, परन्तु वह लखनऊ नहीं पहुँचा। रास्ते से ही उक्त लोगों ने रामनिवास को गायब कर दिया। मुल्जिमान पिछड़ी जाति के यादव दबंग प्रवृत्ति के व्यक्ति है। मुल्जिमान मोहल्ले में ऐलानिया कहते हुए घूम रहे है कि मैं साले रामनिवास को मारकर फेंक दिया है। उसकी लाश भी नहीं मिलने दी। पीड़िता को पूर्ण आशंका है कि उक्त लोगों ने ही पीड़िता के पुत्र को गायब कर दिया है।

इस सम्बन्ध में पीड़िता ने कई प्रार्थना पत्र कोतवाली फतेहगढ़ पुलिस को दिये। इसके बाद पीड़िता ने पुलिस अधीक्षक को दिनांक 29.01.2025 को रजिस्टर्ड डाक से प्रार्थना पत्र दिया। जिस पर कोई कार्यवाही नहीं हुई। पीड़िता ने मजबूर होकर न्यायालय की शरण ली। न्यायालय के आदेश पर पुलिस ने मुकदमा पंजीकृत कर लिया।

## दीवाल पर प्लास्टर करने का विरोध करने पर दबंगों ने टकोरे से बोला हमला, की फायरिंग

मोहम्मदाबाद, समृद्धि न्यूज।

कोतवाली क्षेत्र के ग्राम सखुली मदनपुर निवासी जगरूप सिंह के पुत्र योगेश सिंह ने कोतवाली मोहम्मदाबाद में दी गयी तहरीर में कहा कि प्रार्थी सुबह लगभग 9 बजे अपनी दीवाल पर प्लास्टर करवा कर रहा था, तभी पड़ोस के शैलेन्द्र सिंह, उमेश सिंह पुत्रगण श्रीकृष्ण जाटव ने प्लास्टर करने से मना किया और पीड़ित के साथ गाली-गलौज करने लगा। जब पीड़ित ने गाली देने से मना किया तो शैलेन्द्र सिंह, उमेश सिंह पुत्रगण श्रीकृष्ण जाटव तथा दिलीप, प्रांशु, रोमिल पुत्रगण उमेश, रूपा पत्नी अनिल कुमार व पूजा, रीता पुत्री श्रीकृष्ण, श्रीकृष्ण पुत्र राम दयाल ने पीड़ित के साथ लात-घूसों व लाठी-डंडे से मारपीट कर दी। जब पीड़ित को बचाने उसके पिता जगरूप सिंह तथा चाचा योगराज तथा भाई उदयवीर आये, तो शैलेन्द्र सिंह ने योगराज व जगरूप सिंह पर टकोरे से हमला कर दिया तथा शैलेन्द्र तथा उमेश सिंह ने दो फायर किए। एक गोली खंभे से टकराकर पीड़ित के चाचा की भौं से रगड़ती हुई निकल गई है। पीड़ित का परिवार भयभीत है। पुलिस उक्त घायलों का सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मोहम्मदाबाद में भर्ती कराया। मदनपुर चौकी इंचार्ज रमेश सिंह ने बताया योगेश चौकी आया था, लेकिन उसने चौकी पर गोली चलने की घटना का जिक्र नहीं किया। जिसका वीडियो उन्होंने पूछताछ के समय बनाया। वह घटनास्थल पर भी गये तथा गोली चलने की कोई जानकारी नहीं मिली। दोनों पक्षों में मारपीट हुई तथा दूसरा भी घायल हुआ है। जिसकी तहरीर अभी नहीं मिली है।

## खबरें एक नजर में

### मारपीट कर घायल करने का मुकदमा दर्ज

कमालगंज, समृद्धि न्यूज। पड़ोसी जनपद के थाना सौरिख निवासी सलमा बानो ने थाना कमालगंज में शिकायत कर बताया दिनांक 19.02.2025 को सुबह 11.00 बजे आरिफ रजा सिद्दीकी पुत्र रहीसुल हसन निवासी ग्राम भड़ौसा थाना जहानगंज ने नए मोबाइल नंबर से कॉल करके पीड़िता को रेलवे स्टेशन कमालगंज बुलाया एवं पीड़िता के साथ मारपीट कर जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने शिकायत के आधार पर सुसंगत धाराओं में मुकदमा पंजीकृत कर लिया।

### मस्जिद का ताला तोड़कर गुल्लक चोरी

कंपिल, समृद्धि न्यूज। चोरों ने मस्जिद का ताला तोड़कर उसमें रखी गुल्लक को चोरी कर लिया। सुबह ग्रामीणों ने मामले की सूचना पुलिस को दी। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर लिया। जानकारी के अनुसार क्षेत्र के गांव समाउद्दीनपुर में स्थित मस्जिद में शुक्रवार को बीती रात चोरों ने दरवाजे का ताला तोड़ दिया तथा मस्जिद में रखी गुल्लक को चोरी कर लिया। सुबह मस्जिद गए ग्रामीणों को घटना की जानकारी हुई। मौके पर ग्रामीणों की भीड़ जमा हो गई। ग्रामीणों ने मामले की सूचना थाना पुलिस को दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने जांच पड़ताल की। पुलिस ने ग्रामीणों के सहयोग से आसपास क्षेत्र में भी गुल्लक की तलाश की, लेकिन सफलता नहीं मिली। ग्रामीणों के अनुसार गुल्लक में लाखों रुपए की नगदी थी। ग्रामीणों ने मामले की तहरीर पुलिस को दी। पुलिस ने तहरीर के आधार पर चोरी का मुकदमा दर्ज कर लिया। थाना प्रभारी विश्वनाथ आर्या ने बताया तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर दिया गया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

### रिश्वतखोर एएनएम से ग्रामीण परेशान

कमालगंज, समृद्धि न्यूज। जन्म प्रमाण पत्र पर हस्ताक्षर करने के नाम पर एएनएम ने 500/- रुपये की मांग की। जानकारी के अनुसार ब्लाक कमालगंज के गांव भड़ौसा में एएनएम बबली ने जन्म प्रमाण पत्र पर हस्ताक्षर करने के नाम पर 500/- रुपये की मांग की। जिससे लोग खासे परेशान हैं। ग्रामीणों का कहना है कि वह बमुश्किल अपने बच्चों का भरण पोषण कर पाते हैं। ऊपर से रिश्वत के रुपये कहां से लायें। पीड़ित ग्रामीणों ने अपनी आपबीती मीडिया को बतायी।

### बटाईदार की भैंस रात में हुई गायब, दी तहरीर

मोहम्मदाबाद, समृद्धि न्यूज। कस्बा मोहम्मदाबाद के कबीर नगर निवासी पप्पू पुत्र लालता प्रसाद ने रोहिला निवासी रामादीन से तीन वर्ष पूर्व बटाई पर भैंस पालने हेतु ली थी। पप्पू मजदूरी कर परिवार का पालन पोषण करता है तथा भैंस की देखभाल किया करता था। बीती रात्रि पीड़ित की भैंस खूंटे से गायब हो गई। पीड़ित ने रात भर भैंस को सब जगह खोजा, पर भैंस नहीं मिली। जब पीड़ित ने भैंस गायब होने की सूचना रामादीन को दी, तो वह धमकाते हुए भैंस के पैसे मांगने लगे। जो पीड़ित देने में असमर्थ है। पीड़ित ने पुलिस से गुहार लगायी है।

### सब्जी लेने बाजार गयी युवती नकदी व जेवर लेकर फरार

मोहम्मदाबाद, समृद्धि न्यूज। कस्बा निवासी एक व्यक्ति ने कोतवाली मोहम्मदाबाद में शिकायत दर्ज करवाई है कि पीड़ित की पुत्री 19 फरवरी को शाम को सब्जी लेने बाजार गई थी और वापस नहीं आई, तो इधर उधर खोजा तथा नाते रिश्तेदारी में पता किया, लेकिन पुत्री का कहीं पता नहीं चला। पीड़ित ने बताया कि घर में रखे सामान में से सोने की अंगूठी तथा दस हजार रुपए भी साथ ले गई। कोतवाली प्रभारी ने पीड़ित की शिकायत दर्ज कर ली है।

### इटावा बरेली हाईवे पर मिला अज्ञात शव

मोहम्मदाबाद, समृद्धि न्यूज। इटावा बरेली हाईवे पर वनपोई तथा सकवाई के मध्य में एक लगभग 50 वर्षीय वृद्ध की शव पड़ा मिला। जिसकी सूचना कोतवाली पुलिस को डायल 112 द्वारा दी गई। वृद्ध ने फिरोजी सफेद नीले रंग की चेक शर्ट पहन रखी थी तथा तथा ब्राउन कलर की जर्सी, काली लोअर पहने था तथा गले में लाल धागा पहन रखा था। मौके पर पहुंचे उप निरक्षक सुरेश चाहर ने पंचनामा भरकर शव मोर्चरी में भिजवाया।

### हटाया गया अतिक्रमण, दुकानदारों में मचा हड़कंप


अतिक्रमण हटाता दुकानदार

कायमगंज, समृद्धि न्यूज। जनता को जाम से निजात दिलाने तथा शहर को अतिक्रमण मुक्त कराने के लिए अभियान चलाया गया। जिससे दुकानदारों में हड़कंप मच गया। जानकारी के अनुसार शुक्रवार को रेलवे रोड पर स्टेशन छायाग्रह से लेकर मेरठ कोल्ड स्टोरेज तक अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाया गया। जिससे दुकानदारों में हड़कंप मच गया। दुकानदार अपना-अपना सामान जो सड़क के फुटपाथ तक पसारे था, आनन-फानन में हटाने लगे। कई दुकानदारों ने आगे तक पड़ी टीन को हटाया तथा लकड़ी के खोखे हटाये गये। अतिक्रमण हटाने को लेकर नगर पालिका के कर्मचारी व दुकानदारों में तीखी झड़पें भी हुई, लेकिन किसी दुकानदार की नहीं सुनी गयी। बताते चलें कि जिलाधिकारी ने बीते दिन बैठक कर अतिक्रमण हटवाने के निर्देश दिये थे। जिसके क्रम में कर्मचारियों ने अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाया। इस दौरान आर0आई0 अन्शुमान, आनन्द शुक्ला., सफाई एवं खाद्य निरीक्षक अनिल आजाद तथा सफाई नायक सुभाष चंद्र, बृजेंद्र सिंह, रवि कुमार, विमलेश मौजूद रहे।

## लूट के मामले में दो सगे भाइयों सहित चार को पांच-पांच वर्ष का कारावास

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।

अपर जिला जज विशेष एंटी डकैती कोर्ट न्यायाधीश शैलेन्द्र सचान ने लूट के मामले में धनीराम, रामतीर्थ पुत्रगण नत्थूलाल, रवींद्र पुत्र धनीराम. छुन्ना पुत्र रामतीर्थ निवासी फतेहुल्लापुर कमालगंज को दोषी करार देते हुए पांच वर्ष का कारावास व दस-दस हजार रुपए के अर्थदंड से दंडित किया है।

जनपद कन्नौज कोतवाली क्षेत्र के गांव बरौली निवासी प्रमोद कुमार पुत्र रामप्रसाद ने न्यायालय के समक्ष परिवाद अधिवक्ता के माध्यम दायर किया था। जिसमें बताया धनीराम से 1700 रुपए प्रतिमाह लेवर का कार्य करने की बात हुई थी। कई माह तक काम किया कुल रुपए 34500 शेष रह गया। जिसको कई बार मांगने पर कई वायदे किये। जिसकी शिकायत पीड़ित ने पुलिस से की और शिकायत करने के लिए फतेहगढ़ कचहरी आ रहा था। उक्त लोगों ने पकड़कर मारपीट की। जेब से 320 रुपए एचएमटी की घड़ी छीन ली। न्यायालय ने साक्ष्य के आधार पर अभियोग दर्ज कर लिया। बचाव पक्ष की दलील व शासकीय अधिवक्ता तेज सिंह राजपूत की पैरवी के आधार पर न्यायाधीश शैलेन्द्र सचान ने धनीराम, रामतीर्थ, रवींद्र, छुन्ना को दोषी करार देते हुए पांच-पांच वर्ष का कारावास व दस-दस हजार रुपए के अर्थदंड से दंडित किया।


जनपद न्यायालय फर्रुखाबाद

## दबंगों ने घर में घुसकर लाठी-डंडों से बोला हमला

कमालगंज, समृद्धि न्यूज। कमालगंज थाना क्षेत्र में अपराधियों के हौसले बुलंद होते जा रहे हैं। तीन घंटे पहले ही गोलीकांड हुआ था, लेकिन पुलिस की सुस्ती का आलम यह है कि अब एक और बेकसूर को बेरहमी से पीट दिया गया। सवाल यह उठता है कि क्या थाना कमालगंज अब अपराधियों के लिए खुला मैदान बन चुका है। ग्राम गौसपुर निवासी आदिल हुसैन पुत्र अंसार हुसैन ने थाना प्रभारी को दिये गये शिकायत पत्र में बताया कि 20 फरवरी 2025 की शाम 7 बजे वह अपने दरवाजे पर बैठा था, तभी गांव के दबंग आफताब पुत्र शरीफ, लाला पुत्र शरीफ, शरीफपुत्र गफ्फू, तहसीन पुत्र तरीक वहां पहुंचे और बिना किसी बात के गाली-गलौज करने लगे। जब आदिल ने इसका विरोध किया, तो दबंगों ने उसके घर में घुसकर लाठी-डंडों और धारदार हथियारों से हमला कर दिया।

## अपहरण व हत्या के मामले में पांच अभियुक्तों पर आजीवन कारावास

- प्रत्येक आरोपी को 80-80 हजार रुपए के अर्थदंड से किया दंडित
- कोल्ड स्टोरेज के प्रांगण में एक्सपोर्ट के माल की चेकिंग का काम करता था

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।

अपर जिला जज कक्ष संख्या न्यायाधीश रीतिका त्यागी ने विवेक कुमार पुत्र मूलचंद्र निवासी उधमपुर इंदरगढ़, राकेश कुमार जाटव पुत्र रामप्रसाद, कुन्तू पुत्र मेघनाथ, सुरेश पुत्र रामप्रसाद निवासीगण अम्बेडकर नगर इन्दरगढ़, बबलू पुत्र रामलखन निवासी बरहला इन्दरगढ़ को दोषी करार देते हुए आजीवन कारावास से दण्डित किया है।

कोतवाली फतेहगढ़ क्षेत्र के ग्राम धंसुआ निवासी सुरेंद्रनाथ पुत्र रामस्वरूप ने पुलिस को दी गई तहरीर में बताया कि मेरा छोटा भाई रवि बेवर रोड स्थित एक कोल्ड स्टोरेज के प्रांगण में एक्सपोर्ट के माल की चेकिंग का काम करता था। दिनांक 3 मई 2004 को मेरा भाई काम से घर वापस नहीं आया। हम लोगों को चिंता हुई। दूसरे दिन कोल्ड में जाकर पता किया, तो मालूम हुआ कि मेरा भाई इन्दरगढ़ निवासी विवेक, राकेश, कुन्तू यह लोग मारुति कार में बैठाकर ले गए है। मेरे भाई को ले जाते समय कोल्ड के प्रांगण में कई लोगों ने देखा है। तब से मैं अपने भाई की बराबर खोज कर रहा हूं। कुछ दिनों बाद जानकारी हुई उक्त लोग मारुति कार से कोल्ड में में लेकर आये। मैं जब वहां पहुंचा, तो वह लोग बगैर नंबर की कार को छोड़कर भागने लगे। 10 मई को सुबह अज्ञात व्यक्ति ने मेरे गांव में फोन किया उक्त लोगो ने तुम्हारे भाई की हत्या कर लाश गायब कर दी।

उक्त लोगों को गिरफ्तार कर पूछताछ की जाए। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर लिया। विवेचक ने साक्ष्य गवाह के आधार पर न्यायालय में आरोप पत्र दाखिल कर दिया। बचाव पक्ष की दलील व शासकीय अधिवक्ता भानु प्रकाश मिश्र की पैरवी के आधार पर न्यायाधीश रीतिका त्यागी ने विवेक, राकेश, कुन्तु, बबलू, सुरेश को दोषी करार देते हुए आजीवन कारावास व प्रत्येक आरोपी को 80-80 हजार रुपए के जुर्माने से दंडित किया है।

## मामूली बात पर दबंगों ने महिला व उसके ससुर को पीटा

कायमगंज, समृद्धि न्यूज।

मामूली बात पर दबंगों ने महिला को मारपीट कर घायल कर दिया। बचाने आये ससुर को भी मारापीटा। घटना के संबंध में पीड़िता ने दबंगों के खिलाफ पुलिस को तहरीर दी है।

जानकारी के अनुसार कायमगंज कोतवाली क्षेत्र के गाँव नगला फार्म निवासी मन्जूदेवी जाटव उम्र 35 वर्षीय पत्नी रजनेश जाटव ने पुलिस को प्रार्थना पत्र देकर कहा है कि मेरी 2 वर्ष की बच्ची अनन्या ने अमरूद खाकर दयाराम के आगँन में फेंक दिया। इसी बात पर मीना देवी गाली-गलौज करने लगी। मन्जू देवी द्वारा गाली देने का विरोध किया गया, तो इसी बात पर मीना देवी पत्नी जयराम, मधू पत्नी अंकित, अवनीश, गोपाल पुत्रगण दयाराम आदि लोग मन्जू देवी को लात-घूसों व लाठी-डन्डों से मारने पीटने लगे। बहू को पिटता देख बीच बचाव के लिए आए ससुर गिरन्द पुत्र दलपत को भी उक्त लोगों ने लाठी-डन्डों व लात-घूसों से मारापीटा तथा टकोरे से हमला कर घायल कर दिया। पुलिस ने पीड़िता के प्रार्थना पत्र के आधार पर मंजू देवी व ससुर गिरन्द का मेडीकल परीक्षण करवाया।


अस्पताल में भर्ती बहू व ससुर

## सर्राफा व्यापारी से लूट करने वाले आरोपी पर दोष सिद्ध

- सजा के बिंदु पर सुनवाई के लिए 27 फरवरी की तिथि निहित

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।

अपर जिला जज विशेष एंटी डकैती कोर्ट न्यायाधीश शैलेन्द्र सचान ने सर्राफा व्यापारी से लूट करने वाले जहीर पुत्र शब्बीर निवासी नीवड़ थाना धामपुर बिजनौर को दोषी करार देते हुए न्यायिक हिरासत में लेकर जेल भेज दिया। सजा के बिंदु पर 27 फरवरी की तिथि नियत की गयी है। बीते 29 वर्षों पूर्व थाना राजेपुर पुलिस को सर्राफा व्यापारी सुरेशचंद्र ने दी गयी तहरीर में बताया कि करीब शाम छ बजे अपनी दुकान बंदकर अपने पिता के साथ स्कूटर से राजेपुर से फर्रुखाबाद अपने घर आ रहा था। जब वह चित्रकूट गांव के सामने सड़क पर पहुंचा, तभी पीछे से मोटरसाइकिल पर सवार होकर तीन लोग आये और आगे जाकर हमें रोक लिया तथा स्कूटर की डिग्गी में रखी नकदी और जेवरात लूट लिये। पुलिस ने तहरीर के आधार पर न्यायालय में आरोप पत्र दाखिल कर दिया। बचाव पक्ष की दलील व शासकीय अधिवक्ता तेज सिंह राजपूत की पैरवी के आधार पर न्यायाधीश शैलेन्द्र सचान ने जहीर को दोषी करार देते हुए न्यायिक हिरासत में लेकर जेल भेज दिया। सजा पर सुनवाई के लिए 27 फरवरी की तिथि नियत की गयी है।

## डॉ. रोहित तिवारी पर लगाये गये आरोपों से मुकरी स्टाफ नर्स, हुआ समझौता

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज। लोहिया अस्पताल की स्टाफ नर्स ने बीते दिन डॉ. रोहित तिवारी पर कई आरोप लगाते हुए थाना कादरीगेट में तहरीर दी थी, लेकिन शुक्रवार को स्टाफ नर्स चिकित्सक पर लगाये गये आरोपों से मुकर गयी और समझौता लिखकर दे दिया।

जानकारी के अनुसार पीड़िता विदेह कुमारी पुत्री रजनेश शरण अग्निहोत्री जो कि जिला अस्पताल लोहिया पुरुष चिकित्सालय में स्टाफ नर्स के पर पर तैनात है। गुरुवार को वह बर्न यूनिट में ड्यूटी पर तैनात थी। उसने आरोप लगाया था कि करीब 11 बजे सर्जन डॉ. रोहित तिवारी अपने साथियों के साथ आए और उससे अभद्रता करने लगे। इसके अलावा स्टाफ नर्स ने अन्य कई आरोप लगाकर अपने भाई के साथ कादरीगेट थाने में जाकर तहरीर दी थी, लेकिन शुक्रवार को लोहिया अस्पताल के चिकित्साधीक्षक के सभागार में चिकित्सक एवं अन्य स्टाफ के समक्ष स्टाफ नर्स द्वारा डॉ. रोहित तिवारी पर लगाये गये सभी आरोपों से मुकर गयी और समझौता लिखकर दे दिया कि वह किसी प्रकार की कोई कार्यवाही नहीं चाहती है। डॉ. रोहित तिवारी द्वारा न ही मेरे साथ कोई वदसलूकी की गयी और न ही मेरे कपड़े फाड़े गये। दोनों पक्षों ने एक दूसरे के विरुद्ध कार्यवाही करने से मना कर दिया। इस दौरान डॉ. रोहित तिवारी सर्जन, डॉ. कृष्णा बोस, डॉ. अभिषेक, रीनाचंद्र, शाहिनी बानो, डॉ. अशोक, डॉ. राकेश कश्यप के अलावा चिकित्सक व अन्य स्टाफ मौजूद रहा।

## भाई ने भाई पर ईंट से बोला हमला

कायमगंज, समृद्धि न्यूज।

कोतवाली क्षेत्र के गाँव हसनगंज गन्डुआ निवासी वीरपाल पुत्र लालाराम को घायल अवस्था में परिजन सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लेकर आये। जहाँ उपचार के दौरान वीरपाल ने बताया कि मेरी बच्ची शिवानी ने अपनी माँ सुमन से चीज खाने के लिए पैसे माँगे। माँ ने बेटी सुमन से कहा कि झोले मे पर्स रखा है उसमें से पैसे निकाल लो।

सुमन ने झोले में रखे पर्स को निकाल कर उसमें से 5 रुपमे निकाल लिए और पर्स वहीं पर रख दिया। कुछ देर बाद मेरी पत्नी ने घर का सामान मंगवाने के लिए पर्स झोले से निकाला चाहा, तो पर्स गायब था। उन्होंने अपनी बेटी से पूछा, उसने कहा बड़े पापा की बेटी नन्हीं से पूछ लो। हमने पर्स नन्हीं के सामने रख दिया था, तभी वीरपाल व उसकी पत्नी सुमन ने कड़ाई से पूछा, तो उसने कहा हमने पर्स निकालकर पिता को दे दिया, तभी वीरपाल अपने बड़े भाई मदनपाल से शिकायत करने गया, तो बड़े भाई ने छोटे भाई वीरपाल के ऊपर ईट से हमला कर दिया। जिससे उसके पैर में काफी चोटें आई।


घटना की जानकारी देता पीड़ित

## अमृतपुर थाना अध्यक्ष बनी उपनिरीक्षक मोनू शाक्य

- अन्य थानों की अपेक्षा शांतिपूर्ण माना जाता है अमृतपुर थाना क्षेत्र

अमृतपुर, समृद्धि न्यूज।

सन 1990 से अमृतपुर थाना बनने के उपरांत हमेशा से ही किसी पुरुष थानेदार को चार्ज दिया गया, परंतु बीते डेढ़ वर्ष से महिला थानेदार ने अमृतपुर थाने की कमान संभाली और अपने दायित्व को सही तरीके से निभाया। थाना इंचार्ज के रूप में कार्य करते हुए मीनेश पचौरी ने क्षेत्र में शांति व्यवस्था एवं कानून के दायरे को सही तरीके से स्थापित किया और अब वह सरकारी आदेशों पर पुलिस लाइन चली गई।

उनके स्थान पर महिला उप निरीक्षक को अमृतपुर थाने का चार्ज सौंप दिया गया। कोतवाली चौकी इंचार्ज घुमना से उप निरीक्षक मोनू शाक्य को अमृतपुर थाने का चार्ज मिला है। अमृतपुर थानाध्यक्ष मीनेश पचौरी का पुलिस लाइन के लिए तबादला कर दिया गया। मीनेश पचौरी का 6 माह पूर्व कानपुर देहात के लिए तबादला हुआ था। अमृतपुर थाना क्षेत्र में कटरी क्षेत्र के राजस्व मामले की समस्याएं अधिक रहती हैं। जिनको लेकर पुलिस विभाग हमेशा सतर्क रहा है। ऐसी स्थिति में नई जिम्मेदारी संभालने वाले थाना इंचार्ज को इन समस्याओं पर गंभीर रहना पड़ेगा और तुरंत करवाई करने के प्रयास से कानून व्यवस्था सुदृढ़ बनी रहने की उम्मीद कायम रहेगी।

वैसे अमृतपुर थाना क्षेत्र अधिकतर थाना क्षेत्र की अपेक्षा शांतिपूर्ण माना जाता है। इस क्षेत्र की जनता सौहार्दपूर्ण माहौल में आपसी सामंजस्य बिठाने में किसी से पीछे नहीं है। इस स्थिति में पुलिस विभाग भी तबादलों से प्रभावित नहीं होता और जल्द ही क्षेत्र की जनता में घुलमिल कर कानून व्यवस्था को मजबूत बनाने में अपनी अहम भूमिका निभाता रहा है।


नवागंतुक थानाध्यक्ष मोनू शाक्य

# केंद्रीय कारागार में भी कैदी कर रहे महाकुम्भ जैसा स्नान

**स्थायी तालाब बनाकर त्रिवेणी से लाये गये गंगाजल से किए गए स्नान**

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**


स्नान करते जेल कैदी

कैदियों को महाकुंभ से लाए गए गंगाजल से स्नान कराने का विशेष महाअभियान को चलाया गया। योगी सरकार की पहल पर शुक्रवार को सभी जेलों में अस्थाई तालाब बनाकर उसमें संगम से लाए गए गंगाजल को डाला गया फिर सभी कैदियों ने उसमें आस्था की डुबकी लगाई। प्रदेश शासन एवं कारागार मुख्यालय के निर्देशानुसार केन्द्रीय कारागार फतेहगढ़ में महाकुम्भ प्रयागराज से मंगाये गये त्रिवेणी संगम के जल की कलश स्थापना, पूजन-अर्चन कराने के पश्चात संगम के जल से बंदियों के स्नान के कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कारागार के विशेवाहक को महाकुम्भप्रयागराज भेज कर त्रिवेणी संगम से जल मंगवाया गया। शुक्रवार को कारापाल ने वैदिक मंत्रोचारण के साथ संगम से लाये गये जल का विधिवत पूजन अर्चन किया गया। कारागार में निरूद्ध बन्दियों द्वारा त्रिवेणी के पवित्र जल से स्नान किया गया। संगम के पावन जल से स्नान करने के पश्चात बंदी अभिभूत दिखाई दिये।

महाकुंभ में जिस तरह का उत्साह देश दुनिया से आने वाले श्रद्धालुओं के अंदर देखा गया ठीक उसी तरह का उत्साह और माहौल शुक्रवार को केंद्रीय कारागार फतेहगढ़ में दिखायी दिया। कैदी कतार में अपनी बारी का इंतजार करते दिखे। कैदी हाथ जोड़ अस्थाई बनाए गए तालाब के किनारे पहुंचकर हर-हर गंगे और हर-हर महादेव का उद्घोष कर रहे थे। गंगा स्नान को लेकर के कैदियों के अंदर गजब का उत्साह दिखाई दिया।

जेलों में महाकुंभ जैसा माहौल दिखायी दिया। कैदियों को जिस अस्थाई तालाब में नहलाया गया उसके चारों तरफ पहले सजावट की गई थी, तालाब में गुलाब की पंखुड़ियां और अन्य पुष्प डाले गए।

महाकुम्भ से लाये गये त्रिवेणी के कलश पूजन एवं स्नान के अवसर पर करूणेन्द्र कुमार यादव कारापाल, रवीन्द्र सिंह यादव कारापाल, सुधाकर राव गौतम उपकारापाल, कृष्ण कुमार उपकारापाल, जयप्रकाश सिंह उपकारापाल समेत कारागार के अन्य अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित रहे।

## मेले में 41 अभ्यार्थियों का रोजगार के लिए हुआ चयन



**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान ठण्डी सड़क में अप्रेन्टिसशिप/ रोजगार मेला का आयोजन किया गया। मेला में 4 कम्पनियों द्वारा प्रतिभाग किया गया। 125 रिक्तियों के सापेक्ष मेला में 52 अभ्यर्थी उपस्थित हुये। मेला में कम्पनियों के प्रतिनिधियों ने 52 अभ्यर्थियों का साक्षात्कार कर 41 अभ्यार्थियों चयन हुआ। जिसमें 35 अभ्यर्थी अप्रेन्टिसशिप प्रशिक्षण हेतु एवं 06 जॉब ट्रेनी हेतु चयन किया गया। मेला की व्यवस्था में प्रमुख रूप से नोडल प्रधानाचार्य राजवीर सिंह, कार्यदेशक बृजेश कुमार, अप्रेंटिसशिप प्रभारी रंजीत कुमार सुमन, प्लेसमेन्ट प्रभारी सुनील कुमार, विजेन्द्र सिंह, राज किशोर महतो आदि लोग मौजूद रहे।

# दुर्घटना करने वाले नगर पालिका वाहन चालक के विरुद्ध मुकदमा दर्ज करने की मांग

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

नगर पालिका परिषद के वाहन चालक ने बाइक से फतेहगढ़ की ओर जा रहे फर्रुखाबाद की ओर जा रहे तीन युवकों को टक्कर मार दी थी। जिससे तीनों लोग गम्भीर रुप से घायल हो गये थे। स्थानीय लोगों की मदद से तीनों घायलों को लोहिया अस्पताल में भर्ती कराया गया था। जहां एक गम्भीर युवक को कानपुर के लिए रेफर कर दिया गया था। जिसमें एक गंभीर का अभी भी इलाज चल रहा है। पीड़ित के भाई ने नगर पालिका वाहन चालक के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कराने के लिए कादरीगेट थाने में तहरीर दी है। कोतवाली फतेहगढ़ के मोहल्ला इमामबाड़ा निवासी रेहान खान पुत्र इस्लाम अपने मित्र बॉबी शाक्य, हर्षित के साथ मोटर साइकिल से फर्रुखाबाद से फतेहगढ़ अपने घर आ रहे थे, तभी चर्च कब्रिस्तान के सामने फतेहगढ़ की ओर से आ रहे नगर पालिका के वाहन छोटा हाथी गाड़ी संख्या यूपी 76टी/1130 के चालक सुरजीत तिवारी पुत्र विद्या सागर निवासी खलील शाहबाद जनपद हरदोई ने लापरवाही से चलाते हुए बाइक में सामने से टक्कर मार दी थी। जिससे तीनों बाइक सवार घायल हो गये थे। स्थानीय लोगों की सूचना पर पहुंची 108 एंबुलेंस ने सभी घायल युवकों को लोहिया अस्पताल में भर्ती कराया था। जहां चिकित्सक ने रेहान की हालत गम्भीर होने पर कानपुर के लिए रेफर कर दिया था। वहां हैलट ले जाने पर चिकित्सक ने बताया कि शरीर में पांच स्थानों पर फ्रेक्चर हुआ है। जिसके बाद परिजनों ने रेहान को एक प्राइवेट अस्पताल में भर्ती कराया। जहां उनका उपचार जारी है। पीड़ित के भाई इमरान ने थाना कादरीगेट में तहरीर देते हुए नगर पालिका वाहन चालक के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर कार्यवाही की मांग की है। फिलहाल पुलिस ने अभी तक मुकदमा दर्ज नहीं किया है।

# बजट में मध्यम वर्ग का नहीं रखा गया ध्यान

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**


संजय गर्ग, नंदकिशोर दुवे, नीलम सिंह

प्रदेश सरकार द्वारा जारी किये गये बजट की एक ओर सत्ता पक्ष ने सराहना की। तो वहीं विपक्षियों ने बजट को हवा-हवाई बताया। शहर में कुछ लोगों ने अपनी बजट पर प्रतिक्रिया व्यक्त की है।

व्यापारी नेता संजय गर्ग ने बताया कि प्रदेश सरकार का बजट सराहनीय है। इसमें जनपद को भी ग्रीन फील्ड एक्सप्रेस-वे मिला है। जिससे व्यापार के रास्ते बढ़ेगें। साथ ही जीएसटी का सरलीकरण और किया जाये और देवरामपुर क्रासिंग व स्टेशन क्रासिंग पर ओवरब्रिज बनाया जाये। जिससे आने-जाने का रास्ता सुगम हो। सपा नेता नन्दकिशोर दुवे वन्देमातरम ने कहा कि यह यूपी सरकार द्वारा विधानसभा में पेश किया गया बजट यदि व्यापक जनहित व जनकल्याण एवं भ्रष्टाचार में लगाम का होता तो यह बेहतरीन होता, जबकि महंगाई, गरीबी, बेरोजगारी को दूर करने व आमजन की बुनियादी समस्या को पूरा करने के प्रति पर्याप्त सरकारी नीयत-नीति का अभाव होता तो यह वजट अच्छा होता। यह बजट खोखला है। वर्तमान में सड़क, पानी, स्कूल, अस्पताल, रोजगार की आवश्यकता है और भ्रष्टाचार चरम सीमा पर है।सपा नेत्री नीलम सिंह ने बताया कि सरकार द्वारा जारी किया गया बजट दिखावे का बजट है। उज्ज्वला योजना के पात्रों को ही गैस सिलेंडर का लाभ मिलेगा। जबकि हकीकत यह है कि इसमें भी पक्ष-पात किया जा रहा है। सामान्य लोगों को गैस सिलेंडर व सब्सिडी से दूर रखा गया है। ऐसे में सरकार को 500 रुपये का गैस सिलेंडर करना चाहिए, जिससे महिलाओं की रसोई का बजट बन सके। साथ ही इस बजट में रोजगार व किसानों की हित की बात नहीं है। यह केवल दिखावे का बजट है।

# अधिवक्ता संसोधन बिल के विरोध में वकीलों ने प्रदर्शन कर डीएम को सौंपा ज्ञापन


डीएम को ज्ञापन सौंपते अधिवक्ता

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

जिला बार एसोसिएशन द्वारा अधिवक्ता संसोधन बिल के विरोध में केंद्रीय कानून मंत्री सम्बोधित ज्ञापन जिलाधिकारी को सौंपा। कलेक्ट्रेट फतेहगढ़ में अधिवक्ताओं ने बड़ी संख्या में पहुंचकर अपना विरोध दर्ज कराया और जिलाधिकारी को सौंपे कानून मंत्री ज्ञापन में दर्शाया कि सरकार द्वारा अधिवक्ता अधिनियम 1961 की धारा 4, 9 घारा 24ए, 24बी, 26ए, 35ए, 49ए, 49, (1) में विभिन्न आवंछित संशोधन कर व जोड़कर अधिवक्ताओं की स्वायत्तता व स्वतंत्रता समाप्त कर अधिवक्ता संशोधन बिल 2025 प्रस्तावित किया गया है। जिस बिल के कानून बन जाने की स्थित में अधिवक्ताओं के हितों व अधिकारों पर भारी कुठाराघात होगा। सरकार द्वारा हठधर्मिता कर वर्षों से लम्बित अधिवक्ता सुरक्षा कानून पारित न कर जानबूझकर लम्बित रखा जा रहा है तथा अधिवक्ताओं की आधारभूत समस्याओं अधिवक्ता चेम्बर्स, मेडिकल व इंश्योरेंस, वरिष्ठ व बुजुर्ग अधिवक्ताओं को पेंशन एवं नवीन अधिवक्ताओं को आर्थिक सहायता आदि का समाधान नहीं किया जा रहा है, बल्कि अधिवक्ताओं को कमजोर व असहाय बनाने का कुचक रचा जा रहा है जो किसी भी स्थित में न्यायोचित व औचित्यपूर्ण नहीं है। प्रस्तावित अधिवक्ता संशोधन बिल से अधिवक्तागण पूर्णतया आहत है तथा अधिवक्ताओं में भारी रोष व आकोश है जिस कारण सम्पूर्ण भारतवर्ष का अधिवक्ता आन्दोलित है। प्रस्तावित अधिवक्ता, बिल 2025 तत्काल निरस्त कर अधिवक्ताओं के हित में अधिवक्ता सुरक्षा कानून लागू कर अधिवक्ताओं को आधारभूत सुविधाएं अविलम्व उपलब्ध करायी जाये। अधिवक्ताओं के हित व स्वतंत्रता के विरूद्ध प्रस्तावित अधिवक्ता बिल का विरोध किया गया। इस मौके पर अध्यक्ष जवाहर सिंह गंगवार, नरेश चन्द्र यादव, रामसनेही मुन्ना यादव, शिवपाल सिंह, राजेश पाठक सहित बड़ी संख्या में अधिवक्ता मौजूद रहे।

## मारपीट के मामले में संजीव मिश्रा बॉबी व उनके भाई पर मुकदमा दर्ज

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** बीते दिनों पाण्डेश्वर नाथ मंदिर में व्यापार मण्डल के प्रदेश उपाध्यक्ष व एक अन्य भक्त के बीच किसी बात को लेकर विवाद के दौरान दोनों पक्षों में मारपीट हो गयी थी। जिसमें संजीव मिश्रा बॉबी सहित तीन लोग घायल हो गये थे। पुलिस ने तहरीर के आधार पर उद्योग व्यापार मंडल के प्रदेश उपाध्यक्ष संजीव मिश्रा बॉबी व उनके भाई के खिलाफमारपीट का मुकदमा दर्ज किया है। शहर कोतवाली के मोहल्ला महावीरगंज द्वितीय निवासी सुधीर सारस्वत ने दी तहरीर में दर्शाया कि 17 फरवरी को प्रातः 9:30 से 10 बजे के बीच वह पंडाबाग मन्दिर में दर्शन करने गया था। वहां मन्दिर के गेट पर एक भिखारी बैठा था। मैंने उससे रोड़ के दूसरी तरफ बैठने को कहा। जिस पर बिखारी आते-जाते लोगों से इसकी शिकायत करने लगा। उसी दौरान समय संजीव मिश्रा उर्फ बॉबी मन्दिर में आये। भिखारी ने पुनः शिकायत की। संजीव मिश्रा आये और मेरे से कहासुनी करने लगे। सुधीर ने जैसे ही इस बात का विरोध किया तो संजीव मिश्रा ने मारपीट कर दी। मारपीट होती देख संजीव मिश्रा के परिवारीजन मानू उर्फरोहित दुबे व उनके लड़के तथा कुछ अज्ञात लोग आ गये और गाली-गलौज कर मारपीट कर दी। जिससे मैं घायल हो गया। इस मंदिर आये लोगों ने मुझे बचाया। आरोपियों ने जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने तहरीर के आधार पर व्यापारी नेता संजीव मिश्रा बॉबी व उसके भाई के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर जांच पड़ताल शुरु कर दी। इससे पहले संजीव मिश्रा ने भी सुधीर के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कराया था।

# उर्से हजरत मौलाना शाह फजलुर्रहमा गंज मुरादाबादी में लोगों की उमड़ी भीड़

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**


उर्स में मौजूद लोग

शहर के मुहल्ला घोड़ा नखास स्थित अजहर हुसैन रहमानी मुजफ्फर हुसैन रहमानी की सरपरस्ती में शुक्रवार को मौलाना फजले रहमा गंज मुरादाबादी और हजरत भोले मियां गंज मुरादाबादी का एक दिवसीय सालाना उर्स मुबारक धूमधाम के साथ मनाया गया।

उर्स मुबारक में बाद नमाजे फजर कुरान ख्वानी व नमाजे जुमा नातिया मुशायरे का आयोजन किया गया। जिसमें मुकामी शायरों के साथ ही मुकामी धर्मगुरु ने अपनी तकरीर से संबोधित किया। मौलाना रुस्तम मिस्बाही ने तकरीर की और शायर हाफिज हाजी शहजाद खान और फरहान खान ने नात ऐ पाक के कलाम पेश किये। दरगाह हजरत मखदुम सैयद शहाबुद्दीन औलिया लोको के नायब सज्जादा नशीन शाह मोहम्मद वसीम उर्फ मुहम्मद मियाँ साबरी मुजद्दीदी ने दुआ कर नजर पेश की, साथ मुल्क में अमन चैन और कामयाबी की दुआ की, हर साल की तरह इस साल भी हजरत मौलाना फजलुर्रहमान गंज मुरादाबादी नक्शबन्दी से जुड़े रहने और उनके फैज को आम करने और मुरीदों को बताया। सूफियों से मोहब्बत आपसी भाईचारे को बढ़ाती है, सूफियों ने भाई चारे के लिये हर कौम व मिल्लत के लिए अपनी खानकाहों के दरवाजे सदियों से खोल रखे है बाद नमाजे जुमा कुल शरीफ और फातिहा खानी के बाद आम लंगर तक्सीम कराया गया। एक दिवसीय सालाना उर्स मुबारक का समापन किया गया। इस मौके पर हाजी अकरम खान, हाजी असद सभासद, लाईक अहमद, हाजी दिलशाद, फैसल जमा खान, फरहत हुसैन, समद हुसैन, मूसा हुसैन, मन्नान मौजूद रहे।

# खेत की जुताई के पैसे न देने पर दबंगों ने मजदूर को पीटा


मेडिकल परीक्षण करवाता घायल मजदूर

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज।** कम्पिल थाना क्षेत्र के गाँव सिवारा मुकुट निवासी शिव सिंह पुत्र स्व महेश कुमार ने पुलिस को शिकायती पत्र देकर कहा कि मेरे पड़ोस के सत्यवीर, कर्मवीर, सुनील ने कहा तुम्हारे ऊपर मेरे छः बीघा खेत की जुताई के 700 रुपए हैं। उनमें तुम हमारे यहाँ तीन दिन मजदूरी करो, नहीं तो अभी के अभी 700 रुपए दे दो। तब शिव सिंह ने कहा कि एक दिन की मजदूरी के 400 रुपए चल रहे हैं, परन्तु फिर भी हम दिन की बजाए दो दिन तुम्हारा काम कर सकते हैं। इसी बात पर सत्यवीर, कर्मवीर, सुनील ने कहा अब तुम हमारे 700 रुपये अभी दो। जिस पर शिव सिंह ने कहा तुम्हारे पैसे दो दिन बाद दे देंगे। इसी बात पर गुस्साए उक्त लोगों ने शिवसिंह के ऊपर टकोरे से हमला कर दिया। बीच बचाव के लिए आई पत्नी उर्मिला को भी उक्त लोगों ने मारापीटा। जिससे पति पत्नी दोनों लोग घायल हो गये। पुलिस ने दोनों घायलो का कायमगंज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में मेडीकल परीक्षण करवाया।

# कायमगंज में भी अधिवक्ताओं का दिखायी दिया विरोध, पीएम को भेजा ज्ञापन

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज।**


एसडीएम को ज्ञापन देते अधिवक्तागण

रेवन्यू बार एसोसिएशन के अध्यक्ष विशेश्वर दयाल यादव की अध्यक्षता में अधिवक्ताओं बैठक कर केंद्र सरकार द्वारा जारी किये गये अधिवक्ता संसोधल बिल का कड़ा विरोध किया और काली पट्टी बांध कर विरोध प्रदर्शन किया।

वहीं मुन्सिव कोर्ट बार एसोशिएशन कायमगंज अध्यक्ष राघव चन्द्र शुक्ला की अध्यक्षता में अधिवक्ताओं ने बैठक कर प्रधानमंत्री सम्बोधित उपजिलाधिकारी रवीन्द्र सिंह को ज्ञापन सौंपा। जिसमें कहा है कि भारत सरकार द्वारा अधिवक्ता संशोधन बिल 2025 का विरोध करते है। इस बिल को तत्काल वापस लिया जाये। बार कौंसिल आफ उत्तर प्रदेश के आवाह्न पर अधिवक्ताओं ने काली पट्टी बांधकर विरोध प्रदर्शन किया और जमकर नारेबाजी की। अधिवक्ता संघ ने निर्णय लिया है कि 25 फरवरी को सभी अधिवक्ता बिल विरोध में न्यायिक कार्य नहीं करेंगे।

# जहर देकर युवक को मार देने के मामले में अभियुक्त को दस वर्ष का कारावास

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

जहर देकर युवक को मार देने के मामले में विशेष न्यायाधीश दस्यु प्रभावित क्षेत्र तृतीय अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश शैलेन्द्र सचान ने अभियुक्त कर्मवीर उर्फ टिक्कन को धारा 328 के आरोप में दोषी करार देते हुए 10 वर्ष के कारावास व 50 हजार रुपये के अर्थदंड की सजा से दंडित किया।

वर्ष 2009 में रामलड़ैते पुत्र मिश्रीलाल निवासी अम्बेडकर कालोनी भोलेपुर फतेहगढ़ ने दर्ज कराये मुकदमे में दर्शाया था कि उसका पुत्र रंजीत सिंह सड़क दुर्घटना में चोट लगने के कारण घायल हो गया था। जिसे उपचार के लिए लोहिया अस्पताल में भर्ती कराया गया था। 9 अगस्त 2009 को रात्रि 11 बजे कर्मवीर उर्फ टिक्कन पुत्र जयराम सिंह निवासी राजन नगला भोलेपुर व सूरज कुमार पुत्र ओमप्रकाश निवासी पुल मण्डी फतेहगढ़ ने लोहिया अस्पताल में मौका पाकर मेरे पुत्र को जहरीला पदार्थ खिला दिया। इस दौरान मेरा छोटा पुत्र अजीत वहीं पर मौजूद था उसे यह सब देख लिया। कुछ समय बाद मेरे पुत्र की उपचार के दौरान मौत हो गयी। पुलिस ने तहरीर के आधार पर दोनों लोगों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर न्यायालय में आरोप पत्र दाखिल कर दिया। बचाव पक्ष व शासकीय अधिवक्ता की कुशल पैरवी के आधार पर विशेष न्यायाधीश दस्यु प्रभावित क्षेत्र तृतीय अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश शैलेन्द्र सचान ने अभियुक्त कर्मवीर उर्फ टिक्कन को धारा 328 के आरोप में दोषी करार देते हुए 10 वर्ष के कारावास व 50 हजार रुपये के अर्थदंड से दंडित किया। अर्थदंड अदा न करने पर तीन माह का अतिरिक्त कारावास भुगतना होगा। अर्थदंड की समस्त धनराशि धारा 357 के तहत मृतक रंजीत के माता पिता एवं उसकी शादी हो चुकी हो उसकी पत्नी बच्चों को बराबर-बराबर क्षतिपूर्ति के रुप में दी जाये।

# पुरानी पेंशन बहाली के लिए अटेवा ने आंदोलन हेतु कार्यक्रम किये घोषित

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**


शिक्षक नेता ज्ञानप्रकाश त्रिपाठी

अटेवा/ एनएमओपीएस से एनपीएस और यूपीएस के खिलाफ है, क्योंकि यह शिक्षकों, कर्मचारियों और अधिकारियों के हित में नहीं है। अटेवा के संयुक्त प्रदेश मंत्री ज्ञानप्रकाश त्रिपाठी ने बताया कि पुरानी पेंशन ही कर्मचारी के हित में है। पुरानी पेंशन बहाली एवं एनपीएस व यूपीएस की समाप्ति के लिए आंदोलनरत है साथ ही इस संघर्ष की लड़ाई में कर्मचारी, शिक्षकों एवं अधिकारियों को आगे आना होगा। अटेवा/एनएमओपीएस का एनपीएस और यूपीएस के खिलाफ संघर्ष का आगाज के लिए आगामी कार्यक्रम घोषित किये गये है। जिसमें सांसद को प्रधानमंत्री सम्बोधित ज्ञापन 25 फरवरी को दिया जायेगा। जागरुकता अभियान के तहत 15 मार्च से 31 मार्च तक स्कूल, कॉलेज, कार्यालयों में संवाद किया जायेगा। 1 अप्रैल को काला दिवस मनाते हुए जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपा जायेगा। सभी हाथ में काली पट्टी बांधकर डीएम कार्यालय पहुंचकर पीएम सम्बोधित ज्ञापन सौंपेगें। 1 मई को पुरानी पेंशन बहाली को लेकर श्रमिक दिवस पर दिल्ली स्थित जंतर-मंतर पर विशाल धरना प्रदर्शन होगा और जवानी और बुढ़ापे की हक की लड़ाई के लिए पुरानी पेंशन बहाली की मांग की जायेगी।

## छत से गिरकर महिला की मौत

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** छत से गिरकर वृद्ध महिला की मौत हो गयी। जिससे परिजनों में कोहराम मचत गया। जानकारी के अनुसार कायमगंज कोतवाली क्षेत्र के गाँव पितौरा निवासी कुरैशा उम्र 60 वर्ष पत्नी साबिर अली छत पर बैठी थी, तभी कुछ देर बाद अचानक बन्दर आ गए। ग्रामीणों ने बताया कि काफी देर तक एक बन्दर कुरैशा को परेशान करता रहा। डर की वजह से वह भाग नहीं पा रही थी, तभी छत से नीचे उतरते समय नीचे गिर गई। आनन-फानन में परिजन सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में लेकर आए। जहाँ ड्युटी पर तैनात चिकित्सक डा0 अमरेश कुमार व फार्मासिस्ट मनोज ने कुरैशा को मृत घोषित कर दिया। मौत की सूचना पाते ही परिजनों में कोहराम मच गया। परिजन शव घर लेकर चले गए।

# कोल्ड स्टोरेज में आलू का रखाव जारी, मण्डी में आमद घटी

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**


मण्डी में लगा आलू

आलू मण्डी सातनपुर में शुक्रवार को आमद 70 मोटर रही। भाव सामान्य रहा। मण्डी में सामान्य आलू 601 रुपये से 1080 रुपये कुंटल बिका। हालैंड व चिप्सोना आलू 1051 रुपये से 1171 रुपये कुंटल की बिकवाली हुई। स्थानीय व्यापारियों ने आलू की खरीद की। खेतों से सीधे आलू कोल्ड स्टोरेज में रखा जा रहा है। जिस कारण मण्डी में आमद घटने लगी है। आलू किसान भी अपना आलू कोल्ड स्टोरेज में रख रहा है। जिससे उसे आगे चलकर अच्छा भाव मिल सके। इस वर्ष कोल्ड स्टोरेज संचालक भी आलू खरीदकर रख रहे है। बड़े किसान एवं ठेकेदार व व्यापारियों का आलू कोल्ड स्टोरेज में जमा हो रहा है। जिसके चलते आगे आलू महंगा होने की संभावना है। खेतों में भी आलू की खुदाई जोरों पर है। लगभग 50 प्रतिशत आलू की खुदाई पूर्ण हो चुकी है।

# त्यागी जी महाराज की मनायी गई 25वीं पुण्यतिथि

**कम्पिल, समृद्धि न्यूज।**


त्यागी जी महाराज का निर्वाण दिवस मनाते भक्तगण्


भण्डारा छकते भक्तगण

धार्मिक नगरी कंपिल स्थित रामेश्वर नाथ मंदिर प्रांगण में शुक्रवार को ब्रह्मलीन स्वामी त्यागी जी महाराज की 25वीं पुण्यतिथि पर विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। जिसमें साधु-संत व श्रद्धालुओं का समागम देखने को मिला। मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम के अनुज शत्रुघ्न द्वारा स्थापित शिवलिंग के कारण भक्तजनों में विशेष मान्यता रखने वाले रामेश्वर नाथ मंदिर में टापर वाले स्वामी जी की पुण्यतिथि के अवसर पर महंत आनंद गिरि महाराज की देखरेख में विशाल भंडारे का आयोजन हुआ। भंडारा दोपहर करीब 12 बजे से शुरू होकर देर रात तक चलता रहा। जिसमें जनपद समेत दूरदराज से आए साधु-संतों व श्रद्धालुओं ने भाग लिया। पूरे दिन मंदिर परिसर में भजन कीर्तन होता रहा, इससे वातावरण भक्तिमय हो गया। देर रात तक चले भंडारे में बड़ी संख्या में लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया। भंडारे में सेवा भाव लिए आसपास के ग्रामीण और टॉपर वाले स्वामी के शिष्य बड़ी संख्या में पहुंचे थे। स्वामी त्यागी जी महाराज की पुण्स तिथि पर जनपद के अलावा कानपुर, मैनपुरी, बदायूं, कन्नौज, शाहजहांपुर एवं एटा इत्यादि जनपदों से भारी संख्या में भक्तजन यहाँ पधारे और उनकी विधिवत् पूजा-अर्चना कर प्रसाद ग्रहण किया। भक्तजनों को संबोधित करते हुए स्वामी आनंदगिरि महाराज ने कहा कि परमसिद्ध संत स्वामी त्यागीजी महाराज का वैदुष्य, त्याग एवं तप सर्वोच्च कोटि का था। वे हिंदी, संस्कृत, अंग्रेजी एवं उर्दू इत्यादि भाषाओं के ज्ञाता होने के साथ-साथ कानून के भी ज्ञाता थे। उनका जीवन अध्यात्म एवं साधना साकार रूप था। कायमगंज के चिकित्सक डॉ. विकास शर्मा ने कहा कि स्वामीजी की आध्यात्मिक शक्ति एवं सिद्धि सभी संप्रदाय के लोगों को चमत्कृत करती थी। संस्कृत प्रवक्ता प्रशांत कुमार मिश्र ने उनके जीवन पर प्रकाश डालते हुए कहा कि सन् 2003 के फाल्गुन कृष्ण पक्ष अष्टमी 24 फरवरी दिन सोमवार को ब्रह्ममुहूर्त में स्वामीजी ने यहीं श्रीरामेश्वरनाथ के चरणों में अपने भौतिक शरीर का त्याग किया। इस दौरान पुखराज डागा सुरेंद्र सैनी, अवधेश बाथम, चंद्रशेखर अग्निहोत्री, सचिन पांडे, अटल बिहारी मिश्रा, प्रशांत मिश्रा, महेश चन्द्र शुक्ला, अमर नाथ शुक्ला, नितिन कुमार, सजल शर्मा, विजयेन्द्र पाराशरी, प्रभाकर पाण्डेय, वीरेन्द्र सिंह यादव, कृष्ण कुमार अवस्थी आदि लोग मौजूद रहे।

# अनैतिक कार्य करने वालों की संगठन में कोई जरुरत नहीं : आदेश अग्निहोत्री

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**


जिलाध्यक्ष आदेश अग्निहोत्री

भारतीय उद्योग व्यापार मण्डल में घमासान जारी है। जिलाध्यक्ष आदेश अग्निहोत्री ने बताया कि जो भी पदाधिकारी संगठन विरुद्ध कार्य करेगा या अपने व्यापार में अनैतिक कार्य करते हुए पाया गया ऐसे लोगों से भारतीय उद्योग व्यापार मण्डल का कोई सरोकार नहीं।

संगठन में रहते हुए अपनी रवैया सुधारे। अगर कोई भी व्यक्ति संगठन विरोधी पाया गया तो उसे तत्काल संगठन से बाहर किया जायेगा। इसी संगठन में कार्य कर रहे एक पदाधिकारी ने बताया कि जो कार्यकारी अध्यक्ष है वह अगर होर्डिंग बनवाते है किसी भी व्यापारी का फोटो उसमें लगा है तो होर्डिंग का चंदा भी लेते है। कहीं अगर साथ ले जाते है तो किराया भी लेते है। अपनी जेब से संगठन के ऊपर खर्च नहीं करते है। किसी न किसी व्यापारी के ऊपर अपना भी खर्चा डाल देते है। ऐसे में कार्यकारी अध्यक्ष के साथ कार्य करना मुश्किल है। कुछ लोगों ने आरोप प्रत्यारोप के बीच संगठन को बदनाम करने की कोशिश की है। ऐसे लोग अपने आप में सुधार करें। नहीं तो प्रदेश नेतृत्व संज्ञान में लेकर कार्यवाही करें। जिले में कोई भी खबर छपती है तो मीडिया प्रभारी का दायित्व होता है कि उनके माध्यम से सूचना पहुंचायी जाये, लेकिन इस संगठन में सभी पदाधिकारी अपने आप में सक्षम मानते हुए सीधे खबर छपवाकर संगठन को कमजोर कर रहे है।

# महाशिवरात्रि के स्नान की तैयारी में जुटी सरकार

## प्रदेश के मुख्य सचिव मनोज कुमार सिंह और डीजीपी प्रशांत कुमार ने महाकुम्भ पहुंचकर परखी व्यवस्था, दिए निर्देश

समृद्धि न्यूज



**▶ सोशल मीडिया पर महाकुंभ को लेकर भ्रामक जानकारी पोस्ट करने वालों के खिलाफ पुलिस सख्त : डीजीपी**

**महाकुम्भ नगर।** योगी सरकार आगामी 26 फरवरी को होने जा रहे महाशिवरात्रि के अंतिम महत्वपूर्ण स्नान की तैयारियों में जुट गई है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर प्रदेश के मुख्य सचिव मनोज कुमार सिंह और डीजीपी प्रशांत कुमार ने महाकुम्भ नगर पहुंचकर व्यवस्थाओं की समीक्षा कर अधिकारियों को दिशा-निर्देश दिये। मीडिया से बातचीत में उन्होंने बताया कि हम बेहतर यातायात नियंत्रण, भीड़ प्रबंधन अंतिम स्नान के साथ ही सप्ताहांत यानी शनिवार रविवार के लिए व्यवस्था कर रहे हैं।

डीजीपी प्रशांत कुमार ने बताया कि हम लगातार प्रयास कर रहे हैं कि श्रद्धालुओं को किसी तरह की असुविधा न हो। सोशल मीडिया पर महाकुम्भ को लेकर माहौल बिगाड़ने के कुत्सित प्रयास में लगे तत्वों पर भी योगी सरकार कड़ी नजर रख रही है। हम लगातार इस पर नजर रख रहे हैं और हमने एफआईआर भी दर्ज की हैं। उन्होंने ऐसे तत्वों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई का आश्वासन देते हुए कहा कि अबतक पचास से ज्यादा एफआईआर दर्ज की गई है। मुख्य सचिव मनोज कुमार सिंह और डीजीपी प्रशांत कुमार ने नाव से संगम घाटों का निरीक्षण किया और साफ-सफाई की व्यवस्था को परखने के साथ ही अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये।

बता दें कि पवित्र मां गंगा, मां यमुना और अदृश्य सरस्वती नदी के संगम तट पर आयोजित विश्व के सबसे बड़े धार्मिक-सांस्कृतिक समागम महाकुम्भ में अबतक करीब 59 करोड़ श्रद्धालुओं ने पुण्य की डुबकी लगा ली है। 13 जनवरी से शुरू हुआ महाकुम्भ अब अपने अंतिम चरण में है। 26 फरवरी को महाशिवरात्रि के अवसर पर आखिरी महत्वपूर्ण स्नान का आयोजन होना है, जिसे लेकर प्रदेश की योगी सरकार ने कमर कस ली है। महाकुम्भ में प्रतिदिन एक करोड़ से अधिक लोग पहुंच रहे हैं। इनमें सनातन धर्म की विभिन्न शाखाओं, मत-सम्प्रदाय से जुड़े साधु-संतों सहित देश के हर कोने से आस्थावान सनातनी संगम में स्नान की कामना लेकर प्रयागराज पहुंचे। इसके अलावा राष्ट्रपति, उपराष्ट्रपति, प्रधानमंत्री, विभिन्न राज्यों के राज्यपाल, प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, विभिन्न प्रदेशों के मुख्यमंत्री, भूटान नरेश, विदेशी राजनयिकों, देश के दिग्गज उद्योगपतियों समेत फिल्मी दुनिया के नामचीन सितारों ने भी संगम में आस्था की डुबकी लगाई है।

### महाकुंभ भारत की आध्यात्मिक और सांस्कृतिक चेतना का प्रतीक

**महाकुंभ नगर।** केंद्रीय जलशक्ति मंत्री सीआर पाटिल शुक्रवार को प्रयागराज महाकुंभ पहुंचे और त्रिवेणी संगम में आस्था की डुबकी लगायी। उन्होंने गंगा, यमुना और अदृश्य सरस्वती का पूजन किया। इस अवसर पर पाटिल ने कहा कि महाकुंभ भारत की आध्यात्मिक और सांस्कृतिक चेतना का प्रतीक है। यहां आकर भारतीय संस्कृति की दिव्यता और भव्यता का साक्षात दर्शन हो रहा है। उन्होंने कहा कि महाकुंभ में भारत की आध्यात्मिक एवं सांस्कृतिक शक्ति का वैश्विक मंच पर भव्य प्रदर्शन हो रहा है। यह केवल एक धार्मिक आयोजन नहीं, बल्कि विश्व बंधुत्व और भारतीयता का अमिट प्रतीक भी है। सनातन संस्कृति के इस महासंगम में लाखों श्रद्धालु अपनी आस्था की डुबकी लगा रहे हैं और भारतीय संस्कृति के मूल्यों को आत्मसात कर रहे हैं।

## न्यू इंडिया कोऑपरेटिव बैंक घोटाले के तीनों आरोपी 28 तक पुलिस कस्टडी में

**मुंबई।** न्यू इंडिया कोऑपरेटिव बैंक घोटाला मामले में गिरफ्तार तीनों आरोपितों को शुक्रवार को कोर्ट ने 28 फरवरी तक पुलिस कस्टडी में भेज दिया गया है। इस मामले में हितेश मेहता, धर्मेश पान को पहले ही गिरफ्तार किया गया था, जबकि पुलिस ने बैंक के पूर्व सीईओ अभिमन्यु को गुरुवार को गिरफ्तार किया था। इन सभी पर बैंक में 122 करोड़ रुपये का घोटाला करने का आरोप है। पुलिस के अनुसार इस मामले में मुंबई पुलिस की आर्थिक अपराध शाखा ने हितेश मेहता और धर्मेश पान को 15 फरवरी को गिरफ्तार किया था और 16 फरवरी को कोर्ट में पेश किया था। उस समय दोनों को कोर्ट ने 5 दिनों तक पुलिस कस्टडी में भेज दिया था। दोनों की पुलिस कस्टडी आज खत्म हो रही थी, जबकि इसी मामले में पुलिस ने कल बैंक के पूर्व सीईओ अभिमन्यु को भी गिरफ्तार किया था। इसलिए आज पुलिस ने इन तीनों आरोपितों को एक साथ कोर्ट में पेश किया था और तीनों की पुलिस कस्टडी मांगी।

# जम्मू-कश्मीर में 25 से 28 के बीच बारिश व बर्फबारी की संभावना

एजेंसी

**▶ कई हिस्सों में दिन के तापमान में 6-14 डिग्री सेल्सियस की गिरावट**

**श्रीनगर।** भारतीय मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) ने 25 से 28 फरवरी के बीच अधिकांश स्थानों पर हल्की से मध्यम बारिश और बर्फबारी का अनुमान लगाया है, जबकि कश्मीर और जम्मू दोनों संभागों में अलग-अलग स्थानों पर भारी बर्फबारी की उम्मीद है। जम्मू और कश्मीर में पिछले 24 घंटों में तापमान में भारी गिरावट देखी गई है। क्षेत्र के कई हिस्सों में दिन के तापमान में 6-14 डिग्री सेल्सियस की गिरावट दर्ज की गई है।

रात के दौरान जम्मू और कश्मीर के अलग-अलग हिस्सों में तापमान में 0-5 डिग्री सेल्सियस की गिरावट आई। जम्मू संभाग में सबसे कम न्यूनतम तापमान भद्रवाह और बनिहाल में -2.4 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, इसके बाद बटोत में -0.5 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। कश्मीर में रात के तापमान में 0-10 डिग्री सेल्सियस की गिरावट आई, जिसमें गुलमर्ग में सबसे कम -5.6 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया।

इसके बाद पहलगाम में -2.4 डिग्री सेल्सियस और कोकरनाग में -1.2 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। पिछले 24 घंटों में जम्मू और कश्मीर में काफी व्यापक वर्षा देखी गई जिससे क्षेत्र में शीत लहर और बढ़ गई है। मौसम विभाग ने 25 से 28 फरवरी तक बारिश के नए दौर की भविष्यवाणी की है, जिसमें अधिकांश स्थानों पर हल्की से मध्यम बारिश और बर्फबारी की उम्मीद है। कुछ स्थानों पर भारी बारिश और बर्फबारी की भी संभावना है जिससे क्षेत्र के कई हिस्सों में दैनिक जीवन प्रभावित हो सकता है।

# दिल्ली की पूर्व सीएम आतिशी ने पीएम व भाजपा पर बोला हमला

एजेंसी



**नई दिल्ली।** आम आदमी पार्टी (आआपा) की वरिष्ठ नेता और दिल्ली की पूर्व मुख्यमंत्री आतिशी ने शुक्रवार को पार्टी मुख्यालय पर प्रेसवार्ता कर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) पर तीखा हमला बोला। आतिशी ने कहा कि 31 जनवरी 2025 को प्रधानमंत्री ने द्वारका में एक रैली की थी।

इस रैली में प्रधानमंत्री ने सभी माताओं और बहनों से मंच से कहा था कि वो अपने खाते से अपना नंबर लिंक करवा लें क्योंकि पहली कैबिनेट में ही सभी महिलाओं के खाते में 2500 रुपये जमा करने का फैसला हो जाएगा। ये मोदी की गारंटी है। आतिशी ने कहा कि इसके अलावा उनकी पार्टी के अध्यक्ष जेपी नड्डा ने संकल्प पत्र में भी ये वादा किया था कि पहली कैबिनेट बैठक में ये योजना पारित हो जाएगी। आतिशी ने आरोप लगाते हुए कहा कि कल भाजपा की सरकार ने शपथ ली और कल शाम को 7 बजे भाजपा की दिल्ली सरकार की पहली बैठक हुई। अगर इनकी गारंटी होती तो कल शाम 7 बजे की बैठक में महिलाओं को 2500 रुपये देने की योजना पास होती लेकिन ऐसा नहीं हुआ। आगे आतिशी ने भाजपा द्वारा उठाए गए सीएजी रिपोर्ट के मुद्दे पर भी जवाब देते हुए कहा कि बतौर मुख्यमंत्री उन्होंने ही विधानसभा में यह रिपोर्ट तत्कालीन स्पीकर राम निवास गोयल को भेजी थी। उन्होंने इसे एक नियमित प्रक्रिया बताते हुए कहा कि हर रिपोर्ट विधानसभा सत्र में पेश की जाती है।

## राजनीतिक मतभेद से उपर उठें और शिक्षा का राजनीतिकरण न करें स्टालिन : प्रधान

**नयी दिल्ली।** केन्द्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेन्द्र प्रधान ने राष्ट्रीय शिक्षा नीति पर तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एम के स्टालिन के रूख की आलोचना करते हुए उनसे शिक्षा का राजनीतिकरण न करने तथा छात्रों के हित में राजनीतिक मतभेदों से उपर उठकर निर्णय लेने को कहा है। श्री प्रधान ने श्री स्टालिन द्वारा राष्ट्रीय शिक्षा नीति का विरोध किये जाने पर शुक्रवार को एक पत्र लिखकर यह हिदायत दी। केन्द्रीय मंत्री ने सोशल मीडिया प्लेटफार्म एक्स पर यह पत्र साझा करते हुए कहा, किसी राज्य द्वारा राष्ट्रीय शिक्षा नीति को अदूरदर्शी दृष्टिकोण से देखना तथा राजनीतिक आख्यानों को बनाये रखने के लिए धमकियों का उपयोग करना अत्यधिक अनुचित है। सरकार विश्व स्तर पर शाश्वत तमिल संस्कृति और भाषा को बढावा देने तथा लोकप्रिय बनाने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है।



दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु से राष्ट्रपति भवन में की मुलाकात।

## खबरें एक नजर में

### मॉडरेट को शार्क टैंक इंडिया 4 में मिली एक करोड़ रुपए की डील




**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** हैदराबाद के हेल्थ ब्रैंड 'मॉडरेट' ने शार्क टैंक इंडिया 4 में अपना जलवा दिखाया है। इस कंपनी ने शार्क्स अमन गुप्ता और कुणाल बहल से 5 प्रतिशत इक्विटी के बदले 1 करोड़ रूपये की डील हासिल की है। ब्रैंड की यात्रा में यह एक बड़ी उपलब्धि है। मॉडरेट का प्रमुख उत्पाद कैलोरी क्रशर टैबलेट्स भोजन से कैलोरी और कार्बोहाइड्रेट के अवशोषण को कम करता है। उन लोगों के लिये यह बहुत बढ़िया है, जो खाने-पीने के शौकीन हैं, लेकिन अपनी तंदुरुस्ती पर भी नजर रखना चाहते हैं। देखिये शार्क टैंक इंडिया 4, हर सोमवार से शुक्रवार रात 8 बजे सिर्फ सोनी लिव पर! यह ब्रैंड पहले से सुर्खियों में रहा है, क्योंकि बॉलीवुड स्टार हुमा कुरैशी इसे निवेशक और चीफ प्रोडक्ट एवैंजेलिस्ट के तौर पर सपोर्ट करती हैं। शार्क टैंक इंडिया 4 में हुई डील पर अपनी खुशी का इजहार करते हुए हुमा ने कहा, ''मॉडरेट मेरी रोजाना की जिन्दगी में शामिल है, चाहे मैं सेट पर रहूं या फिर कहीं और बिजी हूं। मुझे सचमुच गर्व हो रहा है कि हमारे ब्रैंड मॉडरेट की शार्क टैंक इंडिया में डील हुई है। यह असली जीत है। यह ब्रैंड मेरे समेत कई लोगों के लिये अहम है। मॉडरेट की को-फाउंडर डॉ. ललिता पल्ले ने अपना अनुभव बताते हुए कहा, ''शार्क टैंक इंडिया हमारी सोच दिखाने के लिये एक बेहतरीन मंच था। यह डील नवाचार एवं दृढ़ता की शक्ति दिखाती है और हम आगे की यात्रा को लेकर बेहद रोमांचित हैं!''

### सोनिया को अस्पताल से मिली छुट्टी

**नयी दिल्ली।** कांग्रेस की पूर्व अध्यक्ष तथा पार्टी की राज्यसभा सांसद सोनिया गांधी को एक दिन तक डॉक्टरों की देख रेख में रखने के बाद शुक्रवार को यहां गंगाराम अस्पताल से छुट्टी मिल गई। कांग्रेस सूत्रों के अनुसार श्रीमती गांधी को गुरुवार सुबह पेट दर्द के बाद यहां सर गंगा राम अस्पताल से नियमित चेकिंग के ले जाया गया जहां पेट से जुड़ी समस्या के कारण उन्हें भर्ती कराया गया। पार्टी सूत्रों के सनुसार श्रीमती गांधी की कल सुबह नियमित जांच की गई लेकिन पेट में मामूली संक्रमण होने के कारण डॉक्टरों ने उन्हें अस्पताल में भर्ती कर दिया और आज सुबह छुट्टी दे दी गई। श्रीमती गांधी को नियमित जांच के लिए अस्पताल ले जाता है लेकिन कल सुबह पेट दर्द के बड्ड जांच में हल्का संक्रमण होने पर उन्हें 24 घण्टे के लिए भर्ती किया गया। डॉक्टरों की एक टीम उनकी निगरानी करती रही थी।

### संगम के पवित्र जल में आज डुबकी लगाएंगे कारागार के बंदी

**मिर्जापुर, समृद्धि न्यूज।** जिला कारागार के बंदियों को संगम के पवित्र जल सेआज नहलाया जाएगा। बंदियों को संगम के जल से स्नान कराने के लिए प्रयागराज से कारागार प्रशासन को पांच कलश मेंजल भेजा गया है। इसेकारागार मेंबनवाए गए एक टंकी में साफ पानी सेभरनेके बाद उसी में संगम के जल को वैदिक मंत्रोच्चार के बीच मिलाया जाएगा। बंदियों के स्नान के लिए पानी सेभरी की टंकी मेंगुलाब की पंखुड़ी भी डाली जाएगी। इसके बाद एक-एक कर जिला कारागार के सात सौ बंदी टंकी मेंडुबकीलगाएंगें।

### प्रथम पाली की मुंशी-मौलवी परीक्षा में 110 गैरहाजिर

**मिर्जापुर, समृद्धि न्यूज।** उत्तर प्रदेश मदरसा शिक्षा परिषद की सेकेंड्री, सीनियर सेकेंड्री चल रही परीक्षा में शुक्रवार को प्रथम पाली की परीक्षा हुई। जिसमें 110 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। प्रथम पाली मेंमुंशी-मौलवी की पंजीकृत 537, 427 छात्र-छात्राएं उपस्थित हुए। जबकि परीक्षा में 110 परीक्षार्थियों ने परीक्षा छोड़ दिया। जिले के सभी परीक्षा केंद्रों पर स्टेटिक मजिस्ट्रेट मौजूद रहकर नकलविहीन परीक्षा सुनिश्चित कराई। साथ ही सीसीटीवी कैमरे की निगरानी में पूरी परीक्षा हुई। जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी रामदत्त प्रजापति के नेतृत्व में सचल दल नेसेक्टर वार भ्रमण परीक्षा केंद्रों का दौरा कर नकल विहीन परीक्षा कराई।

### उधारी का बकाया मांगने पर मारपीट, मुकदमा दर्ज

**हलिया (मिर्जापुर), समृद्धि न्यूज।** स्थानीय थाना क्षेत्र के हलिया कस्बा में उधारी का बकाया मांगने पर कहासुनी के दौरान मारपीट हो गई। जिससे एक व्यक्ति का सिर फट गया। घायल की तहरीर पर पुलिस मारपीट करने वाले दो लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच पड़ताल में जुट गई है। थाना क्षेत्र के हलिया कस्बा निवासी अविनाश भूंज ने गुरूवार को थाने में तहरीर देकर कहा है कि बकाया के पैसे मांगने पर कस्बा निवासी कमलेश भूंज व शिवम भूंज गाली गलौज देने लगे। मना करने पर लाठी डंडे से मारपीट कर घायल कर दिया तथा जाते वक्त जान से मारने की धमकी दी है। पुलिस ने दोनों के विरुद्ध घर पर चढ़कर गाली गलौज देने तथा मारपीट करने वाले कमलेश व शिवम दो लोगों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर जांच पड़ताल में जुट गई है। इस संबंध में प्रभारी निरीक्षक वीरेंद्र सिंह ने बताया कि मारपीट करने वाले दो लोगों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर घायल को उपचार के लिये प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र भेजा गया है।

### गांव-गांव में सपा लगा रही जन पंचायत

**मिर्जापुर, समृद्धि न्यूज।।** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव के निर्देश पर पीडीए जन पंचायत अभियान जोर-शोर से विधानसभा क्षेत्रों में चल रहा है। इस मौके पर छानबे विधानसभा के रतेह महुगढ़ी, सदर के रमईपट्टी, पक्का पोखरा, मझवां केसिकरीरामनगर, चुनार के बहरामगंज, मड़िहान केपौनी विधानसभा आदि सेक्टरों में पीडीए जन पंचायत कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जन पंचायत में समाजवादी पार्टी के जिलाध्यक्ष देवी प्रसाद चौधरी ने कहा संविधान की रक्षा व डॉ. आंबेडकर के सम्मान को बचाने के लिए सपा कार्यकर्ता आने वाले 2027 के विधानसभा चुनाव में भाजपा को उखाड़ फेकने का काम करेंगे। जन पंचायत कार्यक्रम में पूर्व विधायक जगतम्बा सिंह पटेल, दामोदर प्रसाद मौर्या, अमीरूद्दीन, संग्राम बिन्द, सुशील सिंह, शहनवाज खान, सत्यप्रकाश यादव, ओमप्रकाश सोनकर, अनीश खान, संतोष गोयल, मेवालाल प्रजापति, महादेव यादव, सौरभ सिंह, उदित नरायण यादव, मनीष चौहान आदि मौजूद रहें।

### प्लॉट में लगी आग, नहीं पहुंची फायर ब्रिगेड

**हलिया (मिर्जापुर), समृद्धि न्यूज।** स्थानीय थाना क्षेत्र के गरेर गांव में गुरुवार कि देर रात्रि में एक प्लाट में संदिग्ध परिस्थितियों में आग लग गई। जिससे प्लॉट में लगे पेड पौधे जलकर राख हो गया। मौके पर पहुँचे ग्रामीणों ने फायर ब्रिगेड को सूचना दिया। लेकिन फायर ब्रिगेड कि टीम मौके पर नहीं पहुँचे। ग्रामीणों के अथक प्रयास के बाद आग पर काबू पाया लेकिन तब तक आग से पच्चीस बीघे में लगा पेड पौधा जलकर राख हो गया। समय रहते आग पर काबू नही पाया जाता तो आग से बस्ती में पहुंच जाती। हलिया थाना क्षेत्र के भटवारी गांव निवासी वीरेंद्र मौर्या उर्फ सेठ का गरेर में पच्चीस बीघे का प्लाट है और उसमे पौधे लगवाये है गुरुवार की देर रात्रि में संदिग्ध परिस्थितिओ में आग लग गयी। धीरे-धीरे आग विकराल रुप धारण कर लिया। मौके पर पंहुचे ग्रामीणों ने आग लगने की सूचना वीरेंद्र मौर्या उर्फसेठ को दिया। मौके पर पंहुचकर फायर ब्रिगेड व पुलिस को सूचना दिया गया लेकिन सूचना के बाद भी फायर ब्रिगेड की टीम नही पंहुची। मौके पर पंहुचे प्रभारी निरीक्षक वीरेंद्र सिंह हेड कांस्टेबल जयप्रकाश यादव ने ग्रामीणों के सहयोग से आग पर काबू पाने का प्रयास किया लेकिन जब तक आग पर काबू पाया जाता तब तक आग की चपेट में आकर पेड पौधे जलकर राख हो गये।

# वापसी करना हमेशा मुश्किल होता है : शमी

एजेंसी

**▶ शमी ने मैच में 53 रन देकर पांच विकेट लिए व 200 वनडे विकेट किए पूरे**

**दुबई।** आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी के पहले मैच में बांग्लादेश के खिलाफ पांच विकेट लेकर मैच जीताने वाला प्रदर्शन करने वाले भारतीय तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी ने एक साल से अधिक समय के बाद अंतरराष्ट्रीय सेट-अप में अपनी वापसी पर खुलकर बात की। इंग्लैंड के खिलाफ कुछ सीमित ओवरों के मैचों के बाद, शमी चैंपियंस ट्रॉफी अभियान के पहले मैच में दिखाई दिए, उन्होंने मैच में 53 रन देकर 5 विकेट लिए और 200 वनडे विकेट पूरे किए। यह वापसी रणजी, सैयद मुश्ताक अली और विजय हजारे ट्रॉफी टूर्नामेंट में बंगाल के लिए सभी प्रारूपों में घरेलू क्रिकेट में कड़ी मेहनत के बाद हुई।

मैच के बाद प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान, शमी ने कहा, जब आप वापसी करते हैं तो यह बहुत मुश्किल होता है कि आप सब कुछ नए सिरे से शुरू करते हैं। यह 14 महीने का ब्रेक था और मैं भाग्यशाली था कि मेरे पास वापसी करने के लिए घरेलू मैच थे। उन्होंने कहा, ये 14 महीने बहुत कठिन थे क्योंकि आपको पूरी प्रक्रिया से गुजरना पड़ता है और यह आसान नहीं होता। करीबी मैचों में घर पर बैठकर आप अपनी टीम के साथ नहीं रह पाते और ऐसा महसूस करते हैं कि काश मैं भी योगदान दे पाता।

टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए बांग्लादेश का शीर्ष क्रम लड़खड़ा गया और उसके 5 विकेट केवल 35 रन पर ही गिर गए, लेकिन तौहीद हृदय (117 गेंदों में 100 रन, छह चौकों और दो छक्कों की मदद से) और जैकर अली (114 गेंदों में 68 रन, चार चौकों की मदद से) के बीच 154 रनों की साझेदारी ने उन्हें 228/10 के सम्मानजनक स्कोर तक पहुंचाया। रन चेज में भारत ने कप्तान रोहित (36 गेंदों में 41 रन, सात चौकों की मदद से) की अगुआई में 69 रनों की शानदार ओपनिंग साझेदारी की।




भारत 144/4 पर पहुंच गया और वहां से शुभमन गिल (129 गेंदों में 101* रन, नौ चौकों और दो छक्कों की मदद से) और केएल राहुल (47 गेंदों में 41* रन, एक चौका और दो छक्के की मदद से) ने भारत को मैच जीता दिया।

## बिजली तार की चपेट में आने से युवक की मौत

**नरायनपुर (मिर्जापुर)।** अदलहाट थाना क्षेत्र के बैकुंठपुर गांव के सामने बाइपास ओवर ब्रिज के पास शुक्रवार को सुबह लगभगसाढ़े आठ बजेटूट कर जमीन पर गिरे हाईवोल्टेज बिजली के तार की चपेट में आने से युवक की मौत हो गई।दुर्घटना शौच करने जाने के दौरान घटी। भभुआर ग्राम निवासी 30 वर्षीय गुड्डु सोनकर पुत्र नरेश सोनकर नरायनपुर बंद रेलवे फाटक के पास मुर्गा की दुकान है। सुबह दुकान खोलने के बाद शौच लगने पर बाइक से ओवर ब्रिज के पास तक गया। बाइक खड़ा करके ब्रिज उस पार गंगा नहरसैफन के पास शौच करने गया। पहले से गिरे हाईवोल्टेज तार को हटाने लगा। जिससे उसमें प्रवाहित हो रहे विद्युत करंट की चपेट में आकर झुलसने लगा। गुड्डु के अचानक चिल्लाने की आवाज सुन गंगा नहर में स्नान कर रहे ग्रामीणों ने पत्थर फेंक कर बचाने का प्रयास किया, लेकिन पल भर में वह बेदम तब तक हो गया। मृतक को दो पुत्री है।

# कोका-कोला की साझेदारी से सफाई साथियों की जिंदगी में आएगा बदलाव



समृद्धि न्यूज

**प्रयागराज।** कोका-कोला इंडिया ने अपने फाउंडेशन आनंदना के जरिये एसएलएमजी बेवरेजेस और सामाजिक न्याय व अधिकारिता मंत्रालय के साथ साझेदारी की है। इसके तहत सफाई साथियों की जिन्दगी में सार्थक बदलाव लाया जाएगा। प्रयागराज में महाकुंभ के शुभ अवसर पर एसएलएमजी बेवरेजेस ने कचरा बीनने वाले 10 लोगों को कमाई करने के अवसर प्रदान किए।

महाकुंभ में हुए पायलट प्रोग्राम के तहत, सफाई साथियों को कोका-कोला इंडिया का रिटेलर बनने की नई भूमिका मिली। उन्होंने हाइड्रेशन कार्ट्स चलाई और लाखों आगंतुकों को सेवा दी। यह पहल स्थानीय समुदायों को सशक्त करने और समावेशी आर्थिक वृद्धि को बढ़ावा देने के लिये राज्य सरकार की सोच के मुताबिक है। सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय (एमओएसजेई) समाज के कमजोर वर्गों को सशक्त करने के लिये काम कर रहा है। इस मंत्रालय ने अपनी 'नमस्ते' योजना के तहत कूड़ा बीनने वालों को लक्षित लाभार्थी समूह के रूप में जोड़ा है। यह योजना सफाई साथियों को आगे बढ़ाने का एक तरीका है। इससे उन्हें कचरा उठाने के अलावा अपना खुद का व्यवसाय शुरू करने का मौका मिलेगा।

# डीपीआरओ ने हलिया आरआरसी सेंटर का किया निरीक्षण, दिए निर्देश



समृद्धि न्यूज

**▶ बैठक में अनुपस्थित तीन सचिवों का रोका वेतन**

**हलिया (मिर्जापुर)।** स्थानीय विकास खंड सभागार में शुक्रवार को जिला पंचायत राज अधिकारी संतोष श्रीवास्तव ने विकास खंड के सचिवों के साथ बैठक की। बैठक में बिना किसी सूचना के बैठक में सचिव अरविन्द कुमार, विजय कुमार, शैलेन्द्र कुमार अनुपस्थित रहने पर तीनों सचिवों का वेतन अवरुद्ध करने के लिए जिला पंचायत राज अधिकारी ने जिला विकास अधिकारी को पत्र लिखा है।

बैठक में जिला पंचायत राज अधिकारी ने सीएम डैश बोर्ड के अंतर्गत धनराशि के व्यय जिसमें केंद्रीय वित्त, राज्य वित्त का व्यय बढ़ाने हेतु संबंधित सचिवों को निर्देश दिया है। साथ ही मॉडल ग्राम पंचायतों कि समीक्षा किया है। तेजी के साथ कार्य कराने का निर्देश दिया है। इस कार्य में किसी प्रकार कि लापरवाही बरतने पर संबंधित के विरुद्ध करने का चेतावनी दिया है। इसके बाद ग्राम पंचायत हलिया के कूड़ा संग्रहण केंद्र का निरीक्षण किया और कूड़ा संग्रहण में उठने वाले कूड़ा का निस्तारण किया जाय ग्राम पंचायत को स्वच्छ रखने का निर्देश दिया है। पूरी तरह से ग्राम पंचायत के कूड़ा का उठान कराने का निर्देश दिया है। साथ ही ग्राम पंचायत के सामुदायिक शौचालय का निरीक्षण कर सामुदायिक शौचालय को रोस्टर के हिसाब से खोलने का निर्देश दिया है। ग्राम पंचायत में सामुदायिक शौचालय के पास बनाये गए विंध्य प्रतिष्ठान का संचालन किया जाय।

# मंडलायुक्त ने आईजीआरएस की समीक्षा में संतोषजनक फीडबैक न मिलने पर जाहिर की नाराजगी, सुधार के निर्देश

समृद्धि न्यूज



**मिर्जापुर।** मण्डलायुक्त विन्ध्याचल मण्डल बालकृष्ण त्रिपाठी ने आयुक्त कार्यालय सभागार में मण्डल के तीनों जनपदों के अधिकारियों के साथ बैठक कर सीएम डैश बोर्ड विकास में प्राप्त रैंकिंग के अनुसार शासन की प्राथमिकता वाले विकास कार्यक्रमों, कानून व ट्रैफिक व्यवस्था के कार्यो के प्रगति की बिन्दुवार समीक्षा की।

समीक्षा बैठक में मुख्यमंत्री डैशबोर्ड विकास सम्बंधी कार्यों में 51 मदों में मण्डल के तीनों को ए प्लस श्रेणी प्राप्त हुआ है। मण्डलायुक्त सभी मण्डलीय व जनपदीय अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि जिन अधिकारियों को बी व सी श्रेणी प्राप्त हुई है वे अगले माह प्रगति में सुधार लाते हुए कम से कम से ए श्रेणी लाना सुनिश्चित करें। मण्डलायुक्त ने आईजीआरएस की समीक्षा में असंतोषजनक फीडबैंक काफी संख्या में पाए जाने पर कड़ी नाराजगी व्यक्त करते हुए कहा शिकायतों के निस्तारण से पूर्व शिकायर्ता से वार्ता करे तथा मौके पर जाकर अधिकारी शिकायतो का निस्तारण करे ताकि असंतोषजनक फीडबैक न प्राप्त हो। उन्होंने कहार कि शिकातयों के निस्तारण की आख्या का फीडबैंक मुख्यमंत्री कार्यालय से भी लिया जा रहा है अतएव सभी अधिकारी पूरी पारदर्शिता के साथ शिकायतो का निस्तारण करे अन्यथा कड़ी कार्यवाही की जाएगी। पी0एम0 सूर्यघर योजना की समीक्षा के दौरान मण्डलायुक्त को बताया गया कि जनपद मिर्जापुर में 4900 से आवेदन प्राप्त हुए है एवं सभी ग्राम पंचायतो को लक्ष्य का निर्धारित किया गया हैं। मण्डलायुक्त ने अधीक्षण अभियंता विद्युत को निर्देशित करते हुए कहा कि वे स्वंय इस योजना की समीक्षा करे एवं ग्राम पंचायतो में कैम्प लगाकर पात्र व्यक्तियों का रजिस्ट्रेशन करवाते हुए उन्हें लाभान्वित भी कराएं। मण्डलायुक्त ने मण्डल के तीनो जिलाधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि पी0एम0 सूर्यघर योजना मुख्यमंत्री की प्राथमिकताओं में से एक है अतएव अपने इसकी समीक्षा अपने स्तर से स्वंय भी समय-समय पर करते रहें। मण्डलायुक्त ने तीनों मुख्य विकास अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि अपने जनपदों में फार्मर रजिस्ट्री लक्ष्य सापेक्ष कराना सुनिश्चित करें। जल जीवन मिशन योजनान्तर्गत खोदी गई सड़कों की मरम्मत के बारे में जानकारी प्राप्त करते हुए मण्डलायुक्त निर्देशित किया कि खोदी गई सड़को का मरम्मत कराना सुनिश्चित करें। जल जीवन मिशन योजनान्तर्गत निर्मित पेयजल आपूर्ति के बारे में जानकारी प्राप्त की एवं निर्देशित करते हुए कहा कि टंकी के पास पानी के आने का समय भी लिखवाएं। सीएम युवा उद्यमी विकास योजनान्तर्गत मण्डलायुक्त ने निर्देशित करते हुए कहा कि पात्र युवाओं को योजना से लाभान्वित किया जाए। बैठक में पुलिस महानिरीक्षक आरपी सिंह, जिलाधिकारी प्रियंका निरंजन, सोनभद्र बीएन सिंह, भदोही विशाल सिंह, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सोमेन बर्मा, पुलिस अधीक्षक सोनभद्र अशोक मीणा, पुलिस अधीक्षक भदोही अभिमन्यु मांगलिक, मुख्य विकास अधिकारी विशाल कुमार, भदोही शिवाकान्त द्विवेदी, सोनभद्र जागृति अवस्थी, अपर आयुक्त प्रशासन डॉ विश्राम, संयुक्त विकास आयुक्त रमेश चन्द्र सहित सभी मण्डलीय व जनपदीय अधिकारी उपस्थित रहें।